भाद्रपद-अमावस्या तिथि कुशोत्पाटिनी (या कुशाग्रहणी) अमावस के नाम से जानी जाती है। इसदिन कुशा-सञ्चय करने से वर्षभर उसकी शुद्धता रहती है। जिस कुश का मूल सुतीक्ष्ण हो, जिसमें पत्ती हो, अग्रभाग कटा न हो और हरा हो, वह देव तथा पितृ दोनों कार्यों के लिए उपयुक्त होती है। यह तिथि पूर्वाह्ण-व्यापिनी तथा दिन के द्वितीय प्रहर व्याप्त अमावस ली जाती है। यथा……। **'अयातयामास्ते दर्भा विनियोज्याः पुनः पुनः।।'** एवं च **'इयममावास्या द्वितीयप्रहर–व्यापिनी ग्राह्या'** (वर्षकृत्य)

स्कन्दपुराणानुसार भी **'दर्भाणां सञ्चये सङ्गवः काल ईरितः।।**

अर्थात् कुशों के संचय में **संगवकाल** (दिन के पाँच भागों में से दूसरा भाग)–व्यापिनी अमावस्या शुभ कही गई है।

आगामी वर्ष (वि. संवत् २०७७) भाद्रपद अमावस चतुर्दशी विद्धा होकर प्रात: $8^{\text{घं.}}$–$36^{\text{मिं.}}$ बाद $11^{\text{घं.}}$–$13^{\text{मिं.}}$ तक द्वितीय प्रहर (संगवकाल) को स्पर्श कर रही है। अतएव कुशोत्पाटन का कार्य 18 अगस्त, 2020 ई., मंगलवार को ही करना प्रशस्त होगा। इस तिथि को दर्भस्थल पर जाकर पूर्व या उत्तराभिमुख बैठकर निम्न मन्त्र पढ़कर और **'हुँ फट्'** कहकर दाहिने हाथ से एक बार में कुश उखाड़ें–

विरञ्चिना सहोत्पन्न परमेष्ठिन्निसर्गज। नुद सर्वाणि पापानि दर्भ स्वस्तिकरोभव।।

'पिठोरी अमावस्या' भी मध्याह्न-व्यापिनी 18 अगस्त, 2020 ई. को ही ग्राह्य होगी।

(11) मुक्ताभरण सन्तान सप्तमी व्रत (24 अगस्त, सोमवार)

यह व्रत षष्ठी-विद्धा भाद्रपद शुक्ल सप्तमी को किया जाता है। भाद्र. शुक्ल सप्तमी 24 अगस्त, सोमवार को षष्ठी-विद्धा है। अत: यह व्रत इसी दिन होगा।

(12) दूर्वाष्टमी व्रत (25 अगस्त, मंगलवार)

रौहिण मुहूर्त्त (दिन के नवम मुहूर्त्त) व्यापिनी भाद्रपद शुक्ल अष्टमी को सिंहस्थ सूर्य के काल में सन्तान सुख एवं वंशवृद्धि की कामना से यह व्रत किया जाता है। उस समय अगस्त्य तारा उदित नहीं होना चाहिए। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी यहाँ पूर्वविद्धा ग्राह्य मानी गई है। रौहिण मुहूर्त्त (दिन का नवम मुहूर्त्त) में ही दूर्वापूजन किया जाता है।

'श्रावणी दुर्ग नवमी दूर्वा चैव हुताशनी। पूर्व विद्धैव तु कर्त्तव्या शिवरात्रिः बलेर्दिनम्।।' इति हैमाद्रौ बृहद् यम उक्तैः।।'……"भाद्रशुक्लाष्टमी दूर्वाष्टमी सा पूर्वा ग्राह्या।।'

इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल अष्टमी 25 अगस्त, 2020 ई. को रौहिण-व्यापिनी है। 25/26 अगस्त, 2020 ई. को रौहिण मुहूर्त्त लगभग $12^{\text{घं.}}$–$56^{\text{मिं.}}$ से $13^{\text{घं.}}$–$47^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा)। **अतएव उपरोक्त शास्त्रनियमानुसार दूर्वाष्टमी व्रत पहिले दिन 25 अगस्त, मंगलवार को ही करना चाहिए।**

(13) राधाष्टमी (25 अगस्त, मंगलवार)

भविष्यपुराणानुसार **'राधाष्टमी'** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मध्याह्न काल, अभिजित् मुहूर्त्त और अनुराधा नक्षत्र योग में विशेष प्रशस्त मानी जाती है। यथा–

भाद्रे मासि सिते पक्षे अष्टमी या तिथिर्भवेत्।
अस्यां दिनार्द्धेऽभिजिते नक्षत्रे चानुराधिके।।

नारदपुराण में भी श्रीराधा जी का पूजन ठीक **मध्याह्न-काल** में करने का निर्देश है। इस वर्ष भाद्रपद शुक्ल अष्टमी 25 अगस्त, 2020 ई. को ही मध्याह्न-व्यापिनी है। ता. 26 अगस्त, बुधवार को मध्याह्न-काल को स्पर्श नहीं कर रही। [25/26 अगस्त को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली आदि उत्तरी राज्यों में **मध्याह्नकाल** लगभग $11^{\text{घं.}}$–$12^{\text{मिं.}}$ से $13^{\text{घं.}}$–$46^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।] **स्पष्ट है,** 26 अगस्त, 2020 को अष्टमी तिथि केवल $10^{\text{घं.}}$–$40^{\text{मिं.}}$ तक है, जोकि मध्याह्न-काल से अव्याप्त है। **अतः राधाष्टमी व्रत एवं उत्सव 25 अगस्त, 2020 ई. को ही शास्त्र-सम्मत होगा।**

(14) श्रीमहालक्ष्मी व्रत प्रारम्भ (25 अगस्त, मंगलवार)

चन्द्रोदयव्यापिनी भाद्रपद शुक्ल अष्टमी के दिन यह व्रत प्रारम्भ किया जाता है। इस वर्ष (वि. संवत् २०७७) भाद्रपद शुक्ल अष्टमी 25 अगस्त, 2020 ई., मंगलवार को ही चन्द्रोदय-व्यापिनी है। इस प्रकार यह व्रत इसी दिन से प्रारम्भ किया जाएगा। ऐसा शास्त्रनिर्णय है–**'इयं चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या। तत्रैव पूजाद्युक्तेः॥········ पूर्वा वा परविद्धा वा ग्राह्या चन्द्रोदये सदा॥'**

इस प्रमाणानुसार इस वर्ष इस व्रत का प्रारम्भ 25 अगस्त, मंगलवार को ही होगा।

(15) द्वितीया का महालय श्राद्ध (3 सितम्बर, गुरुवार)

आश्विन कृष्ण पक्ष (पितृ-पक्ष) में आत्मीय मृत व्यक्ति की जो तिथि आए, उस तिथि में पार्वण श्राद्ध करने का विधान है। पार्वण श्राद्ध में पिता, पितामह, प्रपितामह, सपत्नीक अर्थात् माता, दादा और परदादी सहित छः जनों का श्राद्ध होता है। इन्हें अपराह्ण-व्यापिनी मृत्युतिथि के दिन करने की शास्त्राज्ञा है। यथा–

पूर्वाह्णे मातृकं श्राद्धमपराह्णे तु पैतृकम्॥ एकोद्दिष्टं तु मध्याह्ने प्रातर्वृद्धि निमित्तकम्॥

शास्त्रानुसार यदि मृत्यु तिथि अपराह्ण-काल को दो दिन असमान रूप से व्याप्त हो अर्थात् एक दिन अधिक और दूसरे दिन कम समय के लिए व्याप्त करें, तो वहाँ अधिक अपराह्ण काल-व्याप्ति वाले दिन श्राद्ध किया जाता है–

अपराह्न–द्वये चामा यदि स्यात् तत्रयाऽधिका।
सा ग्राह्या यदि तुल्या स्यादग्रे वृद्धौ परा स्मृता॥ (ज्योर्निबन्ध)

इस वर्ष आश्विन कृष्ण द्वितीया तिथि दो दिन (3 और 4 सितम्बर, 2020 ई. को) अपराह्ण-व्यापिनी है। **अतः उपरोक्त नियमानुसार द्वितीया तिथि का श्राद्ध 3 सितम्बर, 2020 ई. को किया जाएगा,** क्योंकि द्वितीया तिथि इसदिन अपराह्नकाल को सम्पूर्णतया व्याप्त कर रही है। जबकि 4 सितम्बर को द्वितीया तिथि अपेक्षाकृत कम समय के लिए अपराह्ण-काल को स्पर्श कर रही हैं।

3 एवं 4 सितम्बर, 2020 ई. को उत्तरी-भारत में **अपराह्नकाल** लगभग $13^{\text{घं.}}$–$43^{\text{मिं.}}$ से $16^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।

ध्यान दें–इस वर्ष (वि. संवत् २०७७ में) श्राद्धपक्ष में 4 सितम्बर, 2020 ई. को कोई तिथिश्राद्ध नहीं होगा। परन्तु जो लोग किसी कारणवश 3 सितम्बर को द्वितीया का श्राद्ध न कर सकें, वे 4 सितम्बर को भी $13^{\text{घं}}$–$43^{\text{मिं.}}$ से $14^{\text{घं}}$–$24^{\text{मिं.}}$ तक श्राद्ध–कार्य कर सकते हैं।

(16) चन्द्र-षष्ठी व्रत (आश्विन कृष्ण षष्ठी) (7/8 सितम्बर)

यह व्रत चन्द्रोदयव्यापिनी आश्विन कृष्ण षष्ठी को किया जाता है। यदि षष्ठी तिथि दोनों दिन चन्द्रोदय व्याप्त या अपव्याप्त हो, तो उस स्थिति में यह व्रत पहिले दिन किया जाता है–**सा चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या। उभयत्र तथात्वे पूर्वा।** (निर्णयसिन्धु)

इस वर्ष पंजाब, जम्मू, राजस्थान आदि में 7 एवं 8 सितम्बर, 2020 ई.–दोनों दिन ही षष्ठी चन्द्रोदय-व्यापिनी है, जिस कारण उपरोक्त **शास्त्रनियमानुसार यह व्रत 7 सितम्बर, 2020 ई. को किया जाएगा।** (इन क्षेत्रों में 7 सितम्बर, 2020 ई. को चन्द्रोदय रात्रि पंचमी तिथि की समाप्ति 21:39 के बाद हो रहा है।

ध्यान दें, हिमाचल, दिल्ली, उत्तराखण्ड, उ.प्र. आदि राज्यों में जहाँ 7 सितम्बर को चन्द्रोदय रात्रि 21:39 से पहिले (पंचमी-तिथि में) होगा, वहाँ यह व्रत 8 सितम्बर, 2020 ई. को किया जाएगा।

उदाहरणार्थ–मण्डी (हि.प्र.) में 7 सितम्बर, 2020 ई. को चन्द्रोदय $21^{\text{घं.}}$–$38^{\text{मिं.}}$ पर हो रहा है, अतएव यहाँ यह व्रत 8 सितम्बर, 2020 ई. को होगा।

(17) मघा श्राद्ध (15 सितम्बर, मंगलवार)

आश्विन कृष्ण त्रयोदशी में पितृश्राद्ध का विशेष माहात्म्य है। यदि इस दिन अपराह्ण-काल के समय मघा-नक्षत्र व्याप्त हो, तो पितृतर्पण, श्राद्ध, शान्ति के लिए विशेष महत्त्वपूर्ण हो जाता है। इस वर्ष 15 सितम्बर, 2020 ई. को मघा नक्षत्र अपराह्ण-व्यापिनी है। अतः **माघ-श्राद्ध** 15 सितम्बर को ही करना उत्तम रहेगा। इस दिन श्राद्ध में पुत्रवान् को अपिण्ड श्राद्ध करना चाहिए। **इसदिन (15 सितं. को) अपराह्ण काल लगभग $13^{\text{घं.}}$–$37^{\text{मिं.}}$ से $16^{\text{घं.}}$–$03^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।**

(18) आश्विन नवरात्र प्रारम्भ (आश्विन शुक्ल प्रतिपदा)

शास्त्रानुसार सूर्योदय के बाद 10 घड़ी तक या मध्याह्न में अभिजित् मुहूर्त्त (दिन के अष्टम मुहूर्त्त) के समय आश्विन शुक्ल प्रतिपदा में नवरात्रारम्भ व कलशस्थापन किया जाता है। प्रतिपदा तिथि की प्रथम 16 घड़ियां तथा चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग का पूर्वार्द्धभाग घटस्थापन के लिए वर्जित काल है।

''प्रतिपद् आद्य–षोड्शनाड़ीनिषेधः, चित्रा–वैधृतियोग निषेधश्च उक्तकाल–अनुरोधेन सति सम्भवे पालनीयः॥'' (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष प्रतिपदा तिथि की प्रथम 16 घड़ियां 17 अक्तू., 2020 ई. को प्रातः लगभग $7^{\text{घं.}}$–$25^{\text{मिं.}}$ तक है। अतएव अपने-अपने स्थानीय सूर्योदय के पश्चात् प्रातः $7^{\text{घं.}}$–$25^{\text{मिं.}}$ बाद ही घटस्थापन, नवरात्रारम्भ, दीपपूजन आदि करने चाहिए।

(19) उपाङ्ग ललिता व्रत (20 अक्तूबर, मंगलवार)

इस व्रत हेतु आश्विन शुक्ल पंचमी तिथि अपराह्न-व्यापिनी ग्रहण करनी चाहिए। **इस वर्ष आश्विन शुक्ल पंचमी 20 अक्तूबर, 2020 ई. को ही अपराह्ण-व्यापिनी है।** अतः यह व्रत इसी दिन होगा।

तक श्राद्ध-कार्य कर सकते हैं। | अतः यह व्रत इसी दिन होगा।

(20) श्रीदुर्गाष्टमी व्रत (महाष्टमी) (आश्विन शुक्ल अष्टमी)

(23 या 24 अक्तूबर ?)

सूर्योदय-व्यापिनी आश्विन शुक्ल अष्टमी को श्रीदुर्गाष्टमी अथवा '**महाष्टमी**' कहा जाता है। यह अष्टमी सूर्योदय बाद कम-से-कम 1 घटी व्यापिनी तथा नवमी तिथि से युक्त होनी चाहिए। सप्तमीयुता अष्टमी को सर्वथा त्याग देना चाहिए। परन्तु यदि अष्टमी पहिले दिन सप्तमी युक्त हो तथा दूसरे दिन एक घड़ी से भी कम हो, तब इसे सप्तमीयुता भी स्वीकार कर लेना चाहिए।

'अथ महाष्टमीघटिकामात्राप्यौदयिकी नवमी युता ग्राह्या।। सप्तमी स्वल्पयुता सर्वथा त्याज्या। यदा तु पूर्वत्र सप्तमीयुता परत्रोदये नास्ति घटिका न्यूना वा वर्तते तदा पूर्वा सप्तमीविद्धापि ग्राह्या।।' (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष (वि. संवत् २०७७ में) आश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि **24 अक्तूबर, 2020 ई. को** 1 घड़ी से भी कम (४५ पल) है। अतएव उपरोक्त शास्त्रनियम अनुसार श्रीदुर्गाष्टमी व्रत (महाष्टमी) सप्तमीयुता अष्टमी **(23 अक्तूबर, 2020 ई.)** में मनाना शास्त्र-सम्मत होगा।

परन्तु जहाँ (पंजाब से पूर्वी प्रदेशों में) 24 अक्तू., 2020 ई. को अष्टमी तिथि 1 घड़ी से अधिक (सूर्योदय बाद) व्याप्त होगी। अर्थात् जहाँ सूर्योदय प्रातः 6घं.-35मिं. या इससे पहले होगा, वहाँ दुर्गाष्टमी (महाष्टमी) 24 अक्तूबर को ही ग्राह्य होगा।

स्पष्टता के लिए इसी पृष्ठ पर चित्र (नक्शा) देखिये। यहाँ अंकित **'क-ख'** रेखा जहाँ से गुजर रही है, वहाँ **(24 अक्तूबर, 2020 ई. को)** सूर्योदय 6घं.-35मिं. पर होगा और अष्टमी तिथि ठीक 1 घड़ी व्याप्त होगी। स्पष्ट है, कि इस रेखा से दाईं (पूर्व की) ओर ज्यों-ज्यों हम आगे जाते जाएंगे, वैसे-वैसे सूर्योदय पहिले (6घं.-35मिं. से पहले) होता जाएगा तथा अष्टमी तिथि का मान 1 घड़ी से भी अधिक होता जाएगा (वह 1 घड़ी से कहीं अधिक 2-3-4 घड़ी तक होता जाएगा)। इसके परिणामस्वरूप, **'क-ख'** रेखा से दायीं ओर उत्तर-पूर्वी भारत में **'श्रीदुर्गाष्टमी (महाष्टमी)'** इसी दिन अर्थात् **24 अक्तूबर को ही मनानी चाहिए।**

इसी प्रकार, जैसे-जैसे हम **'क-ख'** रेखा से बाईं ओर बढ़ते जाएंगे, वैसे-वैसे अष्टमी तिथि की सूर्योदय बाद व्याप्ति (मान) घटती जाएगी तथा कुछ क्षेत्रों (गुजरात) में तो (जहाँ सूर्योदय 6घं.-58मिं.) के आस-पास होगा), अष्टमी तिथि का मान ३ पल हो जाएगा। वहाँ तो **निस्सन्देह दुर्गाष्टमी (महाष्टमी) व्रत 23 अक्तूबर को ही करना शास्त्रोक्त होगा। [भारत का मानचित्र (नक्शा) देखने से स्पष्ट है कि**


68
72
76
80
84
88
92
36
32
28
24
20
16
12
क
ख
श्रीनगर
जम्मू
चम्बा
हि.प्र.
धर्मशाला
जाल.
शिमला
पंजाब
उ.खंड
देहरा.
गंगानगर
हरि.
दिल्ली
मेरठ
नेपाल
जयपुर
राजस्थान
अजमेर
उ.प्र.
लखनऊ
बिहार
गुज.
अहमदा.
भोपाल
इंदौर
म.प्र.
प.बंगाल
छ. गढ़
रायपुर
उड़ीसा
भुव.
नागपुर
महाराष्ट्र
सतारा
आन्ध्र प्रदेश
कर्नाटक
गोआ
ता. ना.

श्रीदुर्गाष्टमी (महाष्टमी)
आश्वि. शुक्ल अष्टमी
23/24 अक्तू., 2020 ई.

'क-ख' रेखा से दायीं ओर दुर्गाष्टमी (महाष्टमी) 24 अक्तू., 2020 ई. को और इस रेखा से बायीं ओर 23 अक्तू., 2020 ई. को होगी।

पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, उत्तर-पश्चिमी हि.प्र., गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में दुर्गाष्टमी 23 अक्तूबर, 2020 ई. को ही होगी।]

जबकि शेष भारत (दिल्ली, हरियाणा, उ.प्र., पूर्वी राजस्थान, मध्य-पूर्वी महाराष्ट्र तथा समस्त पूर्वी भारत) में यह पर्व, व्रत 24 अक्तूबर, 2020 ई. को मनाई जाएगी।

[महाष्टमी में पुत्रवान् गृहस्थी को उपवास नहीं करना चाहिए—अष्टम्यां पुत्रवतोपवासो न कार्य:।। कुलाचारप्राप्तौ किंचित्–भक्ष्यं प्रकल्प्य कार्य:।।] कुलपरम्परा अनुसार यदि उपवास करना पड़े तो किसी विशेष भक्ष्य पदार्थ को छोड़कर अथवा जलपारणा करके रख सकते हैं।]

मुख्य नगरों का 24 अक्तूबर, 2020 ई. का सूर्योदय

[जिन नगरों का सू.उ. $6^{\text{घं.}}$–$35^{\text{मिं.}}$ से कम है, वहाँ दुर्गाष्टमी 24 अक्तूबर, 2020 ई. को तथा जिन नगरों का सू.उ. $6^{\text{घं.}}$–$35^{\text{मिं.}}$ से अधिक है, वहाँ दुर्गाष्टमी 23 अक्तूबर, 2020 ई. को होगी।]

नगर	सूर्योदय घं.	मिं.	नगर	सूर्योदय घं.	मिं.	नगर	सूर्योदय घं.	मिं.	नगर	सूर्योदय घं.	मिं.
औरंगाबाद	6	30	जलगांव	6	31	पणजी	6	33	शिमला	6	34
उज्जैन	6	32	जयपुर	6	36	पालमपुर	6	38	हमीरपुर	6	38
इन्दौर	6	31	मण्डी(हि.प्र.)	6	36	बैजनाथ	6	38	रामपुबुशै.	6	33
काँगड़ा	6	39	मदुरई	6	11	नेरचौंक	6	36	हुबली	6	27
करसोग	6	35	मैंगलुरु	6	26	गुना	6	27	रत्नागिरी	6	36
कुल्लू	6	36	मुम्बई	6	40	नासिक	6	37	रोहतक	6	34
कोटा	6	34	पूणे	6	35	सातारा	6	34	हिसार	6	38
चण्डीगढ़	6	35	ठाणे	6	39	सुन्दरनगर	6	36	लेह	6	36
						सोलन	6	35	रतलाम	6	35

(21) महानवमी (24 अक्तूबर, शनिवार)

आश्विन शुक्ल नवमी के दिन महानवमी होती है। यह दो प्रकार की मानी गई है–(1) पूजा एवं उपवास हेतु (2) बलिदान के लिए।

पूजा-उपवास के लिए नवमी अष्टमी विद्धा तथा जो सम्पूर्ण सायंकाल को व्याप्त करे, ली जाती है, जबकि बलिदान हेतु नवमी दशमीविद्धा ली जाती है। धर्मसिन्धु अनुसार–

'महानवमी तु बलिदानव्यतिरिक्तविषये पूजोपोषणादौ अष्टमीविद्धा ग्राह्या ...... । नवमीप्रयुक्त महाबलिदाने तु दशमीविद्धा।।'

इस वर्ष 24 अक्तूबर, 2020 ई. को नवमी अष्टमीयुता तथा सायं-व्यापिनी है। अत: पूजा-उपवासार्थ महानवमी इसी दिन होगी, जबकि 25 अक्तूबर को दशमीयुता होने से बलिदान हेतु महानवमी 25 अक्तूबर, 2020 ई. को ग्राह्य होगी।

(22) शरद्-पूर्णिमा (30 अक्तूबर, शुक्रवार)

प्रदोष और निशीथ में होने वाली (व्याप्त) आश्विन-पूर्णिमा में शरद्-पूर्णिमा व कोजागर व्रत किया जाता है।

इस वर्ष आश्विन पूर्णिमा 30 अक्तूबर, 2020 ई. को लगभग पूर्णतया $17^{\text{घं.}}$–$46^{\text{मिं.}}$ बाद प्रदोष तथा निशीथ (अर्द्धरात्रि) काल को व्याप्त कर रही है। इस प्रकार हमें प्रदोष और निशीथ-उभयव्यापिनी आश्विन पूर्णिमा प्राप्त हो रही है। 31 अक्तूबर, 2020 ई. को यह केवल प्रदोषकाल को स्पर्श कर रही है। **अतएव 30 अक्तूबर, 2020 ई. को ही ये दोनों व्रत, पर्व एवं पूजन होंगे।** शरद्-पूर्णिमा की रात्रि में चन्द्रमा की चाँदनी में अमृत का निवास रहता है, इसलिए उसकी किरणों से अमृत और आरोग्य की प्राप्ति सुलभ होती है।

(23) नरक-चतुर्दशी (रूप–चौदश) (14 नवम्बर, शनिवार)

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी '**नरक-चतुर्दशी**' कहलाती है। दो विभिन्न मान्यताओं के अनुसार चन्द्रोदयव्यापिनी अथवा अरुणोदयव्यापिनी कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन '**नरक-चतुर्दशी**' मनाई जाती है। इस दिन सूर्योदय से पहले चन्द्रोदय होने पर अथवा अरुणोदय से पूर्व प्रत्यूषकाल में स्नान करने से मनुष्य को यमलोक का दर्शन नहीं करना पड़ता। यद्यपि कार्तिक मास में तेल नहीं लगाना चाहिए, फिर भी इस तिथि विशेष को शरीर में तेल लगाकर (तैलाभ्यंग) स्नान करना चाहिए। जिस दिन अरुणोदय काल या चन्द्रोदय के समय चतुर्दशी हो, उसी दिन तैलाभ्यंग करना चाहिए।

इस वर्ष 14 नवम्बर, 2020 ई. को चंद्रोदयी व्यापिनी एवं (पूर्व) अरुणोदयाव्यापिनी चतुर्दशी होने के कारण इसी दिन नरक-चतुर्दशी मनाई जाएगी।

(24) हरिप्रबोधिनी एकादशी व्रत (कार्तिक शुक्ल)

द्वादशी तिथि की वृद्धि हो जाने पर स्मार्त (गृहस्थी) द्वादशीयुक्ता एकादशी वाले दिन और वैष्णव सम्प्रदाय वाले षष्टिघटयात्मक (६० घड़ी) द्वादशी के दिन व्रत करते हैं। दशमी तिथि द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध–दोनों स्थितियों में यह नियम इसी प्रकार होगा।

तिथि द्वारा अरुणोदय के वेध और अवेध–दोनों स्थितियों में यह नियम इसी प्रकार होगा।

इस स्थिति में नारद, माधव और हेमाद्रि के वचनों में परस्पर विरोधाभास है। **'अत्रशुद्धत्वात्स्मार्तानाम् एकादश्यामेवोपवासो न द्वादश्यामिति।।'** (माधव)–यहाँ माधव मतानुसार स्मार्त्तों का व्रत द्वादशीयुता एकादशी वाले दिन और वैष्णवों का व्रत षष्ठिघटयात्मक (६० घड़ी) द्वादशी वाले दिन होना चाहिए, जबकि हेमाद्रि, पदमपुराण, नारद के मतानुसार स्मार्त्तों (गृहस्थियों) और वैष्णवों (सन्यासी, विधवा आदि) सम्प्रदाय वालों–दोनों का व्रत षष्टिघट्यात्मक द्वादशी के दिन होना चाहिए। **'सर्वत्रैकादशी कार्या द्वादशीमिश्रिताः नरैः।।'** (पद्मपुराण) मार्कण्डेय के वचनानुसार भी सन्देह होने पर द्वादशी में ही उपवास करें–**'संधिग्धेषु च वाक्येषु द्वादशीं समुपोषयेत्।।'** तथा **'विवादेषु च सर्वेषु द्वादश्यां समुपोषणम्।।' पारणं च त्रयोदशयामाज्ञेयं।** परन्तु यहाँ माधव के मत को ही अधिक अधिमान्यता दी गई है।

इस वर्ष कार्तिक शुक्ल द्वादशी की वृद्धि हुई है। यह 26 नवम्बर, 2020 ई. को अहोरात्र व्यापिनी है। **इसलिए उपरोक्त माधव-मतानुसार हरिप्रबोधिनी एकादशी स्मार्त्तों (गृहस्थियों) हेतु 25 नवम्बर, बुधवार को तथा वैष्णव सम्प्रदाय हेतु 26 नवम्बर को गुरुवार को लिखी गयी है।**

(25) भीष्मपंचक समाप्ति (29 नवम्बर, रविवार)

शास्त्रों में भीष्मपंचक व्रत का अनुष्ठान केवल पाँच दिन **(कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक)** निर्दिष्ट है। यदि शुद्धा एकादशी से उदयकालिक पूर्णिमा तक की अवधि में कोई तिथि क्षय हो जाए और भीष्मपंचकों के दिनों की संख्या चार ही रह जाए, तब दशमीविद्धा एकादशी से ही यह व्रत प्रारम्भ करके शुद्ध (जिसमें चतुर्दशी का वेध न हो) उदयकालिक पूर्णिमा के दिन ही इसे समाप्त किया जाए। इसी प्रकार यदि इन पाँच तिथियों (एकादशी से पूर्णिमा तक) में से किसी एक तिथि की वृद्धि हो जाने पर भीष्मपंचकों के 6 दिन बनते हों, तो शुद्धा एकादशी वाले दिन से प्रारम्भ करके चतुर्दशी-विद्धा पूर्णिमा के दिन ही भीष्म-पंचकों को समाप्त करना चाहिए। धर्मसिन्धु अनुसार–

'एकादश्यादिदिनपंचके भीष्मपंचकव्रतमुक्तम्। तच्च शुद्धैकादश्यामारभ्य चतुर्दश्यविद्धौदयिक–पौर्णमास्यां समापनीयम्। यदि शुद्धैकादश्यामारंभे क्षयवशेन पौर्णमास्यां पंचदिनात्मक, व्रतसमाप्तिं घटते, तदा विद्धैकादश्यामपि आरम्भः, शुद्धैकादश्यामारम्भेऽपि दिनवृद्धिवशेन परविद्धपौर्णमास्यां समापने यदि षड्दिनापत्तिस्तदा चतुर्दशीविद्धपौर्णिमायामपि समाप्तिः कार्या।।'

इस वर्ष कार्तिक शुक्ल द्वादशी तिथि की वृद्धि होने जाने से भीष्मपञ्चकों के छः दिन बन रहे हैं। अतएव उपरोक्त शास्त्र नियमानुसार **'भीष्मपंचक व्रत'** 25 नवम्बर, 2020 ई. से चतुर्दशी विद्धा पूर्णिमा वाले दिन **29 नवम्बर, 2020 ई. तक** होंगे।

(26) कालभैरवाष्टमी (7 दिसम्बर, 2020ई., सोमवार)

मार्गशीर्ष कृष्ण अष्टमी तिथि को श्रीभैरव-जयन्ती (कालाष्टमी/कालभैरवाष्टमी) मनाई जाती है। इस तिथि के निर्णय सम्बन्धी दो मत प्रचलित हैं। प्रथम मतानुसार इसे मध्याह्न-व्यापिनी और दूसरे मतानुसार प्रदोषव्यापिनी मार्ग. कृष्ण अष्टमी को मनाना चाहिए। **धर्मसिन्धु अनुसार**–यदि अष्टमी पहिले दिन केवल प्रदोषव्यापिनी और दूसरे दिन केवल मध्याह्न-व्यापिनी हो, तो अधिकांश ग्रन्थों के अनुसार पहिले दिन प्रदोषव्यापिनी अष्टमी वाले दिन यह पर्व मनाना चाहिए। **यथा**–

'पूर्वत्र प्रदोषव्याप्तिरेव परत्र मध्याह्न एव तदा बहुशिष्टाचार–अनुरोधात्प्रदोषगा पूर्वैव।।' (धर्मसिन्धुः)

इसवर्ष 7 दिसम्बर, 2020 ई. के दिन अष्टमी तिथि केवल प्रदोषकाल (सायं 18:48 बाद) को और 8 दिसम्बर, 2020 ई. के दिन केवल मध्याह्नकाल को व्याप्त कर रही है। **अतएव उपरोक्त शास्त्रप्रमाणानुसार प्रदोषव्यापिनी अष्टमी के दिन 7 दिसम्बर, 2020 ई. को ही मनाई जाएगी।**

[7/8 दिसम्बर को प्रदोषकाल लगभग 17घं.–21मिं. से 20घं.–09मिं. तक रहेगा।]

(27) उत्पन्ना एकादशी व्रत (मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष)

'धर्मसिन्धुकार' अनुसार एकादशी तिथि मुख्यतः दो प्रकार की होती है–**(*i*) विद्धा और (*ii*) शुद्धा।।** (*i*) सूर्योदय काल में दशमी का वेध हो अथवा अरुणोदयकाल (सूर्योदय से लगभग 4 घड़ी पूर्व) में एकादशी तिथि दशमी द्वारा विद्ध हो, तो वह (एकादशी) विद्धा कहलाती है। (*ii*) अरुणोदय-काल में दशमी तिथि के वेध से रहित एकादशी हो तो उसे शुद्धा तिथि माना जाता है।

प्रायः अधिकांश शास्त्रों में दशमी से युक्त एकादशी का व्रत करने का निषेध माना गया है। परन्तु द्वादशी का क्षय हो जाने पर स्मार्त्तों (गृहस्थियों) को दशमीयुता एवं वैष्णव सम्प्रदाय वालों को द्वादशी-त्रयोदशीयुता एकादशी के दिन व्रत करना चाहिए। पद्म पुराण अनुसार भी–

'एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।
उपवासं न कुर्वीत् पुत्रपौत्रसमन्वितः।।'

उपरोक्त प्रमाणानुसार 11, 12, 13 तिथियों से मिश्रित दिन में स्मार्त्तों (गृहस्थियों) के व्रत का निषेध और वैष्णवों के व्रत का विधान है। एवं च–

दशम्यैकादशीविद्धा द्वादशी च क्षयं गता। क्षीणा सा द्वादशी ······। गृहिणः पूर्वत्रोपवासः।।'

अतः शास्त्रों में प्रकारान्तरेण स्मार्त्तों को सूर्योदयवेधवती दशमी के दिन एकादशी व्रत करने की आज्ञा दी है, जोकि कण्वस्मृति के सामान्य नियम '**अरुणोदयवेलायां दशमीसंयुता यदि। तत्रोपोष्या द्वादशी स्यात् त्रयोदश्यां तु पारणम्।।**' के विरुद्ध है। परन्तु शास्त्रों में स्मार्त्तों के लिए त्रयोदशी में पारणा भी सर्वथा वर्जित मानी गयी है। यदि द्वादशी तिथि के क्षय की स्थिति में स्मार्त्त (गृहस्थियों)-वैष्णवों का व्रत एक ही दिन कर दिया जाए तो स्मार्त्तों को भी व्रत की पारणा त्रयोदशी में करनी पड़ेगी।

निर्णयसिन्धु में भी '**ऋष्यशृंग**' ने अन्य विकल्प के अभाव में स्मार्त्तों को दशमीयुता एकादशी में व्रत करने की अनुमति दी है–

''पारणाहे न लभ्येत द्वादशी कलयाऽपि चेत्।
तदानीं दशमीविद्धापि उपोष्यै एकादशी तिथिः।।''

इस प्रकार उपरोक्त शास्त्रविवेचन से स्पष्ट है कि द्वादशी तिथि का क्षय होने के कारण ही स्मार्त्तों (गृहस्थियों) का उत्पन्ना एकादशी व्रत 10 दिसम्बर, 2020 ई. को तथा वैष्णवों का एकादशी व्रत 11 दिसम्बर, 2020 ई. को लिखा गया है।

(28) स्कन्द (गुह) षष्ठी (19/20 दिसम्बर, 2020 ई.)

पूर्व (पंचमी) विद्धा मार्ग. शुक्ल षष्ठी में स्कन्द (गुह) षष्ठी का व्रत किया जाता है।–'**इयमेव स्कन्द षष्ठी सा पूर्वा ग्राह्या।।**'

इस वर्ष (वि. संवत् २०७७ में) 19 दिसम्बर, 2020 ई. को षष्ठी पञ्चमीविद्धा है, क्योंकि इस दिन पंचमी सूर्योदयानन्तर 6 मुहूर्त्त से अधिक है। इसलिए स्कन्द (गुह) षष्ठी का व्रत इसी दिन होगा।

परन्तु भृगु के वाक्यनुसार '**कृष्णाष्टमी स्कन्दषष्ठी शिवरात्रिचतुर्दशी। एताः पूर्वयुताः कार्यास्तिथ्यन्ते पारणं भवेत्।।**'

इस व्रत की पारणा तथा पूजन अगले दिन 20 दिसम्बर, 2020 ई. को मध्याह्न-काल में ही करना शास्त्रसम्मत होगा।

(29) श्रीदत्तात्रेय जयन्ती (29 दिसम्बर, मंगलवार)

मार्गशीर्ष पूर्णिमा को श्रीदत्तात्रेय जी का जन्म हुआ था। इसमें प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा ग्रहण की जाती है–

'**मार्गशीर्षपौर्णमास्यां दत्तात्रेयोत्पत्तिः। इयं प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या।।**' (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष **29 दिसम्बर, 2020 ई.** को सायं प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को '**दत्तात्रेय जयन्ती**' होगी।

(30) श्रीगणेश (संकष्ट) चतुर्थी व्रत (31 जनवरी, 2021 ई.)

यह व्रत/पर्व चन्द्रोदय व्यापिनी माघ कृष्ण चतुर्थी को होता है। इस वर्ष 1 फरवरी, 2021 ई. को चतुर्थी तिथि चन्द्रोदय-व्यापिनी नहीं है। पंजाब, जम्मू-काश्मीर, हि.प्र., उत्तराखण्ड, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, म.प्र., महाराष्ट्र, गुजरात तथा उत्तर-मध्य उ.प्र. (लखनऊ आदि से पूर्वी क्षेत्रों को छोड़कर) **में 31 जनवरी, 2021 ई. को तृतीया तिथि की समाप्ति** (अर्थात् 20:25) **के बाद चतुर्थी तिथि में ही चन्द्रोदय होगा। अतः यह स्पष्ट है कि इन प्रदेशों में यह व्रत इसी दिन (31 जनवरी) होगा।** देश के शेष पूर्वी भागों (पूर्वी उ.प्र., बिहार, प. बंगाल, अरु. प्रदेश, सिक्किम आदि) में दोनों दिन चतुर्थी चन्द्रोदय-व्यापिनी नहीं है। धर्मसिन्धु के निम्न प्रमाणवाक्यानुसार इन प्रदेशों में श्रीगणेश संकष्ट चतुर्थी व्रत 1 फरवरी, 2021 ई. को होगा।

'**संकष्टचतुर्थी तु चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या। परदिन एव चन्द्रोदयव्याप्तौ परैव। उभयदिने चन्द्रोदयव्याप्तौ तृतीयायुतैव ग्राह्या।। दिनद्वये चन्द्रोदयव्याप्त्यभावे परैव।**'
(धर्मसिन्धुः)

इस प्रकार यह पर्व पंजाब, हि.प्र., जम्मू-काश्मीर, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर-पश्चिमी व मध्य उ.प्र., गुजरात, महाराष्ट्र आदि में स्पष्ट रूप से 31 जनवरी, 2021 ई. को ही मनाया जाएगा।

जबकि पूर्वी प्रदेशों (बिहार, पूर्वी उ.प्र., उड़ीसा आदि में) यह पर्व 1 फरवरी, 2021 ई. को मनाया जाएगा। [विभिन्न नगरों में 'श्रीगणेश-चतुर्थी' के चन्द्रोदय हेतु देखें पृष्ठ 13-16]

(31) भीष्माष्टमी (माघ शुक्ल अष्टमी)

माघ शुक्ल अष्टमी को भीष्म पितामह का एकोद्दिष्ट श्राद्ध किया जाता है, इस श्राद्ध-पर्व को ही '**भीष्माष्टमी**' का नाम दिया गया है। क्योंकि एकोद्दिष्ट-श्राद्ध मध्याह्न-काल में किया जाता है, इसलिए मध्याह्नव्यापिनी माघ शुक्ल अष्टमी के दिन '**भीष्माष्टमी**' मनाई जाती है–

'**माघ शुक्लाष्टमी भीष्माष्टमी। अत्र मध्याह्नव्यापिन्यष्टमी ग्राह्या।। श्राद्धादेरेकोद्दिष्टत्वादिती।।**' (धर्मसिन्धुः)

यदि अष्टमी मध्याह्न काल को दोनों दिन असमान रूप से व्याप्त या अव्याप्त हो, तब भीष्माष्टमी सम्बन्धी श्राद्ध/तर्पण अगले दिन करने चाहिए।

इस वर्ष (वि. संवत् २०७७ में) माघ शुक्ल अष्टमी दो दिन (19 एवं 20 फरवरी, 2021 ई.) मध्याह्न-काल को असमान् रूप से व्याप्त कर रही है। तदनुसार उपरोक्त शास्त्रनियमानुसार '**भीष्माष्टमी**' पर्व पर श्राद्ध/तर्पणादि कृत्य **20 फरवरी, 2021 ई.** को ही मध्याह्न-काले किए जाएंगे।

वि. संवत् 2077 में भारत में वृश्चिक (मार्गशीर्ष) संक्रान्ति-दो दिन ?

[स्थानभेद (सूर्योदयभेद) से वृश्चिक संक्रान्ति 15 नवम्बर तथा 16 नवम्बर, 2020 ई. को होगी]

सूर्य जिस राशि पर संचार कर रहा हो, उसे छोड़कर जब वह दूसरी राशि में प्रवेश करे, उस समय का नाम संक्रान्ति है। जिस वार के दौरान (में) सूर्य राशि-परिवर्तन करता है, उसी वार वाले दिन पश्चिमोत्तर भारत (विशेषकर पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, जम्मू आदि) में संक्रान्ति पर्व मनाया जाता है और वहाँ उसी वार/दिन से सौर-मास (सौर मास का प्रथम प्रविष्टा अर्थात् सौर मास की प्रथम तारीख) प्रारम्भ होता है।

[इसी भान्ति इस बात का भी ज्ञान होना चाहिए कि भारतीय ज्योतिष के अनुसार, प्रत्येक नवीन 'वार' का प्रारम्भ सूर्योदय से होता है। अतः सूर्योदय से प्रारम्भ होकर दूसरे (आगामी) दिन के सूर्योदय तक के समय को 'वार' कहा जाता है।]

संक्रान्ति-दिन और संक्रान्ति-पुण्यकाल

शास्त्र-निर्देश एवं भारतीय ज्योतिष सिद्धान्त अनुसार संक्रान्ति-प्रवेश (सूर्य का राशि-परिवर्तन) चाहे प्रातःकाल हो, मध्याह्न में हो, सायंकाल या अर्द्धरात्रि या अर्द्धरात्रि के बाद ही क्यों न हो, पश्चिमोत्तर भारतीय प्रान्तों में उसी दिन सौर-मास का प्रथम प्रविष्टा (प्रथम-तारीख) माना जाएगा। यद्यपि संक्रान्ति के स्नान-दान हेतु पुण्यकाल का नियम अलग है।

मूलतः संक्रान्ति प्रवेश से 16 घड़ी पहिले और 16 घड़ी पश्चात् में संक्रान्ति का पुण्यकाल मानना चाहिए।

संक्रान्तिकालादुभयत्र नाडिकाः पुण्या मतः षोडश-शोडशोऽगणोः।।(मु.चि.)

यदि अर्द्धरात्रि से पहिले संक्रान्ति प्रवेश हो तो उसी दिन का उत्तरार्द्धभाग (मध्याह्न बाद) पुण्यकाल और यदि अर्द्धरात्रि के उपरान्त संक्रान्ति प्रवेश हो, तो परदिन (दूसरे दिन) का पूर्वार्द्ध (मध्याह्न से पहिले) भाग में पुण्यकाल होता है-

निशीथतोऽर्वागपरत्र संक्रमे पूर्वापराहान्तिमपूर्वभागयोः।। (मु. चिन्तामणि)

उपरोक्त विवेचन से पाठक समझ गए होंगे कि संक्रान्ति-दिन और संक्रान्तिपुण्यकाल भिन्न-भिन्न दिन हो सकते हैं। एवं च, वार का आरम्भ स्थानीय नगर के सूर्योदय से होगा। यदि सूर्य का राशि-प्रवेश सूर्योदय के ही आस-पास हो, तो स्थानभेद के कारण संक्रान्ति-दिन में अन्तर आ जाना स्वाभाविक है।

इस वर्ष (वि. संवत् 2077) भारत में वृश्चिक (मार्गशीर्ष) संक्रान्ति का दिन भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग दिन रहेगा। यद्यपि सम्पूर्ण भारत (सभी क्षेत्रों) में वृश्चिक संक्रान्ति के स्नान, दानादि का पुण्यकाल 16 नवम्बर, सोमवार, 2020 ई. को दोपहर 13$^{\text{घं.}}$-17$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।

वि. संवत् 2077 में सूर्य का वृश्चिक राशि में प्रवेश 16 नवम्बर, सोमवार, 2020 ई. की प्रातः 6$^{\text{घं.}}$-53$^{\text{मिं.}}$ (भा.स्टैं.टा.) पर होगा। क्योंकि इस दिन जालन्धर नगर का सूर्योदय 7$^{\text{घं.}}$-00$^{\text{मिं.}}$ है। अतः संक्रान्ति प्रवेश (सूर्य का राशिप्रवेश) सूर्योदय से पहिले होने के कारण पंचांग में संक्रान्ति-दिन अर्थात् मार्गशीर्ष सौर मास का प्रथम-प्रविष्टा (तारीख) 15 नवम्बर, रविवार, 2020 ई. को लिखा गया है। इस प्रकार भारत के जिन नगरों में सूर्योदय 6$^{\text{घं.}}$-53$^{\text{मिं.}}$ के बाद होगा, वहाँ मार्गशीर्ष सौर-मास 15 नवम्बर, 2020 ई. को ही प्रारम्भ होगा।

तथा भारत के जिन नगरों/क्षेत्रों में 16 नवम्बर, सोमवार को सूर्योदय 6$^{\text{घं.}}$-53$^{\text{मिं.}}$ से पहिले होगा, वहाँ मार्गशीर्ष सौरमास अर्थात् मार्गशीर्ष संक्रान्ति दिन 16 नवम्बर, सोमवार को होगा। इसका स्पष्टीकरण अगले पृष्ठ पर दिए गए भारत के मानचित्र में भी कर दिया है तथा आगामी पृष्ठ पर ही भारत के उन नगरों का सूर्योदय भी दे दिया गया है जहाँ संक्रान्ति प्रवेश दिन के बारे में संदेह होगा (अर्थात् जहाँ सूर्योदय प्रातः 6$^{\text{घं.}}$-53$^{\text{मिं.}}$ के आसपास होगा।) **'क-ख'** रेखा के दाईं और के नगरों/क्षेत्रों में संक्रान्ति दिन 16 नवम्बर को रहेगा। जबकि रेखा के बायीं ओर के नगरों में संक्रान्ति-दिन 15 नवम्बर, रविवार को होगा।

ध्यान दें, दोनों परिस्थितियों में मार्गशीर्ष संक्रान्ति का पुण्यकाल 16 नवम्बर, सोमवार को ही दोपहर 13$^{\text{घं.}}$-17$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।

उदाहरणार्थ, देखें-16 नवम्बर, 2020 ई. को शिमला, सोलन (हि.प्र.) आदि में सूर्योदय 6$^{\text{घं.}}$-53$^{\text{मिं.}}$ (शास्त्रीय सूर्योदय) पर होगा जोकि सूर्य के वृश्चिक राशि में प्रवेशकाल 6$^{\text{घं.}}$-53$^{\text{मिं.}}$ के बिल्कुल समान है। इसलिए यहाँ संक्रान्ति-दिन (प्रविष्टा १) 15 नवम्बर, 2020 ई. जबकि संक्रान्ति पुण्यकाल 16 नवम्बर, सोमवार को मान्य होगा। परन्तु सोलन, शिमला से पूर्वी क्षेत्रों (नाहन, सराहां, पौंटा साहिब) जहाँ सूर्योदय 6$^{\text{घं.}}$-52$^{\text{मिं.}}$ पर होगा। वहाँ संक्रान्ति-दिन (प्रथम (१) प्रविष्टा तथा संक्रान्ति पुण्यकाल-एक ही दिन 16 नवम्बर, 2020 ई. को ही होगा।

दो अलग-अलग वारों में संक्रान्तिदिन होने से संक्रान्ति फल में भी अन्तर रहेगा। रविवार की संक्रान्ति अशुभ मानी गई है, जबकि सोमवार की संक्रान्ति शुभ मानी गई है।

अपने नगर के सूर्योदय अनुसार मार्गशीर्ष संक्रान्ति निर्णय करें

[16 नवम्बर, 2020 ई. को भारत के विभिन्न नगरों का सू.उ. जहाँ वृश्चिक–संक्रान्ति दिन के बारे में सन्देह होगा।]

नगर	सूर्योदय	नगर	सूर्योदय	नगर	सूर्योदय
अर्की (हि.प्र.)	6:54	चित्तौड़गढ़	6:53	वड़ौदरा	6:54
अम्बाला	6:53	चुरु (रा.)	6:57	भिवानी	6:53
अजमेर	6:55	जयपुर	6:51	मण्डी (हि.प्र.)	6:55
उदयपुर	6:56	जींद	6:53	भीलवाड़ा	6:53
कसौली	6:54	झुंझुनू	6:55	रामपुरबुशै.	6:52
करसोग	6:54	नालागढ़	6:55	रोहतक	6:52
करनाल	6:52	नवी मुम्बई	6:50	वलसाड़ (गु.)	6:53
काँगड़ा	6:59	नेरचौंक (हि.प्र.)	6:55	शिमला	6:53
कुल्लू	6:55	नाहन	6:52	शाहाबाद (ह.)	6:53
कैथल	6:54	नीमच (म.प्र.)	6:51	यमुनानगर	6:51
कुरुक्षेत्र	6:52	नासिक	6:48	सूरत	6:54
कालका	6:54	पटियाला	6:55	सोलन	6:53
कोटखाई	6:52	पिंजौर	6:54	सुन्दरनगर	6:55
डूंगरपुर	6:55	पौंटा साहिब	6:50	सीकर	6:55
गोहाना	6:52	पिंजौर	6:54	सुबाथू	6:54
चण्डीगढ़	6:54	बांसवाड़ा	6:51	हमीरपुर	6:57

नोट–जिन नगरों में सूर्योदय 6$^{घं.}$-53$^{मिं.}$ पर या पहिले होगा, वहाँ मार्गशीर्ष संक्रान्ति का पहिले प्रविष्य (तारीख) 16 नवम्बर को और जहाँ सू.उ. 6$^{घं.}$-53$^{मिं.}$ के बाद होगा, वहाँ प्रथम प्रविष्य 15 नवम्बर, रविवार को होगा।


68
72
76
80
84
88
92
36
32
28
24
20
16
12
क
ख
सूर्योदय 6 घं. 53 मिं. पर
श्रीनगर
जम्मू
चम्बा
हि.प्र.
धर्मशाला
जाल.
शिमला
पंजाब
उ.खंड
देहरा.
गंगानगर
हरि.
दिल्ली
मेरठ
नेपाल
राजस्थान
जयपुर
अजमेर
उ.प्र.
लखनऊ
बिहार
गुज.
भोपाल
अहमदा.
इंदौर
म.प्र.
प.बंगाल
छ. गढ़
रायपुर
नागपुर
उड़ीसा
भुव.
महाराष्ट्र
सतारा
आन्ध्र प्रदेश
कर्नाटक
गोआ
ता. ना.

वि. संवत् 2077 में भारत में 'वृश्चिक संक्रान्ति' दो वारों में

'क-ख' रेखा से दाईं ओर के क्षेत्र में वृश्चिक संक्रान्ति 16 नवम्बर, 20 ई., सोमवार को तथा बाईं ओर वाले क्षेत्रों में 15 नवम्बर, 2020 ई. रविवार को होगी।

-परिलेख : पं. विवेक शर्मा

पं. देवीदयालु कृत **श्री दुर्गा सप्तशती (हिन्दी भाषा में)**

श्री दुर्गासप्तशती मात्र धर्मग्रन्थ ही नहीं, बल्कि एक सिद्ध ग्रंथ है। पं. पन्ना लाल ज्योतिषी द्वारा प्रणीत श्री दुर्गा-सप्तशती के प्रस्तुत सरल हिन्दी भाषा संस्करण में अनेक उपयोगी विषयों का समावेश किया गया है। इस पुस्तक में श्री दुर्गा यन्त्र, संक्षिप्त पाठ एवं संकल्प विधि, श्री देवी कवच, श्री अर्गलास्तोत्र, श्री कीलक स्तोत्र, रात्रिसूक्त, नवार्णमन्त्र, 13 पाठ अध्याय, श्री चण्डी पूजा, चरित्र एवं स्तोत्र, चालीसा एवं आरतियों सहित विस्तृत वर्णन किया है।

ध्यान रहे–बिना संकल्प विधि के किया जप-पाठ एवं कोई भी अनुष्ठान पूर्ण फल नहीं देता। मार्कीट में बिकने वाली अधिकांश हिन्दी भाषी सप्तशतियों में संकल्पविधि, पूजन विधि आदि आवश्यक विषयों का अभाव मिलता है। श्रद्धा पूर्वक सही विधि द्वारा श्री दुर्गा जी के चरित्रों का विधिपूर्वक पाठ करने से मनुष्यों के पाप नष्ट होकर उन्हें धन-धान्य, सौभाग्यादि की प्राप्ति एवं मनोवांछित कामनाओं की सहज पूर्ति होती है। **भेंट–100 रु०**

नोट–आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से खरीदें अथवा पत्र लिखकर वी.पी. द्वारा मंगवाकर एवं पाठ कर लाभान्वित हों। **–जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर (पंजाब)**

पाठ कर लाभान्वित हों। –जनरल बुक डिपो,

विस्तृत 'ग्रहण-विवरण' (वि. संवत् २०७७)

परिलेख–
–पं. विवेक शर्मा

वि. संवत् २०७७ (सन् 2020–21 ई.) में पृथ्वी (भूलोक) पर दो ग्रहण घटित होंगे–

(1) कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई., रविवार)

(2) खग्रास सूर्यग्रहण (14 दिसम्बर, 2020 ई., सोमवार)

भारत में (1) नं. वाला कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.) ही दिखाई देगा (2) नं. वाला खग्रास सूर्यग्रहण (14 दिसम्बर, 2020 ई.) भारत में दिखाई नहीं देगा।

☐ भारत में अदृश्य (दिखाई न देने वाले) ग्रहण का संक्षिप्त विवरण ☐

(1) खग्रास सूर्यग्रहण (14/15 दिसम्बर, 2020 ई., सोमवार)–

यह खग्रास सूर्यग्रहण मार्गशीर्ष अमावस, सोमवार को 14 दिसम्बर, 2020 ई. की सायं भा.स्टैं.टा. अनुसार $19^{\text{घं.}}-03^{\text{मिं.}}$ से रात्रि $24^{\text{घं.}}-23^{\text{मिं.}}$ तक भूगोल पर दिखाई देगा। यह ग्रहण मध्य तथा दक्षिणी-दक्षिण अमरीका, अफ्रीका के दक्षिणी देशों-नाम्बिया, साउथ-अफ्रीका, अंगोला, बोत्सवाना, प्रशान्त तथा हिन्द महासागर में दिखाई देगा। इसकी खग्रास आकृति दक्षिण-अमरीका के दक्षिणी देशों में (अर्जन्टीना, चिली) दिखाई देगी। **भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा।** भा.स्टैं.टा. के अनुसार इसका समय इस प्रकार होगा–

ग्रहण प्रारम्भ	$19^{\text{घं.}}-03^{\text{मिं.}}$	(भा.स्टैं.टा.)
खग्रास प्रारम्भ	$20^{\text{घं.}}-02^{\text{मिं.}}$	
ग्रहण मध्य (परमग्रास)	$21^{\text{घं.}}-39^{\text{मिं.}}$	
खग्रास समाप्त	$23^{\text{घं.}}-34^{\text{मिं.}}$	
ग्रहण समाप्त	$24^{\text{घं.}}-23^{\text{मिं.}}$	

☐ भारत में दृश्य एकमात्र ग्रहण का विस्तृत विवरण ☐

(1) कंकण (चूड़ामणि) सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई., आषाढ़ अमावस, रविवार)–

यह कंकणाकृति सूर्यग्रहण 21 जून, 2020 ई. की प्रातः से दोपहर तक सम्पूर्ण भारत में खण्डग्रास रूप में ही दिखाई देगा। इस ग्रहण की कंकणाकृति केवल उत्तरी-राजस्थान, उत्तरी-हरियाणा तथा उत्तराखण्ड राज्य के उत्तरी क्षेत्रों में से गुज़रेगी। इन कंकण-मार्ग वाले क्षेत्रों में इस ग्रहण का परमग्रास लगभग 99.4 प्रतिशत (100%) रहेगा। जबकि शेष उत्तरी भारत में परमग्रास सामान्यतः 90 प्रतिशत और कई स्थलों पर इससे कुछ अधिक भी होगा। मध्य भारत में इसका परमग्रास 70 से 90 प्रतिशत तथा दक्षिणी प्रान्तों में 30 से 70 प्रतिशत तक पाया जाएगा।

भारत के अतिरिक्त यह ग्रहण दक्षिणी-पूर्वी यूरोप, ऑस्ट्रेलिया के केवल उत्तरी क्षेत्रों, न्यू-गियाना, फिजी, अधिकतर अफ्रीका (दक्षिणी देशों को छोड़कर), प्रशान्त व हिन्द महासागर, मध्य पूर्वी एशिया (अफगानिस्तान, पाकिस्तान, मध्य-दक्षिणी चीन, बर्मा, फिलीपीन्स आदि) में दिखाई देगा।

भूलोक पर इस कंकण-ग्रहण का समय इस प्रकार रहेगा–

	घं.	मिं.	सैं.	
ग्रहण प्रारम्भ	9	15	58	(भा.स्टैं.टा.) 21 जून, 2020 ई.
कंकण प्रारम्भ	10	17	45	
परमग्रास (मध्य)	12	10	04	
कंकण समाप्त	14	02	17	
ग्रहण समाप्त	15	04	01	

ग्रासमान = 99.4, **ग्रहण की अवधि** = $5^{\text{घं.}}-48^{\text{मिं.}}-03^{\text{सैं.}}$, कंकण की अवधि = $00^{\text{मिं.}}-38^{\text{सैं.}}$

भारत के प्रत्येक नगर/ग्राम में इसे अलग-अलग समय पर खण्डग्रास रूप में देखा जा सकेगा। उत्तरी भारत में इस कंकणाकृति सूर्यग्रहण का ग्रासमान अधिक होगा, जबकि मध्य तथा दक्षिणी भारत में इसकी कंकणाकृति का ग्रास कम होता जाएगा।

भारत के प्रसिद्ध-प्रसिद्ध लगभग 200 से भी अधिक नगरों में इस ग्रहण का स्पर्श (प्रारम्भ), मध्य (परमग्रास) तथा मोक्षकाल (समाप्ति) (भा.स्टै.टा.) आगे पृष्ठ 30 पर दिया गया है। इस परमग्रास (मध्य) के समय ग्रसित हुए सूर्य का प्रतिशत ग्रास भी दिया गया है। राजस्थान-हरियाणा-उत्तराखण्ड राज्यों के उत्तरी भागों में से गुज़रने वाली कंकण-मार्ग-पट्टी के आसपास स्थित प्रसिद्ध नगरों में कंकणाकृति-ग्रास का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल अलग से दिया गया है।

पृष्ठ 29 पर **ग्रहण चित्र (1)** में भारत के विभिन्न स्थलों परं इस ग्रहण का परमग्रास (प्रतिशत) दर्शाने वाली रेखाएं दी गई है। इससे आप अपने नगर के अक्षांश-रेखांश द्वारा इस चित्र में नगर का स्थान अंकित कर उस नगर में इस कंकणकृति का मध्यकालीन परमग्रासमान जान सकते हैं। इसी चित्र नं. 1 में **'क-ख'** और **'च-छ'** रेखाओं के मध्य एक धुंधला क्षेत्र (पट्टी) दिखाया गया है। इस पट्टी के मध्य स्थित राजस्थान, हरियाणा तथा उत्तराखण्ड के उत्तरी भागों में इस ग्रहण की कंकण-आकृति दिखाई देगी। पृष्ठ 34 पर **ग्रहण चित्र (4)** में कंकण-ग्रहण के इस मार्ग को अधिक स्पष्टता के लिए बड़ा बनाकर दिखाया गया है। इस पट्टी के मध्य से गुजरने वाली 'A-B' रेखा पर स्थित नगरों में ग्रहण की कंकणाकृति पूर्ण रूप से दिखाई देगी (99.4%)। अर्थात् वहाँ ग्रहण मध्य (परमग्रास) के समय चन्द्र-बिम्ब का केन्द्र सूर्य-बिम्ब के बिल्कुल लगभग केन्द्र पर होगा। जिससे उस समय सूर्य बिम्ब का चमकदार भाग लगभग 38 सैकिण्ड के लिए चारों ओर से समान रूप से दृश्यमान होगा। यह एक अद्भुत आकाशीय परिदृश्य होगा।

पृष्ठ 33 पर **ग्रहण चित्र (2)** में इस ग्रहण की स्पर्श रेखाएं (प्रारम्भ) तथा **ग्रहण चित्र (3)** में मोक्ष रेखाएं (समाप्ति) दी गई है। इन दोनों चित्रों से आप अपने अभीष्ट नगर के अक्षांश-रेखांश अनुसार उस नगर में इस ग्रहण का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल जान सकते हैं।

ध्यान दें—यह कंकण-सूर्यग्रहण रविवार के दिन घटित हो रहा है। अत: इसे **'चूड़ामणि-सूर्यग्रहण'** कहा जाता है। शास्त्रों में इस ग्रहण में स्नान-दान-जप-पाठ-पूजा आदि का बहुत माहात्म्य माना गया है। इस दिन कुरुक्षेत्र तथा गाँव-फाल्गू (ज़ि-कैथल) में बहुत बड़ा मेला भी आयोजित होता है तथा इन क्षेत्रों में स्थित पवित्र तालाबों तथा हरिद्वार, प्रयागराज आदि पवित्र तीर्थस्थलों पर स्नानादि का विशेष पुण्यफल प्राप्त होता है।

ग्रहण का ग्रासमान—ग्रहण-चित्र (1) व (4) के अनुसार राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखण्ड के उत्तरी क्षेत्रों में ही इस ग्रहण की सम्पूर्ण कंकणकृति (99.4%) दिखाई देगी। ज्यों-ज्यों हम इस धुंधली पट्टी से दूर होते जाएंगे, वहाँ ग्रहण का ग्रासमान अर्थात् परमग्रास उतना ही कम होता जाएगा। शेष भारत में इस ग्रहण की खण्ड-आकृति ही दिखाई देगी।

ग्रहण का सूतक—इस ग्रहण का सूतक 20 जून, 2020 ई. की रात्रि लगभग 9$^{\text{घं.}}$-16$^{\text{मि.}}$ (21-16) से प्रारम्भ हो जाएगा।

ग्रहण के समय क्या करें—क्या न करें ?

जब ग्रहण का प्रारम्भ हो रहा हो, तो उस समय से पहिले ही स्नान-जप अर्थात् संकल्पादि कर ले, मध्यकाल में होम, देवपूजा, पाठ और ग्रहण का मोक्ष समीप होने पर दान तथा पूर्ण मोक्ष होने पर पुन: स्नान करना चाहिए।

स्पर्शे स्नानं जपं कुर्यान्मध्ये होमं सुरार्चनम्।
मुच्यमाने सदा दानं विभुक्तौ स्नानमाचरेत्।। (ज्यो. नि.)

सूर्यग्रहण काल में भगवान् सूर्य-उपासना, आदित्य हृदय-स्तोत्र, सूर्याष्टक स्तोत्र आदि सूर्य-स्तोत्रों का पाठ करना चाहिए। पका हुआ अन्न, कटी हुई सब्ज़ी, ग्रहणकाल में दूषित हो जाते हैं, उन्हें नहीं रखना चाहिए। परन्तु तेल, घी, दूध, लस्सी, मक्खन, पनीर, आचार, चटनी, मुरब्बा आदि में तिल या कुशातृण रख देने से ये ग्रहणकाल में दूषित नहीं होते। सूखे खाद्य पदार्थों में तिल या कुशा डालने की आवश्यकता नहीं। (मन्वर्थ मुक्तावली)

यथा— **अन्नं पक्वमिह त्याज्यं स्नानं सवसनं ग्रहे।**
वारितक्रारनालादि तिलैर्दभैर्न दुष्यते।।

ध्यान रहे, ग्रस्त सूर्य-बिम्ब को नंगी आँखों से कदापि न देखें। वैल्डिंग वाले काले ग्लास में से इसे देख सकते हैं।

सूतक एवं ग्रहणकाल में मूर्ति स्पर्श करना, अनावश्यक खाना-पीना, मैथुन, निद्रा, तैलमर्दन वर्जित है। झूट-कपटादि वृथा अलाप, मूत्र-पुरीषोत्सर्ग, नाखुन काटने आदि से परहेज़ करना चाहिए। वृद्ध, रोगी, बालक एवं गर्भवती स्त्रियों को यथानुकूल भोजन या दवाई आदि लेने में कोई दोष नहीं।

गर्भवती महिलाओं को ग्रहणकाल में सब्ज़ी काटने, शयन करने, पापड़ सेंकने आदि उत्तेजक कार्यों से परहेज़ करना चाहिए तथा धार्मिक ग्रन्थ का पाठ करते हुए प्रसन्नचित्त रहें। इससे भावी सन्तति स्वस्थ एवं सद्‌गुणी होती है। चूड़ामणि ग्रहण होने से कुरुक्षेत्र, फाल्गु, हरिद्वार, प्रयागराज आदि तीर्थों पर स्नान, दानादि का विशेष माहात्म्य होगा।

रोग शान्ति के लिए ग्रहणकाल में **'श्रीमहामृत्युञ्जय मन्त्र'** का जप करना शुभ होता है।

विशेष प्रयोग—कांसे की कटोरी में घी भरकर उसमें चान्दी का सिक्का (मन्त्रपूर्वक) डालकर अपना मुँह देखकर छायापात्र मन्त्र पढ़ें तथा ग्रहण समाप्ति पर वस्त्र, फल व दक्षिणा सहित ब्राह्मण को दान करने से क्लिष्ट रोगों से निवृत्ति होती है।

ग्रहण का राशिफल—यह ग्रहण मृगशिर तथा आर्द्रा नक्षत्र एवं मिथुन राशि में घटित होगा। अतएव इस राशि/नक्षत्र वालों को ग्रहण-दान, पाठ, आदित्य हृदय स्तोत्र, सूर्याष्टक स्तोत्र आदि का पाठ विशेष रूप से करना चाहिए। स्मृतिनिर्णय में कहा है कि सूर्यग्रहण में सूर्य का जप व दान और चन्द्रग्रहण में चंद्र तथा राहु का जप व दान करना चाहिए। विभिन्न राशि वाले जातकों के लिए इस ग्रहण का फल इस प्रकार होगा–

जन्म/नाम राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुंभ	मीन
फल	धन लाभ	धन हानि	दुर्घटना, चोटभय चिन्ता	धन हानि	लाभ, उन्नति	रोग, कष्ट भय	चिन्ता, संतान कष्ट	शत्रु-भय साधारण लाभ	स्त्री/ पति कष्ट	रोग, गुप्त चिन्ता	खर्च अधिक, कार्य-विलम्ब	कार्य सिद्धि

सूर्यग्रहण एवं लोक भविष्य

***(i)* ग्रहण का मास-फल**—यह कंकण चूड़ामणि सूर्यग्रहण आषाढ़ मास में घटित होने से छोटे-छोटे तालाब समाप्त तथा नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा अर्थात् कुछ प्रान्तों में भीषण अकाल व्याप्त हो। अफगानिस्तान, काश्मीर, चीन आदि देशों/प्रदेशों में राजनीतिक तथा प्राकृतिक प्रकोपों से व्यापक जन-धन हानि हो तथा सर्वत्र खण्ड वर्षा के योग बनेंगे। फलों तथा सब्ज़ियों की हानि हो।

***(ii)* सूर्यग्रहण का वारफल एवं माहात्म्य**—सूर्यग्रहण रविवार को होने से आगे वर्षा की कमी, गेहूँ, धान्यादि का कम उत्पादन होगा। गायों के दूध में भी कमी तथा विश्व के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों के मध्य तनाव व युद्धजन्य वातावरण बनेगा। गेहूँ, चावल, मूँग आदि धान्य तथा गुड़, घी का संग्रह करने से दो मास अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

कुरुक्षेत्र, फाल्गू, हरिद्वार, प्रयागराज आदि तीर्थों पर स्नानादि का अनन्त माहात्म्य होगा।

***(iii)* ग्रहण नक्षत्र-फल**—यह ग्रहण मृगशिर तथा आर्द्रा नक्षत्र में घटित होने से

परहेज करना चाहिए। वृद्ध, रोगी, बालक एवं गर्भवती स्त्रियों को यथानुकूल भोजन या दवाई होगा।

***(iii)* ग्रहण नक्षत्र-फल**–यह ग्रहण मृगशिर तथा आर्द्रा नक्षत्र में घटित होने से वस्त्रों, फलों, पुष्पों का व्यापार करने वालों, परस्त्रियों से स्नेह रखने वालों, मदिरा सेवन करने वालों तथा लेखकों को पीड़ा व कष्ट रहे।

***(iv)* ग्रहण योग-फल**–'गण्ड' तथा 'वृद्धि' योग में ग्रहण घटित होने से वैद्यों, तन्त्र विद्या करने वालों, योगी-संन्यासियों तथा दक्षिणी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कष्ट रहे। **(*v*) मिथुन राशिस्थ ग्रहण फल**–प्रधाननेता, पाकिस्तान, मुस्लिम देशों, केन्द्रीय सत्ता (यमुना-निकट) के लिए कठिन एवं चुनौतीपूर्ण समय होगा। कहीं अल्प वर्षा, राज्य-परिवर्तन तथा प्राकृतिक प्रकोपों से व्यापक जन-धन की हानि होगी। प्राय: सूर्यग्रहण होने के बाद कुछ समय के लिए दुर्भिक्ष (आकालजन्य) की परिस्थितियां बनती हैं और उस समय जो नक्षत्र विद्यमान हो, तो उस नक्षत्र के अक्षरों के नामवाली वस्तुएं भी महंगी हो जाती हैं।

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.)

'कंकणाकृति'

उत्तर
पश्चिम
पूर्व
दक्षिण

कंकणाकृति सूर्यग्रहण के मार्ग में आने वाले मुख्य नगरों में कंकण प्रारम्भ/समाप्ति काल

नगर	ग्रहण प्रारम्भ घं. मिं. सैं.	कंकण आरम्भ घं. मिं. सैं.	परम ग्रास घं. मिं. सैं.	कंकण समाप्त घं. मिं. सैं.	ग्रहण समाप्त घं. मिं. सैं.	कंकण अवधि मिं. सैं.
कुरुक्षेत्र (हरि.)	10 21 03	12 01 24	12 01 46	12 02 03	13 47 26	0 39
चमोली	10 26 56	12 08 40	12 09 03	12 09 18	13 53 54	0 38
जोशीमठ	10 27 38	12 09 32	12 09 47	12 10 01	13 54 24	0 29
देहरादून	10 24 00	12 05 00	12 05 15	12 05 31	13 50 31	0 31
सिरसा	10 16 45	11 55 54	11 56 06	11 56 30	13 42 26	0 36
सूरतगढ़	10 14 25	11 52 30	11 52 56	11 53 15	13 39 25	0 45
यमुनानगर	10 22 10	12 02 42	12 03 01	12 03 20	13 48 37	0 37
लाडवा (ह.)	10 21 32	12 02 04	12 02 18	12 02 31	13 48 03	0 27

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.)

(कंकण ग्रहणमार्ग एवं परमग्रास रेखाएं)


68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
36°
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°
ग्रहण चित्र (1)
ग्रासमान (%)
कंकण मार्ग
क
ख
च
छ
86%
90%
95%
95%
90%
85%
80%
75%
70%
60%
50%
45%
40%
श्रीनगर
जम्मू
चम्बा
शिमला
यमुनानगर
कुरुक्षेत्र
देहरादून
फतेहाबाद
सिरसा
दिल्ली
बीकानेर
जयपुर
अजमेर
ग्वालियर
लखनऊ
पटना
जोरहाट
शिलांग
इम्फाल
राँची
भोपाल
गाँधीनगर
इन्दौर
उज्जैन
एजवाल
रायपुर
जलगांव
भुवनेश्वर
अहमदनगर
मुम्बई
हैदराबाद
गोवा
बैंगलूरु
चेन्नई
मदुरई
कोची
परिलेख-पं. विवेक शर्मा

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई०)

[भारत के मुख्य नगरों में ग्रहण प्रारम्भ मध्य (परमग्रास) तथा समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) *सूर्यबिम्ब = 99.4%

नगर	प्रारम्भ घं. मिं. सैं.	मध्य घं. मिं. सैं.	समाप्ति घं. मिं. सैं.	ग्रास प्रतिशत	नगर	प्रारम्भ घं. मिं. सैं.	मध्य घं. मिं. सैं.	समाप्ति घं. मिं. सैं.	ग्रास प्रतिशत	नगर	प्रारम्भ घं. मिं. सैं.	मध्य घं. मिं. सैं.	समाप्ति घं. मिं. सैं.	ग्रास प्रतिशत
अगरतला	10 55 54	12 45 16	14 23 54	76.9	कण्डाघाट	10 23 03	12 03 11	13 47 58	97.0	गोरायां	10 20 38	11 59 37	13 44 20	95.7
अजमेर	10 11 53	11 52 8	13 40 58	90.5	कपूरथला	10 20 23	11 58 52	13 43 17	94.6	गाँधीधाम (गु.)	9 59 04	11 34 57	13 24 25	84.9
अनन्तनाग (का.)	10 23 59	12 00 18	13 41 52	87.4	करनाल	10 21 01	12 01 55	13 47 58	98.7	ग्वालियर	10 19 12	12 02 31	13 50 57	87.3
अमरोहा (उ.प्र.)	10 23 2	12 5 30	13 51 58	95.4	करतारपुर	10 20 40	11 59 09	13 43 29	94.4	चण्डीगढ़	10 24 22	12 04 28	13 48 40	96.5
अमृतसर	10 19 50	11 57 46	13 41 54	93.5	काँगड़ा	10 23 11	12 01 49	13 45 24	93.0	चम्बा(हि.प्र.)	10 23 40	12 01 45	13 44 46	91.5
अमेठी (उ.प्र.)	10 28 14	12 14 16	14 1 1	85.1	काँचीपुरम्	10 20 17	11 56 23	13 38 56	45.2	चन्दौसी(उ.प्र.)	10 23 13	12 06 10	13 52 52	93.8
अम्बाला	10 21 37	12 1 59	13 47 25	98.7	कानपुर	10 24 43	12 09 38	13 57 03	86.8	चमौली(उ.खण्ड)*	10 26 56	12 09 03	13 53 54	99.4
अयोध्या	10 29 50	12 15 52	14 2 4	87	कालका	10 22 28	12 02 33	13 47 28	97.2	चितौड़गढ़	10 10 03	11 50 30	13 40 11	85.8
अर्की (हि.प्र.)	10 23 4	12 2 56	13 47 30	96.3	किश्तवाड़(का.)	10 24 20	12 01 30	13 43 34	89.0	चुरू (राज.)	10 15 00	11 54 56	13 42 21	95.9
अलवर	10 17 21	11 58 58	13 46 52	92.4	कावारत्ती(लक्ष)	9 59 05	11 26 01	13 07 16	45.5	चेन्नई	10 22 02	11 59 00	13 41 30	45.6
अलीगढ़	10 20 54	12 3 34	13 50 56	92.4	कुराली(पं.)	10 21 46	12 01 35	13 46 32	97.0	छतरपुर(उ.प्र.)	10 21 32	12 06 16	13 54 45	82.4
अल्मोड़ा	10 26 37	12 9 30	13 54 57	96.9	कुरुक्षेत्र*	10 21 03	12 01 46	13 47 26	99.4	छपरा(बि.)	10 36 00	12 23 42	14 08 32	83.1
अहमदाबाद	10 3 44	11 42 02	13 32 14	82.1	कुल्लू	10 24 33	12 03 52	13 47 31	93.9	छिंदवाड़ा	10 17 38	12 01 38	13 51 05	74.0
अबोहर	10 16 8	11 54 24	13 40 5	97.4	कर्नूल (तेलं)	10 13 31	11 52 30	13 39 49	55.6	जबलपुर(म.प्र.)	10 21 02	12 06 03	13 54 52	76.8
आगरा	10 19 56	12 02 50	13 50 42	90.3	कैथल	10 19 56	12 00 18	13 46 19	99.3	जम्मू	10 21 40	11 58 40	13 41 29	90.2
आजमगढ़	10 31 48	12 18 39	14 04 33	84.4	कोटखाई(हि.प्र.)	10 24 16	12 04 37	13 49 08	96.7	जयपुर	10 14 47	11 55 55	13 44 22	91.0
आबू(राज.)	10 05 50	11 44 24	13 34 1	86.8	कोटा	10 12 51	11 54 22	13 43 51	85.7	जलगांव(म.)	10 08 26	11 49 03	13 39 32	73.3
आनन्दपुर सा.	10 22 20	12 1 46	13 46 17	95.7	कोलकाता	10 46 15	12 35 36	14 17 15	72.5	जामनगर(गु.)	9 58 13	11 33 55	13 23 31	83.1
इटावा (उ.प्र.)	10 31 31	12 17 35	14 03 12	88.5	कोहिमा	11 04 54	12 53 07	14 28 46	83.6	जालन्धर	10 20 34	11 59 13	13 43 42	94.9
इन्दौर	10 10 24	11 51 46	13 42 05	78.3	कोचीन(के.)	10 10 36	11 38 42	13 17 51	39.7	जींद	10 19 01	11 59 34	13 46 03	98.0
इम्फाल	11 04 33	12 53 07	14 28 55	80.6	खन्ना	10 20 51	12 00 27	13 45 35	97.2	जैसलमेर	10 05 24	11 41 57	13 29 46	95.3
ईटानगर	11 03 18	12 51 00	14 27 02	87.9	खरड़	10 21 45	12 01 40	13 46 41	97.3	जोधपुर	10 08 28	11 47 13	13 36 00	91.4
उज्जैन	10 10 39	11 52 02	13 42 15	79.7	खुर्जा(उ.प्र.)	10 20 48	12 03 06	13 50 15	93.7	जोगिन्द्रनगर	10 23 55	12 03 00	13 46 39	93.6
उदयपुर(राज.)	10 07 35	11 47 04	13 36 52	85.7	गंगटोक	10 48 3	12 36 07	14 17 01	87.7	जैतों	10 17 56	11 56 38	13 42 00	96.9
उन्नाव	10 25 13	12 10 13	13 57 31	87.0	गया	10 36 14	12 24 20	14 09 12	80.0	झांसी	10 20 00	12 03 44	13 52 09	86.2
ऊधमपुर(का.)	10 22 28	11 59 28	13 42 01	89.7	गाज़ियाबाद	10 20 27	12 02 15	13 49 09	95.2	झुंझुनूं	10 15 30	11 55 52	13 43 28	94.9
ऊना (हि.प्र.)	10 22 18	12 01 22	13 45 35	94.7	गुड़गांव	10 19 25	12 01 01	13 48 08	94.9	टोंक	10 13 56	11 55 16	13 44 11	88.8
कटक	10 38 00	12 26 09	14 09 58	66.2	गुरदासपुर	10 21 31	11 59 31	13 43 11	92.6	टोहाना*	10 18 43	11 58 43	13 44 52	99.4
कटनी (म.प्र.)	10 22 41	12 08 05	13 56 31	78.6	गुवाहाटी	10 57 17	12 45 54	14 24 01	84.4	डलहौज़ी	10 23 20	12 01 22	13 44 27	91.5
कठुआ(का.)	10 22 11	11 59 59	13 43 14	91.7	गोईंदवाल(पं.)	10 19 50	11 58 06	13 42 31	94.4	डूंगरपुर(रा.)	10 06 49	11 46 19	13 36 24	83.5
कन्नौज(उ.प्र.)	10 24 21	12 08 47	13 56 03	88.8	गोरखपुर	10 32 54	12 19 36	14 05 03	86.5	डोडा (का.)	10 23 41	12 00 50	13 43 05	89.3

*चिन्हित नगर ही कंकण ग्रहण के मार्ग में आएंगे अर्थात् यहाँ **'कंकण सूर्यग्रहण'** की कंकणाकृति कुछ 35-40 सैंकिंड के लिए दिखाई देगी। इन नगरों का

चिन्हित नगर ही कंकण ग्रहण के मार्ग में आएंगे अर्थात् यहाँ **'कंकण सूर्यग्रहण'** की कंकणाकृति कुछ 35-40 सैकिंड के लिए दिखाई देगी। इन नगरों का

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई०)

[भारत के मुख्य नगरों में ग्रहण प्रारम्भ मध्य (परमग्रास) तथा समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) *सूर्यबिम्ब = 99.4%

नगर	प्रारम्भ			मध्य			समाप्ति			ग्रास
	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	प्रतिशत
डिब्रूगढ़	11	07	19	12	54	22	14	29	01	89.5
त्रिवेन्द्रम्	10	14	46	11	39	55	13	15	04	34.7
दरभंगा	10	39	40	12	27	42	14	11	24	84.1
दार्जिलिंग	10	47	01	12	35	13	14	16	31	86.7
दिल्ली	10	20	00	12	01	32	13	48	30	95.2
देवबन्द	10	22	23	12	03	47	13	49	43	98.3
देवरिया	10	33	41	12	20	39	14	05	58	85.7
देवप्रयाग	10	25	00	12	06	47	13	52	05	99.1
देहरादून*	10	24	00	12	05	15	13	50	31	99.4
द्वारिका	9	56	01	11	30	34	13	19	43	83.7
दुर्ग.(छत्ती.)	10	23	47	12	09	25	13	57	27	69.9
धनबाद	10	40	22	12	29	12	14	12	51	76.5
धर्मशाला	10	23	39	12	02	11	13	45	33	92.5
धूरी(पं.)	10	19	39	11	59	12	13	44	42	97.9
नवलगढ़(रा.)	10	14	55	11	55	18	13	43	06	94.2
नकोदर	10	20	05	11	58	49	13	43	31	95.4
नरवाना(ह.)	10	19	03	11	59	17	13	45	31	98.9
नवांशहर	10	21	20	12	00	34	13	45	16	95.8
नंगल(पं.)	10	22	14	12	01	28	13	45	51	95.2
नागपुर	10	17	35	12	01	27	13	50	48	71.0
नागौर(रा.)	10	10	48	11	49	55	13	38	10	93.5
नाभा(पं.)	10	20	17	12	00	01	13	45	28	98.0
नारनौल	10	17	05	11	58	11	13	45	47	94.1
नालागढ़(हि.प्र.)	10	22	20	12	02	04	13	46	47	96.4
नाहन	10	22	47	12	03	21	13	48	31	98.3
नासिक	10	03	35	11	42	01	13	32	29	71.9
नीमच(म.प्र.)	10	09	55	11	50	33	13	40	25	84.4
नौशैहरा(का.)	10	21	25	11	57	31	13	39	41	88.4
नैनीताल	10	25	49	12	08	43	13	54	27	96.3
पंचकूला	10	22	08	12	02	15	13	47	19	97.6

नगर	प्रारम्भ			मध्य			समाप्ति			ग्रास
	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	प्रतिशत
पटना	10	36	56	12	24	52	14	09	27	82.4
पटियाला	10	20	41	12	00	42	13	46	12	98.4
पठानकोट	10	22	23	12	00	23	13	43	45	92.0
पपरोला(हि.प्र.)	10	23	40	12	02	30	13	46	06	93.2
पंजिम(गोआ)	10	01	42	11	36	32	13	24	37	58.5
पाण्डिचेरी	10	21	36	11	56	11	13	37	04	42.4
पानीपत	10	20	28	12	01	31	13	47	52	97.7
पालमपुर	10	23	43	12	02	30	13	46	02	93.1
पिथौरागढ़	10	27	49	12	11	06	13	56	23	96.5
पुंछ(का.)	10	22	22	11	57	44	13	39	00	86.3
पूना	10	02	51	11	40	27	13	30	31	67.5
पुरी	10	38	14	12	26	05	14	09	35	64.0
पोर्टब्लेयर	11	15	28	12	53	28	14	19	03	39.4
प्रतापगढ़(उ.प्र.)	10	28	23	12	14	35	14	01	24	84.1
प्रयागराज	10	27	52	12	14	07	14	01	08	83.0
फरीदकोट	10	18	00	11	56	26	13	41	36	96.2
फगवाड़ा	10	20	48	11	59	41	13	44	15	95.2
फरीदाबाद	10	19	54	12	01	43	13	48	50	94.6
फतेहाबाद(ह.)	10	17	34	11	57	17	13	43	38	99.2
फाज़िल्का	10	16	19	11	54	20	13	39	45	96.5
फिरोज़पुर	10	18	14	11	56	26	13	41	20	95.4
बटाला	10	20	40	11	58	39	13	42	35	93.1
बंगा(पं.)	10	21	08	12	00	13	13	44	51	95.5
बलाचौर(पं.)	10	21	35	12	01	01	13	45	46	96.2
बरनाला(पं.)	10	19	04	11	58	21	13	43	50	97.7
बदायूं	10	23	25	12	06	49	13	53	45	92.3
बरेली(उ.प्र.)	10	24	29	12	07	57	13	54	32	93.1
बल्लभगढ़	10	19	48	12	01	39	13	48	50	94.3
बांसवाड़ा	10	07	55	11	48	02	13	38	16	81.8
बिलासपुर(हि.प्र.)	10	22	52	12	02	26	13	46	50	95.6

नगर	प्रारम्भ			मध्य			समाप्ति			ग्रास
	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	प्रतिशत
बीकानेर	10	11	24	11	49	58	13	37	32	96.3
बैजनाथ(हि.प्र.)	10	23	46	12	02	40	13	46	17	93.3
बारामूला(का.)	10	23	17	11	58	31	13	39	22	85.5
बनिहाल(का.)	10	23	51	12	00	26	13	42	13	88.0
बुलन्दशहर	10	21	01	12	03	16	13	50	18	94.2
बैंगलुरू	10	12	55	11	47	35	13	31	43	47.4
भद्रवाह(का.)	10	23	36	12	01	00	13	43	31	89.9
भरतपुर	10	18	38	12	01	09	13	49	14	90.3
भिवानी	10	17	53	11	58	34	13	45	33	96.5
भागलपुर(बि.)	10	42	21	12	31	03	14	14	02	81.1
भुज	9	58	26	11	33	53	13	23	07	85.9
भुवनेश्वर	10	38	02	12	26	05	14	09	47	65.4
भोपाल	10	14	35	11	57	28	13	47	19	78.7
मथुरा	10	19	32	12	02	04	13	49	48	91.5
मण्डी(हि.प्र.)	10	23	54	12	03	19	13	47	16	94.5
मदुरै(ता.)	10	17	24	11	46	43	13	24	49	37.9
मन्दसौर	10	09	56	11	50	44	13	40	45	83.0
मंसूरी	10	24	16	12	05	29	13	50	36	99.1
महेन्द्रगढ़	10	17	15	11	58	10	13	45	34	94.9
मलेरकोटला	10	19	55	11	59	23	13	44	43	97.5
मुक्तसर	10	17	16	11	55	38	13	41	00	96.6
मुजफ्फरनगर	10	22	04	12	03	36	13	49	45	96.6
मुम्बई	10	00	43	11	37	38	13	27	47	69.9
मुरादाबाद	10	23	44	12	06	29	13	52	52	93.4
मोहाली	10	21	48	12	01	47	13	46	53	97.5
मेरठ	10	21	27	12	03	17	13	49	51	96.0
मैसूर	10	10	17	11	43	05	13	26	33	46.2
मोगा	10	19	00	11	57	41	13	42	43	96.1
यमुनानगर*	10	22	10	12	03	01	13	48	37	99.4
रतनगढ़(रा.)	10	13	57	11	53	39	13	41	16	95.4

नगर	प्रारम्भ			मध्य			समाप्ति			ग्रास
	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	प्रतिशत
रतलाम	10	09	12	11	49	56	13	40	11	80.7
राजकोट(गु.)	9	59	22	11	35	44	13	25	37	81.9
राँची	10	36	48	12	25	14	14	09	57	75.4
रामपुरबुशैहर	10	24	49	12	04	56	13	49	06	95.8
रामेश्वरम्	10	22	50	11	51	16	13	26	50	34.8
रायपुर(छत्ती)	10	24	49	12	10	44	13	58	31	69.9
रामबन(का.)	10	23	12	12	00	01	13	42	11	88.9
राजौरी(का.)	10	21	48	11	57	44	13	39	39	87.8
रामनगर) (का.)	10	22	43	12	00	00	13	42	40	90.2
रिवाड़ी	10	18	09	11	59	31	13	46	55	94.3
रियासी(का.)	10	22	15	11	58	56	13	41	18	89.1
रोपड़	10	21	51	12	01	32	13	46	22	96.6
रोहतक	10	19	05	12	00	07	13	46	56	96.5
रूड़की	10	23	02	12	04	29	13	50	13	98.6
रोहड़ू(हि.प्र.)	10	24	40	12	05	05	13	49	30	96.6
लखनऊ	10	26	30	12	11	41	13	58	36	87.7

नगर	प्रारम्भ			मध्य			समाप्ति			ग्रास
	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	प्रतिशत
लाडवा(ह.)*	10	21	32	12	02	18	13	48	03	99.4
लुधियाना	10	20	34	11	59	46	13	44	41	96.3
वाराणसी	10	30	46	12	17	43	14	04	03	77.3
वड़ोदरा	10	04	11	11	42	55	13	33	22	79.4
विजयवाड़ा	10	21	34	12	03	30	13	49	47	55.8
विशाखापट्नम	10	30	04	12	15	05	14	00	00	58.2
शिमला	10	23	20	12	03	24	13	48	00	96.6
शाहाबाद(ह.)	10	21	27	12	01	58	13	47	34	99.2
शिलांग	10	57	52	12	46	42	14	24	41	82.5
शाहजहांपुर	10	25	08	12	09	10	13	55	54	91.4
श्रीनगर(का.)	10	24	03	11	59	44	13	40	44	86.0
श्रीगंगानगर	10	14	58	11	53	08	13	39	07	98.1
संगरूर	10	19	26	11	59	06	13	44	46	98.5
सरहिन्द	10	21	04	12	00	52	13	46	03	97.5
सपाटू(हि.प्र.)	10	22	48	12	02	48	13	47	33	96.8
सहारनपुर	10	22	28	12	03	36	13	49	18	99.1
सरकाघाट	10	23	28	12	02	44	13	46	43	94.4
सागर(म.प्र.)	10	18	19	12	02	22	13	51	37	79.6
सिरसा*	10	16	45	11	56	06	13	42	26	99.4

नगर	प्रारम्भ			मध्य			समाप्ति			ग्रास
	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	घं.	मिं.	सैं.	प्रतिशत
सीकर	10	14	17	11	54	37	13	42	37	93.6
सुनाम	10	19	10	11	58	49	13	44	33	98.6
सूरतगढ़*	10	14	25	11	52	56	13	39	25	99.4
सुन्दरनगर	10	23	27	12	02	57	13	47	07	95.1
सोलन	10	23	02	12	03	12	13	48	01	97.1
सोनीपत	10	20	00	12	01	18	13	47	59	96.5
हमीरपुर(हि.प्र.)	10	22	58	12	02	04	13	46	07	94.4
हरिद्वार	10	23	46	12	05	22	13	50	57	98.9
हज़ारीबाग(झा.)	10	37	05	12	25	30	14	10	09	77.3
हनुमानगढ़	10	15	34	11	54	18	13	40	34	99.2
हाथरस	10	20	29	12	03	15	13	50	50	91.6
हापुड़	10	21	17	12	03	19	13	50	06	95.2
हाँसी	10	18	04	11	58	28	13	45	11	97.5
हाटकोटी(हि.प्र.)	10	24	36	12	05	03	13	49	31	96.7
हिसार	10	17	41	11	57	52	13	44	32	97.9
हुबली(कर्ना.)	10	05	24	11	41	18	13	29	06	56.6
हैदराबाद	10	14	46	11	55	43	13	44	03	59.9
होशंगाबाद	10	15	00	11	58	06	13	47	58	76.9
होशियारपुर	10	21	38	12	00	26	13	44	40	94.5

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.)

(भूगोल पर ग्रहण-घटनास्थल, ग्रहणमध्य, परमग्रास और कंकण-मार्गस्थल)

(*i*) दक्षिण के उत्तर की ओर जा रही वक्र रेखाओं पर ग्रहण का मध्यकाल U.T. (Universal Time) दिया गया है। इसमें 5घं.-30मिं. जोड़ देने पर यह भा.स्टैं. टा. हो जायेगा।

(ii) पूर्व से पश्चिम की ओर जा रही वक्र रेखाओं पर ग्रहण का परम ग्रासमान (प्रतिशत) में अंकित है।

(iii) बाईं से दाईं ओर जा रही बारीक काली पट्टी 'कंकण-मार्ग' है। इसी पट्टी पर स्थित नगरों/देशों में कंकण-आकृति दिखाई देगी।



पट्टी पर स्थित नगरों/देशों में कंकण आकृति दिखाई देगी।

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.)

[(स्पर्श रेखाएं (भा. स्टैं. टा.)]


68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
36°
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°
ग्रहण चित्र (2)
(प्रारम्भ-काल)
श्रीनगर
जम्मू
चम्बा
शिमला
जालन्धर
चण्डीगढ़
देहरादून
करनाल
दिल्ली
बीकानेर
जयपुर
अजमेर
ग्वालियर
लखनऊ
पटना
इटानगर
कोहिमा
जोरहाट
शिलांग
इम्फाल
भुज
राजकोट
भोपाल
राँची
इन्दौर
उज्जैन
रायपुर
जलगांव
भुवनेश्वर
ऐज़वाल
मुम्बई
अहमदनगर
हैदराबाद
रायचूर
गोवा
बीजापुर
विजयवाड़ा
चेन्नई
मंगलोर
बैंगलूरु
कोज़ीकोड
मदुरई
स्पर्श रेखा 9/55
स्पर्श रेखा 10/00
स्पर्श रेखा 10/05
स्पर्श रेखा 10/10
स्पर्श रेखा 10/15
स्पर्श रेखा 10/20
स्पर्श रेखा 10/25
10/30 (घं मिं)
10/35 (घं मिं)
10/40
10/45
10/50
11/00
11/05
परिलेख-पं. विवेक शर्मा

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.)

[(मोक्ष-रेखाएं (भा. स्टैं. टा.) समाप्ति काल]


68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
36°
32°
28°
24°
20°
16°
12°
8°
ग्रहण चित्र (3)
(समाप्ति-काल)
श्रीनगर
जम्मू
चम्बा
शिमला
जालन्धर
चण्डीगढ़
देहरादून
करनाल
दिल्ली
बीकानेर
जयपुर
अजमेर
ग्वालियर
लखनऊ
पटना
शिलांग
जोरहाट
इम्फाल
भुज
राजकोट
भोपाल
राँची
इन्दौर
उज्जैन
रायपुर
जलगांव
भुवनेश्वर
ऐज़वाल
मुम्बई
हैदराबाद
गोवा
बीजापुर
मंगलोर
बैंगलूरु
चेन्नई
कोज़ीकोड
मदुरई
कोची
मोक्ष रेखा 13/20
मोक्ष रेखा 13/30
मोक्ष रेखा 13/40
मोक्ष रेखा 13/50
मोक्ष रेखा 14/00
मोक्ष रेखा 14/10
मोक्ष रेखा 14/20
मोक्ष रेखा 14/30
परिलेख-पं. विवेक शर्मा

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.)–(कंकण मार्ग)


68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
32°
28°
श्रीनगर
जम्मू
चम्बा
देहरादून
यमुनानगर
कुरुक्षेत्र
फतेहाबाद
सिरसा
करनाल
सूरतगढ़
दिल्ली
बीकानेर
जोरहाट
A
B

कंकण सूर्यग्रहण (21 जून, 2020 ई.) का कुछ नगरों में मध्यकाल तथा परम ग्रासमान (%)

कुरुक्षेत्र

ग्रहण मध्य 12$^{\text{घं.}}$ 02$^{\text{मिं.}}$



परमग्रास–99.4

हरिद्वार

ग्रहणमध्य 12$^{\text{घं.}}$ 05$^{\text{मिं.}}$



परमग्रास–98.8

उत्तर

प्रयाग

ग्रहणमध्य 12$^{\text{घं.}}$ 14$^{\text{मिं.}}$



परमग्रास–83.0

दक्षिण

उज्जैन

ग्रहण मध्य 11$^{\text{घं.}}$ 52$^{\text{मिं.}}$



परमग्रास–79.7

जम्मू

ग्रहण मध्य 11$^{\text{घं.}}$ 59$^{\text{मिं.}}$



परमग्रास–90.2

चन्द्रमा के उपच्छाया ग्रहण—वि. संवत् २०७७

वि. संवत् 2077 (सन् 2020-21 ई.) मध्ये पृथ्वी पर केवल दो सूर्यग्रहण ही घटित होंगे, जिनका विवरण हम गतपृष्ठ पर लिख चुके हैं। वि. संवत् 2077 मध्य भूलोक में कोई चन्द्रग्रहण घटित नहीं होगा। सन् 2020-21 ई. में भूलोक पर तीन उपच्छाया ग्रहण घटित होंगे।

'उपच्छाया ग्रहण' वास्तव में चन्द्रग्रहण नहीं होता। प्रत्येक चन्द्रग्रहण के घटित होने से पहिले चन्द्रमा पृथ्वी की उपच्छाया में अवश्य प्रवेश करता है, जिसे चन्द्र-मालिन्य अथवा इंग्लिश में (Penumbra) भी कहा जाता है। उसके बाद ही वह पृथ्वी की वास्तविक छाया [दूसरे शब्दों में भूभा (Umbra)] में प्रवेश करता है। तभी उसे वास्तविक ग्रहण कहा जाता है। भूभा में चन्द्रमा के संक्रमणकाल को चन्द्रग्रहण कहा जाता है।

ध्यान रहे, कई बार पूर्णिमा को चन्द्रमा उपच्छाया में प्रवेश कर, उपच्छाया शंकु से ही बाहर निकल जाता है। इस उपच्छाया के समय चन्द्रमा का बिम्ब केवल धुन्धला पड़ता है, काला नहीं होता तथा इस धुंधलेपन को साधारण नंगी आँख से देख पाना सम्भव नहीं होता। धर्मशास्त्रकारों ने इस प्रकार के उप-ग्रहणों (उपच्छाया) में चन्द्र बिम्ब पर मालिन्य मात्र छाया आने के कारण **उन्हें ग्रहण की कोटि में नहीं रखा। प्रत्येक चन्द्रग्रहण घटित होने से पहिले तथा बाद में भी चन्द्रमा को पृथ्वी की इस उपच्छाया में से गुज़रना पड़ता है, जिसे ग्रहण की संज्ञा नहीं दी जा सकती।**

गत कुछ वर्षों से कई टी.वी. चैनलों तथा कुछ समाचार पत्रों द्वारा भी अपनी-अपनी टी.आर.पी. वृद्धि के उद्देश्य से उपरोक्त उपच्छाया ग्रहणों को भी ग्रहणों की कोटि में प्रदर्शित कर उनका प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और वहाँ बैठे एंकरों तथा अल्पज्ञ पण्डितों द्वारा इन उपच्छाया ग्रहणों द्वारा बारह राशियों पर पड़ने वाले काल्पनिक प्रभावों की विवेचना भी प्रारम्भ कर देते हैं और लोगों को अकारण ही भयभीत एवं गुमराह कर देते हैं। वास्तव में उपच्छाया ग्रहणों में न तो अन्य वास्तविक ग्रहणों की भान्ति पृथ्वी पर उनकी काली छाया पड़ती है, न ही सौरपिण्डों (सूर्य-चन्द्र) की भान्ति उनका वर्ण काला होता है। केवल चन्द्रमा की आकृति थोड़ी धुंधली-सी हो जाती है। अत: धर्मनिष्ठ एवं श्रद्धालु जनों को इन्हें ग्रहण-कोटि में न मानते हुए एवं ग्रहण सम्बन्धी पथ्य-अपथ्य का विचार न करते हुए **पूर्णिमा सम्बन्धित साधारण व्रत, उपवास, दान आदि का अनुष्ठान करना चाहिए।**

आगामी वर्ष वि. संवत् 2077 (सन् 2020-21 ई.) में भूलोक पर तीन उपच्छाया चन्द्रग्रहण घटित होंगे–

(1) 5/6 जून, 2020 ई. शुक्रवार
(2) 5 जुलाई, 2020 ई., रविवार (भारत में अदृश्य)
(3) 30 नवम्बर, 2020 ई., सोमवार

(1) प्रथम उपच्छाया ग्रहण (5/6 जून, 2020 ई., शुक्र/शनि)–यह उपच्छाया चन्द्रग्रहण आरम्भ से समाप्ति तक भारत में देखा जा सकेगा। इसके स्पर्शादिकाल (भा.स्टैं.टा.) इस प्रकार है–

स्पर्श (Enters Penumbra)	**23-16**	**(भा. स्टैं. टा.)** **घं.मिं.**
मध्य (परमग्रास)	**24-55**	
मोक्ष (Leaves Penumbra)	**26-34**	

इस बात का ध्यान रहे कि यह उपच्छाया ग्रहण वास्तव में चन्द्रग्रहण नहीं होता। इस उपच्छाया ग्रहण की समयावधि में चन्द्रमा की चाँदनी में केवल कुछ धुन्धलापन आ जाता है। इस उपच्छाया ग्रहण के सूतक स्नानदानादि माहात्म्य का विचार भी नहीं होगा।

भारत सहित यह उपच्छाया अधिकतर यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिमी दक्षिण अमरीका (पूर्वी ब्राज़ील, उर्गवे, पूर्वी अर्जन्टीना), प्रशान्त तथा हिन्द महासागर आदि क्षेत्रों में दिखाई देगा।

(2) द्वितीय उपच्छाया ग्रहण (5 जुलाई, 2020 ई., रविवार)–भारत में यह उपच्छाया दृष्टिगोचर नहीं होगी। यह उपच्छाया दक्षिणी-पश्चिमी यूरोप (स्पेन, पुर्तगाल, इटली, फ्रांस, इंग्लैण्ड, आयरलैण्ड, बैल्जियन, मध्य-दक्षिण जर्मनी, हालैण्ड आदि), अधिकतर अफ्रीका, दक्षिणी अमरीका, अधिकतर उत्तरी-अमरीका, प्रशान्त, एटलांटिक तथा हिन्द महासागर में दिखेगी। इसके स्पर्शादिकाल (भा.स्टैं.टा.) इस प्रकार हैं–

स्पर्श (Enters Penumbra)	**8-37**	**(भा. स्टैं. टा.)** **घं.मिं.**
मध्य	**10-00**	
मोक्ष (Leaves Penumbra)	**11-22**	

इस उपच्छाया चन्द्रग्रहण के सूतकादि, ग्रहण सम्बन्धी धार्मिक कृत्यों का विचार नहीं होगा।

(3) तृतीय उपच्छाया ग्रहण (30 नवम्बर, 2020 ई., सोमवार)–भारत के उत्तर, उत्तर-पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी प्रान्तों में यह उपच्छाया दिखाई नहीं देगी। शेष उत्तर-पूर्वी, मध्य-पूर्वी भारत में जहाँ चन्द्रोदय सायं 17घं.-23मिं. से पहिले होगा, वहाँ यह उपच्छाया ग्रस्तोदय रूप में दृश्य होगी। अर्थात् जब चन्द्रोदय होगा, तब छाया चल रही होगी। भारत के अतिरिक्त यह उपच्छाया अधिकतर एशिया (पाकिस्तान, पश्चिमी-दक्षिणी भारत, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान को छोड़कर), इंग्लैण्ड, आयरलैण्ड, नार्वे, उत्तर-स्वीडन, उत्तरी-फिनलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, उत्तरी-अमरीका, दक्षिणी अमरीका तथा प्रशान्त महासागर में दिखाई देगा। इसके स्पर्श आदि का समय इस प्रकार होगा–

स्पर्श (Enters Penumbra)	**13-02**	**(भा. स्टैं. टा.)** **घं.मिं.**
मध्य (परमग्रास)	**15-13**	
मोक्ष (Leaves Penumbra)	**17-23**	

इस उपच्छाया ग्रहण के स्नान, सूतकादि का विचार नहीं होगा। पूर्णिमा सम्बन्धी सभी धार्मिक कृत्य जैसे–व्रत, उपवास, दान, सत्यनारायण व्रत-पूजन आदि तो नि:संकोच होकर करने ही चाहिएं।

ध्यान रहे, भारतीय ज्योतिष के प्राचीन प्रामाणिक ग्रन्थों में भी इस उपच्छाया या धुंधलेपन का धार्मिक महत्त्व नहीं बतलाया गया है। उपच्छाया ग्रहण में न तो अन्य पूर्ण अथवा खण्डग्रास ग्रहणों की भान्ति पृथ्वी पर उनकी काली छाया पड़ती है, न ही सौरपिण्डों (सूर्य-चन्द्र) की भान्ति उनका वर्ण काला होता है। केवल चन्द्रमा की आकृति में उसका प्रकाश कुछ धुंधला सा हो जाता है।

जन्मपत्री में षोडश वर्ग एवं षड्वर्ग फल विचार

[द्रेष्काण, सप्तमांश, नवमांश द्वारा फलित]

(गतांक से आगे)

गतवर्ष (वि. संवत् 2076) के पंचांगदिवाकर में षड्वर्ग में होरा तथा द्रेष्काण वर्ग का संक्षिप्त परिचय एवं फलादेश दिया गया था। इस वर्ष उसी क्रम में द्रेष्काण वर्ग, सप्तमांश एवं नवमांश कुण्डलियों/वर्गों का विश्लेषण करेंगे। नवमांश वर्ग/कुण्डली द्वारा फलादेश सम्बन्धी सूत्रों का विशद् प्रतिपादन आगामी वर्ष दिया जाएगा।

(1) प्रथम द्रेष्काण का फल—प्रत्येक राशि के 10 अंश तक प्रथम द्रेष्काण होता है। इसके स्वामी नारद मुनि माने जाते हैं। प्रथम द्रेष्काण में उत्पन्न जातक नारद मुनि की भान्ति प्रभु में निश्चय रखने वाले, भ्रमणशील, प्रत्येक प्राणी का भला चाहने वाले, अस्थिर एवं चंचल प्रकृति, विनोदी स्वभाव, बुद्धिमान, सम्प्रेषणशील, लोक हितकारी, किसी तथ्य या समाचार को दूर-दूर तक पहुँचाने का कार्य करने वाले, संवेदनशील तथा भ्रमण एवं पर्यटन द्वारा ही स्वयं का भाग्य बनाने वाले, आधुनिक युगानुसार समाचार पत्र, दूरसंचार, कम्पयूटर, पर्यटन, प्रकाशन आदि उद्योगों से (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) जुड़े होते हैं। प्रथम द्रेष्काण वाले जातक में सेवा, भक्ति, निष्ठा एवं समर्पण की विशेष भावना होती है।

(2) द्वितीय द्रेष्काण का फल—प्रत्येक राशि से (10 अंश से अधिक एवं 20 अंश तक का भाग) पंचम राशिस्थ **द्वितीय द्रेष्काण** कहलाता है। **द्वितीय द्रेष्काण** का स्वामी **अगस्त्य** मुनि माने जाते हैं। अगस्त्य ऋषि लोक-कल्याण की भावना से प्रेरित होकर आसुरी शक्तियों के संहार के लिए सदैव तत्पर रहते थे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए रावण जैसे अत्याचारी राक्षस के विनाश हेतु उन्होंने आदित्य हदय स्तोत्र की रचना करके श्री रामचन्द्र जी को अमोघ अस्त्र के रूप में प्रदान किया। दूसरे द्रेष्काण में उत्पन्न जातक दृढ़निश्चयी, श्रेष्ठजनों एवं साधु सन्तों की सेवा करने वाला, परोपकारी, दृढ़ संकल्प-शक्ति वाला, अत्यन्त पराक्रमी एवं परिश्रमी तथा नीति के अनुसार आचरण करने वाला एवं सुखसाधनों से सम्पन्न व्यक्ति होता है।

(3) तृतीय द्रेष्काण का फल—(राशि से 20 अंश उनमें से अधिक तथा 30 अंश तक का भाग)-तीसरा द्रेष्काण अपनी राशि से नवम राशि में पड़ता है। इस द्रेष्काण में उत्पन्न जातक श्री दुर्वासा ऋषि की भांति मुँहफट, क्रोधी, अभिमानी तथा उनमें धैर्य की कमी होती है। ऐसे जातक कर्त्तव्यनिष्ठ, नियमों का पालन करने वाले, दूसरों की भूल को जल्दी क्षमा न करने वाले, शीघ्र उत्तेजित हो जाने की प्रकृति के होते हैं।

द्रेष्काण कुण्डली के फल सम्बन्धी कुछ अन्य विशेष नियम

1. अपने द्रेष्काण में बैठा हुआ सौम्य ग्रह, केन्द्र अथवा त्रिकोण में हो तो जातक विद्वान, उच्च विद्या प्राप्त, धनवान्, कलानिपुण एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति होगा।

द्रेष्काणमात्मप्रकरोति सौम्यः केन्द्रत्रिकोणे समये बलिष्ठः।
द्रव्याधिकं मानगुणैः समेतं विद्यान्वितं सर्वकलासु दक्षम्।।

2. द्रेष्काण स्वामी शुभ ग्रह की राशि में हो अथवा शुभ ग्रह द्वारा दृष्ट हो तो जातक निरोगी, उच्च-विद्यावान, सम्मानित, प्रतिष्ठित, धन-धान्यादि-सुख-सम्पदाओं से सम्पन्न, परन्तु विरोधियों एवं शत्रुओं के कारण व्यथित होगा। ऐसे जातक का अपने देश में ही भाग्योदय होता है।

द्रेष्काणपे सौम्यगते निराक्षिते शुक्रेक्षिते स्याद् विविधं च सौख्यम्।
आरोग्यतां मानयशोऽभिवृद्धिं स्वदेश कर्म प्रकटं विरुद्धम्।।

4. द्रेष्काणपति ग्रह अपनी उच्च राशि में होकर केन्द्रगत (1, 4, 7, 10) हो, तो राजा के समान, धन-सुख साधनों से युक्त, अपनी स्वराशि का हो तो धनी, यदि मित्र के घर का हो तो निर्वाह योग्य धन लाभ करता हुआ सम्मानित व्यक्ति होता है। यथा–

द्रेष्काणेशः केन्द्रगतश्चेदुच्चस्थो भूपतिं गृहे।
स्वक्षेत्रस्य स्वभूतार्थं मैत्रे सम्मानमागमम्।।

5. द्रेष्काण स्वामी पणफर (2, 5, 8, 11) भावों में स्थित अपने उच्चस्थ या मित्र के घर का अथवा स्वगृही (अपने घर का) हो, तो जातक उच्च या श्रेष्ठपद प्राप्त, राजतुल्य सुख साधनों से सम्पन्न होता है।

6. द्रेष्काण स्वामी आपोक्लिम (3, 6, 9, 12वें) भावों से अपने घर या मित्र के घर का हो, तो जातक भूमि, सन्तान, वाहन आदि सुखों से सम्पन्न, सदाचारी तथा कृषि आदि द्वारा धनवान् होता है।

7. द्रेष्काण कुण्डली में चन्द्रमा का विशेष महत्त्व है। चन्द्रमा यदि स्वयं अपने अथवा सू., मं., बु., गु. आदि शुभ एवं मित्र के द्रेष्काण में हो तो जातक आकर्षक व्यक्तित्त्व, विद्वान, गुणवान, धन, स्त्री, भूमि, वाहन सुखों से सम्पन्न, यदि चन्द्रमा शत्रु क्षेत्री हो, एवं पाप ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो जातक रोगी, व्यवसाय में असफल तथा धन सम्पदा आदि सुख साधनों से परेशान रहता है। यदि चन्द्र समक्षेत्री एवं सम ग्रहों से युक्त हो तो मिश्रित प्रभाव अर्थात् आर्थिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव बने रहते हैं।

सप्तमांश कुण्डली विचार

एक राशि-अंशों के सातवें भाग को सप्तमांश कहते हैं। प्रत्येक भाग 4 अंश, 17 कला एवं 8½ (साढ़े आठ विकल) का होता है। विषम राशि होने की स्थिति में सप्तमांश का

आरम्भ उसी राशि से, जबकि सम राशि होने की स्थिति में उस राशि से सप्तम राशि से सप्तमांश राशि का प्रारम्भ होता है। स्पष्टता के लिए सप्तमांश चक्र आगे दिया जाता है–

सप्तमांश चक्र

अंश कलादि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन	विषम राशि स्वामी	सम राशि स्वामी
प्रथम भाग 4/18/8।।	1	8	3	10	5	12	7	2	9	4	11	6	क्षार	शुद्ध जल
द्वितीय भाग 8/34/17	2	9	4	11	6	1	8	3	10	5	12	7	क्षीर	मद्य
तृतीय भाग 12/51/26	3	10	5	12	7	2	9	4	11	6	1	8	दही	इक्षु रस
चतुर्थ भाग 17/8/34	4	11	6	1	8	3	10	5	12	7	2	9	घृत	घृत (आज्य)
पंचम भाग 21/25/42	5	12	7	2	9	4	11	6	1	8	3	10	इक्षु	दही रस
षष्ठ भाग 25/42/51	6	1	8	3	10	5	12	7	2	9	4	11	मद्य	क्षीर
सप्तम भाग 30/0/00	7	2	9	4	11	6	1	8	3	10	5	12	शुद्ध	क्षार

उदाहरण-सप्तमांश कुंडली



प्रारम्भ में होरा लग्न में दिए गए उदाहरण कुण्डली का लग्न-स्पष्ट 5-02°-58′-13″ था। तदनुसार सप्तमांश कुण्डली में कन्या का प्रथम भाग मीन लग्न होगा। क्योंकि लग्न स्प. 2°-58′ अंशादि प्रथम भाग के स्पष्ट 4°-17′ अंशादि के भीतर पड़ता है। अतएव होरा लग्न में दिए गए लग्न स्प. व ग्रह स्पष्टानुसार सप्तमांश कुण्डली में मीन लग्न होगा, जोकि लग्न कुं. में सप्तम राशि है सप्तमांशेश गुरु पंचम भाव में उच्च राशि का होकर लग्न भाव को स्वगृही दृष्टि से देख रहा है। साथ ही भाग्येश **मंगल** भी दशमस्थ होकर लग्न भाव को मित्र दृष्टि से देख रहा है। गुरु व मंगल दोनों पुरुष ग्रह होने से इस जातक की प्रथम **दोनों सन्तानें लड़के हुए हैं**। जबकि पंचम भाव पर पंचमेश चन्द्र की स्वगृही दृष्टि होने से एक कन्या सन्तति का भी सुख हुआ है। इसके अतिरिक्त जातक उच्च शैक्षणिक विद्या को भी प्राप्त है।

सप्तमांश कुण्डली में विचारणीय फलादेश

⇒ सप्तमांश कुण्डली से मुख्यत: सन्तान सुख का विचार किया जाता है। **सप्तमांश लग्न** विषम राशि का हो तथा उसमें शुभ पुरुष ग्रह स्थित हों, अथवा पुरुष ग्रहों द्वारा दृष्ट हो, तो पुत्र सुख प्राप्त होता है। यदि सप्तमांश लग्न राशि सम हो तथा लग्न स्त्री ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो कन्या सन्तति अधिक होती हैं।

⇒ इसी भान्ति सप्तमांशेश पुरुष ग्रह हो एवं वह पुरुष ग्रह से युक्त या दृष्ट हो तो पुत्र सुख। यदि सप्तमांशेश स्त्री ग्रह तथा स्त्री ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो कन्या सन्तति अधिक होती हैं। यदि सप्तमांश लग्न या सप्तमांशपति ग्रह पर स्त्री/पुरुष दोनों प्रकार के ग्रहों का प्रभाव हो, तो पुत्र एवं कन्या दोनों प्रकार की सन्तानों की उत्पत्ति होगी।

⇒ प्राय: जितने ग्रह सप्तमांश लग्न या सप्तमांश ग्रह को देखें, उतनी ही सन्तान संख्या होती है। देखें उपरोक्त उदाहरण कुण्डली में गुरु एवं मंगल दोनों पुरुष ग्रह सप्तमांश लग्न को देख रहे हैं।

⇒ सप्तमांश लग्न में पापी ग्रह हों अथवा पाप ग्रहों का सम्बन्ध या दृष्टि हो, तो सन्तान सुख में विघ्न-बाधाएँ अथवा चिन्ताएँ लगी रहती हैं।

⇒ यदि सप्तमांशेश बली हो, तथा शुभ ग्रहों से युक्त एवं दृष्ट होकर शुभ भावों में हो, तो उत्तम सन्तान का सुख होता है।

⇒ सप्तमांशपति गुरु, बुध या शुक्रादि शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट होकर लग्न में हो, तो सन्तान उच्च विद्या प्राप्त, सुप्रतिष्ठित, धनवान् एवं भाग्यशाली होती है।

⇒ सप्तमांश स्वामी ग्रह निर्बल, अस्तंगत, पाप युक्त या पाप दृष्ट होकर लग्न, 6, 8 या 12वें भाव में हो, तो सन्तान सुख में कमी होती है। सप्तमांशेश यदि सूर्य से युक्त हो, तो सन्तान नेत्र रोगी होती है।

⇒ सप्तमांशेश बली होकर दूसरे भाव में हो, तो सन्तान धनवान्, पंचम में हो तो उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली, नवम् में हो, तो धार्मिक एवं भाग्यशाली तथा सप्तमांश का स्वामी दशम में हो, तो सन्तान पैतृक गुणों से युक्त गुणवान् होती है।

⇒ सप्तमांश लग्न में या सप्तमांशेश ग्रह अपने उच्च या शुभ ग्रह के वर्ग में हो, तो जातक उच्च-सरकारी क्षेत्रों द्वारा लाभान्वित, अपने मनोरथों एवं कार्यों में सफल एवं धन-धान्य, सन्तान आदि सुख सम्पदाओं से सम्पन्न होता है।

नृपपूज्यो भवेद्नित्यं सर्वकार्यार्थ सम्पदा। सप्तवर्ग ग्रहाश्चैवमुच्चस्था शुभ वर्गगा:।।

⇒ सप्तमांश कुण्डली द्वारा सन्तान के सुख सम्बन्धी, अन्तिम निर्णय पर पहुँचने से पूर्व जातक की जन्म कुण्डली में पंचम भाव तथा उसमें पंचमेश ग्रह पर अन्य ग्रहों के शुभाशुभ प्रभाव को भी ध्यान में रखना चाहिए।

⇒ जन्म लग्नेश एवं सप्तमांशेश ग्रहों में परस्पर मैत्री भाव हो, तो जातक को पुत्रों का यथेष्ठ सुख प्राप्त होता है, तथा सन्तान आज्ञानुकूल आचरण करने वाली होती है। यदि जन्म लग्न स्वामी तथा सप्तमेश ग्रहों में शत्रुता हो, तो सन्तान पिता के अनुकूल व्यवहार करने वाली नहीं होती। बल्कि प्रतिकूल आचरण करने वाली तथा माता-पिता को दुख देने वाली होती है। यदि जन्म लग्नेश व सप्तमांशेश ग्रहों में समता हो, तो जातक के सन्तान के साथ सम्बन्ध सामान्य होते हैं।

सप्तमांश वर्ग के स्वामी

पूर्व पृष्ठों में सप्तमांश बोधक चक्र में सप्तमांश के प्रत्येक वर्ग के स्वामी को क्रमानुसार दर्शाया गया है। महर्षि पाराशर द्वारा अभिलक्षित इस वर्ग स्वामी अनुसार **विषम राशियों** में क्रमशः (1) क्षार, (2) क्षीर, (3) दधि, (4) घृत (आज्य), (5) इक्षुरस, (6) मद्य एवं (7) शुद्ध जल-सात सप्तमांश के स्वामी होते हैं। सम राशि में यह क्रम विपरीत (उल्ट) होता है। अर्थात् प्रथम सप्तमांश का स्वामी **शुद्ध जल** तथा अंतिम सप्तमांश का स्वामी क्षार होता है। वर्ग के स्वामी के अनुसार ही उसका फल भी जातक को वैसा ही मिलता है। ज्ञातव्य रहे कि सप्तमांश कुण्डली से सन्तानादि विषयों के फल का अन्तिम निर्णय करते समय जातक की जन्म कुण्डली में पंचम भाव एवं पंचमेश ग्रह की स्थिति व उन पर किंवा दृष्टियों का विचार अवश्य कर लेना चाहिए। वर्ग स्वामियों के विषय में आगे संक्षेप से विवरण लिखा जाता है।

(1) शुद्ध जल का सप्तमांश–सम राशि का प्रथम तथा विषम राशि में सप्तम (अंतिम) सप्तमांश शुद्ध जल सप्तमांश कहलाता है। शुद्ध जल सप्तमांश में उत्पन्न जातक शुद्ध जल की भान्ति सरल, स्वच्छ, परोपकारी स्वभाव एवं धार्मिक विचारों वाला होता है तथा ऐसे जातक की सन्तान भी सुशिक्षित तथा परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल लेने वाली, परिश्रमी, धन सम्पदा आदि सुखों से सम्पन्न होती है।

(2) मद्य सप्तमांश–सम राशि का द्वितीय भाग तथा विषम राशि का छटा भाग **मद्य** कहलाता है। मद्य सप्तमांश में उत्पन्न जातक सन्तान पक्ष से प्रायः सुखी होता है। उसकी सन्तान आत्म केन्द्रित, स्वाभिमानी, हँसमुख, धन, वाहनों आदि से युक्त होती है। परन्तु स्वभावगत उनकी सन्तान व्ययशील (अपव्ययी), ऐश्वर्य एवं विलासादि वस्तुओं पर अधिक खर्च करने वाली होती है तथा कुछ स्वार्थी प्रकृति की होती है।

(3) इक्षुरस–सम राशि में तृतीय तथा विषम राशि में पंचम सप्तमांश इक्षु रस कहलाता है। इस सप्तमांश में उत्पन्न जातक की सन्तान ऊँचे कद एवं अच्छे व्यक्तित्त्व वाली, श्रेष्ठ गुणों से युक्त, गुणवान, परिश्रमी, मधुरभाषी, अपने परिवार एवं समाज का भला करने वाली, मिलनसार, मनोरंजन एवं उत्सवों में व्यस्त एवं सुख-सुविधाओं से सम्पन्न होती है।

(4) घृत (आज्य) सप्तमांश–सम एवं विषम दोनों राशियों में चतुर्थ सप्तमांश घृत (आज्य) कहलाता है। इस सप्तराशि में उत्पन्न जातक धार्मिक प्रवृत्ति वाले, यज्ञादि धार्मिक अनुष्ठान करने या करवाने में रूचि रखने वाले होते हैं। आज्य सप्त. में उत्पन्न जातक की सन्तान प्रायः धार्मिक विचारों वाली, व्यवहार कुशल, पराक्रमी, आत्मोत्सर्ग करने में तत्पर, भूमि, जायदाद, धन, स्त्री एवं सन्तान आदि सुखों से सम्पन्न होते हैं।

(5) दधि सप्तमांश–समराशि का पंचम तथा विषम राशि में तीसरा सप्तमांश दधि कहलाता है। इस सप्तमांश में उत्पन्न जातक को अत्यन्त कठिन परिस्थितियों एवं विशेष उतार-चढ़ाव के बाद जीवन में सफलता मिलती है। ऐसे जातक की सन्तान भी उद्यमी, कर्मठ, मेहनती तथा हालात के अनुसार स्वयं को ढाल लेने की क्षमताएँ रखती हैं। वह व्यवहार कुशल, स्वाभिमानी तथा पिता के परिवार में सुख सुविधाओं को बढ़ाने में विशेष सहायक होती है।

(6) क्षीर सप्तमांश–विषम राशि मे दूसरा तथा समराशि में छठा सप्तमांश क्षीर-सप्तमांश होता है। ऐसे जातक भौतिक सुखों के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में भी समान रूप से प्रयत्नशील रहते हैं। ऐसे जातक की सन्तान भी पिता के प्रयासों में सहयोग एवं सहायता करने वाली, परोपकारी, आज्ञाकारी, उच्चशिक्षित, आवास, वाहन, परिवारिक तथा अन्य उपभोग्य वस्तुओं का सुख प्राप्त करने वाली होती है।

(7) क्षार सप्तमांश–सम राशि में अन्तिम तथा विषम राशि में प्रथम सप्तमांश **क्षार सप्तमांश** होता है। इस सप्तमांश में उत्पन्न जातक का जीवन संघर्षपूर्ण, अनियमित, तामसिक वृत्ति एवं आर्थिक परेशानियों से घिरा रहता है। ऐसे जातक की सन्तान निरंकुश, स्वच्छन्द आचरण वाली, कटुभाषी, क्रोधी तथा पिता की परेशानियों में वृद्धिकारक होती है।

सन्तान की प्रकृति कैसी होगी ?

⇒ सप्तमांशेश **सूर्य** हो, तो जातक की संतान पुष्ट शरीर, तेजस्वी, धनादि सम्पदा युक्त, चमकीले व सुन्दर बाल, साहसी, उद्यमी एवं पराक्रमी व क्रोधी होती है।

⇒ सप्तमांशेश **चन्द्र** हो तो सन्तान सुन्दर, मध्यम कद, जलीय पदार्थों का प्रिय, मधुरभाषी एवं व्यवहार-कुशल होती है।

⇒ **मंगल** सप्तमांश पति हो, तो सन्तान का वर्ण कुछ लाल वर्ण, गोल आँखें, कुछ क्रोधी स्वभाव, साहसी, खेल कूद (Sports) की शौकीन, व पित्त दोष युक्त होती है।

⇒ सप्तमांशेश **बुध हो** तो जातक की सन्तान सौम्य आकृति की, अनुपातिक शरीर, बुद्धिमान, वाक् पटु, तर्क-वितर्क करने में कुशल, उच्च विद्या प्राप्त करने वाली, धनी एवं व्यवहार कुशल होगी।

⇒ सप्तमांशेश **गुरु हो** तो सन्तान विद्यावान, विद्वान, धार्मिक विचारों वाली, भाग्यशाली, सुगठित शरीर, गुणवान, गम्भीर एवं विद्वतापूर्ण वाणी का प्रयोग करने वाली होगी।

⇒ सप्तमांशेश **शुक्र हो** तो सन्तान का सुन्दर आकर्षक शरीर, सुन्दर चक्षु, विनम्र, विनयशील, विद्यावान, सिनेमा, संगीत एवं शिल्प कला का शौक रखने वाली होगी।

विद्यावान, सिनेमा, संगीत एवं शिल्प कला का शौक रखने वाली होगी।

⇒ सप्तमांशपति **शनि हो,** तो सन्तान-बाल्यवस्था में दुबली पतली, भूरे नेत्र, काले बाल, अधिक रोम युक्त, तामसिक वृत्ति तथा आलस्य युक्त व्यवहार करने वाली होगी।

नवमांश कुण्डली विचार

किसी राशि (30 अंश) के नौंवे भाग (अर्थात् 3 अंश, 20 कला) को नवमांश कहते हैं। इस प्रकार प्रत्येक राशि के 9 भाग करने पर, उसके 9 नवमांश होते हैं। **चर राशि** का नवमांश अपनी ही राशि से प्रारम्भ होता है। स्थिर राशि में अपने से नवम राशि से नवमांश (राशि) प्रारम्भ होंति है। जबकि **द्विस्वभाव** राशि में अपने से पंचम राशि से नवमांश शुरु होगा। स्पष्टता के लिए आगे नवमांश बोधक दिया जाता है-

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन	अंश-कला
प्रथम भाग	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10	7	4	3°-20′तक
द्वितीय भाग	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11	8	5	6°-40′तक
तृतीया भाग	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12	9	6	10°-00′तक
चतुर्थ भाग	4	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10	7	13°-20′तक
पंचम भाग	5	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11	8	16°-40′तक
षष्ठ भाग	6	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12	9	20°-00′तक
सप्तम भाग	7	4	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10	23°-20′तक
अष्टम भाग	8	5	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11	25°-40′तक
नवम भाग	9	6	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12	30°-00′तक

एक अन्य गणनानुसार

अग्नि तत्त्व (1, 5, 9) राशियों में नवांश का आरम्भ **मेष से,**

पृथ्वी तत्त्व (2, 6, 10) राशियों में नवांश का आरम्भ **मकर से,**

वायु तत्त्व (3, 7, 11) राशियों में नवांश का आरम्भ **तुला से,**

जल तत्त्व (4, 8, 12) राशियों में नवांश का आरम्भ **कर्क से, होता है।**

उदाहरण–गत वर्ष के पंचांग में होरा कुण्डली के अन्तर्गत दिए गए किसी जातक का लग्न स्पष्ट ५/२°/५८/१३ के अनुसार ऊपर लिखे नवमांश चक्र में कन्या राशि के नीचे एवं २ अंश, ५८′ कला के सामने जातक के नवमांश का प्रथम भाग-अर्थात् मकर लग्न में नवमांश लग्न उदित हुआ है। नवमांशेश शनि भाग्य स्थान में मित्र राशि का, परन्तु शत्रु ग्रह सूर्य के साथ पड़ा है, दोनों पर बुध की स्वगृही शुभ दृष्टि पड़ रही है।

उदाहरण नवमांश कुण्डली



उदाहरण जन्म कुण्डली



परन्तु नवमांश कुण्डली में सप्तमेश चन्द्रमा नीच राशिस्थ होकर स्त्री कारक शुक्र एवं केतु ग्रहों के साथ होने से जातक को विवाह सुख विलम्ब से (३० वर्ष की आयु के बाद) हुआ। तथा विवाह के पश्चात् पत्नी के साथ मतान्तर तथा व्यवसाय में विशेष उतार-चढ़ाव रहे। जन्म कुण्डली का सप्तमेश ग्रह गुरु नवमांश में अष्टम भाव में होने से भी दाम्पत्य सुख में कमी का कारण हुआ। जन्म कुण्डली में लग्नेश बुध द्वितीय भाव में मित्र क्षेत्री होने पर भी नवमांश में नीचस्थ होने से जातक के स्वास्थ्य पर अशुभ प्रभाव पड़ा है। नवांश कुं. में सप्तमेश चन्द्र नीच राशि (बृश्चिक) में केतु युक्त होने से पत्नी रूग्ण एवं शीघ्र उत्तेजित होने वाली प्रकृति की होगी।

नवमांश कुण्डली द्वारा प्रतिपाद्य विषय

नवमांश कुण्डली से मुख्यतः स्त्री सुख एवं पति-पत्नी के पारस्परिक सम्बन्धों, पत्नी (पति) के गुण, स्वभाव एवं स्वरूप आदि का विचार किया जाता है। इसके अतिरिक्त ज्योतिष आचार्यों ने नवमांश कुण्डली द्वारा धन, सुख-सम्पत्ति, शारीरिक गठन, ऐश्वर्य, उच्च-प्रतिष्ठा, सन्तान एवं वाहन आदि सुखों का विवेचन भी जन्म कुण्डली के साथ-साथ नवमांश कुण्डली द्वारा किया है। जैसे कि लिखा गया है कि गुरु यदि अपने नवमांश में स्थित हो तो जातक अच्छे श्रेष्ठ मित्रों से युक्त, स्त्री, धन-सम्पदा से सम्पन्न, उच्च प्रतिष्ठा से सुशोभित एवं सुख सम्पदाओं से युक्त होता है-

सन्मित्र द्वारा धन मित्र सौख्यं श्रेष्ठ प्रतिष्ठाप्ति-विराजमानम्।।
नरं प्रकुर्यात्-सुरराज मन्त्री नवांशके स्वे सुख सम्पदाः स्युः।।

दक्षिणी भारत में तो अधिकांश ज्योतिषचार्यों द्वारा नवमांश कुण्डली से जन्म कुण्डली की भान्ति ही जातक की धन, सुख-समृद्धि, व्यवसाय एवं विवाहादि सभी प्रकार के सुखों का विचार किया जाता है।

नोट–नवमांश कुण्डली एवं जन्म कुण्डली का तुलनात्मक विचार, अंशानुसार नवमांश फलादेश, नवांशेश का फलादेश आगामी वर्ष के '**पंचांगदिवाकर**' (वि. संवत् २०७८) में दिया जाएगा।

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पाया फल विचार-सं. २०७७ (सन् 2020-21 ई.)

गतवर्ष से (24 जनवरी, 2020 ई०) मकर राशि में संचरणशील शनि देव आगामी वि. संवत् २०७७ (25 मार्च, 2020 ई. से 12 अप्रैल, 2021 ई. तक) में **मकर राशि** में ही संचार करेंगे।

ता. 11 मई, 2020 ई. को मकर राशि में ही **वक्री** होकर 29 सितम्बर, 2020 ई. से **मार्गी** होकर संचार करेंगे।

ध्यान रहे ! शनि, मंगल आदि क्रूर ग्रह जब किसी राशि में गोचरवश वक्री होकर संचार करते हैं, तो और भी अधिक क्रूर एवं अशुभ फलदायक बन जाते हैं, जबकि गुरु, शुक्र आदि सौम्य ग्रह अपनी राशि में वक्री होने पर और भी अधिक शुभ फल प्रदान करते हैं–

यदा क्रूर ग्रहो वक्री अतिचारी तु सौम्यकः।
पीडा व्याधि भयं तत्र दुर्भिक्षं राज्य विग्रहम्।।

फलस्वरूप शनिदेव जब गोचरवश वक्री अवस्था में संचार करेंगे, तो जातक/जातिका को मानसिक व शारीरिक कष्ट, आर्थिक परेशानियां, रोगादि प्रकट होने लगते हैं। समाज में भी कहीं राजनीतिक टकराव, अव्यवस्था, अत्यधिक महँगाई, राजनैतिक उलट-फेर, क्लिष्ट रोग-भय, उपद्रव, हिंसक घटनाएँ, अस्थिरता, असन्तोष, बाढ़, दुर्भिक्ष, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोपों का भय एवं असुरक्षा का वातावरण बनता है।

कब और क्यों होती है शनि की साढ़ेसाती एवं अढैय्या ?

बारह राशियों पर शनिदेव की साढ़ेसाती एवं ढैय्या का प्रभाव कब और कैसे होता है, यह समझ लेना आवश्यक है। सौरमण्डल में नवग्रहों के मध्य शनि पृथ्वी से सबसे अधिक दूरी पर संचरणशील ग्रह है। शनि एक राशि पर लगभग अढ़ाई वर्ष के काल तक संचरित रहता है। शनि की वक्री-मार्गी आदि गति की समयावधि में परिवर्तन के कारण अढ़ाई वर्षों के काल में न्यून-अधिकता भी होती रहती है। परन्तु शनि सम्पूर्ण राशिचक्र का परिभ्रमण (360°) 29 वर्ष, 5 मास, 17 दिन एवं 5 घण्टों में तय करता है। गोचरवश शनि जब किसी राशि में प्रवेश करता है, तभी शनि उस राशि से 12वीं राशि को आगामी अढ़ाई वर्ष कष्टकारी, पहिली (1) अर्थात् जिस राशि में प्रवेश किया गया हो, उसे पाँच वर्ष तक तथा अपनी से दूसरी राशि को लगभग साढ़ेसात वर्ष तक (आगामी 7½ वर्षों) अशुभ प्रभाव करेगा। इस प्रकार **पहिली** (1), **दूसरी** एवं **12वीं** राशि पर लगभग साढ़ेसात वर्षों तक प्रभावित करने के कारण शनि की यह चक्र-प्रक्रिया ही **शनि-साढ़ेसाती** कहलाती है।

द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः।
सार्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुखैः युतो भवेत्।।

शनि साढ़ेसाती के प्रभावस्वरूप शरीर कष्ट, मानसिक तनाव, गृह कलह-क्लेश, धन सम्बन्धी आर्थिक उलझनें, आय सीमित तथा खर्च रहेंगे। बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएँ, रोगग्रस्त शरीर एवं शत्रु भय, सन्तान एवं परिवार सम्बन्धी परेशानियों का सामना होता है।

शनि की ढैय्या (लघु कल्याणी) –गोचरवश शनि जब चन्द्रराशि (या नाम राशि) से **चौथे या आठवें** स्थान पर संचार करता है, तब शनि की ढैय्या कहलाती है। यह लगभग अढ़ाई (2½) वर्ष के लिए होती है। इसका प्रभाव भी अशुभ माना गया है–

''लघु कल्याणी (ढैय्या) प्रददाति वै रविसुतोः राशे चतुर्थाष्टमे,
व्याधिं बन्धु विरोधं विदेशगमनं, क्लेशं च चिन्ताधिकम्।।''

अर्थात् शनि की ढैय्या के प्रभावस्वरूप जातक को वृथा-दौड़धूप, अनावश्यक खर्च, गुप्त चिन्ताएं, रोग, शोक, कलह-क्लेश, धन-हानि, बन्धु-विरोध, कार्यों में विघ्न-बाधाओं एवं आर्थिक-उलझनों का सामना रहता है।

शनि पाया (पाद) विचार–शनि देव के राशि प्रवेश के समय यदि चन्द्र 1, 6, 11वें भाव (स्थान) में हो तो स्वर्ण-पाद ; यदि 2, 5, 9वें भाव में हो तो रजत-पादच यदि 3, 7, 10वें भाव में हो तो ताम्र-पाद तथा यदि चन्द्र 4, 8, 12वें स्थान में हो तो लौह-पाद होता है।

पाद (पाया) फल विचार–

'लौहे धनविनाशः स्यात् सर्वं दुःखं च काञ्चने।
ताम्रे च समता ज्ञेया सौभाग्यं च राजते भवेत्।।'

(क) सोने का पाया हो, तो जातक को उस अवधि में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे। पारिवारिक एवं व्यवसायिक उलझनें अधिक होंगी। शत्रु एवं रोग-भय, मानसिक तनाव अधिक रहे। वृथा खर्च एवं कलह-क्लेश अधिक रहे।

(ख) चान्दी (रजत) का पाया हो, तो जातक को गत किए गए प्रयासों में सफलता मिलती है। आकस्मिक धन-लाभ, उच्च-प्रतिष्ठा, पदोन्नति, स्त्री-सन्तान एवं भूमि, वाहनादि सुखों की प्राप्ति होती है।

(ग) **ताम्र का पाया**–इसका फल शुभ होता है। कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनते हैं। उच्च विद्या में सफलता, विवाह एवं पारिवारिक सुखों की प्राप्ति, सवारी (वाहनादि) आदि सुख-सुविधाओं की भी प्राप्ति सम्भव होती है। देश-विदेश की यात्राओं के भी अवसर प्राप्त होते हैं।

(घ) लौह का पाया हो, तो जातक के आर्थिक व पारिवारिक परेशानियाँ अधिक होती हैं। स्वास्थ्य में गड़बड़, तनाव एवं उलझनें बढ़ती हैं। दुर्घटना से चोटादि का भय, व्यवसाय में विघ्न-बाधाएं हों, प्रयत्न करने पर भी लाभ कम व खर्च अधिक रहे।

शनि संचार फल–शनि के राशि परिवर्तन होने पर मेषादि विभिन्न राशियों पर उसका प्रभाव भी अलग होता है–

भ्रंशं क्लेशं च शत्रु प्रवृद्धिं पुत्रसौख्यं सौख्यवृद्धिं च दोषम्।
पीडा सौख्यं निर्धनत्वं धनादिं नानानर्थं भानसन–स्तनोति।।

अर्थात् गोचर में शनि जन्म-राशि से पहले स्थान में हो तो मानसिक व्यथा एवं स्थान-हानि, दूसरे में क्लह-क्लेश, तीसरे में पराक्रम एवं सुख में वृद्धि, चौथे में शत्रु वृद्धि, पंचम में सन्तान सम्बन्धी दु:ख, षष्ठ में सुख-साधनों में वृद्धि, सप्तम में रोग व शत्रु-भय, अष्टम में दु:ख-पीड़ा, नवम में सुख, दशम में धन-हानि, एकादश में धन-लाभ तथा 12वें में शनि आए तो अनेक प्रकार के अनर्थ होते हैं।

✪ मकर राशिस्थ शनि-साढ़ेसाती एवं ढैय्या-फल विचार ✪

(25 मार्च, 2020 ई. से 12 अप्रै, 2021 ई. तक)

✤ **साढ़ेसाती–धनु, मकर** व **कुम्भ** राशि वाले जातक/जातिकाओं को शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा।

➡ *(i)* धनु राशि वाले जातक/जातिकाओं को साढ़ेसाती पाँव पर उतरती हुई अर्थात् अन्तिम चरण में होगी।

➡ *(ii)* मकर राशि वालों को शनि-साढ़ेसाती हृदय पर चढ़ती हुई अर्थात् मध्य अवस्था में होगी।

➡ *(iii)* कुम्भ राशि वालों को शनि-साढ़ेसाती सिर पर चढ़ती अर्थात् प्रारम्भिक अवस्था में होगी।

धनु एवं मकर राशि वालों को प्रारम्भ के अढ़ाई वर्ष तथा कुम्भ राशि वालों को अन्त के अढ़ाई वर्ष विशेषत: अशुभकारक रहते हैं।

ढैय्या विचार–मिथुन व **तुला राशि** वाले जातकों को शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।

सुवर्णादि पाया निर्णय–गत वर्ष 24 जनवरी, सन् 2020 ई. को शनि मकर राशिस्थ चन्द्रमा, उत्तराषाढ़ा नक्षत्रकालीन मकर राशि में प्रवेश किया है। तद्नुसार मेषादि राशियों पर सुवर्णादि पाया वही रहेगा। यथा–

(1) **मेष, कर्क** तथा **वृश्चिक** राशियों पर ताम्र का पाया (पाद) शुभ होगा।
(2) **वृष, कन्या** तथा **धनु** राशियों पर रजत का पाद (पाया) शुभ होगा।
(3) **मिथुन, तुला** तथा **कुम्भ** राशियों पर लौह-पाद अशुभ फलदायक होगा।
(4) **कर्क, मकर** तथा **मीन** राशियों पर सुवर्ण-पाद (पाया) मिश्रित फलदायक होगा।
[फलादेश गत पृष्ठ में पाया-फल विचार से जानें।]

✤ शनि का सामान्य गोचरफल–

मकरे च यदा सौरि: दुर्भिक्षं तत्र दारुणम्।
कामार्ताश्च विनश्यन्ति हि अन्यदेशे शुभं भवेत्॥

अर्थात् मकर राशिस्थ शनि हो तो दारुण दुर्भिक्ष अर्थात् भयंकर अकालजन्य परिस्थितियां बनेंगी। वर्षा कम तथा प्रतिकूल (बेमौसमी) होगी। चावल आदि धान्य, सूत, कपास का कम उत्पादन होगा। कामी (कामासक्त) पुरुषों को कठोर दण्ड दिया जाएगा, जबकि दूसरे देशों में शुभ फल घटित होंगे।

✪ मकर राशिस्थ शनि का द्वादश राशियों पर गोचरफल-सं. २०७७ ✪

(25 मार्च, 2020 ई. से संवतान्त तक)

शनि का मकर राशि में गोचर फलादेश यद्यपि गतवर्षीय पंचांगदिवाकर में लिख चुके हैं, परन्तु वर्ष सन् 2020-21 ई. में मंगल, गुरु, राहु आदि ग्रहों का भी राशि-परिवर्तन होने से शनि के गोचरफल का भी न्यूनाधिक रूपेण अन्तर पड़ जाएगा।

✤ **मेष**–राशि से शनि दशमस्थ होने से संघर्ष एवं विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। पाया ताम्र होने तथा 30 जून से 19 नवम्बर के मध्य गुरु की दृष्टि रहने से पदोन्नति, धन-लाभ एवं उच्च-विद्या में सफलता के योग बनेंगे। ता. 16 अग. से 3 अक्तू. तक मंगल स्वराशिगत इस राशि पर संचार करने से उद्यम, पुरुषार्थ में वृद्धि होगी।

✤ **वृष**–राशि को शनि नवमस्थ होने से भाग्योन्नति एवं लाभ प्राप्ति में अड़चनें एवं विलम्ब होंगे। निकट बन्धुओं से विरोध एवं तकरार रहे, परन्तु पाया रजत तथा 28 मार्च से 31 जुलाई तक राशिस्वामी शुक्र इसी राशि में संचार करने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहें एवं धार्मिक कार्यों की ओर रुचि रहे। ता. 23 सितं. से राहु उच्चस्थ होकर संचार करने से उथल-पुथल भरी परिस्थितियां रहेंगी।

✤ **मिथुन**–राशि से अष्टमस्थ ढैय्या, पाया भी लौह होने तथा 22 सितम्बर तक राहु का संचार रहने से वृथा दौड़-धूप एवं खर्च अधिक रहेंगे। घरेलू एवं व्यवसायिक उलझनें बढ़ेंगी। ता. 30 जून से 19 नवं. तक गुरु की दृष्टि होने से बिगड़े कामों में सुधार, धर्म-कर्म में रूचि, वाहन एवं पारिवारिक सुखों की प्राप्ति होगी।

✤ **कर्क**–राशि पर शनि तथा मंगल की शत्रु व नीच दृष्टियां (22 मार्च से 4 मई तक) होने से व्यवसाय में संघर्ष अधिक व खर्च भी बढ़ेंगे। परन्तु राशि पर ताम्र का पाया तथा 30 मार्च से 29 जून तक गुरु (पुन: 20 नवं. से संवतान्त तक) की शुभ दृष्टि रहने से स्वास्थ्य लाभ, धर्म-कर्म में प्रवृत्ति एवं लाभ/उन्नति के भी अवसर मिलेंगे।

✤ **सिंह**–शनि षष्ठस्थ तथा सुवर्ण पाद होने से अत्यन्त कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों के पश्चात् निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। अचानक खर्चों में वृद्धि, शरीर कष्ट व धन सम्बन्धी चिन्ताएँ रहेंगी। परन्तु ता. 30 जून से 19 नवम्बर तक गुरु की दृष्टि रहने से बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार, शुभ कार्यों की ओर रुचि तथा पदोन्नति के भी योग बनेंगे। व्यवसाय/कारोबार में भी वृद्धि होगी।

✤ **कन्या**–पंचमस्थ शनि पूज्य होगा। पूर्वार्द्ध भाग में घरेलु एवं कारोबारी उलझनों के कारण संघर्ष एवं मानसिक तनाव अधिक रहेगा। अनावश्यक मतभेद उभरेंगे। परन्तु शनि का रजत-पाद होने से धन लाभ, गत किए कार्यों में सफलता, भूमि-वाहन एवं पारिवारिक सुखों की प्राप्ति होगी।

✤ **तुला**–राशि को शनि चतुर्थस्थ होने से शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा। जिससे धन-हानि, निकट भाई-बन्धुओं से वैमनस्य, कलह-क्लेश, खर्च आदि रहेंगे। शनि का पाया भी

लौह होने से घरेलु तथा व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें व परेशानियां बढ़ेंगी, गुप्त चिन्ताएं भी होंगी।

✚ **वृश्चिक**–राशि को शनि तृतीयस्थ होने से भूमि, मकान, वाहनादि सुख-सुविधाओं में वृद्धिकारक होगा। पाया भी ताम्र होने से व्यवसाय में लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कुछ सोची हुई योजनाओं में कामयाबी, धर्म-कर्म में रुझान एवं गृह में कोई शुभ मंगल कार्य सम्पादित होने के योग हैं।

✚ **धनु**–राशि को शनि द्वितीयस्थ होने से साढ़ेसाती का अशुभ प्रभाव अभी रहेगा। आय कम व खर्च बढ़ेंगे। आर्थिक उलझनों के कारण अशान्ति रहे, परन्तु शनि का पाया रजत (चान्दी) होने से कुछ निर्वाह योग्य आय के स्रोत बनते रहेंगे। भूमि, वाहनादि सुखों की प्राप्ति होती रहेगी।

✚ **मकर**–राशि को लग्न भाव पर ही शनि-साढ़ेसाती होने से मानसिक तथा पारिवारिक उलझनें रहेंगी, परन्तु इस राशि पर शनि स्वराशिगत, 30 मार्च से 29 जून तक, पुनः 20 नवं. से 5 अप्रैल, 2021 ई. तक गुरु का संचार होने, पाया सुवर्ण होने से धन-लाभ, विदेश-गमन, भूमि-वाहनादि सुखों की भी प्राप्ति होगी।

✚ **कुम्भ**–राशि से शनि द्वादशस्थ (शनि-साढ़ेसाती) होने से आय कम व खर्च अधिक, घरेलु व कार्य सम्बन्धी उलझनें रहेंगी। स्त्री/पति से भी तनावपूर्ण सम्बन्ध रहेंगे। शनि का पाया भी लौह होने से शरीर कष्ट, तनाव व संघर्ष अधिक रहे।

✚ **मीन**–राशि से शनि 11वें (लाभ) स्थान में होने से इस राशि पर दृष्टि रहेगी। स्त्री, सन्तान व सवारी आदि की चिन्ता रहेगी। किसी नए काम की योजना बनेगी। गत किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। यद्यपि शनि का पाया सुवर्ण होने से धन लाभ व उन्नति के लिए विशेष संघर्ष करना पड़ेगा। मानसिक तनाव भी अधिक रहे।

शनि–साढ़ेसाती एवं ढैय्या सम्बन्धी विशेष उपाय

शनि साढ़ेसाती अथवा शनि ढैय्या का फल सदा अनिष्टकारी ही होगा–ऐसा आवश्यक नहीं। **ध्यान रहे,** शनि सभी राशियों पर एक जैसा प्रभाव नहीं करता है, बल्कि स्वराशि, उच्च-मित्रादि स्थिति से एवं शुभाशुभ दृष्टियों के प्रभावस्वरूप इसके फल में न्यूनाधिक अन्तर पड़ना भी सम्भव है। जन्मकुण्डली एवं नवांश में शनि की स्थिति अच्छी हो एवं जातक की ग्रह-दशा भी शुभ हो, तो शनि की साढ़ेसति या ढैय्या का अशुभ प्रभाव भी अपेक्षाकृत कुछ कम होगा। इसके अतिरिक्त वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर या कुम्भ राशि पर शनि की स्थिति या दृष्टि शुभ, लाभदायक एवं योगकारक भी हो सकती है। किसी विशेष राशि पर शनि साढ़ेसाती का विचार करते समय उस राशि पर अन्य ग्रहों की स्थिति, दृष्टि आदि का प्रभाव, सुवर्णादि पाया का अवश्य विचार करना चाहिए।

कुण्डली में शनि की स्थिति एवं दशाऽन्तर्दशा शुभ होने पर कार्य-व्यवहार व योजनाओं में सफलता, लाभ, व्यवसायिक विद्याओं में उन्नति, क्रय-विक्रय विशेषकर लोहे, तेल के कार्य-व्यवसाय में विशेष लाभ प्राप्त करने वाला होता है।

शनि की दशाऽन्तर्दशा अथवा साढ़ेसाती अशुभ स्थिति में होने से व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता अथवा परिश्रम करने पर भी सफलता प्राप्त नहीं होती। वह कुछ चिड़चिड़े स्वभाव का हो जाता है, उसके प्रत्येक कार्य में विघ्न पैदा होते हैं। निकट सहयोगी भी परायों जैसे व्यवहार करने लगते हैं। अतएव ऐसी स्थिति में जातक को शनि का पूजन, दान, मन्त्र-जाप तथा औषधि स्नान आदि करने से शनि के अरिष्ट की शान्ति होती है।

जन्म कुं. में शनि यदि अशुभ हो अथवा जन्म-नक्षत्र पर शनि का संचार हो, तो जातक/जातिका को वायु-विकार, त्वचा रोग, घुटनों में दर्द, उच्च या निम्न रक्तचाप आदि रोग होते हैं।

शनि प्रायः क्लिष्ट रोग एवं दुःख देकर दुष्ट-कर्मों का भुगतान करवाता है। शनि के अरिष्टकाल में कोई-न-कोई झंझट चलता रहता है। आर्थिक संकट एवं घरेलू कलह का भय होता है। वायु प्रकोप आदि शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति रहती है। अपने भी पराये होने लगते हैं। आय कम तथा खर्चों में अधिकता होने लगती है।

उपाय–शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक करने से अवश्य लाभ पहुँचेगा।

(1) प्रत्येक शनिवार को शनि मन्त्र का संकल्पपूर्वक पाठ करें–

'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः'

कम-से-कम 3 माला अवश्य करें। पाठ उपरान्त निम्न शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा–

नमः कृष्णाय नीलाय शितिकण्ठनिभाय च।
नमः कालाग्निरूपाय कृतान्ताय च वै नमः॥

(2) शनिवासरी अमावस्या हो, तो उस दिन सायं, सूर्यास्त के बाद शनि पूजन, मन्त्र-जाप एवं स्तोत्र पाठ करना विशेष लाभकारी होगा।

विधि–सायं सूर्यास्त के बाद, स्नानादि उपरान्त पश्चिम दिशा की ओर मुख करके काले रेशमी आसन (कम्बलादि) पर बैठ जाएँ। सामने स्टील की थाली में लगभग 100 ग्राम जौं, 100 ग्राम काले तिल, काले वर्ण के कुछ फूल, 1 मुट्ठी चावल, 5 साबुत सुपारी, मौली, धूपबत्ती, रोली, लाल चंदन, काली मिठाई जैसे–गुलाब जामुन भी रख लें।

स्टील की कटोरी में तेल सरसों का दीपक जलाकर रखें। सामने एक नारियल तिलक लगाकर, स्टील का लोटा शुद्ध जल भरकर रखें।

मन्त्र जाप–ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः

मन्त्र की 1 या 3 माला करके उसे पूजन सामग्री के साथ बहते पानी में विसर्जित कर देवें।

(3) शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ या श्रवण करना शुभ होगा।

(4) श्रवण नक्षत्र में शनिवार के दिन काले रंग के धागे में शमी की अभिमंत्रित जड़ धारण करने से, शनि से सम्बन्धित वस्तुएं तथा तेल, लोहा, काले-तिल, कुलथी या काली मसूर की दाल, काला जूता, कस्तूरी आदि दान करने से भी शनि के अशुभ फल में कमी आती है।

(5) पक्षियों को दाना चुगाना, अपनी छाया (परछाई) देखकर शनिवार के दिन तेल का दान, महामृत्युञ्जय मंत्र का शुद्ध उच्चारण के साथ निष्ठापूर्वक जाप, निम्न शनि लघु स्तोत्र का [illegible]' का पाठ सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है।

व्यवसाय में विशेष लाभ प्राप्त करने वाला होता है।

दान, महामृत्युंजय मंत्र की शुद्ध उच्चारण के साथ निष्ठापूर्वक जाप, निम्न शनि लघु स्तोत्र का ... का पाठ सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है।

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि पाया के अशुभ फल की शान्ति

शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि पाया के अशुभ फल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र की 23 हज़ार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। शनिवार का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित **शनि यन्त्र** धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

शनि का बीज मन्त्र—*''ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।।''*

शनि का वैदिक मन्त्र—

''ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्रवन्तु नः॥ शं नमः॥''

शनि लघु स्तोत्र–

''ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते॥
नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो॥
नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥''

(धर्मसिन्धु)

प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव की पूजनोपरान्त पीपल वृक्ष के समीप इस स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्ष के मूल में लस्सी चढ़ाना तथा सायंकाल को तैल का दीपक जलाकर प्रार्थना करने से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

शनि ग्रह सम्बन्धित अधिक उपायों एवं जानकारी के लिए पं. पन्ना लाल ज्योतिषी कृत **'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय'** पुस्तक मंगवाकर पढ़ें। **मूल्य-200 रु.**

आगामी आने वाले 10 वर्षों में शनि का राशि परिवर्तन एवं साढ़ेसाती ज्ञान

(1) 29 अप्रैल, 2022 ई. से कुम्भ में	[साढ़ेसाती = मकर, कुम्भ, मीन]
(2) 12 जुलाई, 2022 ई. से वक्री मकर में	[साढ़ेसाती = धनु, मकर, कुम्भ]
(3) 17 जनवरी, 2023 ई. से कुम्भ में	[साढ़ेसाती = मकर, कुम्भ, मीन]
(4) 29 मार्च, 2025 ई. से मीन में	[साढ़ेसाती = कुम्भ, मीन, मेष]
(5) 3 जून, 2027 ई. मेष में	[साढ़ेसाती = मीन, मेष, वृष]
(6) 20 अक्तू. 2027 ई. से व. मीन में	[साढ़ेसाती = कुम्भ मीन, मेष]
(7) 23 फरवरी, 2028 ई. से मेष में	[साढ़ेसाती = मीन, मेष, वृष]
(8) 8 अगस्त, 2029 ई. से वृष में	[साढ़ेसाती = मेष, वृष, मिथुन]
(9) 5 अक्तूबर, 2029 ई. से वक्री मेष में	[साढ़ेसाती = मीन, मेष, वृष]
(10) 17 अप्रैल, 2030 ई. से वृष में	[साढ़ेसाती = मेष, वृष, मिथुन]

गुरु का धनु, मकर एवं कुम्भ राशिस्थ गोचरफल-संवत् २०७७

गतवर्ष 5 नवम्बर, 2019 ई. से गुरु देव (बृहस्पति) धनु राशि में संचार कर रहे हैं। आगामी वि. संवत् 2077 में 30 मार्च, 2020 ई. को प्रातः 5 बजकर 50 मिनट (29 मार्च, 29:50) पर मकर (अपनी नीच) राशि में प्रवेश करेंगे तथा 29 जून, 2020 ई. तक मकर राशि में रहेंगे।

14 मई, 2020 ई. को वक्री होकर 30 जून, 2020 ई. को पुनः धनु राशि में प्रवेश कर, 13 सितम्बर, 2020 ई. को मार्गी होकर 20 नवम्बर, 2020 ई. को दोपहर 1 बजकर 22 मिनट पर (13:22) पुनः मकर राशि में आकर 5 अप्रैल, 2021 ई. तक मकर राशि में ही संचार करेंगे। तदुपरान्त 5/6 अप्रैल, 2021 ई. की मध्य रात्रि 12 बजकर 23 मिनट पर (24:23) कुम्भ राशि में प्रवेश करेंगे।

वक्री-मार्गी—गुरु-देव 14 मई, 2020 ई. से 12 सितम्बर, 2020 ई. तक वक्री अवस्था में संचार करेंगे।

ध्यान रहे ! वक्री, अस्त एवं शीघ्रातिचार अवस्था में गुरु कुछ जातक/जातिकाओं को अशुभ फलप्रदायक होता है। ता. 14 मई से 12 सितम्बर, 2020 ई. तक गुरु वक्री रहने तथा लगभग 13 जनवरी, 2021 ई. से 13 फरवरी, 2021 ई. तक अतिचार गति से संचार करने से दुर्भिक्ष एवं अराजकता का माहौल बनेगा। प्रशासकों, केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों को उपद्रव, हिंसा, आन्दोलनादि का सामना करना पड़े। प्रजा में अशान्ति व भय व्याप्त हो।

यदा सौम्यग्रहकोपि अतिचारोपजायते।
दुर्भिक्षं नृपपीडा च शुभं न दृश्यते क्वचित्।।

कहीं सत्ता-परिवर्तन तथा प्रजा में असन्तोष व्याप्त रहे। अतएव इस समयावधि में गुरु प्रभावित जातकों को मानसिक तनाव तथा सोची हुई योजनाएं पूर्ण होने से विलम्ब उत्पन्न हों।

धनु राशि—कालीन (25 मार्च से 29 मार्च, 2020 ई., पुनः 30 जून से 19 नवं. 2020 ई. तक) गुरु में स्त्रियों को दुःख व कष्ट रहे तथा सभी प्रकार की धातुओं (सोना, चान्दी, कॉपर, जिस्त) की कीमतों में विशेष वृद्धि होगी। तिल, गुड़ कुछ सस्ते होंगे। तेल, मदिरा इत्यादि महंगे होंगे।

धनूराशिस्थितो जीवो गोधूमादि महर्घता।
वर्षाकाले भवेत् सस्यं महर्घं–तैलमद्ययोः।।

मकर राशि—ता. 30 मार्च से 29 जून, 2020 ई. तक, पुनः 20 नवम्बर, 2020 ई. से 5 अप्रैल, 2021 ई. तक गुरु मकर राशि में रहने से कुछ क्षेत्रों में दारुण घोर दुर्भिक्ष अर्थात् अकालजन्य परिस्थितियां रहने की सम्भावना है। विभिन्न राज्याध्यक्षों के मध्य युद्धजन्य माहौल रहेगा। परन्तु तीन महीनों के बाद शुभफल घटित होंगे।

मकरे च गुरुश्चैव दुर्भिक्षं घोर दारुणम्।
राज्ञां परस्परं युद्धं त्रिमासान्ते शुभं भवेत्।।

कुम्भ राशि–ता. 6 अप्रैल, 2021 ई. से गुरु कुम्भ राशि में आने से वर्षा की कमी अनुभव होगी, प्रतिकूल तथा बेमौसमी वर्षा होने से खड़ी फसलों की हानि होगी तथा कुछ क्षेत्रों में अकाल की परिस्थितियां बनेंगी। पूर्वी-क्षेत्रों तथा देशों में अनाजादि के भावों में अत्यधिक वृद्धि होगी–

कुम्भराशिगते जीवे मेघः स्वल्पांबुवर्षति।
कृषिनाशं च दुर्भिक्षं पूर्वदेशे महर्घता।।

✤ धनु राशिस्थ गुरु की शुभाशुभ फल–सं. २०७७ ✤

[25 मार्च से 29 मार्च 2020 ई. तक, पुनः 30 जून से 19 नवंबर, 2020 ई. तक]

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
गुरु भाग्यस्थ होने से बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार, भूमि, वाहनादि का सुख मिले, किसी प्रियबन्धु से मिलाप, सन्तान सम्बन्धी सुख।	अष्टमस्थ गुरु होने से आय व खर्च अधिक रहेंगे, ऋण व रोग का भय, घरेलु उलझनें बढ़ेंगी।	सप्तम गुरु होने से विघ्नों के बाद कार्य-सिद्धि, धन-लाभ, भाग्य में उन्नति के योग हैं। यात्रा का प्रोग्राम बनेगा।	छटे गुरु होने से व्यय अधिक रहे। ऋण, रोग एवं शत्रुभय हो, निज-बन्धु से विरोध रहे।	भूमि-वाहनादि सुखों की प्राप्ति, उच्च विद्या में सफलता, विवाहादि सुखों की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क से लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त हों।	चतुर्थस्थ गुरु होने से बनते कामों में बाधाएँ, खर्च अधिक, शरीर कष्ट, गृह-कलह-क्लेश, सुख में कमी हो।	तृतीयस्थ गुरु होने से आय कम व आकस्मिक खर्च, शरीर कष्ट व घरेलु उलझनों के कारण तनाव बढ़े। स्त्री सुख यथेष्ट।	अचानक धन लाभ के अवसर हो, उच्च प्रतिष्ठित लोगों से मेल हो, विदेश यात्रा के योग, धार्मिक कार्यों की ओर रूचि रहे।	लग्नस्थ गुरु पूज्य है, स्वराशिगत होने से संघर्ष व उलझनों के बाद धन लाभ एवं रुके हुए कार्य प्रशस्त होंगे। परिवार में मतभेद रहे।	द्वादशस्थ गुरु नीच राशिगत होने से धन लाभ अल्प खर्च अधिक रहे। धर्म-अध्यात्म में प्रवृत्ति, गुप्त चिन्ताएं, शुभ कार्यों पर खर्च होगा।	अचानक लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त हों, धन-भूमि, सवारी आदि सुखों में वृद्धि, कार्यों में सफलता प्राप्त हो।	दशमस्थ गुरु होने से कार्य-व्यवसाय में रुकावटों के बाद धन प्राप्ति, आय कम, खर्च अधिक, तनाव के कारण स्वास्थ्य खराब रहे।

विशेष ध्यातव्य–धनु राशि पर संचार के समय गुरु की धनु राशि पर स्वगृही स्थिति, मेष तथा सिंह राशि पर मित्र दृष्टियां रहेंगी। जबकि मकर राशि पर संचार के समय गुरु की मकर राशि पर नीच स्थिति, वृष तथा कन्या राशि पर शत्रु दृष्टियां रहेंगी। फलस्वरूप मेष, सिंह व धनु राशि वाले जातकों को उच्च-विद्या कम्पीटीशन आदि में सफलता, विवाह व सन्तान सम्बन्धी सुख, विदेश यात्रा योग, धन-सम्पदा की प्राप्ति, भाग्योन्नति, उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क, धार्मिक कार्यों में रूचि आदि शुभ फल भी घटित होने की सम्भावनाएँ होंगी। परन्तु मकर राशिस्थ गुरु के संचारकालीन वृष, कन्या तथा मकर राशि वाले जातकों को व्यर्थ की भागदौड़, विद्या/कम्पीटीशन में यथेष्ट सफलता न प्राप्त

✤ मकर राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल–सं. २०७७ ✤

(30 मार्च से 29 जून, 2020 ई. तक, पुनः 20 नवं., 2020 ई. से 5 अप्रै., 2021 ई. तक)

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
गुरु दशमस्थ होने से धोखा मिलने के संकेत व्यवसाय में रुकावटों के बाद धन प्राप्ति, परिवार में मन-मुटाव, तनाव परेशानी रहे।	गुरु भाग्यस्थ होने से योजना में कुछ सफलता, भूमि, वाहनादि सुख मिलें, प्रिय-बन्धु व सन्तान सुख मिले।	अष्टमस्थ गुरु होने से बनते कार्यों में विघ्न रहेंगे। आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। घरेलु उलझनों के कारण भय व अशान्ति रहे।	सप्तम गुरु होने से अत्यन्त संघर्ष के बाद आय के साधन बनेंगे। खर्च अधिक तथा कार्यक्षेत्र में दौड़-धूप रहे।	आय कम व खर्च अधिक होंगे, रोग व शत्रु से पीड़ा, घरेलु उलझनों के कारण मन परेशान रहे।	पंचमस्थ गुरु होने से विद्या एवं कार्यों में सफलता, धर्म-कर्म में रुचि, स्वास्थ्य में सुधार, वाहनादि सुखों में वृद्धि	चतुर्थस्थ गुरु होने से वृथा दौड़-धूप व खर्च अधिक रहें। धन, वाहन सम्बन्धी परेशानी, चोटादि का भय है।	तृतीयस्थ गुरु होने से धन लाभ अच्छा परन्तु आकस्मिक खर्च, निकटस्थ भाई-बन्धु को शरीर कष्ट, घरेलु उलझनें।	धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त हों, धार्मिक कार्यों पर खर्च अधिक हो, गत किए कार्यों में सफलता हो।	गुरु लग्नस्थ पूज्य तथा नीच राशिगत होने से संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य धन लाभ, खर्चों की अधिकता, परिवार में वैमनस्य	द्वादश गुरु होने से वृथा दौड़-धूप रहे, आय कम-खर्च अधिक रहे, कार्यों में बाधाएँ, रोग व कष्ट भय, धर्म कार्यों में प्रवृत्ति रहे।	नवीन कार्य की योजना, धन लाभ, भाग्य में उन्नति, प्रिय-मिलन, धन-सम्पदा, सवारी का लाभ हो।

नोट–ता. 6 अप्रैल, 2021 ई. से संवतान्त 12 अप्रैल, 2021 ई. तक गुरु देव कुम्भ राशि में संचार करेंगे। जिसका फलित हम आगामी वर्ष के '**पंचांगदिवाकर**' में देंगे।

गुरु का कारकत्व–गुरु पति-सुख, धर्म-आध्यात्म, सन्तान, पुत्र, विद्या, विवेक-बुद्धि, बड़ा भाई, सुवर्ण, ज्योतिष आदि विद्याओं का कारक माना जाता है। शरीर में लिवर, हृदयकोश, पाचन प्रक्रिया, कान आदि का भी कारक माना जाता है। कुण्डली में गुरु अशुभ हो अथवा अशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त हो, तो गुरु सम्बन्धित सुख में कमी करता है। अधिक जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से छपी '**ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) भाग-1**' में गोचर विचार पढ़ना चाहिए।

गुरु के अशुभ फल की शान्ति के लिए दान–गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अमावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं,

का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धन और

✤ मिथुन राशिस्थ राहु का गोचरफल–सं. २०७७ ✤

विद्या/कम्पटीशन में यथेष्ट सफलता न प्राप्त | धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं,)

का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मंत्र, बृहस्पति अष्टोत्तर शतनाम, बृहस्पतिवार का व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

बृहस्पति शान्ति हेतु स्नान योग्य वस्तुएँ–गुरु की अनिष्ट शान्ति (वैवाहिक विलम्ब, विद्या प्राप्ति, पदोन्नति में बाधाएं, पितृदोष आदि दूर करने हेतु) के लिए चमेली पुष्प, पीली सरसों, शहद, गुलर, दमयन्ती, मुलट्ठी, हरिद्रा, मालती पुष्प, सुगन्धबाला, श्वेत आक के नवीन पत्ते एवं गंगाजल आदि स्नान-औषधियों में से यदि कोई वस्तु प्राप्त न हो सके, तो जितनी प्राप्त हो, उन्हीं से स्नान करना चाहिए।

विशेष–औषध-स्नान के दिन साबुन, शैम्पू आदि को लगाने से पूरी तरह परहेज़ करना चाहिए। सभी गुरु-औषधि को गंगाजल में मिश्रित शुद्ध जल डालकर पूर्वाभिमुख होकर गुरु के बीजमंत्र से मंत्रपूर्वक स्नान करने से गुरु कृत अनिष्ट प्रभाव से निवृत्ति होती है। औषध स्नान के उपरान्त गुरु के बीज मंत्र का कम-से-कम 3 माला का जप (जप में हरिद्रा की माला या रुद्राक्ष की माला का प्रयोग करना) करके ब्राह्मण-दम्पत्ति को मीठा भोजन, पीले वस्त्र एवं अन्य गुरु से सम्बन्धित वस्तुओं का दान दक्षिणा सहित करना चाहिए।

गुरु गायत्री मन्त्र–

''ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्।।''

गुरु बीज मन्त्र–''ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः।।''

गुरु का वैदिक मन्त्र–ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु।
यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्।। (जप संख्या १९०००)

पुराणोक्त गुरु मन्त्र– ॐ देवानां च मुनीनां च गुरु कांचनसंनिभम्।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्।।

✤ **मन्त्र प्रयोग विधि तथा गुरु सम्बन्धी अन्य उपयोगी उपाय व टोटके जानने के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित पुस्तक ''अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय व टोटके'' मंगवाकर पढ़ें। मूल्य-200/- रु.**

राहु-केतु का शुभाशुभ गोचरफल—संवत् २०७७

7 मार्च, 2019 ई. (वि. संवत् २०७५ मध्ये) से राहु मिथुन राशि में तथा केतु धनु राशि में संचार कर रहे हैं। आगामी वि. संवत् २०७७ के प्रारम्भ से (25 मार्च, 2020 ई.) ता. 22 सितंबर, 2020 ई. तक राहु मिथुन राशि में ही तथा केतु धनु राशि में ही संचार करेंगे।

27 फरवरी को शुक्र मेष राशि में आकर गुरु द्वारा दृष्ट रहेगा। जौं, चना, गेहूँ आदि अन्न, घी, सोना, चाँदी, गुड़, शक्कर, बारदाना आदि में अच्छी तेजी बनेगी। परन्तु फिर भी तुरन्त मुनाफा निकाल लें। अचानक थोड़ा मन्दी का झटका भी लगेगा। तिल, तेल, सरसों, ऊन, अलसी, अरण्डी में कुछ मन्दी बनेगी। **शेयर बाज़ार तेज रहेंगे।**

☞ **मार्च**–मासारम्भ में वायदा एवं हाजिर बाज़ार में घटाबढ़ी रहने के बाद 3 मार्च को वक्री बुध धनिष्ठा नक्षत्र में आने तथा इसी दिन वक्री बुध पूर्व में उदय होने से घी, अनाज, शेयरों, चाँदी, चना, कपास, खल, बिनौले, रूई में अच्छी घटाबढ़ी के बाद ही तेजी बनेगी।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, गेहूँ, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तैल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पीपलामूल, रूई में साधारण तेजी बने।

7 मार्च को गुरु उ.षा. नक्षत्र में आने से गुड़, खाण्ड, घी, तेल, हल्दी, ग्वार में ज़ोरदार तेजी से लाभ प्राप्त हो सकता है।

10 मार्च को कुम्भराशिगत बुध मार्गी होने से सोना, सुपारी, सोंठ, सरसों, लाख, चमड़ा, **बैंकिंग शेयर्ज़ तथा शेयर-बाज़ार में अच्छी तेजी का झटका लगेगा।**

12 मार्च को शुक्र भरणी नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, अफीम, लाल रंग की जिन्सें, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल में कुछ मन्दी बने। चने, मूँग, मोंठ, ज्वार, शेयरों में घटाबढ़ी तथा रूई में तेजी बनेगी।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आएगा। मंगल तथा शनि की दृष्टि इस पर रहेगी। तिल, तेल, अलसी, सरसों, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रूई, सोने में प्रारम्भ से ही अच्छी तेजी बनेगी, चाँदी, सभी प्रकार के अनाजों, क्रूड-आयल, घी, हल्दी, चने में प्रारम्भ में मन्दी होने पर भी शीघ्र ही तेजी की लाईन बनेगी।

17 मार्च को सूर्य उ.भा. तथा मंगल उ.षा. नक्षत्र में आएंगे। गुड़, खाण्ड, चावल, शक्कर, गेहूँ, तैल, उड़द, घी, सरसों में तेजी बने, रूई में विशेष तेजी बनेगी। **परन्तु ध्यान रहे,** इसी दिन बुध शतभिषा नक्षत्र में आने से सोने, चाँदी आदि धातुओं में कुछ मन्दी का रुख बनेगा।

18 मार्च को राहु आर्द्रा 1 केतु मूल 3 में आने से तेल, तिलहन में पहले अच्छी तेजी, परन्तु गुरु की दृष्टि रहने से शीघ्र ही सभी वायदा एवं हाजिर बाज़ारों में मन्दी का रुख बन जाएगा।

22 मार्च को मंगल मकर (उच्च) राशि में प्रवेश कर शनि के साथ मेल करेगा। **मकर राशि में 'मंगल-शनि' योग विश्व राजनीतिक पटल पर विशेष उथल-पुथल करेगा। कुछ देशों के मध्य युद्धमय वातावरण बनने से जबरदस्त तेजी-मन्दी बनेगी। तैयार फसलों की हानि होती है। पहिले से कुछ स्टॉक होना चाहिए–**

कर्कमीनमृगस्त्रीषु शनिभौमौ यदा स्थितौ।
तदा युद्धाकुला पृथ्वी धनधान्यविवर्जिता।।

इस समय रूई, सोना, चाँदी, ताँबा, गुड़, घी, तेल, अलसी, ऊन, अनाजों, क्रूड-आयल में भयंकर तेजी बन सकती है। शीघ्र ही अर्थात् 1-2 दिन में ही लाभ लेकर निकल जाएं।

24 मार्च को शुक्र कृतिका नक्षत्र में आने से जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूत, वस्त्र सोना, चाँदी, हीरा, मणि आदि जवाहरात में मन्दी का झटका लगेगा, परन्तु भौमवती अमावस शीघ्र ही कुछ जिन्सों में शीघ्र मज़बूती बनाएगी।

28 मार्च को शुक्र वृष राशि में आने से रूई, कपास में अच्छी मन्दी, सोना, चाँदी में पहले घटाबढ़ी होकर अन्त में तेजी रहेगी।

29 मार्च को गुरु मकर (नीच) राशि में आकर मंगल-शनि ग्रहों के साथ मेल करेगा। **मंगल-शनि' योग के कारण चल रही तेजी पर गुरु थोड़ा अंकुश लगा सकता है, रन्तु फिर भी हमारे विचारानुसार प्रारम्भ में तेजी का ही रुख रहेगा।** जौं, चना, गेहूँ, पूर, चन्दन, मूंगफली, सोना, चाँदी, ताँबा, सरसों में तेजी बनेगी। शीघ्र ही इस तेजी में भ लेकर निकल जाएं, क्योंकि शीघ्र ही मन्दी का रुख भी बन सकता है।

31 मार्च को सूर्य रेवती तथा बुध पू.भा. नक्षत्र में आने से अलसी, सरसों, एरण्ड, मूँगफली, लहसुन, मोती, लाख, रूई, गेहूँ, जौं, चना, चावल में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, ताँबा, लोहा में मन्दी का योग होने पर भी शीघ्र ही तेजी बन जाएगी।

[ता. 25 से 31 मार्च तक शेयर-बाज़ार भी लगभग तेज रहेगा।]

☞ **अप्रैल**–मासारम्भ में 1-2 दिन अवकाश के बावजूद वायदा-बाज़ार तेज रहेगा।

3 अप्रैल को शनि उ.षा. नक्षत्र के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। शेयर-बाज़ार का कारोबार करने वाले व्यापारियों को 20-27 मार्च के मध्य मन्दी में माल पकड़ लेना चाहिए। 5-6 मास के भीतर ही द्विगुणित लाभ प्राप्त हो सकता है। अनाज, रूई, धान्य, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुहारे में तेजी बनेगी।

5 अप्रैल को मंगल श्रवण नक्षत्र में प्रवेश करेगा। पुराने एवं नए गेहूँ के भाव में भारी तेजी बनेगी। जौं, चने, तिल, सोना, चाँदी आदि धातुएं, अफीम में भी तेजी बनेगी। रूई में घटाबढ़ी रहेगी।

8 अप्रैल को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी आदि धातुओं, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी बनेगी।

9 अप्रैल को बुध उ.भा. नक्षत्र में आकर, ता. 12 अप्रैल तक चाँदी, रूई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूँ, आदि अनाजों में घटाबढ़ी कर साधारण तेजी रखेगा। बीच में मन्दी के झटके भी लगेंगे।

13 अप्रैल को सूर्य अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में प्रवेश करेगा। **उस पर मंगल की विशेष दृष्टि भी रहेगी। ध्यान दें, इस समय मकर राशि में मंगल-गुरु-शनि ग्रहों का योग भी बना हुआ है।** रूई कपास, सूत, घी, तेल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, फल, खाण्ड, शक्कर, सोना, चाँदी में अच्छी तेजी का झटका लगेगा। गेहूँ, चावल, उड़द, मूँग, अरहर, चना, जौं, मटर में पहिले कुछ मन्दी बनकर तेजी का रुख बन जाएगा।

वायदा एवं हाजिर बाज़ार में तेजी का यह रुख ता. 16 तक रहेगा।

17 अप्रैल को बुध रेवती नक्षत्र में आएगा। बुध पर इस समय शनि की विशेष दृष्टि है। केसर, मजीठ, कुसुंभा, लाल-चन्दन, लाल-मिर्च आदि लाल वस्तुओं, बैंकिंग शेयर्ज़, मूंग में विशेष तेजी बनेगी। जबकि गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, घी, चाँदी में पहिले मन्दी बनकर बाद में शीघ्र ही तेजी का झटका लगेगा। शीघ्र सौदे निपटा लें।

घटाबढ़ी के मध्य मन्दी-तेजी का यह रुख ता. 22 अप्रैल तक रहेगा।

23 अप्रैल को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, अनाज में मन्दी, जबकि रूई, कपास, चाँदी में घटाबढ़ी के मध्य पहले मन्दी फिर तेजी बन जाएगी, सोने में भी घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। शेयर-बाज़ार भी तेज रहे।

24 अप्रैल को बुध मेष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। **इन पर मंगल की विशेष दृष्टि रहेगी। अकेला बुध यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है, परन्तु यहाँ बुधादित्य योग बनने तथा मंगल की दृष्टि रहने से अच्छी तेजी का वातवरण बनेगा। शेयर-बाज़ार भी तेजी पकड़ेगा।** मूंगा, मोती आदि जवाहरात, सोना, चाँदी आदि धातुएं, गेहूँ, जौं, चना आदि अनाज, तिल, तेल, सरसों, रूई, कपास, घी, गुड़, खाण्ड में मन्दी की जगह

तेज़ी ही प्रधान रहेगी। इसी दिन धनिष्ठा नक्षत्र का मंगल धातुओं में विशेष तेजीकारक ही रहेगा।

27 अप्रैल को सूर्य भरणी तथा शुक्र मृगशिर नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। सोना, चाँदी, ताँबा, मूँगा, पीतल, लोहा, चादर आदि, गेहूँ, जौं, चना, चावल, मोठ, अलसी, शक्कर, रूई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी। गेहूँ, चने में बाद में कुछ मन्दी का झटका भी लगेगा।

वायदा एवं हाजिर बाज़ार में तेजी का यह क्रम मासान्त तक रहेगा। शेयर बाज़ार भी घटाबढ़ी के मध्य मुख्यत: तेज रहे।

☞ **मई**—मासारम्भ ता. 1 को बुध भरणी नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। मंगल की इन पर दृष्टि रहेगी। गेहूँ, चावल आदि अनाजों, बैंकिंग शेयर्ज़, मूंग, इलायची में शीघ्र ही तेजी बनेगी।

4 मई को मंगल कुम्भ राशि में आकर वृषस्थ शुक्र को विशेष दृष्टि से देखेगा। रूई, चाँदी, शेयर-बाज़ार में अच्छी घटाबढ़ी होगी। गेहूँ आदि सब अनाजों, गुड़, खाण्ड, सोना, ताँबा, मिर्च, अरहर, मसर दाल में तेजी बनेगी।

7 मई को बुध कृतिका नक्षत्र में आने से चाँदी, घी, शेयर्ज़ में घटाबढ़ी होकर मन्दी बने। रूई, अनाज, चने में तेजी बने।

9 मई को बुध वृष राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल की विशेष दृष्टि रहेगी। रूई, शेयर-बाज़ार, सोयाबीन, गुड़ में विशेष घटाबढ़ी चलेगी। गेहूँ, जौं, चना, चावल, मटर, रूई, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल आदि के भावों में तेजी बनेगी।

11 मई को शनि वक्री होगा। मकर राशि में 'गुरु-शनि' योग पहिले ही चल रहा है। इसी दिन सूर्य कृतिका नक्षत्र में भी आएगा। घी, क्रूड-आयल, रूई, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, जौं, मूँग, मोठ, चावल, सरसों, लोहा, सीमेण्ट, तैल, जीरा, मसाले आदि में ज़ोरदार तेजी का झटका लगेगा।

13 मई को वृषराशिगत शुक्र भी वक्री होकर संचार करेगा। शुक्र-सूर्य-बुध पर मंगल की दृष्टि भी है। इसी दिन बुध रोहिणी नक्षत्र में आएगा। शेयर-बाज़ार विशेषकर सॉफ्टवेयर शेयर्ज़ में विशेष तेजी बनेगी। इसलिए ता. 9 से पहिले जब भी अवसर हो माल (स्टॉक) पकड़ लें। रूई, कपास, सूत, सोना, चाँदी, तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी।

14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर बुध एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल एवं गुरु की विशेष दृष्टि रहेगी। इसी दिन मंगल शतभिषा नक्षत्र में आएगा तथा गुरु वक्री भी होगा। *ध्यान रहे,* **शुक्र एवं शनि भी वक्री अवस्था में संचार कर रहे हैं। गुरु-शुक्र-शनि तीन ग्रहों का वक्री होना, हाजर बाज़ार के व्यापारी तेजी का काम करके उत्तम लाभ प्राप्त कर सकते हैं। शेयर-बाज़ार में भी ज़ोरदार तेजी एवं मन्दी के झटके लगेंगे।** सोना, चाँदी, गुड़, हल्दी, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, बादाम, घी, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में अच्छी तेजी बनेगी। जौं, चना, गेहूँ, अरहर, मूंग, ग्वार, सरसों, सोयाबीन के भाव कुछ मन्दी बनकर शीघ्र ही तेजी की तरफ बढ़ेंगे।

16 मई को बुध पश्चिम में उदय होने से रूई, चाँदी, घी, क्रूड-आयल में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी।

20 मई को बुध एवं राहु मृगशिर नक्षत्र में आकर शुक्र के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएंगे। वायदा बाज़ार में विशेष उथल-पुथल होगी। रूई, चाँदी में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी बने, तिल, सरसों, उड़द, गेहूँ में कुछ मन्दी बन सकती है। शीघ्र ही लाख, ऊन, तिल, ज्वार, चना, नील में भी तेजी बनेगी। **स्टॉकिस्ट इस बात का ध्यान रखें। शेयर-बाज़ार में भी घटाबढ़ी रहेगी। जोकि 24 मई तक रहेगी।**

25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आएगा तथा बुध मिथुन राशि में आकर राहु के साथ योग करेगा। **बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी-मन्दी के झटके आएंगे। कदाचित् पहिले मन्दी बने, तो शीघ्र ही अगले दिन तेजी बनेगी। वायदा व्यापारी तेजी से लाभ ले सकेंगे। शेयर-बाज़ार (Nifty), चाँदी** में पहिले मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी। तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, खाण्ड, घी, गेहूँ, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सन, सुपारी, मिर्च, राई में तेजी बनेगी। झटके की मन्दी के लिए भी तैयार रहें।

29 मई को वक्री शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र बनाएगा। अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है। **परन्तु हमारे विचारानुसार यहाँ शुक्र वक्री एवं सूर्य-शुक्र मंगल द्वारा दृष्ट होने के कारण हाजिर बाज़ार में तेजी बनाएगा।** सोना, चाँदी आदि धातु तथा अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी का योग होने पर भी तेजी प्रधान रहेगी।

परन्तु ध्यान रखें, 29 मई को आर्द्रा नक्षत्र का बुध गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोठ में मन्दी का झटका लेकर आएगा। **सावधान रहे।**

31 मई को वक्री शुक्र पश्चिम में अस्त होने से सोना, चाँदी, गुड़, सूत, कपड़ा, घी, तेल, अलसी, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली में मन्दी बनेगी। रूई तथा शेयर-बाज़ार तेज रहें।

☞ **जून**—मासारम्भ ता. 3 जून को मंगल पू.भा. नक्षत्र में आएगा। तिल, तेल, मूंगफली, अलसी, बिनौला, सोया, एरण्ड, सरसों आदि तिलहन एवं रुई, सूत, सोना, चाँदी, ताँबा आदि धातुओं में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।

7 जून को सूर्य मृगशिर नक्षत्र में आकर राहु के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, सूत, रेशम, सन, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चाँदी, उड़द, मूंग, मोठ, चने, बाजरा, अलसी, नारियल तथा जल से उत्पन्न होने वाले पदार्थों में तेजी बनेगी। सोना, ताँबा में अधिक तेजी नहीं बन पाएगी। भारी उठा पटक रह सकती है।

9 जून को वक्री शुक्र पूर्व में उदय होने से सोना, चाँदी, घी, खाण्ड, गुड़, रुई में ज़ोरदार तेजी का झटका लगेगा। सभी करियाना वस्तुओं में तेजी दिखेगी।

तेजी की यह लाईन 14 जून तक रहेगी। करियाना व्यापारी अच्छा मुनाफा कमाएंगे।

14/15 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर बुध-राहु के साथ एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। यह योग राजनीतिक दृष्टि से तथा प्राकृतिक प्रकोपों के कारण करियाना एवं शेयर बाज़ार में विशेष उथल-पुथल रहेगी। दुर्भिक्ष एवं कम वर्षा की सम्भावना

से वायदा एवं हाजिर बाजार तेजी प्रधान रहेगी। फल, पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रूई, सरसों, लोहा, तिल, तिल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूँग, उड़द, गेहूँ, चना, चावल आदि प्रत्येक जाति के अनाज में सोना, चाँदी आदि धातुओं में तेजी बनेगी। इसी दिन बुध पुनर्वसु नक्षत्र में आने से चाँदी, रूई, कपास में मन्दी का झटका भी लगेगा।

18 जून को मंगल मीन राशि में आकर शनि द्वारा दृष्ट रहेगा। मंगल मीन राशि में आकर मिथुनस्थ सूर्य-बुध-राहु पर विशेष दृष्टि रखेगा। इसीदिन बुध भी वक्री होगा। यह योग ज़ोरदार तेजी करने वाला है। हमारे विचार से इन दिनों सोना, चाँदी, सभी प्रकार के अनाज, गुड़, खाण्ड, शेयर बाज़ार विशेषकर बैंकिंग शेयर्ज़ में ज़ोरदार तेजी बनेगी। जौं, गेहूँ, मसूर, घी, ग्वार, हल्दी, एरण्ड, अलसी आदि तिलहन में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। रूई और चाँदी में काफी घटाबढ़ी चलेगी। **सावधान रहें।**

19 जून को वक्री शनि उ.षा. 3 में आने से अनाज, रूई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुआरे में अच्छी तेजी बनेगी।

(15 जून से 21 जून के मध्य शेयर-बाज़ार तथा करियाना बाज़ार में ज़ोरदार उठा-पटक या कुछ जिन्सों में मन्दी अथवा तेजी आएगी, सावधान रहें। हमारे विचार से तेजी बनेगी।)

21 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आने तथा कंकण सूर्यग्रहण होने से रूई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं, चाँदी, सोने में ज़ोरदार तेजी बनेगी। व्यापारी वर्ग को इन दिनों के लिए अपने पास स्टॉक रखना चाहिए।

22 जून को वक्री बुध आर्द्रा नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। बुध-गुरु-शुक्र-शनि इस समय वक्री होकर संचार कर रहे हैं। गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोंठ में मन्दी का चाँस होने के बावजूद तेजी की लाईन रहेगी।

23 जून को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, चाँदी में तूफानी तेजी सम्भव है। सोना, गुड़, सरसों में तेजी बनने से पहिले बीच में मन्दी का झटका लगेगा।

24 जून को मंगल उ.भा. नक्षत्र में आने से शीघ्र ही देवदारु, चन्दन, कपूर आदि सोना, पदार्थ, सोना, चाँदी, रूई, गेहूँ, जौं, चना में तेजी बनेगी।

25 जून को वृष राशिगत शुक्र मार्गी होने से कुछ दिन पहिले रुई में मन्दी बनेगी-स्टॉक कर लेना चाहिए। 5-6 दिन बाद सोना-चाँदी, मोती में तेजी बनेगी। एक मास बाद धान्य, गुड़, घी, शक्कर में ज़ोरदार तेजी बनेगी। **व्यापारी-वर्ग नोट कर लें। मासान्त तक शेयर-बाज़ार में भी घटाबढ़ी के मध्य तेजी का रुख रहेगा।**

30 जून को वक्री गुरु धनु राशि में आकर केतु के साथ एकराशि-सम्बन्ध एवं सूर्य-बुध-राहु के साथ समसप्तक योग भी बन रहा है। यह योग ज़ोरदार तेजी का सूचक है।

सोना, चाँदी, ताँबा, हल्दी, घी, काँसा, सिक्का, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कुष्ठा, धान्यादि अनाज, मूँग, मोंठ, कुलत्थ आदि में ज़ोरदार तेजी सम्भव है। फिर भी बाज़ार के प्रारम्भिक रुख को देखकर काम करें। यदि घी, रुई, हल्दी में मन्दी बन जाए तो स्टॉक **करने से शीघ्र ही उत्तम लाभ प्राप्त होगा।**

कुछ वस्तुओं/जिन्सों में ज़ोरदार मन्दी की लाईन भी बन सकती है, सावधान रहें।

☞ जुलाई—30 जून से वायदा एवं हाजिर बाज़ार में चली तेजी की लाईन 4 जुलाई तक घटाबढ़ी के मध्य चलती रहेगी।

5 जुलाई को सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में आने से रूई, सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ग्वार, मोंठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्ज़ी, हरड़, सुपारी, नारियल, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गुल आदि सुगन्धित पदार्थ तेज होंगे।

9 जुलाई को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से अनाज, सोने में मन्दी, गेहूँ, जौं, चना, लाल-मिर्च, अलसी, बिनौला, शेयर्ज़ में तेजी बनेगी।

12 जुलाई को बुध मार्गी होगा। बुध सूर्य एवं राहु युक्त मंगल द्वारा दृष्ट है। रुई, बैंकिंग शेयर्ज़ में ज़ोरदार घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। सोना, गुड़, एरण्डी, बिनौला, मूँगफली, सोयाबीन आदि तैलों में ज़बरदस्त तेजी की लाईन बन सकती है।

16 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बना रहा है। **वायदा एवं हाजिर बाज़ारों में तूफानी तेजी के झटके आएंगे।** सोना, चाँदी, रूई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, सोयाबीन, क्रूड-आयल में अच्छी तेजी बनेगी। गेहूँ, चना, जौं, अरहर, उड़द, मूंग, चावल में पहले कुछ मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी। **शेयर-बाज़ार में ज़ोरदार मन्दी एवं तेजी के रियेक्शन आएंगे। शेयर-बाज़ार के व्यापारी बहुत सावधानीपूर्वक माल पकड़ें।**

19 जुलाई को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आने से तिल, तेल, सरसों, खाण्ड, सोयाबीन, अरण्डी आदि तिलहन, गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा,, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, ऊनी वस्त्र, सिक्का, सोना, चाँदी में तेजी बने। रूई में पहले तेजी, फिर मन्दी बन सकती है।

22 जुलाई को राहु मृगशिर (3), केतु मूल (1) में आने से लाख, ऊन, तिल, ज्वार, मेथी, चना, नील, मूँग, इलायची मे तेजी का झटका लगेगा।

23 जुलाई को शुक्र का मृगशिर नक्षत्र में आकर राहु के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाना बाज़ारों में घटाबढ़ी के बाद तेजी का रुख बनाएगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, साफ्टवेयर शेयर्ज़ में तेजी, जबकि चना, हल्दी में कुछ मन्दी बन सकती है।

26 जुलाई को बुध पुनर्वसु तथा वक्री गुरु पू.षा. (4) में आने से रूई, कपास, चाँदी, सन, सूत तथा सभी धातुओं व अनाजों में मन्दी का रुख बनेगा।

करियाना बाज़ार में मन्दी का यह रुख मासान्त तक चल सकता है। 25 से 31 जुलाई तक शेयर-बाज़ार घटाबढ़ी के मध्य तेज रहेगा।

☞ अगस्त—मासारम्भ ता. 1 से **शुक्र मिथुन राशि में आकर राहु के साथ एकराशि-सम्बन्ध तथा गुरु-केतु के साथ समसप्तक योग बनाएगा। शुक्र-राहु पर मंगल की विशेष दृष्टि रहेगी। शेयर-बाज़ार एवं हाजर-वायदा बाज़ारों में ज़ोरदार घटाबढ़ी हो सकती है, सावधानी से काम करें।**

वस्त्र, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में अच्छी मन्दी बन सकती है, परन्तु वर्तमान ग्रहयोग इन वस्तुओं में अच्छी तेजी बनाएगा। अलसी, गुड़, घी, गेहूँ, जौं, चावलों, सोना, चाँदी में इस समय ज़ोरदार तेजी सम्भव है।

2 अगस्त को बुध कर्क राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा तथा सूर्य-बुध का **शनि के साथ समसप्तक सम्बन्ध रहेगा। इसी दिन सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में भी आएगा। यह ग्रहयोग भी शेयर एवं वायदा-बाज़ार में चल रही तेजी को ओर अधिक गति प्रदान कर सकता है।**

(हमारे विचार अनुसार 2-3 अगस्त तक की तेजी में निकल जाने की सलाह है क्योंकि कुछ मन्दी या घटाबढ़ी का माहौल रहेगा। माल बेचकर दोबारा बाज़ार में प्रवेश करें।)

सोना, चाँदी, रूई, बिनौला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, नील, क्रूड-आयल, सोयाबीन आदि में ज़ोरदार तेजी बनेगी। शीघ्र लाभ लें।

4 अगस्त को बुध पुष्य नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी में मन्दी का रुख बने। रूई, मोती आदि जवाहरात, ऊनी वस्त्र एवं धागों, चने में घटाबढ़ी के बाद मन्दी का वातावरण बनेगा।

5 अगस्त को बुध पूर्व में अस्त होगा। अनाज, घी, रूई, सोने में घटाबढ़ी के बीच पहले मन्दी, बाद में तेजी बनेगी।

6 अगस्त को वक्री शनि उ.षा. नक्षत्र के द्वितीय चरण में आने से बाज़ार का रुख अचानक बदल जाएगा। सूर्य-शनि में पहले ही समसप्तक योग बना हुआ है। क्रूड-आयल, लौंग, अनाज, रूई, कपास, लोहा, चन्दन, मजीठ, दाख, छुहारे, पैट्रोल, सोयाबीन, रिफाइंड-ऑयल, लाख में तेजी बनेगी।

8 अगस्त को आर्द्रा नक्षत्र का शुक्र गेहूँ आदि अनाजों, निफ्टी (शेयर्ज़) में अकस्मात् मन्दी का वातावरण बनाएगा।

10 अगस्त को बुध आश्लेषा नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। सूर्य-बुध का शनि के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध पहिले से ही चल रहा है। तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँग, मूंगफली एवं करियाना वस्तुओं में तेजी का रुख बनेगा।

(तेजी का यह रुख 15 अगस्त तक रहेगा।)

16 अगस्त को सूर्य सिंह राशि में आकर गुरु द्वारा दृष्ट रहेगा। **इसी दिन मंगल मेष राशि में आकर कर्कस्थ बुध को नीच दृष्टि से देखेगा। परन्तु शनि की दृष्टि से बाहर भी निकलेगा। ज़बरदस्त तेजी का अनुमान होने के बावजूद साधारण तेजी ही बनेगी अथवा ज़ोरदार तेजी का झटका लगकर शीघ्र भाव नीचे भी आ सकते हैं। सावधान रहें।**

सोना, चाँदी, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तैल, एरण्ड, सरसों, सोयाबीन आदि, कपास, पाट, बारदाना तथा सभी प्रकार के अनाजों में तेजी का रुख बनेगा।

यह प्रभाव अगले दिन अर्थात् **17 अगस्त सोमवार को विशेष रूप से होगा, क्योंकि इस दिन प्रातःकाल ही बुध सिंह राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। अतः हाजर-वायदा बाज़ार में पिछले दिनों जिन वस्तुओं में तेजी बनी होगी, उनमें शीघ्र ही मन्दी बन जाएगी। बुधादित्य योग बनने से कुछ वस्तुओं/जिन्सों में तेजी ही प्रधान रहेगी।** सोना, चाँदी, सूत, रूई व ऊनी-वस्त्रों/धागों, शेयर-बाज़ार में ज़ोरदार तेजी का वातावरण बने। कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अरहर, सरसों, सोयाबीन, ग्वार, मूंग आदि दालों में शीघ्र ही मन्दी बनेगी।

[17 से 21 अगस्त तक शेयर एवं धातु-बाज़ार में तेजी का रुख रहेगा।]

22 अगस्त को शुक्र पुनर्वसु नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, रूई, कपास, सूत, घी, ग्वार, खाण्ड में मन्दी बनेगी। धान्य, बिनौला, अरहर, इलायची, ड्राइ-फ्रूट तेज होंगे।

24 अगस्त को बुध पू.फा. में आकर गुड़, खाण्ड, गेहूँ आदि अनाजों में मन्दी का रुख करेगा।

[घटाबढ़ी के मध्य वायदा-हाजर करियाना बाज़ार में ता. 29 तक मन्दी का रुख रह सकता है, सावधान रहें।]

30 अगस्त को सूर्य पू.फा. नक्षत्र में आकर बुध के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। शीघ्र ही सोना, गुड़, जीरा, खाण्ड, सरसों, तिल, घी, गेहूँ, ग्वार, ज्वार, चावल, ऊनी धागे/वस्त्रों, रूई, सूत में तेजी बनेगी। चाँदी में घटाबढ़ी बनेगी।

31 अगस्त को शुक्र कर्क राशि में आकर शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा। कर्कस्थ शुक्र पर मंगल की भी दृष्टि रहेगी। इसी दिन बुध उ.फा. नक्षत्र में आएगा। **यह योग भयंकर तेजी का है, नोट कर लें।** उड़द, मूंग, मोंठ, मसूर, अरहर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, सोयाबीन, अलसी, एरण्ड में ज़ोरदार तेज़ी बनेगी। चाँदी, चना, घी में भी पहले मन्दी बनकर बाद में तेजी बनेगी।

[**नोट करें कि**–'इस तेजी में तुरन्त मुनाफा बुक कर, निकल जाएं, क्योंकि आगे श्राद्ध-पक्ष एवं आश्विन अधिक मास रहने से सभी बाज़ार मन्दी प्रधान रहेंगे।]

☞ **सितम्बर**—मासारम्भ 1 सितम्बर को बुध पश्चिम में उदय होने से रूई, चाँदी, घी, मूँग में घटाबढ़ी के मध्य पहले मन्दी, फिर मामूली तेजी बनेगी।

2 सितम्बर को बुध कन्या राशि में आ जाएगा। रूई, चाँदी में मन्दी और गेहूं, जौं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी बनेगी। शेयर्ज में घटाबढ़ी के मध्य मामूली तेजी रहेगी।

3 सितम्बर को शुक्र पुष्य नक्षत्र में आएगा। शुक्र पर मंगल एवं शनि ग्रहों की दृष्टि है। रूई, सूत, सन, रेशम, ऊन, साफ्टवेयर शेयर्ज़ व धान्य में ज़ोरदार तेजी रहे तथा लाख, चमड़ा, कपूर, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में थोड़ी मन्दी बनकर शीघ्र तेजी का झटका लगेगा।

6 सितम्बर को वक्री गुरु पू.षा. (3) में आने से रूई, सोना, चाँदी आदि सभी धातुओं तथा अनाजों में मन्दी रहे।

8 सितं. को हस्त नक्षत्र का बुध सभी अनाजों एवं वायदा बाज़ार में मन्दी लाएगा।

परन्तु शीघ्र ही **10 सितंबर को मंगल वक्री होगा। मंगल पर गुरु की दृष्टि भी रहेगी।** सभी अनाजों, सोना, चाँदी, रूई, अलसी, गेहूँ, ताँबा, लोहा, घी, गुड़, तेल-तिलहन में अच्छी तेजी बनकर पुनः मन्दी का रुख बन सकता है।

13 सितम्बर को गुरु मार्गी होगा। इसी दिन सूर्य उ.फा. नक्षत्र में आएगा। रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चाँदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, नील में तेजी बनेगी।

16 सितम्बर को सूर्य कन्या राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। रूई, नारियल, सुपारी, तिल, तैल, मजीठ, सोने, तांबा, चना, कालेमांश, सरसों, गुड़ में अच्छी तेजी बनेगी। चाँदी तथा शेयरों में मन्दी बने।

17 सितम्बर को बुध चित्रा में आकर रूई, चाँदी, घी में घटाबढ़ी कर तेजी करेगा।

19 सितम्बर को गुरु पू.षा. (4) नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी आदि सभी धातुओं तथा अनाजों में मन्दी बनेगी।

(मन्दी का यह रुख ता. 21 तक रहेगा।)

ध्यान रहे, यदि इन दिनों दालें और अन्य अनाज मन्दें हों, तो स्टॉक करें, आगे शीघ्र ही उत्तम लाभ प्राप्त हो सकता है।

22 सितम्बर को बुध तुला राशि में आएगा। तुलास्थ बुध पर मंगल एवं शनि की विशेष दृष्टियां रहेंगी। बाज़ार में एकदम तेजी की लाईन बन सकती है, फिर भी सावधान होकर आगे बढ़ें। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, मूंग, बैकिंग शेयर्ज़ में अच्छी तेजी बने। चाँदी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, चने में पहले मन्दी बन शीघ्र ही तेजी बन जाएगी।

23 सितम्बर को राहु वृष तथा केतु वृश्चिक राशि में आएंगे। वायदा-हाजर बाज़ार में विशेष उथल-पुथल रहेगी। इस समय यदि करियाना वस्तुओं में थोड़ी भी मन्दी हो, तो अगले मास आने वाली तेजी के लिए स्टॉक करें, अवश्य उत्तम लाभ प्राप्त होगा। रूई, कपास, घी में स्टॉक करने से उत्तम लाभ प्राप्त होगा। तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन आदि तिलहनों व करियाना की वस्तुओं, गुड़, खाण्ड, कस्तूरी, कुंकुंम, रूई, सोना, चाँदी में शीघ्र ही ज़ोरदार तेजी बनेगी।

26 सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में आने से गेहूं, जौं, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रूई, सूत, जूट, लकड़ी, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी, सन् में तेजी का रुख रहेगा।

27 सितम्बर को शुक्र सिंह राशि में आएगा। इस पर गुरु की विशेष दृष्टि रहेगी। सोना, ताँबा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, मजीठ, लाल मिर्च, लाल रंग की वस्तुएं, घी, रसादि पदार्थों में विशेष तेजी बनेगी। रूई, चाँदी मे पहले 2-3 दिन मन्दी, फिर तेजी बनेगी। परन्तु यहाँ गुरु की दृष्टि होने से शीघ्र ही बाज़ार में मन्दी का वातावरण बनेगा, तुरन्त मुनाफा लें।

28 सितम्बर को स्वाती नक्षत्र का बुध यद्यपि रुई, घी, साफ्टवेयर शेयर्ज़ में मन्दी करता है, परन्तु शनि की दृष्टि के कारण यहाँ तेजी बनेगी।

29 सितम्बर को मकर राशिगत शनि मार्गी होने से वायदा एवं हाजर बाज़ारों में भारी उथल-पुथल के बाद मार्किट की लाईन में परिवर्तन हो जाएगा। कुछ जिन्सों में भयंकर तेजी तथा कुछ में मन्दी का माहौल बन जाएगा। क्रूड-आयल, तिल, सरसों, सोयाबीन, हींग, मिर्च, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी। शेयर-बाज़ार में पहले अच्छी मन्दी बन कर बाद में तेजी बनेगी।

☞ अक्तूबर—मासारम्भ में वायदा-हाजर बाज़ारों में उथल-पुथल के मध्य साधारण तेजी का वातावरण रहेगा।

4 अक्तूबर को वक्री मंगल मीन राशि में आकर सूर्य के साथ समसप्तक, बुध व शुक्र के साथ षडाष्टक योग तथा स्वयं शनि-देव द्वारा दृष्ट रहेगा। व्यापारी वर्ग कृपया यह तारीख अपनी डायरी में नोट कर लें। किसी विशेष सरकारी नियम/आदेश से बाज़ारों में भारी उथल-पुथल रहेगी।

15 दिन पहिले ही इस तारीख के आसपास आने वाली तेजी के लिए व्यापारी वर्ग के पास स्टॉक होना चाहिए।

सोना, रूई, तृण, काष्ठ व लकड़ी से निर्मित वस्तुओं, शेयर-बाज़ार, रियल-स्टेट, सम्बन्धित शेयर्ज़ में विशेष उथल-पुथल के बाद तेजी हो। चाँदी, घी में पहले मन्दी का झटका लगकर तेजी बनेगी। प्रायः सभी करियाना वस्तुएं एकदम तेज हो जाएंगी। फिर भी सावधानी से काम करें।

9 अक्तू. को शुक्र पू.फा. में आने से भी गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूँग, चना में मन्दी बनेगी।

10 अक्तू. को सूर्य चित्रा नक्षत्र में आने से रूई, सूत, सोना, चाँदी, मोती आदि रत्नों, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूँ, चना, तिल, नारियल, सन, केसर, कपूर, लाल कपड़े, आदि में पुनः तेजी का रुख बनेगा। शेयर-बाज़ार में मन्दी रहे।

14 अक्तूबर को तुलाराशिगत बुध वक्री होगा। इस समय बुध पर शनि एवं मंगल की दृष्टियां भी हैं। वायदा एवं हाजर बाज़ार में तेजी का बोलबाला रहेगा। बैंकिंग शेयर्ज़ में भी ज़बरदस्त उछाल आएगा। सोना, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चाँदी, बैंकिंग शेयर्ज़, मूंग, मेथी, तिल, रूई, कपास, रेशम, ताँबा, पीतल में तेजी बनेगी।

17 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। **इन पर मंगल व शनि की दृष्टियां रहेंगी। बाज़ार में भयंकर तेजी का अनुमान रहेगा। शेयर-बाज़ार पहले एकमद नीचे आएगा।** सोना, ताँबा, क्रूड-आयल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, श्रीफल, सुपारी, लौंग, लाल मिर्च, काली मिर्च, ग्वार, सोयाबीन, सरसों आदि तिलहन में ज़बरदस्त तेजी का झटका बने। चाँदी, रूई, घी में पहले मन्दी बनकर तेजी बनेगी। या घटाबढ़ी के मध्य बाद में मन्दी का झटका भी लग सकता है।

20 अक्तू. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, चाँदी में भयंकर तेजी का झटका लगेगा। सोना, गुड़, सरसों, सोयाबीन में भी तेजी रहेगी। शेयर-बाज़ार में पहले मन्दी, बाद में तेजी बनेगी।

23 अक्तूबर को शुक्र कन्या (नीच) राशि में आकर मंगल के साथ समसप्तक योग बनाएगा। चावलों, चाँदी, गेहूँ आदि सभी अनाजों, गुड़, खाण्ड, ऊनी-रेशमी वस्त्रों में **विशेष तेजी का झटका लगेगा।** इसी दिन सूर्य स्वाती नक्षत्र में बुध के साथ मेल करेगा। शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, हींग, गुग्गुल, क्रूड में भी तेजी बनेगी।

27 अक्तूबर को वक्री बुध चित्रा नक्षत्र में वापिस आकर रूई, चाँदी, चना आदि अनाजों में घटाबढ़ी के बाद तेजी करेगा।

30 अक्तूबर को गुरु उ.षा. नक्षत्र में आकर शनि के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। गुरु का शनि के साथ आना कुछ वस्तुओं में मन्दी बनाएगा, सावधान रहें। गुड़, खाण्ड, हल्दी, घी, ग्वार, चना में विशेष तेजी बनेगी, जबकि तेल, सोयाबीन, क्रूड, तिलहन आदि में अचानक मन्दी भी बन सकती है।

31 अक्तू. को शुक्र हस्त नक्षत्र में आने से करियाना वस्तुओं एवं धातुओं में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। खाण्ड, गुड़, शक्कर, सोना, चाँदी, कॉपर में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी। **यदि यहाँ अनाजों, धातुओं में मन्दी रहे, तो आगे के लिए स्टॉक करें, अच्छा मुनाफा प्राप्त होगा।**

☞ **नवम्बर**—मासारम्भ में वायदा एवं हाजर बाज़ार में घटाबढ़ी के मध्य साधारण तेजी ही बन पाएगी।

3 नवम्बर को तुलाराशिगत बुध मार्गी होगा। **सूर्य-बुध पर मंगल एवं शनि की दृष्टियां भी हैं। बाज़ार की लाईन एकदम परिवर्तित हो जाएगी।** रूई, जौं, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, शेयर्ज़, चना, अनाज में ज़बरदस्त तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, रूई में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी।

6 नवम्बर को सूर्य विशाखा नक्षत्र में आने से जौं, चावल, गेहूँ, मसूर, गुड़, खाण्ड, रूई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम, सोना, ताँबा में तेजी बनेगी। अलसी, चाँदी, घी में घटाबढ़ी होकर तेजी बने।

[ता. 6 से 10 नवम्बर तक धातुओं एवं करियाना बाज़ार में तेजी का रुख रहेगा। पहले से स्टॉक करें।]

11 नवम्बर को बुध स्वाती तथा शुक्र चित्रा नक्षत्र में आने के बावजूद सोना, चाँदी आदि धातुओं तथा रूई, घी, कपास, सरसों में घटाबढ़ी के बाद साधारण तेजी बनेगी।

13 नवम्बर को मीन राशिगत मंगल मार्गी होगा। मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि चल रही है। कुछ वस्तुओं में एकदम ज़बरदस्त तेजी का झटका लगेगा। जबकि कुछ के भाव सम रहेंगे। तेल, पीपल, चाँदी, घी, खाण्ड, बादाम, किशमिश, काली मिर्च, गुड़, क्रूयड-आयल में ज़बरदस्त तेजी बने।

[शनिवारी दीपावली भी तेजीकारक मानी गई है।]

16 नवम्बर को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा तथा राहु के साथ समसप्तक योग बनाएगा। रूई, ताँबा, चाँदी, सोयाबीन आदि तिलहनों में तेजी बनेगी। लाल मिर्च, आदि लाल रंग की वस्तुओं में कुछ मन्दी का झटका लगे।

17 नवम्बर को शुक्र तुला राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। **इन पर मंगल तथा शनि की विशेष दृष्टियां रहेंगी। बाज़ार में ज़बरदस्त तेजी का उछाल आएगा।** सोना, चाँदी, कॉपर, खाण्ड, रूई, रेशमी वस्त्रों, चावलों, तेल, सरसों, सोयाबीन, गुड़ में भयंकर तेजी का झटका लगेगा।

19 नवम्बर को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में आएगा। शीघ्र ही जौं, चना, ऊन तथा सोना, चाँदी आदि धातुओं में तेजी बनेगी। अलसी, मिर्च, गेहूँ, धान्य में कुछ मन्दी बनेगी।

20 नवम्बर को गुरु मकर राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। गुरु-शनि दोनों एक ही नक्षत्र में भ्रमण कर रहे हैं। हाजिर व वायदा करियाना बाज़ार में तूफानी तेजी के संकेत मिल रहे हैं। यद्यपि अकेला गुरु मन्दी का द्योतक है तथा कई जिन्सों में चल रही तेजी पर ब्रेक लगा देगा। परन्तु यहाँ पहले तो अच्छी तेजी का झटका लगेगा। राजनीतिक तथा प्राकृतिक घटनाओं के कारण करियाना तथा धातु-बाज़ार में अच्छी उथल-पुथल रहेगी। कपूर, चन्दन, मूँगफली, ताँबा, चाँदी, सरसों, सोना, जौं, चना, गेहूँ, घी में अच्छी तेजी बनेगी। शीघ्र ही मुनाफा ले लेवें।

एकनक्षत्रगा ह्येते तदा भयविवर्द्धनः।
यदा जीवयुतो मन्दो जीवाद्वा सप्तमे स्थितः।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूपाश्चान्नपरिक्षयाः।।

21 नवम्बर को बुध विशाखा नक्षत्र में आकर रुई, चाँदी के भावों में कुछ मन्दी बनाएगा।

22 नवम्बर को शुक्र स्वाती नक्षत्र में आकर गुड़, चाँदी, खाण्ड, चावलों, रुई, रंगीन व रेशमी वस्त्रों में विशेष तेजी बनेगी। (**ध्यान रहे,** शुक्र पर मंगल एवं शनि की दृष्टियां रहेंगी।)

25 नवम्बर को राहु मृगशिर 1 तथा केतु ज्येष्ठा 3 में आने से लाख, ऊन, तिल, ज्वार, मेथी, चना, नील, चाँदी में तेजी बनेगी।

26 नवम्बर को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, रूई में मन्दी, सोना, चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

28 नवम्बर को बुध वृश्चिक राशि में आकर सूर्य-केतु के साथ मेल करेगा। **जिन वस्तुओं में तेजी चल रही होगी, उनमें अधिक तेजी बनेगी तथा जिन वस्तुओं में मन्दी चल रही होगी, उनमें मन्दी को और बढ़ावा देगा।** घी, तेल, सरसों, रूई, चांदी तेज होंगी। सोने में कम बढ़त बनेगी। शेयर-बाज़ार तेज रहेंगे।

30 नवम्बर को बुध अनुराधा नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। सूत, सन, रूई, सोना-चाँदी, मूंग, इलायची में तेजी बनेगी।

☞ **दिसम्बर**—मासारम्भ 2 दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खांड में तेजी बनेगी। रूई में पहले मन्दी होकर बाद में तेजी बनेगी।

3 दिसम्बर को विशाखा का शुक्र रूई, गेहूँ, चावल, चने आदि अनाजों में मन्दी करेगा। घटाबढ़ी के मध्य साधारण मन्दी का यह रुख 6 दिसम्बर तक रहेगा।

7 दिसम्बर को गुरु उ.षा. 3 नक्षत्र में आने के साथ शनि के साथ एकदम एकनक्षत्र चरण-सम्बन्ध (उ.षा. 3) बनाएगा। गुड़, खाण्ड, घी, ग्वार, हींग, हल्दी, चाँदी में भयंकर

तेजी बनाएगा। तेल, पेट्रोल, क्रूयड-आयल में पहले अच्छी मन्दी का झटका लाकर बाद में तेजी बनाएगा।

८ दिसम्बर को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर पुनः सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। **जब सूर्य के साथ बुध का मेल होता है, तो वायदा-बाज़ारों में झटके के साथ तेजी बनती है। परन्तु यदि सूर्य-बुध मेल से पहले मन्दी चल रही हो, तो ज़ोरदार मन्दी, यदि पहले तेजी चल रही हो, तो ज़ोरदार तेजी बनती है, अतः बाज़ार के रुख को देखर आगे का काम करें।** घी, गुड़, खाण्ड, चावल, मूंग, बैकिंग-शेयर्ज़ में विशेष तेजी का झटका लगेगा।

11 दिसम्बर को शुक्र का वृश्चिक राशि में आकर सूर्य-बुध-केतु के साथ मेल गेहूँ, चना, जौं, उड़द, मूँग, बाजरा, सॉफ्टवेयर शेयर्ज़, चाँदी, रूई में **ज़बरदस्त तेजी बनाएगा।**

13 दिसम्बर को शुक्र अनुराधा में आने से गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, शेयर्ज़ में मन्दी बने।

15 दिसम्बर को सूर्य तथा 17 दिसम्बर को बुध धनु राशि में आकर परस्पर एकराशि सम्बन्ध बनाएंगे। ता. 15 से पहले चल रही मन्दी के बाद अचानक झटके की तेजी बनेगी। **स्टॉकिस्ट 12 से 14 के मध्य माल पकड़ लें।** रूई, कपास, सूत, तिल, तैल, सोना, चाँदी, मूंग, खल-बिनौला, कॉपर में ज़बरदस्त तेजी का झटका लगेगा। ता. 16-17 को तेजी का काम करें।

[आगे ता. 17 से 22 दिसम्बर तक धातुओं में तेजी की लाईन रहेगी।]

23 दिसम्बर को गुरु उ.षा. 4 में आने से गुड़, खांड, घी, टमाटर, तेल, सरसों, सोयाबीन, चने में विशेष तेजी देखने को मिलेगी। चावल, गेहूँ आदि अनाजों में मन्दी रहे।

24 दिसम्बर को मंगल मेष राशि में आकर वृश्चिकस्थ शुक्र-केतु को विशेष दृष्टि से देखेगा। सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं, मूँगा, मोती आदि रत्न, ऊन, रूई, कपास, पाट, बारदाना तथा गुड़ आदि रसादि पदार्थों, अरहर आदि दालों में विशेष तेजी बने। शेयर-बाज़ार कुछ कमज़ोर होगा। परन्तु इसी दिन शुक्र ज्येष्ठा नक्षत्र में आएगा। **सोना, चाँदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में मन्दी का योग होने पर भी मंगल की दृष्टि के कारण तेजी प्रधान रहेगी।**

25 दिसम्बर को बुध पू.षा. नक्षत्र में आकर अनाज, सोना, चाँदी में विशेष मन्दी का झटका लगेगा। बिनौला, खल तेज होगा।

28 दिसम्बर को सूर्य पूषा. नक्षत्र में आकर बुध के साथ मेल करेगा। तिल, तैल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन्, चाँदी में तेजी बेनगी।

[तेजी का यह रुख मासान्त तक चलेगा।]

नोट–गोचर ग्रहस्थिति अनुसार ऊपर दिए गए व्यापारिक रुख, लाईन तथा चांसों के विपरीत बाज़ार का रुख चले या वायदा व्यापार की लाईन न चले, तो तुरन्त सौदा काटकर

आज का दिन कैसा गुजरेगा ?



जिस दिन को मालूम करना हो कि **आज का दिन आपका कैसा गुजरेगा ?** तो उस दिन आप पंचांग में देखें कि चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। आप उस नक्षत्र को नं. १ पर से गिन कर ऊपर लिखे चक्र के क्रमानुसार 28 नक्षत्र लगा लें। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र किस स्थान पर आता है। वैसा फल जानें। यदि आपके नाम का नक्षत्र वृत्त (गोलाकार) के अन्दर पड़ेगा तो उस दिन शुभ समाचार, प्रिय बन्धु से मिलाप व धन लाभ होगा। यदि गोल वृत्त के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग खुशी में, आधा भाग फिकर और चिन्ता में व्यतीत होगा। यदि त्रिशूल के ऊपर पड़े तो पूरा दिन परेशानी, झगड़े, धन हानि व चिन्ता में व्यतीत होगा। **उदाहरणार्थ आज यदि मघा नक्षत्र हो तो, उसे नं. १ लें।** इसी क्रम में पू.फा. आदि 28 नक्षत्र क्रम से लिख लें। नक्षत्रों की तालिका इसी पंचाँग के अन्तिम पृष्ठों में देखें।

खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः। स्यात् दूरेश्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥

१. अन्धाक्ष नक्षत्रों में गुम हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा की ओर जाती है और उसकी पुनः प्राप्ति की शीघ्र सम्भावना रहती है।

२. सुलोचन नक्षत्रों में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है।

३. मध्याक्ष नक्षत्र में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। पता चलने पर भी प्राप्त (हस्तंगत) नहीं होती।

४. मन्दाक्ष नक्षत्र में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है। अन्धाक्षादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं–

नक्षत्र संज्ञा	नाम नक्षत्र							मिलेगी या नहीं
(१) **अन्धाक्ष**	रोहणी	पुष्य.	उ.फा.	विशा.	पू.षा.	धनि.	रेव.	शीघ्र मिलेगी।
(२) **सुलोचन**	कृतिका	पुन.	पू.फा.	स्वा.	मूल.	श्रव.	उभा.	नहीं मिलेगी।
(३) **मध्याक्ष**	भर.	आर्द्रा.	मघा.	चित्रा.	ज्येष्ठा	अभि.	पू.भा.	पता लगाने पर भी नहीं मिलेगी।
(४) **मन्दाक्ष**	अश्विनी	मृग.	आश्ले.	हस्त.	अनु.	उ.षा.	शत.	बहुत प्रयत्न करने पर मिलेगी।

चमत्कारिक मन्त्र-तन्त्र एवं यन्त्र

आदि काल से ही प्रत्येक मनुष्य सुख प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील होता आया है। वह ऐसा सुख चाहता है जिसका अस्तित्व स्थायी एवं शाश्वत हो। इसके लिए वह जीवन पर्यन्त प्रयासरत रहता है। अनेक बार जब वह बाह्य साधनों एवं कठिन परिस्थितियों के कारण अपने उद्देश्यों में सफल नहीं हो पाता तो मनुष्य दैवी शक्तियों का आश्रय लेने के प्रयास करता है। प्राचीन वैदिक काल में भी भौतिक एवं आध्यात्मिक मनोरथों में सफलता एवं सिद्धि प्राप्ति के लिए मन्त्र, तन्त्र, यन्त्रादि विद्याओं का आश्रय लेते थे। वेद, शास्त्र, पुराणादि धर्मग्रन्थों में मन्त्र-उपासना के द्वारा इस लोक के सुख और पारलौकिक पुण्य एवं आनन्द प्राप्ति के विवरण अनेक स्थलों पर मिलते हैं। मन्त्र द्रष्टा ऋषियों द्वारा रचित मन्त्रों के भीतर ऐसी रहस्यमयी गहन शक्ति छिपी होती है, जो साधारण शब्दों से नहीं कही जा सकती। मन्त्र आप्त ऋषियों द्वारा रचित वह दिव्य शब्द रचना है, जिसका विधि एवं श्रद्धापूर्वक जप करने से साधक को अभीष्ट सिद्धि की प्राप्ति होती है। वास्तव में मन्त्र एवं स्तोत्र वह दिव्य फूल है, जो मानव कल्याणार्थ ऋषियों के हृदय से उपजे है और हमें वैदिक ऋचाओं में मिलते हैं। विभिन्न प्रकार के मन्त्र/स्तोत्र ब्रह्माण्ड में व्याप्त शक्ति स्वरूप देवी-देवताओं को समर्पित होते हैं-**'देवाधीनं जगत्सर्वं मन्त्राधीनाश्च देवताः।'**

विशेष प्रकार के दिव्य वर्णों के समूह तथा छान्दोमय लय एवं ध्वन्यात्मक गुणों से युक्त शब्द रचना को मन्त्र कहते हैं। किसी में आर्ष मन्त्र में आकाश तत्त्व और वायु तत्त्व के दोनों गुण होते हैं अर्थात् उसमें शब्द और स्पर्श की तन्मात्राएं होती हैं। मन्त्र में चूंकि आकाश तत्त्व (शब्द) की प्रधानता होती है। शब्द में स्फोट होता है और स्फोट का आदि और अन्त दोनों ही शक्ति सापेक्ष है, अर्थात् स्फोट शक्ति से होता है और स्फोट से शक्ति होती है। अतएव मन्त्र की मूल चेतना शक्ति तो स्फोट एवं ध्वनि में निहित है।

वैदिक मन्त्रों के सार में निहित अक्षर ब्रह्म, सनातन, अजन्मा, व्यापक, चैतन्य और ज्योति रूप ईश्वर है। इस प्रकार ऋषियों द्वारा रचित मन्त्र ऐसे दिव्य शब्दों का समूह है जिसको निरन्तर जपने से एक वैद्युतिक, अलौकिक एवं दिव्य वातावरण का निर्माण होता है। उससे हमारे शरीर और मस्तिष्क से विकीर्ण होने वाली भावनात्मक तरङ्गें विद्युत् धारा की तरह अभीष्ट दिशा में गमन करने लगती हैं और उनसे हमारे मनोरथ सिद्ध होने लगते हैं। मन्त्र के सम्बन्ध में विभिन्न विद्वानों ने अनेक प्रकार की परिभाषाएं परिभाषित की हैं। जैसे-

(1) बार-बार मनन करने से जो रक्षा करता है, उसे मन्त्र कहते हैं तथा जिससे बार-बार जप करने से मनोरथ की सिद्धि प्राप्त होती है, वह मन्त्र कहलाता है-

मननात् त्रायते यस्मात् तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः।
जपात् सिद्धिर्जप्रात् सिद्धिर्जपात् सिद्धि न संशयः।।

(2) धर्म-कर्म और मोक्ष की प्राप्ति हेतु प्रेरणा देने वाली शक्ति को मन्त्र कहते हैं, इत्यादि।

मन्त्र-तन्त्र साधना में अभीष्ट सिद्धि एवं सफलता हेतु कुछ विशेष व्रत-नियमों आदि के पालन करने का निर्देश किया है। इसमें श्रद्धा, धैर्य, भक्ति, आसन, धन, शरीर एवं आचरण शुद्धि आदि के आवश्यक नियम बतलाए गए हैं।

मन्त्रों एवं यन्त्रों के अनुष्ठान के लिए सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, श्रीमहाशिवरात्रि काल, दीपावली, अक्षय-तृतीया, सायन-निरयण संक्रान्तिकाल, होलाष्टक, रविपुष्य, गुरुपुष्य, नवरात्रों में, अमृतसिद्धि, भौमवासरी अमावस, पूर्णिमा आदि पर्वों पर मन्त्र-यन्त्रों के अनुष्ठान का विशेष प्रभाव होता है। विविध मन्त्रों के अनुष्ठान एवं उनमें संसिद्धि सम्बन्धी विस्तृत व्याख्या हेतु आप हमारी पुस्तक **'शिव-मन्त्रावली'** पढ़ें।

संकल्प की आवश्यकता-प्राचीनकाल से ही धर्मशास्त्रानुसार प्रत्येक **'धर्मानुष्ठान'** के कार्य में जैसे-व्रत, मन्त्र-जप, पाठ, दान, ब्राह्मण-भोजन, श्रीगणेश-पूजन, नवग्रह-महालक्ष्मी-जन्मदिन पूजन, पुंसवन, जातकर्म, नामकरण, चूड़ाकर्म, विवाह-संस्कार, अन्त्येष्टि एवं श्राद्धादि कर्मों में भी संकल्पादि की आवश्यकता पड़ती है। बिना संकल्प किए जप, पाठ, व्रत, हवन-दान आदि अनुष्ठान करने का पूरा फल नहीं मिलता। मनुस्मृति अनुसार-

संकल्प मूलः कामो वै यज्ञाः संकल्पसम्भवाः।
व्रता नियम धर्माश्च सर्वे संकल्पजाः स्मृताः।।

संकल्प-**'ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्रीमद्भगवतो महापुरुषस्य विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य ब्रह्मणोऽह्नि द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराह कल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे, अष्टविंशतितमे कलियुगे कलिप्रथम चरणे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे आर्यावर्तैकदेशे……(अमुक) क्षेत्रे/नगरे/ग्रामे संवतारम्भे……(अमुक) नाम संवत्सरे……(अमुक) मासे……शुक्ल/कृष्णपक्षे……तिथौ……वासरे……गोत्र……शर्मा/गुप्तोऽहम् प्रातः/रात्रौ आदि श्रुति-स्मृति-पुराणोक्त फल प्राप्त्यर्थं ज्ञाताज्ञात सर्वपाप/दोष परिहारार्थं, आयुरारोग्यैश्वर्याद्यभिवृद्धयर्थम् सर्वारिष्ट शान्ति पूर्वकम्, श्रीपरमेश्वर-प्रीत्यर्थं अमुक देवस्य पूजनं करिष्ये।।'**

-ऐसे संकल्प पढ़कर अर्घ्य से पुष्पाक्षत एवं जलाञ्जली छोड़ दें।

यदि जन्मदिन का पूजन हो तो **'देवस्य'** की बजाये **'जन्मदिन कृत्यं'** पढ़ें। यदि दानादि का संकल्प हो, तो ऐसा पढ़ें-

दक्षिणा सहितं अमुक नाम ब्राह्मणाय दातुमहमुत्सृजे-ऐसा कहें।

यदि किसी मन्त्र का अनुष्ठान प्रारम्भ कर रहे हों, तो **'देवस्य'** की जगह **'(अमुक) मन्त्रस्य सिद्धिं हेतवे जपं/पूजनं'** पढ़ें।

संकल्प के पश्चात् पण्डित जो (आचार्य) द्वारा श्रीगणेश प्रतिमा के पास पहले से रखी गई कलेवा (मौली) उठाकर पण्डित (या आचार्य या किसी पूज्य व्यक्ति) से मन्त्रपूर्वक बन्धवानी चाहिए।

मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1) सायन संक्रान्ति प्रवेश एवं पुण्यकाल (सन् 2020-21 ई.)

भारतीय मुहूर्त्त शास्त्रों ने निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की भान्ति सायन संक्रान्ति के पुण्यकाल को भी यन्त्र-मन्त्र साधना हेतु विशेष सिद्धिदायक बताया है।

2020-21 ई.	राशि	प्रवेशकाल	पुण्यकाल विवरण (भा. स्टैं. टा.)
20 जनवरी	कुम्भ	20:25	दोपहर 14:01 से रात्रि 26:49 तक
19 फरवरी	मीन	10:27	प्रातः 4:03 से 16:51 तक
20 मार्च	मेष	09:20	19 ता. की रात्रि 2:56 से 20 की दोपहर 15:44 तक
19 अप्रैल	वृष	20:16	दोपहर 13:52 से रात्रि 26:40 तक
20 मई	मिथुन	19:19	दोपहर 12:55 से रात्रि 25:43 तक
20 जून	कर्क	27:14	रात्रि 20:50 से 21 की प्रातः 9:38 तक
22 जुलाई	सिंह	14:07	प्रातः 7:43 से रात्रि 20:31 तक
22 अगस्त	कन्या	21:15	दोपहर 14:51 से 27:39 तक
22 सितम्बर	तुला	19:02	दोपहर 12:38 से रात्रि 25:26 तक
22 अक्तूबर	वृश्चिक	28:30	रात्रि 22:06 से अगले दिन प्रातः 10:54 तक
21 नवम्बर	धनु	26:10	रात्रि 19:46 से अगले दिन प्रातः 10:34 तक
21 दिसम्बर	मकर	15:32	प्रातः 9:08 से रात्रि 21:56 तक
19जन.(2021)	कुम्भ	26:10	रात्रि 19:46 से अगले दिन प्रातः 8:34 तक
18 फरवरी	मीन	16:14	प्रातः 9:50 से रात्रि 22:38 तक
20 मार्च	मेष	15:08	प्रात 8:44 से रात्रि 21:32 तक

○ क्रान्तिसाम्य काल (सन् 2020-21 ई.) ○

यहाँ सूर्य-चन्द्रमा का महापात-गणित द्वारा प्रणीत सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल दिया जा रहा है। विवाहादि मुहूर्त्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल को वर्जित किया गया है। यह समयावधि विवाहादि शुभ मुहूर्त्तों के लिए अशुभ एवं निषिद्ध है, परन्तु मन्त्र-यन्त्रादि तांत्रिक अनुष्ठान के लिए श्रेष्ठ व शुभ होती है।

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
6 अप्रैल	16 08	6 अप्रैल	20 06
18 अप्रैल	22 54	19 अप्रैल	4 15
2 मई	8 58	2 मई	14 10
14 मई	6 43	14 मई	13 49
27 मई	21 25	28 मई	6 29
8 जून	20 38	9 जून	10 44
3 जुलाई	18 35	4 जुलाई	7 31
17 जुलाई	9 10	17 जुलाई	18 08
29 जुलाई	15 05	29 जुलाई	21 19
11 अगस्त	21 53	12 अगस्त	3 44
24 अगस्त	4 49	24 अगस्त	9 12
6 सितंबर	5 14	6 सितंबर	10 06
18 सितंबर	21 54	18 सितंबर	25 38
14 अक्तू.	18 06	14 अक्तू.	21 57
26 अक्तू.	18 20	26 अक्तू.	23 33
9 नवंबर	10 54	9 नवंबर	16 20
21 नवंबर	5 04	21 नवंबर	12 02
4 दिसंबर	25 16	5 दिसंबर	10 45
17 दिसंबर	6 50	17 दिसंबर	18 38
28 दिसंबर	16 48	29 दिसंबर	5 12
(सन् 2021 ई.)			
10 जनवरी	11 50	10 जनवरी	19 40
23 जनवरी	15 33	23 जनवरी	22 32
5 फरवरी	5 40	5 फरवरी	10 36
17 फरवरी	24 54	18 फरवरी	6 01
2 मार्च	19 29	2 मार्च	23 23
15 मार्च	8 49	15 मार्च	13 17
9 अप्रैल	17 44	9 अप्रैल	22 17

वारुणी पर्व (2020-21 ई.)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
22 मार्च	सूर्योदय	22 मार्च	10 08
9 अप्रै., 21	3 16	9 अप्रैल	4 57

महोदय योग (2021 ई.)

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
10 फरवरी	25 09	11 फर.	14 05

सूर्यग्रहण 21 जून, 2020 ई.

-एतदर्थ पृष्ठ 27 देखें।

(1) भौमदोष एवं मंगलीक दोष शान्ति के लिए 'अङ्गारक स्तोत्र'

[ऋणहर्ता, दरिद्रतानाशक, भूमि व पुत्र-लाभ हेतु विशेष रूप से ग्राह्य]

कुण्डली में **भौमदोष** एवं **मंगलीक** आदि दोषों **की शान्ति के लिए** अंगारक स्तोत्र का पाठ विशेष रूप से कल्याणकारी होता है। आप इसे ऋण दूर करने के लिए, भूमि-जायदाद सम्बन्धी वाद-विवाद अथवा प्राप्ति में विघ्नों को दूर करने के लिए एवं पुत्र-प्राप्ति हेतु भी श्रद्धापूर्वक पाठ करके अभीष्ट की प्राप्ति कर सकते हैं।

विनियोग—अस्य अङ्गारकस्तोत्रस्य विरूपाङ्गिरस ऋषिः। अग्निर्देवता। गायत्री छन्दः। भौम प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

अङ्गारक स्तोत्रम्—

अङ्गारकः शक्तिधरो लोहिताङ्गो धरासुतः। कुमारो मङ्गलौ भौमो महाकायो धनप्रदः।।१।। ऋणहर्ता दृष्टिकर्ता रोगकृद्रोगनाशनः। विद्युत्प्रभो व्रणकरः कामदो धनहृत् कुजः।।२।। सामगानप्रियो रक्त वस्त्रो रक्तायतेक्षणः। लोहितो रक्तवर्णश्च सर्वकर्मावबोधकः।।३।। रक्तमाल्यधरो हेमकुण्डली ग्रहनायकः। नामान्येतानि भौमस्य यः पठेत्सततं नरः।।४।। ऋणं तस्य च दौर्भाग्यं दारिद्र्यं च विनश्यति। धनं प्राप्नोति विपुलं स्त्रियं चैव मनोरमाम्।।५।। वंशोद्योतकरं पुत्रं लभते नात्र संशयः। योऽर्चयेदह्नि भौमस्य मङ्गलं बहुपुष्पकैः।।६।। सर्वा नश्यति पीडा च तस्य ग्रहकृता ध्रुवम्।।७।।

।। इति श्रीस्कन्दपुराणे अङ्गारकस्तोत्रं ।।

भौम यन्त्रम्।

ब्राह्मण भोजन कराएं। मंगलवार के दिन ही प्रारम्भ करके, मंगलवार को ही समाप्त करें। मूल

भौम यन्त्रम्।

मन्त्र–ॐ अंगारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि। तन्नो भौमः प्रचोदयात्।।

भौम पूजन यन्त्रम्

ताम्र या सुवर्ण पत्र पर इस यंत्र की रचना करवा कर उस पर लाल चंदन व लाल पुष्पाक्षतों से मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए तथा निम्न मन्त्रों से अभिषेक करना चाहिए।

मन्त्र–(१) ॐ मङ्गलाय नमः।। (२) ॐ भूमिपुत्राय नमः।। (३) ॐ ऋणहर्त्ते नमः।। (४) ॐ धनप्रदाय नमः।। (५) ॐ स्थिरात्मजाय नमः।। (६) ॐ महाकालाय नमः।। (७) ॐ सर्वकामार्थ साधकाय नमः।। (८) ॐ लोहिताङ्गाय नमः।। (९) ॐ लोहिताक्षाय नमः।। (१०) ॐ सामगानां कृपाकराय नमः।। (११) ॐ धरात्मजाय नमः।। (१२) ॐ कुजाय नमः।। (१३) ॐ भौमाय नमः।। (१४) ॐ भूमिदाय नमः।। (१५) ॐ भूमिनन्दनाय नमः।। (१६) ॐ अङ्गारकाय. नमः।। (१७) ॐ यमाय नमः।। (१८) ॐ सर्वरोगापहारकाय नमः।। (१९) ॐ वृष्टिकर्त्रे नमः।। (२०) ॐ वृष्टयपहर्त्रे नमः।। (२१) ॐ सर्वकाम फलप्रदाय नमः।।



(2) मंगलीक दोष निवारक

'मंगल चण्डिका स्तोत्र/मन्त्र'

किसी कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष प्रबल हो, अथवा मंगल दशाऽन्तर्दशा के कारण विवाह में बाधाएं उत्पन्न हो रही हों, यदि जन्माङ्ग में पार्थक्य अथवा वैधव्य की संभावना हो तो निम्न मंगल चण्डिका स्तोत्र का पाठ करने से दाम्पत्य जीवन के समस्त उपद्रवों का शमन होता है। सुखमय वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रही महिलाएं भी यदि मंगल चण्डिका स्तोत्र का नियमित पाठ करें, तो दाम्पत्य सुख में वृद्धि होती है। मंगल चण्डिका पार्वती देवी का ही रूप है। अतः पार्वती देवी या माता गौरी का षोडशोपचार या पंचोपचार पूजन करने के उपरान्त शुभ मुहूर्त्त में मंगल चण्डिका मन्त्र एवं स्तोत्र का पाठ करना शीघ्र मनोकामना पूर्ण करता है। कम से कम जप संख्या सवा लाख है।

विधि–शुद्ध एवं पवित्र होकर प्रातःकाल लाल ऊनी आसन पर लाल वस्त्र पहनकर सामने घी का दीपक तीन या पांच बत्ती वाला प्रज्वलित करें, देवी का ध्यान करते हुए मंत्र का जाप 21 या 108 बार करें। तत्पश्चात् स्तोत्र का सहस्र संख्या में पाठ करना चाहिए। अनुष्ठान के नियमों का पालन करें, लाल वस्तुओं का दान करें। जप संख्या पूर्ण होने पर हवन कर ब्राह्मण भोजन कराएं। मंगलवार के दिन ही प्रारम्भ करके, मंगलवार को ही समाप्त करें। मूल मंत्र के सवा लाख जाप से भी लाभ होता है।

मंगल चण्डिका स्तोत्रम्–

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्वपूज्ये देवि मंगल चण्डिके।
ऐं क्रूं फट् स्वाहेत्येवं चाप्येकविंशाक्षरो मनुः॥ १॥

मूलमन्त्र–''ॐ ह्रीं. श्रीं क्लीं सर्वपूज्ये देवि मंगल चण्डिके ऐं क्रूं फट् स्वाहा॥''

पूज्यः कल्पतरुश्चैव भक्तानां सर्वकामदः।
दश लक्ष जपेनैव मन्त्र सिद्धिर्भवेन्नृणाम॥ २॥
मंत्र सिद्धिर्भवेद् यस्य स विष्णुः सर्वकामदः।
ध्यानं च श्रूयतां ब्रह्मन् वेदोक्तं सर्व सम्मतम्॥ ३॥

ध्यानम्–देवीं षोडशवर्षाढ्यां शश्वत्सुस्थिर यौवनाम्।
सर्वरूप गुणाढ्यां च कोमलाङ्गीं मनोहराम्॥ ४॥
श्वेत चम्पक वर्णाभां चन्द्रकोटि समप्रभाम्।
वन्हि शुद्धांशुकाधानां रत्नभूषण भूषिताम्॥ ५॥
विभ्रतीं कबरीभार मल्लिकामाल्य भूषितम्।
बिम्बोष्ठीं सुदतीं शुद्धां शरत्पद्म निभाननाम्॥ ६॥
ईषद्धास्य प्रसन्नास्यां सुनीलोत्पल लोचनाम्।
जगद्धात्रीं ध दात्रीं च सर्वेभ्यः सर्वसम्पदाम्॥ ७॥
संसार सागरे घोरे पोतरूपां वरांभजे॥ ८॥
देव्याश्च ध्यानमित्येवं स्तवनं श्रूयतां मुने।
प्रयतः संकटग्रस्तो येन तुष्टाव शंकरः॥ ९॥

स्तोत्रम्– शंकर उवाच

रक्ष रक्ष जगन्मातर्देवि मंगल चण्डिके।
हारिके विपदां राशेर्हर्षमंगल कारिके॥ १०॥
हर्ष मंगल दक्षे च हर्ष मंगल चण्डिके।
शुभे मंगल दक्षे च शुभ मंगल चण्डिके॥ ११॥
मंगले मंगलार्हे च सर्व मंगल मंगले।
सतां मंगलदे देवि सर्वेषां मंगलालये॥ १२॥
पूज्या मंगलवारे च मंगलाभीष्ट दैवते।
पूज्ये मंगल भूपस्य मनु वंशस्य संततम्॥ १३॥
मंगलाधिष्ठात् देवि मंगलानां च मंगले।
संसार मंगलाधारे मोक्ष मंगलदायिनि॥ १४॥

सारे च मंगलाधारे पारे च सर्व कर्मणाम्।
प्रतिमंगलवारे च पूज्ये च मंगलप्रदे॥ १५॥
स्तोत्रेणानेन शम्भुश्च स्तुत्वा मंगल चण्डिकाम्।
प्रति मंगलवारे च पूजां कृत्वा गतः शिवः॥ १६॥
देव्याश्च मंगल स्तोत्रं यः श्रृणोति समाहितः।
तन्मंगलं भवेच्छश्वन्न भवेत् तदमंगलम्॥ १७॥

विशेष–मंगलीक दोष शान्ति के लिए और अधिक उपायों के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित पुस्तक **'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय व टोटके'** (लेखक : पं. पन्ना लाल ज्यो.) पढ़ें।

(3) शत्रुविजयी, महाकल्याणकारी श्रीबगुलामुखी महामन्त्र (उपासना)

श्रीबगला महाविद्या की उपासना गुरु के सान्निध्य में रहकर सतर्कता, इन्द्रियनिग्रहपूर्वक सफलता की प्राप्ति होने तक प्रयत्नपूर्वक करते रहना चाहिए।

आपका विरोधी अथवा शत्रु आपको अन्यायपूर्वक तंग कर रहा हो अथवा राजकीय रुकावटों के कारण उपयुक्त प्रमोशन न मिल पा रहा हो अथवा व्यवसाय में गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने का यत्न करते हों अथवा आपको अनावश्यक रुपेण, झगड़े आदि में फंसाया जा रहा हो तो निम्न श्री बगुलामुखी मन्त्र विशेष सहायक सिद्ध होता है।

साधक को गुरु से बगला मन्त्र का उपदेश ग्रहण कर ब्रह्मचर्यपूर्वक देवीमन्दिर में, पर्वतशिखर पर, शिवालय में, गुरु के समीप या जैसी सुविधा हो पीताचार से बगलामहामन्त्र का पुरश्चरण करना चाहिए। महाविद्या बगुलामुखी का ३६ अक्षरों का मन्त्र इस प्रकार है–

''ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदम्।
स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय ह्लीं ॐ स्वाहा॥''

मन्त्र के जपादि के विषय में बगलापटल (सिद्धेश्वर तन्त्र) में विशेष विधान बताए हैं, जो इस प्रकार हैं–

पीताम्बरधरो भूत्वा पूर्वाशाभिमुखः स्थितः। लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हरिद्राग्रन्थिमालया॥
ब्रह्मचर्यरतो नित्यं प्रयतो ध्यानतत्परः। प्रियङ्गुकुसुमेनापि पीतपुष्पैश्च होमयेत्॥

बगला के जप में पीले रंग का विशेष महत्त्व है। जपकर्त्ता को पीला वस्त्र पहनकर हल्दी की गाँठ की माला से जप करना चाहिए। देवी की पूजा और होम में पीले पुष्पों, प्रियङ्गु, कनेर, गेंदा आदि के पुष्पों का प्रयोग करना चाहिए। शुचिर्भूत हो पीले कपड़े पहनकर साधक पूर्वाभिमुख बैठकर ही जप करें। उसे ब्रह्मचर्य का पालन अनिवार्यतः करना चाहिए। जप के पूर्व पूर्वाभिमुख आसन पर बैठकर आसनशुद्धि, भूशुद्धि, भूतशुद्धि, अङ्गन्यास, करन्यास आदि करना चाहिए। जप संख्या एक लाख बतलाई गई है। विशेष बात यह बताई है कि प्रतिदिन जप के अन्त में दशांश होम पीले पुष्पों से अवश्य करना चाहिए।

महाविद्या बगुलामुखी का ध्यान निम्नलिखित है, जो जप से पूर्व करणीय है–

सौवर्णासनसंस्थितां त्रिनयनां पीतांशुकोल्लासिनीं,
हेमाभाङ्गरुचिं शशाङ्कमुकुटां सच्चम्पकस्रग्युताम्।
हस्तैर्मुद्गरपाशवज्ररसनाः सम्बिभ्रतीं भूषणैः,
व्याप्ताङ्गीं वगलामुखीं त्रिजगतां संस्तम्भिनीं चिन्तयेत्॥

(4) ऋणमोचन के लिए मन्त्र

कुश की जड़, बिल्व का पञ्चाङ्ग (पत्र, फल, बीज, लकड़ी और जड़) तथा सिन्दूर–इन सबका चूर्ण बनाकर चन्दन की पीठिका पर नीचे लिखे मन्त्र को लिखे। तदनन्तर पञ्चोपचार से पूजन करके गो–घृत के द्वारा 44 दिनों तक प्रतिदिन सात बार हवन करें। मन्त्र की जप संख्या कम–से–कम 10,000 है, जो 44 दिनों में पूरी होनी चाहिए। 43 दिनों तक प्रतिदिन 228 मन्त्रों का जाप हो और 44वें दिन 196 मन्त्रों का। तद्नन्तर 1000 मन्त्र का जप दशांश के रूप में करना आवश्यक है। मन्त्र यह है–

ॐ आं ह्रीं क्रौं श्रीं श्रियै नमः ममालक्ष्मीं नाशय नाशय मामृणोत्तीर्णं कुरु कुरु सम्पदं वर्धय वर्धय स्वाहा॥

(5) भगवत्कृपा से पुत्र प्राप्ति के लिए
'सन्तान–गोपाल मन्त्र व यन्त्र'

०८	०१	३४	२९
३०	३३	०४	०५
०२	०७	२८	३५
३२	३१	०६	०३

रविवार के दिन 'पुत्रजीवाबूटी तथा शिवलिङ्गी बूटी' को जड़, डाली तथा पत्तों सहित उखाड़ लाये। फिर एक वर्णवाली गौ के दूध के साथ उसे कुमारी के द्वारा पिसवाकर एक ही वर्णवाली गौ के दूध के साथ मिलाकर रजोदर्शन से शुद्ध होकर चौथे दिन से छठे दिन तक–तीन दिन पिये। दवा की मात्रा एक तोला प्रतिदिन। मिश्री मिलाकर दूध–भात का भोजन करें। अधिक परिश्रम न करें। दवा पीने से पूर्व नीचे लिखे दोनों मन्त्रों की एक–एक माला (108 दाने की) श्रद्धा विश्वासपूर्वक अवश्य जप लें।

'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।' 'देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः॥'

तदनन्तर प्रतिदिन दवा पीने से पूर्व उपर्युक्त 'देवकीसुत गोविन्द·······' मन्त्र की एक माला का जप कर लें।

साथ ही (७२) यन्त्र का भी प्रयोग करें। इस यन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगन्ध से लिखकर बांध

(7) तत्त्वज्ञान प्राप्ति हेतु हनुमद् मन्त्र

साथ ही (७२) यन्त्र का भी प्रयोग करें। इस यन्त्र को भोजपत्र पर अष्टगन्ध से लिखकर बाई भुजा, कमर या कण्ठ में ताँबे के तावीज़ में डालकर धूप देकर धारण कर लें। हरिवंशपुराण के पाठ करने अथवा श्रवण से भी पुत्र प्राप्ति होती है।

व्रतोपवास द्वारा सन्तानोत्पत्ति–(1) सन्तान प्राप्ति के लिए भाद्रपद कृष्ण सप्तमी को व्रत किया जाता है। इस दिन उपवास रहकर भगवान् विष्णु का पूजन औरदूसरे दिन "**ॐ क्ली कृष्णाय गोविन्दाय गोपीजन बल्लभाय स्वाहा**"–इस मन्त्र से अग्नि में यव-तिलादि की 108 बार आहुति देकर इच्छा और श्रद्धानुसार भोजन कराएं। पारणा में बिल्वपत्र खाकर षड्रस पदार्थों का भक्षण करें। तदनन्तर प्रत्येक मास की कृष्ण सप्तमी के दिन ऐसा ही व्रत करें। वर्ष पूरा होने पर ब्राह्मण को गोदान करें। वाराह पुराण का वचन है कि ऐसा करने से पुत्रार्थी की निश्चित रूप से मनोकामना पूर्ण होती है।

(2) **पौष शुक्ल एकादशी**–पुत्रदा एकादशी के नाम से विख्यात है। इस दिन नियमपूर्वक एकादशी व्रत करने वाले व्रती की मनोकामना निश्चित रूप से पूर्ण होती है।

(6) लक्ष्मी प्राप्ति एवं शत्रुनाशक 'श्रीबटुक–भैरव मन्त्र'

मन्त्र–ॐ ह्रीं वं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरु-कुरु बटुकाय ह्रीं।।

विनियोग–ॐ अस्य श्री आपद्उद्धरण श्री बटुक भैरव-मन्त्रस्य वृहदारण्यको नाम ऋषिः त्रिष्टुप् छन्दः श्री बटुक भैरवो देवता, ह्रीं बीजं, स्वाहा शक्तिः भैरवः कीलकं मम कार्यसिद्धयर्थे पाठे/जपे विनियोगः।

ध्यान–

ॐ कर कलित कपालः, कुण्डलीदण्डपाणिः।
तरुण तिमिर नील व्याल यज्ञोपवीतिः।
क्रतुसमयसपर्या विघ्न विच्छेद हेतुः।
जयति विघ्न नाथः सिद्धि दः साधकानाम्।

विघ्ननाशक बटुक भैरव यन्त्र

विधि–इस यन्त्र को गोरोचन व कुंकम से भोजपत्र पर स्वच्छ होकर लिखें। अमुक की जगह जिस पर विपत्ति हो उसका नाम लिखें। धूप-दीप आदि से पूजन करें। बटुक भैरव मन्त्र का जाप करें। तावीज़ में रखकर हाथ में बाँध लें। इससे आपत्तियाँ से उद्धार हो। लक्ष्मी की कृपा होगी, शत्रु का नाश तथा किसी प्रकार का अनिष्ट न होगा।



(7) तत्त्वज्ञान प्राप्ति हेतु हनुमद् मन्त्र

ॐ नमो हनुमते मम मदनक्षोभं संहर संहर आत्मतत्त्वं प्रकाशय प्रकाशय हुं फट् स्वाहा।।

–नारद पुराण

–यह साढ़े छत्तीस अक्षरों का मन्त्र है। इसके वसिष्ठ मुनि, अनुष्टुप छन्द और हनुमान देवता हैं। 'तार (ॐ) नमो हनुमते' इतना कहकर तीन बार जाठर (म)–का उच्चारण करें। फिर 'दनक्षोभम्' कह-कह कर दो बार संहर यह क्रियापद बोलें।

सात-सात, छः, चार, आठ तथा चार मन्त्राक्षरों द्वारा षडङ्ग–न्याय करके कपीश्वर हनुमान जी का इस प्रकार ध्यान करें–

जानुस्थवामबाहुं च ज्ञानमुद्रापरं हृदि।
अध्यात्मचित्तमासीनं कदलीवनमध्यगम्।।
बालर्ककोटिप्रतिमं ध्यायेज्ज्ञानप्रदं हरिम्।

'हनुमान जी का बायाँ हाथ घुटने पर रखा हुआ है। दाहिना हाथ ज्ञानमुद्रा में स्थित हो, हृदय से लगा है। वे अध्यात्मतत्त्व का चिन्तन करते हुए कदलीवन में बैठे हुए हैं। उनकी कान्ति उदयकाल के कोटि-कोटि सूर्यों के समान है। ऐसे ज्ञानदाता श्री हनुमान जी का ध्यान करना चाहिए।

इस प्रकार ध्यान करके एक लाख जाप करें और घृत सहित तिल की दशांश आहुति दें, फिर पूर्वोक्ति पीठ पर पूर्ववत प्रभु श्री हनुमान जी का पूजन करें। यह मन्त्र जप किये जाने पर निश्चय ही कामविकार का नाश करता है और साधक कपीश्वर हनुमान जी के प्रसाद से तत्त्वज्ञान प्राप्त कर लेता है।

(8) विदेश में सफलता हेतु मन्त्र

किसी विशेष उद्देश्य हेतु प्रदेश अथवा विदेश यात्रा में सफलता प्राप्ति हेतु निम्नलिखित श्री हनुमान मन्त्र की एक माला अथवा कम से कम 21 बार **श्री हनुमान मन्दिर** में दीप जलाकर श्रद्धापूर्वक जप करने से मनुष्य अपने मनोरथ में सफल हो जाता है। पाठारम्भ एवं समाप्ति पर श्री हनुमत्कवच का भी एक बार पाठ किया जाये तो सिद्धि अवश्यंभावी हो जाती है।

मन्त्र–

त्रैलोक्यं त्रातुकामं सकल भुविगतं राम दूतं नमामि।।
अपराजित नमस्तेऽस्तु नमस्ते रामपूजितं।
प्रस्थानं च करिष्यामि सिद्धिर्भवतु मे सदा।।

(9) भूमि–मकान–जायदाद–कृषिभूमि खरीदने/प्राप्ति के लिए

किसी से भूमि/जायदाद खरीदने या किराये पर लेने का प्रयास किया जा रहा हो अथवा किसी वाद-विवाद-शत्रुता-मुकद्दमा आदि के चक्कर में अपनी ही ज़मीन-जायदाद-मकान

आदि नष्ट होने की स्थिति पैदा हो रही हो तो द्विपुष्कर या त्रिपुष्कर योग जिस दिन पड़े, उस दिन अपनी आकांक्षा के अनुसार संकल्प करके श्रीगणेश-गौरी-कार्त्तवीर्य-दत्तात्रेय और वराह देवता की विधिवत् पूजा करके 10 दिन इस मंत्र का जाप 10-10 माला प्रतिदिन करें-

''ॐ एकदण्ष्ट्राय विद्महे महावराहाय धीमहि तन्नो विष्णुः प्रयोदयात्॥''

11वें दिन इसी मंत्र के 10 माला के जप द्वारा तिल, मधु, घी का हवन करें। फिर 12वें दिन से 27 दिन तक, कुल 16 दिन 5-5 माला प्रतिदिन इसी मंत्र का जप करें-

''ॐ नमो भगवते वराहरूपाय भूर्भुवः स्वः पतये भूपतित्वं मे देहि च दापय स्वाहा॥''

28वें दिन इसी मंत्र के 8 माला जप द्वारा खड़ी हल्दी और घी का हवन करें। फिर 29वें दिन से 40 दिन तक, कुल 12 दिन 12-12 माला प्रतिदिन इस मंत्र का जप करें-

''ॐ श्रीवराहायधरण्युद्धारणाय स्वाहा''

41वें दिन इसी मंत्र का 15 माला जप छोटी इलायची, मधु, घी का हवन करें। 42वें दिन 3 ब्राह्मणों को विधिवत भोजन कराकर सर्वांग वस्त्र दान देने से भूमि/मकान/जायदाद की इच्छित कामना पूर्ण होती है।

(10) पौराणिक मृत्युञ्जय मन्त्र

निम्न पौरागिक मृत्युञ्जय मन्त्र द्वारा महारूद्र रूप मृत्युञ्जय देव के रोगों, बुढ़ापा, जन्म-मृत्यु और कर्म-बन्धनों की पीड़ाओं एवं कष्टों से छुड़वाने के लिए पाठ किया जाता है।

''ॐ मृत्युञ्जय. महारूद्र ! त्राहि मां शरणागतम्।
जन्म-मृत्यु जरा रोगैः पीडितं कर्म बन्धनैः॥''

(11) अकाल मृत्यु एवं कालसर्पादि दोषों की शान्ति के लिए

''ॐ नमो नीलकण्ठाय नमः'' *अथवा ''ॐ नीलकण्ठाय नमः'*

दोनों मन्त्रों का एक ही भाव-अर्थ है कि नीलकण्ठ भगवान् शिव को नमस्कार करते हैं। इस मन्त्र के जप से विभिन्न प्रकार के पापों से निवृत्ति, अकाल मृत्यु भय, तीव्र ज्वर, रूधिर-विकार, कुष्ठादि रोग, भूत-प्रेतादि बाधाएं, सर्पविषादि से भय तथा जन्म-कुण्डली में कालसर्पादि दोषों की शान्ति होती है। यथेष्ट संख्या में संकल्पपूर्वक **श्री नीलकण्ठ स्तोत्र** का पाठ करना भी विशेष लाभकारी होता है।

उपरोक्त मन्त्रों का विनियोग ध्यान एवं अनुष्ठान विधि के लिए **'शिवमन्त्रावली'** पुस्तक में से अवलोकन करें।

इसके अतिरिक्त **श्रीनीलकण्ठ स्तोत्र** के लिए **'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय एवं टोटके'** (लेखक : पं. पन्ना लाल जी) नामक पुस्तक में से देखें।

कुछ उपयोगी तांत्रिक प्रयोग एवं टोटके

(1) विद्या लाभ के लिए गुडुच्यादि प्रयोग–किसी शुभ मुहूर्त्त में गुरूचि, अपामार्ग, बायविडंग, शंखिनी, ब्राह्मी, वच, सोंठ और शतावरी–इन सबको बराबर-बराबर लेकर उसका चूर्ण करें, तदनन्तर गोघृत में मिलाकर उसकी आठ-आठ आने भर की 44 गोलियां बनाकर रख लें और **'ॐ ऐं ह्रीं ह्रों हयग्रीवाय नमो मां विद्यां देहि देहि बुद्धिं वर्द्धय वर्द्धय हुं, फट् स्वाहा।।'**

इस मन्त्र को प्रतिदिन सौ बार पढ़कर मन में विद्या-बुद्धि की प्राप्ति और वृद्धि का विश्वास करके एक गोली रख लें। यह अनुभूत प्रयोग है।

(2) रोगमुक्ति के लिए–यदि परिवार में कोई सदस्य भयंकर रोग से ग्रसित है और दवाईयों से लाभ न मिल रहा हो तो चाँदी के पात्र में केशर युक्त जलभर रात्रि में सिरहाने रखें। सुबह उस जल को पीपल या तुलसी के पौधे पर चढ़ा देने से लाभ होगा। साथ ही दवाई आदि लेते समय **'ॐ केशवाय नमः'**, **'ॐ माधवाय नमः'** एवं **'ॐ नारायणाय नमः'** मन्त्र उच्चारण करके ही दवाई लें। अवश्य लाभ होगा।

(3) अचूक लक्ष्मी वृद्धि के लिए तांत्रिक प्रयोग–भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष में जब भरणी नक्षत्र हो, उस दिन चार कलशों में जल भरकर किसी निर्जन स्थान पर रख आएं। दूसरे दिन उन चार कलशों में से जो कलश सबसे ज्यादा खाली हो उस कलश को घर ले आएं। बाकी कलशों का जल वहीं फैलाकर छोड़ दें। घर लाए कलश में अनाज भरकर पूजा घर में रखने से माँ अन्नपूर्णा एवं माँ लक्ष्मी दोनों प्रसन्न होती हैं। घर के भण्डार गृह में कमी नहीं आती और ऋद्धि-सिद्धि की वृद्धि होती है।

(4) नौकरी प्राप्ति के लिए–नौकरी की इच्छा रखने वाले संघर्षरत जातक/जातिका को दीपावली की शाम **श्री लक्ष्मी पूजा** के समय चने की दाल का कुछ जल श्री लक्ष्मी जी के चरणों पर छिड़क कर पूजा करें। पूजा समाप्ति के बाद दाल इकट्ठी करके पीपल के वृक्ष में समर्पित कर दें। नौकरी के लिए मार्ग-प्रशस्त होंगे।

(5) शीघ्र विवाह हेतु–कन्याओं को यह प्रयोग शुक्ल पक्ष के प्रथम गुरुवार से शुरू करें। गुरूवार की शाम को पाँच प्रकार की मिठाई के साथ हरी इलायची का जोड़ा, ताँबे के बर्तन में शुद्ध जल तथा शुद्ध घी का दीपक अर्पित करें। यह तीन गुरुवार करना चाहिए। इसके अतिरिक्त भूलकर भी वृद्धों का अपमान न करें। वृद्ध व्यक्तियों का यथा सामर्थ्य सम्मान एवं आर्थिक सहायता करनी चाहिए।

–कुछ अनुभूत उपयोगी उपाय–

(1) प्रातः स्नानादि कर के घर के प्रत्येक सदस्य को माथे पर चन्दन का तिलक लगाना चाहिये और उसे लगा ही रहने दें। इससे कई प्रकार के रोग आप से दूर रहेंगे।

(2) निवास के मुख्यद्वार पर बाहर की ओर श्वेतार्क का पौधा लगाने से शत्रु,रोग व चोटादि से घर सुरक्षित रहता है।

(3) घर में तुलसी का पौधा लगाकर, उसका विधिपूर्वक पूजन करके श्री तुलसी स्तोत्र का

टोटके (लेखक : पं. पन्ना लाल जी) नामक पुस्तक में से देखें।

(3) घर में तुलसी का पौधा लगाकर, उसका विधिपूर्वक पूजन करके श्री तुलसी स्तोत्र का

बारह राशियों का ग्रहगोचर अनुसार मासागत फलादेश-सन् 2020 ई.

आगे बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिखा गया है। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण पक्ष जैसे-विद्या, व्यवसाय, नौकरी, विवाह, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा तत्सम्बन्धी समस्याओं के विशेष उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत हस्तलिखित जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म-समय, जन्म स्थान (Place & Time of Birth), माता-पिता का नाम एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। मध्यम विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 1500, अधिक वृहद् विस्तृत की 2500 रुपए। सामान्य मध्यम जन्मपत्री की 801 रु., वार्षिक वर्षफल, उपायों आदि सहित की फीस 751 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 31 पौंड अथवा 51 डालर होगी। डाक व्यय 50 रु. जोड़कर भेजें, फीस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम इस पते पर भेजें- **–पं. विवेक शर्मा सुपुत्र पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर-8 (पंजाब), फोन-0181-2457959**

मेष राशि (Aries)—(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल*—*वर्षारम्भ से 29 मार्च तक तथा पुनः 30 जून से 19 नवं. तक गुरु की शुभ दृष्टि इस राशि पर रहने से मांगलिक कार्यों पर खर्च, धर्म-कर्म में रूचि, विद्या तथा आध्यात्म के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। वर्षारम्भ से 7 फर. तक राशिस्वामी मंगल अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य कष्ट, घरेलु उलझनें तथा धन का अपव्यय व लाभ में कमी रहे। ता. 10 सितं. से 13 नवं. तक मंगल वक्री रहने से स्वभाव में तेजी एवं उत्तेजना बढ़ेगी।* ***उपाय*–*वर्षभर मंगलवार का व्रत विधि विधानपूर्वक रखें। प्रातः एवं सायं श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करना, हनुमान जी की मूर्ति पर सिंधूर व तेल चढ़ाकर प्रसाद बाँटना शुभ होगा।* (नोट*–*स्त्रियां हनुमान जी की मूर्ति स्पर्श न करें।*)

जनवरी–मंगल अष्टमस्थ रहने से स्वास्थ्य कष्ट, घरेलु उलझनें तथा बनते कामों में अड़चनें रहेंगी। धन का अपव्यय, लाभ में कमी एवं गुप्त चिन्ताएं रहेंगी। यद्यपि गुरु की दृष्टि रहने से मांगलिक कार्यों पर खर्च, धर्म एवं विद्या के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। **उपाय**–**मकर संक्रान्ति** के पुण्यकाल वाले दिन (ता. 15 को) प्रातः तिल-गुड़ से निर्मित मिठाई, गर्म वस्त्र तथा नवीन **पंचांगदिवाकर** का दान ब्राह्मण को करना शुभ रहेगा।

फरवरी–ता. 7 तक व्यर्थ की भागदौड़ रहे। परन्तु ता. 8 से मंगल भाग्यस्थान तथा गुरु की दृष्टि के कारण गत बिगड़े कार्यों में सुधार तथा स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। धर्म-कर्म में रूझान एवं शुभ कार्यों पर खर्च होगा। **उपाय**–श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ शुभ रहेगा।

मार्च–ता. 21 तक मिश्रित परिस्थितियों के मध्य खर्च अधिक, घरेलु तनाव भी रहेंगे। सर्विस/व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे, परन्तु ता. 22 से मंगल उच्च राशिगत (मकर) संचार करने से आकस्मिक धन लाभ के चाँस के साथ-साथ अचानक खर्च भी बढ़ेंगे। **उपाय**–मंगलवार को गऊ माता को गुड़ मिश्रित रोटी खिलाना कल्याणकारी रहेगा।

अप्रैल–कुछ रुके हुए महत्त्वपूर्ण कार्यों में सफलता प्राप्त हो, उत्साह एवं उद्यम में वृद्धि होगी। धर्म-कर्म की ओर रूचि, परन्तु क्रोध अधिक तथा वृथा भागदौड़ बनी रहेगी। ता. 13 से सूर्य भी उच्चस्थ होकर संचार करने से पराक्रम व पुरुषार्थ से कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। **उपाय**–ता. 13 से वैशाख मास में **'पाप-प्रशमन स्तोत्र'** का पाठ करना कल्याणकारी रहेगा।

मई–ता. 4 से मंगल कुम्भ (शत्रु) राशिगत होने से स्वास्थ्य विकार, शरीर कष्ट तथा आर्थिक परेशानियों का सामना रहे। राहु तृतीयस्थ होने से परिवार में मतभेद व कलह के योग हैं। सन्तान सम्बन्धी कार्यों में विघ्न रहे। **उपाय**–सन्तान की उन्नति के लिए **'षष्ठी देवी स्तोत्र'** का पाठ करें। (देखें पं. देवीदयालु संस्थान द्वारा प्रकाशित **'जन्मदिन पूजा पद्धति'**)

जून–किसी प्रियजन से मुलाकात परन्तु सन्तान पक्ष से कुछ चिन्ता रहे। मानसिक तनाव व शत्रु वर्ग से परेशानी रहे। व्यर्थ की भागदौड़ भी अधिक रहे। ता. 18 से अनावश्यक खर्च व घरेलु उलझनें अधिक रहेंगी। **उपाय**–श्रीहनुमान कवच का पाठ करना कल्याणकारी रहेगा।

जुलाई–पारिवारिक एवं आर्थिक हालात अनिश्चित रहेंगे। यात्राएं भी रहेंगी। स्वास्थ्य में खराबी और पारिवारिक चिन्ता रहेगी। धोखा मिलने की सम्भावना रहेगी। सावधानी बरतें। खर्चों की अधिकता से घरेलु उलझनें बढ़ेंगी। ***उपाय*–ता. 16 से **श्रावण माहात्म्य** का पाठ करके शिवलिङ्ग पर कच्ची लस्सी तथा बेलपत्र चढ़ाना शुभ होगा।

अगस्त–ता. 15 तक मंगल द्वादशस्थ होने से पारिवारिक उलझनें तथा आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे। अत्यधिक कठिन संघर्ष के बाद भी धन-लाभ कम रहेगा। ता. 10 से मंगल स्वराशिगत (मेष) होने से निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे। **उपाय**–उत्तम वर प्राप्ति के लिए **'श्रीविश्वनाथ मङ्गल स्तोत्र'** का पाठ करें। (देखें पुस्तक **'शिव-मन्त्रावली'**)

सितम्बर–मंगल के संचार तथा गुरु की दृष्टि होने से धन लाभ एवं उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। सांसारिक कार्यों में प्रगति होगी। **उपाय**–ता. 2 से 17 तक पितृपक्ष में दिवंगत पितरों के निमित्त श्राद्ध भोजन अवश्य करवाएं।

अक्तूबर–ता. 4 से वक्री मंगल पुनः द्वादश (मीन) भाव में आने से पारिवारिक एवं घरेलु उलझनों के कारण मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। गुरु की दृष्टि के कारण सन्तान सम्बन्धी किसी बिगड़े कार्य में सुधार एवं कार्यसिद्धि के योग बनेंगे। किन्तु धन का अपव्यय व वृथा भागदौड़ बनी रहेगी। **उपाय**–ता. 16 तक पं. देवीदयालु कृत **पुरुषोत्तम मास माहात्म्य** तथा ता. 17 से **कार्तिक मास माहात्म्य** का पाठ करें।

नवम्बर–सूर्य की उच्च दृष्टि होने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। परन्तु राहु द्वितीयस्थ एवं केतु अष्टमस्थ होने से कुछ आर्थिक समस्याएं एवं शारीरिक कष्ट उभरते रहेंगे। उत्तरार्द्ध में क्रोध एवं आवेश से बचना चाहिए। **उपाय**–मंगलवार का विधिपूर्वक व्रत रखें।

दिसम्बर–ता. 23 तक मंगल पर शनि की दृष्टि रहने से घरेलु परिस्थितियों के कारण तनाव रहेगा। कार्य-व्यवसाय में उलझनें एवं रुकावटें पैदा होंगी। क्रोध अधिक एवं तनाव से परिवारिक जनों के साथ मनमुटाव हो। **उपाय**–श्रीहनुमान कवच का पाठ भी शुभ रहेगा।

वृष राशि (Taurus)—(ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल—*वर्षारम्भ से 23 जन. तक इस राशि पर शनि की ढैय्या तथा 7 फर. तक मंगल की विशेष दृष्टि रहने से संघर्ष अधिक, बनते कार्यों में विघ्न, मानसिक तनाव और कठिन हालात का सामना रहेगा। परन्तु ता. 3 फर. से 28 फर. तक राशिस्वामी शुक्र उच्च राशिस्थ होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। ता. 23 सितं. से वर्षान्त तक इस राशि पर राहु का संचार होने से बनते कार्यों में विलम्ब, नई-नई समस्याएं प्रकट होती रहें।* ***उपाय***—*हर शुक्रवार छोटी कन्याओं का पूजन करके उन्हें बर्फ़ी, फलादि भेंट देकर स्वयं सन्तोषी माता का व्रत रखें।*

जनवरी—मासारम्भ में राशिस्वामी शुक्र भाग्य स्थान में होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। परन्तु शनि-ढैय्या के कारण खर्च भी अधिक रहेंगे। व्यवसाय में दौड़-धूप बढ़ेगी। इन दिनों वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। **उपाय**—श्रीदुर्गा-सप्तशती पाठ करना शुभ रहेगा।

फरवरी—ता. 3 से शुक्र उच्च राशिस्थ (मीन) होने से धन लाभ एवं गत किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। भूमि-वाहनादि सुखों की प्राप्ति होगी। किसी प्रियबन्धु से मुलाकात होगी। गृह में कोई शुभ कार्य भी सम्पन्न होगा। ***उपाय***—ता. 21 को **श्रीमहाशिवरात्रि** के दिन गुड़-शक्कर से रुद्राभिषेक करना कल्याणकारी रहेगा।

मार्च—मासारम्भ से शुक्र स्वराशिगत (वृष) होने से मान-सम्मान, धन लाभ एवं पदोन्नति होने के अवसर प्राप्त होंगे। रुके हुए कार्यों में कुछ सफलता मिलेगी। द्वितीय भाग में अपव्यय बढ़ेगा। दौड़-धूप अधिक रहेगी। तनाव एवं उलझनें, खर्च भी बढ़ेंगे। **उपाय**—हर शुक्रवार को '**श्रीसूक्तम्**' का पाठ करना शुभ रहेगा।

अप्रैल—परिस्थितियों में परिवर्तन होंगे। व्यवसाय में अचानक लाभ प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। स्त्री सुख एवं परिवार में खुशी के अवसर मिलेंगे। परन्तु अष्टमस्थ केतु के कारण स्वास्थ्य परेशानी, आँखों में कष्ट एवं सरकारी क्षेत्रों में विघ्नों का सामना रहे। **उपाय**—शुक्र गायत्री मन्त्र का पाठ करें।

मई—मासारम्भ में परिस्थितियां शुभ रहेंगी तथा धन लाभ होगा। परन्तु ता. 13 से शुक्र वक्री रहने से तथा ता. 14 से सूर्य इस राशि पर होने से क्रोध की अधिकता, बनते कार्यों में विघ्न और आँखों में कष्ट व मानसिक तनाव होगा। **उपाय**—'**पापप्रशमन स्तोत्र**' का पाठ करना शुभ रहेगा। (देखें '**पंचांगदिवाकर**'-वि. संवत् २०७४)

जून—वृष राशि पर सूर्य का संचार तथा शुक्र वक्री होने से दौड़-धूप अधिक रहे तथा व्यवसाय में परेशानियों का सामना रहे। आराम कम व संघर्ष अधिक रहे, स्वभाव में तेजी व क्रोध अधिक रहे। यात्रा भी हो। **उपाय**—सन्तान की उन्नति के लिए '**षष्ठी देवी स्तोत्र**' का पाठ करें। (देखें पं. देवीदयालु संस्थान द्वारा प्रकाशित '**जन्मदिन पूजा पद्धति**')

जुलाई—शुक्र स्वराशिगत (वृष) रहने से किसी नवीन कार्य की योजना बने, पारिवारिक वातावरण पहले से सुखद होगा। गत किए गए प्रयासों से भाग्योन्नति एवं श्रेष्ठ व्यक्तियों से सम्पर्क लाभकारी सिद्ध होंगे। परन्तु निकटस्थ भाई-बन्धुओं के साथ मनमुटाव एवं कलह-क्लेश रहेगा। **उपाय**—'**महाकाल-स्तुति**' का श्रावण मास में पाठ करें। (देखें पुस्तक '**शिव-मन्त्रावली**')

अगस्त—व्यवसायिक क्षेत्र में अनेक उतार-चढ़ाव एवं संघर्ष का सामना रहेगा। कुछ आर्थिक परेशानियां भी बनी रहेंगी। मानसिक तनाव एवं निकट-बन्धुओं से तकरार होगी। सिर-दर्द एवं आँखों में कष्ट की सम्भावना बनी रहेगी। **उपाय**—ता. 15 तक '**महाकाल-स्तुति**' का ही पाठ करें।

सितम्बर—शुक्र तृतीयस्थ में होने से वृथा दौड़-धूप एवं निकट बन्धुओं से तनाव अधिक रहेंगे। परिवार में मतभेद एवं मन में अशान्ति रहेगी। ता. 23 से राहु इस राशि पर संचार करने से आराम कम, संघर्ष अधिक तथा अकस्स्मात् दूरस्थ यात्रा की सम्भावना बनेगी। **उपाय**—ता. 3 से 17-श्राद्धकाल में दिवंगत पितरों के निमित्त श्राद्ध भोजन अवश्य कराएं।

अक्तूबर—मासारम्भ से शुक्र चतुर्थस्थ संचार करने से परिस्थितियों में विशेष परिवर्तन होंगे। आय कम और खर्च अधिक रहेगा। भाई-बन्धुओं से मतभेद, स्वभाव में तेजी एवं उत्तेजना से बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। गत किए गए प्रयासों का प्रतिफल कुछ दिनों के बाद प्राप्त होगा। **उपाय**—पं. देवीदयालु प्रकाशित '**कार्तिक माहात्म्य**' का पाठ करें।

नवम्बर—मासारम्भ में शुक्र नीचस्थ संचार करने से मानसिक तनाव एवं विद्या में विघ्न-बाधाओं का सामना रहेगा। परन्तु ता. 16 से शुक्र षष्ठस्थ होने से परिस्थितियों में कुछ सुधार होने के योग हैं। धीरे-धीरे आर्थिक क्षेत्र में कुछ परिवर्तन एवं लाभ के योग बनेंगे।

दिसम्बर—अत्यन्त संघर्ष एवं कठिनाईयों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु राहु संचार होने से सांझेदारी के कार्यों में हानि, अचानक लाभ तथा अचानक ही हानि की संभावनाएं रहेंगी। व्यर्थ की यात्राएं हों। **उपाय**—पं. देवीदयालु संस्थान की सन्तोषी माता व्रत (शुक्रवार) कथा स्थानीय पुस्तक विक्रेता से लेकर व्रत धारण करें।

मिथुन राशि (Gemini)—(क,की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल (2020 ई.)—*वर्षारम्भ से 22 सितं. तक इस राशि पर राहु का संचार तथा 24 जन. से वर्षान्त तक शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहने से प्रत्येक कार्य में विलम्ब व विघ्न-बाधाएँ रहेंगी। ता. 24 मई से 1 अग. के मध्य बुध स्वराशिगत (मिथुन) संचार करने से अकस्मात् धन-लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि तथा बिगड़े कार्यों में सुधार के संकेत मिलेगें।* ***उपाय***—*ता. 24 जन. के बाद लगातार 7 शनिवार सूखे नारियल को तेल का टीका लगाकर काली डोरी लपेटकर अपने सिर से 3 बार छुआकर शनि बीज मन्त्र पढ़ते हुए सायंकाल चलते पानी में बहा दें।*

जनवरी—मासारम्भ में ता. 13 तक सूर्य-बुध-गुरु-शनि आदि ग्रहों की संयुक्त दृष्टियां तथा राहु-संचार रहने से संघर्षमयी परिस्थितियां रहेंगी। क्रोध अधिक रहे, यद्यपि परिवार में शुभ मंगल कार्य पर खर्च, व्यवसाय में उन्नति की योजना बनेगी। **उपाय**—ता. 24 को (मौनी अमावस) को सफेद वस्तुओं का दान, पितृ-तर्पण एवं तीर्थस्नान से पुण्य प्राप्त होंगे।

फरवरी—मासारम्भ से बुध नवम् अर्थात् भाग्य स्थान पर संचार करने से परिस्थितियों में कुछ सुधार होगा। धन लाभ एवं उन्नति के अवसर मिलेंगे। सेहत में भी कुछ बेहतरी होगी। **उपाय**—ता. 21 को (श्रीमहाशिवरात्रि) **श्रीनीलकण्ठ स्तोत्र** का पाठ करना शुभ रहेगा। (देखें-पुस्तक '**शिव-मन्त्रावली**')

मार्च—ता. 21 तक मंगल की विशेष दृष्टि तथा ता. 10 तक बुध वक्री रहने से यद्यपि पुरुषार्थ एवं उद्यम में वृद्धि होगी, कोई आकस्मिक घटना भी घटेगी। धन का खर्च, अकस्मात् बढ़ेगा। किसी निकटबन्धु से धोखा मिलने के भी संकेत हैं।

अप्रैल—ता. 7 से 24 तक राशिस्वामी [illegible]

अनिश्चितता रहेगी। आय कम व खर्च अधिक रहेगा। स्वास्थ्य-हानि, माता-पिता से अनबन, व्यर्थ की यात्रा एवं क्रोध की अधिकता से पारिवारिक उलझनों में बढ़ौत्तरी एवं दिमागी तनाव रहेगा। **उपाय**–श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ करना शुभ रहेगा।

मई–मासारम्भ में आय ठीक रहेगी, परन्तु 9 से 24 बुध 12वें भाव में होने से कार्य-व्यवसाय सम्बन्धी दौड़-धूप अधिक होगी, धन के खर्च भी अधिक रहेंगे। वाहन एवं मनोरंजन आदि कार्यों पर खर्च विशेष होंगे। किसी प्रियबन्धु से मुलाकात हो।

जून–मासारम्भ से ही इस राशि पर बुध-राहु योग होने से विशेष संघर्ष के उपरान्त ही निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। अकस्मात् खर्च भी अधिक होंगे। ता. 14 से सूर्य भी बुध-राहु के साथ होने से क्रोध के कारण बनते कार्यों में अड़चनें रहेंगी।

जुलाई–इस मास कुछ सोची योजनाओं में प्रगति, रुके हुए कार्यों में सिद्धि मिले। अष्टम भाव में गुरु-शनि योग के कारण तथा केतु सप्तमस्थ होने से आर्थिक समस्याएँ, शरीरिक कष्ट तथा पति/पत्नी से मतभेद आदि चलते रहेंगे। **उपाय**–ता. 16 से '**श्रावण-माहात्म्य**' का नित्य पाठ करें।

अगस्त–शुक्र-राहु योग रहने से पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति अनिश्चित रहेगी। गुप्त परेशानी, शत्रु-भय एवं शरीर कष्ट के योग हैं। अनावश्यक कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा। स्वास्थ्य नर्म, पेट-विकार, व्यर्थ के झगड़े अथवा वाद-विवाद में परेशानी के योग बनेंगे। सावधानी बरतें।

सितम्बर–ता. 2 से 21 तक बुध उच्च राशिगत रहेगा, परन्तु गुरु की दृष्टि एवं राहु-संचार होने से परिस्थितियों में धीरे-धीरे ही सुधार होगा। ता. 23 से राहु का संचार हट जाने से मानसिक तनाव से कुछ मुक्ति मिलेगी। रुके हुए कार्य बनने प्रारम्भ होंगे। **उपाय**–श्राद्धकाल में **पितृ-स्तोत्र** का पाठ करना शुभ रहेगा। (देखें हमारी '**मुफीद आलम जन्त्री**)

अक्तूबर–बुध पंचमस्थ, गुरु की दृष्टि व शनि-ढैय्या होने के कारण मिश्रित प्रभाव रहेंगे। धर्म-कर्म में रुचि एवं आय के साधन बनते रहेंगे। सन्तान या उनके कैरियर सम्बन्धी चिन्ता रहे। ***उपाय***–प्रतिदिन **कार्तिक माहात्म्य** एवं **तुलसी स्तोत्र** का पाठ करना शुभ रहेगा।

नवम्बर–दौड़-धूप के पश्चात् ही गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगें। परिवार में मनमुटाव एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी रहेगी। यद्यपि शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च अधिक होगा। परन्तु मन में गुप्त चिन्ता बनी रहेगी। **उपाय**–कार्तिक माहात्म्य का नित्य पाठ करें एवं तुलसी स्तोत्र का पाठ करें।

दिसम्बर–मासारम्भ में बुध षष्ठस्थ होने से व्यवसायिक क्षेत्रों में दौड़-धूप अधिक एवं स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा। ज़मीन-जायदाद सम्बन्धी समस्याएँ उत्पन्न होंगी। ता. 17 से बुध की स्वगृही दृष्टि पड़ने से पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि होगी। **उपाय**–बुधवार का व्रत विधिपूर्वक रखें।

कर्क (Cancer)—(हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

वर्षफल (2020 ई.)—*ता. 8 फर. से 21 मार्च तक मंगल की अष्टम तथा 22 मार्च से 3 मई तक सप्तम दृष्टि (पुनः 16 अग. से 3 अक्तू. तक चतुर्थ नीच) रहने से मानसिक तनाव, क्रोध, उत्तेजना अधिक परन्तु परिश्रम की कमी रहे। व्यर्थ के विवाद से बचें। ता. 30 मार्च से 29 जून तक गुरु की शुभ उच्च दृष्टि रहने से शुभ कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी तथा किसी मंगल कार्य की योजना भी बनेगी।* ***उपाय***–*ता. 24 जन. के बाद वर्षभर शनिवार का व्रत रखना शुभ रहेगा।*

वर्ष प्रवेश कुंडली



जनवरी–शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। पारिवारिक माहौल पहले से सुखद होगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, परिवार में सुखद माहौल होते हुए भी सन्तान सम्बन्धी गुप्त चिन्ता रहेगी। ***उपाय***–ता. 14 से माघ-माहात्म्य का नित्य पाठ करें तथा किसी वृद्ध ब्राह्मण को '**पंचांग**' संकल्पपूर्वक दान दें।

फरवरी–सूर्य-शनि की दृष्टि रहने तथा ता. 8 से मंगल की भी नीच दृष्टि रहने से माता को परेशानी तथा शरीर कष्ट हो सकता है। मुकद्दमेबाजी या शत्रु पक्ष परेशान करें। उत्तरार्द्ध में अत्यधिक परिश्रम के बाद गुज़ारे योग्य आमदन के साधन बनते रहेंगे। ***उपाय***–शीघ्र विवाह के लिए महाशिवरात्रि पर **श्रीविश्वनाथमङ्गल-स्तोत्र** का पाठ करें। (**देखें–शिव-मन्त्रावली**)

मार्च–मंगल-शनि की दृष्टियां रहने से अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी। कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। खर्चों की अधिकता से मन परेशान रहेगा। गृहस्थ जीवन में तनाव की स्थिति रहे। ***उपाय***–पं. पन्ना लाल ज्योतिषी द्वारा प्रणीत '**श्री दुर्गा-सप्तशती**' में से सिद्ध-कुंजिका स्तोत्र एवं चण्डी-स्तोत्र का पाठ करें।

अप्रैल–मासारम्भ से गुरु की भी शुभ उच्च दृष्टि रहने से मिश्रित प्रभाव रहेंगे। नौकरी/व्यापार में यद्यपि उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु पारिवारिक एवं निजी उलझनों के कारण लाभ में कमी रहेगी। धार्मिक व शुभ कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी।

उपाय–**श्रीदुर्गा-कवच** का पाठ करें। (देखें-**पं. देवीदयालु कृत 'श्रीदुर्गा-सप्तशती'**)

मई–मंगल-शनि के साथ गुरु की भी शुभ दृष्टि होने से बिगड़े हुए कार्यों में धीरे-धीरे सुधार होता जाएगा। परन्तु वृथा भागदौड़ एवं क्रोध की अधिकता से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ेगा। ता. 14 से सूर्य लाभ स्थान में होने से अकस्मात् धन लाभ व उन्नति के चाँस भी बनेंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बढ़ेंगे। ***उपाय***–सूर्य उपासना व गायत्री जप करना शुभ होगा।

जून–गुरु व शनि की दृष्टियां होने से गत परिस्थितियों में कुछ सुधार और किसी नवीन कार्य पर खर्च की योजना भी बनेगी। परन्तु निराशा की भावना को त्यागकर कार्य करना होगा। बनते कार्यों में कुछ विघ्नों के बावजूद कामयाबी की सम्भावनाएं बढ़ेंगी।

उपाय–भौम गायत्री मन्त्र का पाठ करें।

जुलाई–शनि की दृष्टि रहने से धन का अपव्यय, किसी उच्चाधिकारी से विरोध, अकारण ही परिवार में तनाव रहे। यात्रा की योजना, किसी बिगड़े हुए कार्य के बन जाने से खुशी का माहौल बनेगा। यात्रा भी होगी। ***उपाय***–श्रीदुर्गा-सप्तशती का पाठ करना *(कीलक-स्तोत्र सहित) शुभ रहेगा।* (देखें-पं. देवी दयालु कृत '**श्रीदुर्गा-सप्तशती**')

अगस्त–मासारम्भ में सूर्य-बुध का संचार होने से घरेलू एवं आर्थिक परेशानियां बनी रहेंगी। क्रोध एवं उत्तेजना से बचें। मानसिक तनाव व क्रोध की भावना अधिक होगी। भाई-बन्धु से मनमुटाव, स्वास्थ्य में गड़बड़ी उत्पन्न हो, मासान्त में कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा।

सितम्बर–मासारम्भ से मंगल-शनि ग्रहों की दृष्टियां तथा शुक्र का संचार होने से मानसिक तनाव, उत्तेजना, क्रोध अधिक एवं स्वास्थ्य परेशानी रहे। व्यर्थ के वाद-विवाद से दूर रहें। सुख-साधनों पर खर्च अधिक होगा। वृथा यात्रा की परेशानी भी उठानी पड़ेगी। **उपाय**–श्राद्ध-पक्ष में पितरों की तिथ्यनुसार ब्राह्मण भोजन, तर्पण, पिण्डदान करना कल्याणकारी रहेगा।

अक्तूबर–मंगल की दृष्टि तथा शुक्र का संचार हट जाएगा। व्यवसाय/नौकरी में स्थिति मध्यम रहेगी। आर्थिक क्षेत्र में असमंजस की स्थिति होने से मन अशान्त रहे, व्यवसाय में भी परिवर्तन की योजना बनेगी। शुक्र द्वितीयस्थ होने से मनोरंजन आदि कार्यों पर वृथा खर्च अधिक रहेंगे। **उपाय**–पं. देवीदयालु '**कार्तिक-माहात्म्य**' का पाठ करें।

नवम्बर–पूर्वार्द्ध में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। स्वास्थ्य परेशानी, निकट बन्धुओं से विरोध, घरेलु कलह एवं शत्रु भय बना रहेगा। ता. 15 के बाद सूर्य-केतु पंचमस्थ

होने से सन्तान या उनके कैरियर सम्बन्धी चिन्ता रहे। **उपाय–'षष्ठी देवी स्तोत्र'** का लगातार 40 दिन पाठ करें। (देखें हमारी पुस्तक '**जन्मदिन पूजा पद्धति**')

दिसम्बर—शनि के साथ अब गुरु की भी दृष्टि होने से शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। पारिवारिक माहौल पहले से सुखद होगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, परिवार में सुखद माहौल होते हुए भी सन्तान सम्बन्धी गुप्त चिन्ता रहेगी। **उपाय–'षष्ठी देवी स्तोत्र'** का पाठ करें (देखें हमारा '**सन्तान गोपाल स्तोत्र**')

सिंह राशि (Leo)—(म, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल (2020 ई.)—*वर्षारम्भ से 29 मार्च तक पुन: 30 जून से 19 नवं. तक इस राशि पर गुरु की शुभ (नवम) दृष्टि पड़ने से शुभ कार्यों की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी। अकस्मात् धन लाभ हो तथा बिगड़े कार्यों में धीरे-धीरे सुधार होगा। ता. 28 सितं. से 22 अक्तू. तक शुक्र सिंह राशिगत रहने से भौतिक सुखों की प्राप्ति, कार्य-व्यवसाय में वृद्धि परन्तु खर्च बढ़-चढ़ कर रहेगा।* **उपाय**–वर्षभर प्रत्येक रविवार पं. देवीदयालु संस्थान द्वारा प्रकाशित '**आदित्य हृदय स्तोत्र**' का पाठ करें।

जनवरी—मासारम्भ में सूर्य पंचम में होने से कार्य-क्षेत्र में कुछ नवीन योजनाएं बनेंगी। परन्तु लाभ स्थान में राहु होने से आर्थिक परेशानियों का सामना होगा। शनि षष्ठस्थ होने से घरेलू उलझनों के कारण तनाव रहे। **उपाय**–मकर संक्रान्ति को गर्मवस्त्र तथा पंचांग दान करें।

फरवरी—पूर्वार्द्ध में राशिस्वामी सूर्य छटे स्थान में शनि युक्त संचरित है। कार्यों में धीरे-धीरे प्रगति होगी। उत्तरार्द्ध भाग में सप्तमस्थ सूर्य की स्वगृही दृष्टि होने से मान-सम्मान में वृद्धि तथा धन लाभ हो। परन्तु पति/पत्नी में मनमुटाव रहे। **उपाय**–ता. 21 को श्रीमहाशिवरात्रि का विधिपूर्वक व्रत रखें। (देखें-**पं. पन्ना लाल ज्यो.** द्वारा लिखित '**शिवरात्रि व्रत कथा**')

मार्च—पूर्वार्द्ध में राशिस्वामी सूर्य की स्वगृही दृष्टि रहने से उच्च प्रतिष्ठित मित्रों के साथ सम्पर्क बनेंगे। उत्तरार्द्ध में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा, पेट व नेत्र सम्बन्धी रोगों से विशेष सावधानी बरतें। **उपाय**–सूर्य-कवच का पाठ करें।

अप्रैल—सूर्य अष्टमस्थ होने से धन लाभ एवं बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ होंगी। स्वास्थ्य में विकार एवं वृथा खर्च बढ़ेंगे। ता. 13 से सूर्य भाग्यस्थान में उच्चस्थ होने से आय के साधनों में वृद्धि होगी। **उपाय**–वैशाख सं. से '**पापप्रशमन स्तोत्र**' का नित्य पाठ करें।

मई—सूर्य भाग्यस्थान (नवम) में होने से बिगड़े हुए कार्यों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी, किसी शुभ कार्य पर धन खर्च होगा। अष्टम भाव पर शनि की दृष्टि होने से स्वास्थ्य कष्ट, गुप्त चिन्ता व तनाव रहेगा। आकस्मिक खर्च अधिक होंगे। आर्थिक परेशानियों के कारण गुप्त चिन्ताएं होंगी।

जून—मंगल की सप्तमस्थ दृष्टि रहने से कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होंगी। मित्रों की सहायता से किसी कठिन कार्य में सिद्धि होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। परन्तु संघर्षपूर्ण परिस्थितियां होंगी। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। **उपाय–'चाक्षुषोपनिषद् स्तोत्र'** का पाठ करें। (देखें देवीदयालु '**आदित्यहृदय स्तोत्र**')

जुलाई—व्यवसायिक क्षेत्र में अस्थिरता एवं उथल-पुथल के हालात का सामना होगा। खर्च अधिक होंगे, कार्य-व्यस्तताएँ भी रहेंगी। परन्तु संघर्ष के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मानसिक तनाव व घरेलु उलझनें भी रहेंगी। **उपाय**–ता. 16 से श्रावण माहात्म्य का नित्य पाठ तथा '**शिव-मन्त्रावली**' पुस्तक में उद्धृत शिव-स्तोत्रों का पाठ करें।

अगस्त—मासारम्भ में यद्यपि गुरु की दृष्टि होने से धर्म-कर्म की ओर रूचि होगी एवं किसी शुभ कार्य पर खर्च होंगे। परन्तु सूर्य द्वादशस्थ होने से कठिनाई से धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। ता. 16 के बाद दैनिक कार्यों एवं सरकारी क्षेत्रों में रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी।

सितम्बर—सूर्य स्वराशिगत होने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। किसी नवीन कार्यक्षेत्र में धन का निवेश करने की योजना भी बनेगी। आय के साधनों में वृद्धि के साथ-साथ खर्च अधिक होगा। परन्तु वृथा भागदौड़, क्रोध की अधिकता रहे। ***उपाय***–श्राद्ध-पक्ष में '**पितृ-स्तोत्र**' का पाठ करना शुभ रहे।

अक्तूबर—कुछ सोची योजनाओं में आंशिक सफलता मिले, धन लाभ सामान्य रहे। घर-परिवार में शुभ मंगल कार्य भी होंगे। ता. 17 से वृथा भ्रमण और व्यर्थ का खर्च बढ़ेगा। वाहनादि का क्रय-विक्रय भी होगा। पं. देवीदयालु कृत '**कार्तिक-माहात्म्य**' का नित्य पाठ करें।

नवम्बर—सूर्य नीच राशिगत होने से धन लाभ साधारण हो, मानसिक तनाव एवं क्रोध अधिक रहे। परिवार में अकारण ही विरोधाभास और तनाव उत्पन्न हो। उत्तरार्द्ध में व्यर्थ यात्रा से परेशानी होगी। **उपाय–आदित्यहृदय स्तोत्र**' का नित्य पाठ करें।

दिसम्बर—विशेष परिश्रम एवं पारिवारिक सहयोग के बावजूद कार्य-सिद्धि में विलम्ब होगा। परन्तु ता. 16 से सूर्य धनु राशिगत संचार करने से विघ्नों के बावजूद कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि परन्तु क्रोध अधिक रहे।

कन्या राशि (Virgo)—(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

वर्षफल (2020 ई.)—*वर्षारम्भ से 23 जन. तक शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहने से धन-हानि, वृथा कलह-क्लेश, घरेलु एवं व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें व परेशानियां बढ़ेंगी। ता. 30 मार्च से 29 जून तक गुरु की शत्रु दृष्टि रहने से कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 4 मई से 15 अग. तक, पुन: 4 अक्तू. से 23 दिसं. तक मंगल की दृष्टि रहने से मानसिक तनाव, उलझनें तथा वृथा खर्च बढ़ेंगे।* **उपाय**–वर्षभर '**श्रीविष्णु पञ्जर स्तोत्र**' का पाठ तथा प्रत्येक बुधवार गऊओं को हरा चारा डालना शुभ रहेगा।

वर्ष प्रवेश कुंडली



जनवरी—शनि की ढैय्या के कारण विशेष संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। अत्यधिक खर्च एवं घरेलु उलझनों के कारण तनाव रहेगा। बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। मन में अशान्ति एवं असन्तुष्टता बनी रहेगी। **उपाय**–ता. 14 से '**माघ-माहात्म्य**' का पाठ नित्यप्रति तथा ब्राह्मण को पंचांग-दान करना शुभ रहेगा।

फरवरी—मासारम्भ से बुध षष्ठस्थ होने से बनते कामों में विघ्न-बाधाएं, स्वास्थ्य में विकार, पारिवारिक उलझनें एवं व्यवसायिक परेशानियों में वृद्धि होने के संकेत हैं। ता. 17 से बुध वक्री होने से भी कोई-न-कोई समस्या अवश्य ही बनी रहेगी। **उपाय**–रोगनिवारण के लिए '**मृत्युञ्जय-स्तोत्र**' का पाठ शुभ रहेगा। (देखें पुस्तक-'**शिव-मंत्रावली**')

मार्च—बुध षष्ठस्थ रहने से अत्यन्त संघर्ष के पश्चात् ही आय के साधन बनेंगे। किसी व्यक्ति विशेष से धोखे की सम्भावना भी रहेगी। शत्रु सरगर्म, सरकारी क्षेत्रों में परेशानी रहेगी। उत्तरार्द्ध में पेचीदा परिस्थितियों के कारण मानसिक तनाव व चिन्ताएँ रहेंगी। ***उपाय***–'**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' का पाठ करें (लेखक-पं. पन्ना लाल ज्यो. की)

अप्रैल—ता. 7 से बुध नीच राशिस्थ होने से पारिवारिक उलझनें, व्यर्थ की चिन्ता रहे।

गुरु की भी शत्रु दृष्टि होने से निकटस्थ बन्धु से वैचारिक मतभेद रहे। धार्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी। **उपाय–'पापप्रशमन-स्तोत्र'** का नित्य पाठ करें।

मई—मासारम्भ में बुध अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य में विकार, बनते कार्यों में विघ्न तथा धन हानि के संकेत हैं। अत्यधिक कठिनाई से निर्वाह योग्य धन के साधन प्राप्त होंगे। ता. 9 से बुध भाग्यस्थ होकर परिस्थितियों में परिवर्तन करेगा।

जून—राशिस्वामी बुध दशम भाव में राहु युक्त होने से दैनिक कार्यों में प्रगति धीरे-धीरे होगी। भूमि-वाहनादि के क्रय-विक्रय की योजना बनेगी। ता. 18 से बुध वक्री रहने से अनेक उतार-चढ़ाव एवं परिवर्तनों का सामना रहेगा। व्यर्थ यात्रा हो।

जुलाई—दशमस्थ सूर्य-बुध-राहु योग तथा मंगल की दृष्टि रहने से मानसिक तनाव, उलझनें, वृथा खर्च बढ़ेंगे। भाग्यवश उन्नति के विशेष अवसर मिलेंगे। आय से खर्च अधिक स्थान-परिवर्तन के भी योग हैं। **उपाय**—ता. 16 से **'श्रावण-माहात्म्य'** का नित्य पाठ करें।

अगस्त—ता. 2 से 16 तक बुध लाभ स्थान में तथा ता. 15 तक मंगल की दृष्टि रहने से नौकरी में पदोन्नति कुछ रुकावटों के बाद ही हो पाएगी, कार्य-व्यवसाय में आय में कमी रहेगी। ता. 7 से बुध द्वादशस्थ होने से स्वास्थ्य नर्म रहे। **उपाय–'मृत्युञ्जय स्तोत्र'** का पाठ करें।

सितम्बर—ता. 2 से 21 तक बुध स्वराशिगत होने से किसी नवीन कार्य की योजना बने। शुभ कार्यों में खर्च, धन-लाभ और उन्नति के अवसर मिलेंगे। कुछ बिगड़े कामों में सुधार एवं मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पारिवारिक माहौल पहले से बेहतर होगा।

अक्तूबर—बुध द्वितीय भाव में होने से उच्चप्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क रहेंगे। आकस्मिक धन-लाभ एवं मनोरंजन आदि के कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा। स्त्री सुख, सवारी, वाहनादि सुखों में वृद्धि होगी। ***उपाय*–'कार्तिक-माहात्म्य'** का पाठ करें।

नवम्बर—बुध अधिकांशत: द्वितीयस्थ होने से उथल-पुथल के बावजूद गुज़ारे योग्य आय होती रहेगी। ता. 16 तक शुक्र का संचार भी रहने से वृथा भ्रमण, व्यर्थ का खर्च एवं परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। **उपाय**—सूर्याराधाना करना शुभ होगा।

दिसम्बर—पूर्वार्द्ध में बुध तृतीयस्थ व उत्तरार्द्ध में चतुर्थस्थ होने से आराम कम व संघर्ष अधिक रहेगा। ज़मीन-जायदाद एवं वाहन सम्बन्धी समस्या उत्पन्न होगी। व्यवसायिक क्षेत्रों में दौड़-धूप अधिक परन्तु आय कम रहेगी। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहे।

तुला राशि (Libra)—रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल (2020 ई.)—*ता. 24 जनवरी से वर्षान्त तक इस राशि पर शनि की ढैय्या के प्रभाव से संघर्ष अधिक, धन-हानि, तनाव आदि अशुभ फल घटित होंगे। कार्यों में विघ्न-बाधाओं एवं आर्थिक उलझनों का सामना रहेगा। ता. 18 जून से वर्षान्त तक शनि के साथ मंगल की भी सप्तम व अष्टमस्थ दृष्टि रहने से स्वभाव में उत्तेजना, तनाव व क्रोध अधिक रहेगा।* ***उपाय***—*वर्षभर* दशरथकृत शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

जनवरी—मासारम्भ में शुक्र चतुर्थ भाव में होने से नए वाहन, भूमि-जायदाद लेने का विचार बने। ता. 9 से शुक्र पंचमस्थ (उच्च) होने से धन-लाभ व उन्नति के चाँस बनेंगे। परन्तु ता. 24 से शनि की ढैय्या रहने से मानसिक तनाव एवं आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे। **उपाय**—ता. 14 से नित्य **'शिवमहिम्न-स्तोत्र'** एवं **'माघ-माहात्म्य'** का पाठ करें।

फरवरी—मासारम्भ में ता. 2 से शुक्र षष्ठस्थ उच्चस्थ होकर मंगल द्वारा दृष्ट है। संघर्ष के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी, सिनेमा, संगीत एवं विलासादि कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा। चोटादि का भय है, सावधानी बरतें।

मार्च—मासारम्भ से ही तुला राशि पर शुक्र की स्वगृही दृष्टि रहने से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, अकस्मात् धन-लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। विदेश सम्बन्धी कार्यों में कुछ प्रगति परन्तु विघ्नों के पश्चात् ही सफलता मिलेगी। **उपाय**—श्रीदुर्गा-सप्तशती का पाठ शुभ रहेगा।

अप्रैल—मासारम्भ से ही शुक्र अष्टमस्थ एवं शनि की ढैय्या रहने से मानसिक तनाव, शरीर कष्ट, स्वास्थ्य हानि एवं गुप्त चिन्ता रहेगी। खर्च अधिक तथा घरेलु उलझनें रहेंगी। **उपाय**—ता. 13 से **'पापप्रशमन स्तोत्र'** का पाठ करना शुभ रहेगा।

मई—शुक्र अष्टमस्थ रहने से व्यवसाय में आंशिक लाभ एवं विलासादि कार्यों पर धन का व्यय अधिक होगा। ता. 13 से शुक्र वक्री होने से शुभ फल में कमी रहेगी। विरोधियों द्वारा बनते कामों में अड़चनें पैदा करने से धन हानि होगी। **उपाय–'कनकधारा-स्तोत्र'** का पाठ करें।

जून—बनते कार्यों में विघ्न व विलम्ब, वृथा भागदौड़, मानसिक तनाव एवं खर्च अधिक रहेगा। ता. 18 से मंगल की भी दृष्टि रहने से गुप्त चिन्ता एवं परिवार में असमंजस के हालात बनेंगे। उत्तरार्द्ध में अधिकतर समय यात्रा अथवा आराम में ही व्यतीत होगा।

जुलाई—शुक्र अभी भी अष्टमस्थ है, मं.-श. की विशेष दृष्टियां हैं। विभिन्न व्यवसायिक उलझनों का सामना रहेगा। किसी निकट-बन्धु से धोखा मिलने के भी संकेत हैं। आलस्य में वृद्धि, स्वास्थ्य में खराबी और व्यर्थ के कामों में अधिक धन व समय नष्ट होगा। ***उपाय***—प्रत्येक मंगल व बुधवार **श्रीगणेश-चालीसा** का पाठ करना शुभ होगा।

अगस्त—शुक्र भाग्यस्थ होने से विशेष संघर्ष एवं परिश्रम से ही आय के साधनों में वृद्धि होगी। कोई रुका हुआ कार्य बनेगा, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परन्तु राहु युक्त होने से कुछ कार्यों में विलम्ब तथा स्वास्थ्य नर्म रहे।

सितम्बर—शुक्र दशमस्थ तथा शनि ढैय्या के कारण आजीविका के लिए दौड़-धूप अधिक रहे, भाई-बन्धुओं से व्यर्थ का टकराव रहे। मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। स्वास्थ्य में विकार, माता-पिता से मतभेद एवं नौकरी/व्यवसाय में परिवर्तन का विचार बनेगा।

अक्तूबर—शुक्र लाभ स्थान में होने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। परिश्रम और पुरुषार्थ करने पर धन लाभ के अवसर मिलेंगे। विलासादि कार्यों पर धन का खर्च होगा। ता. 17 के बाद नौकरी में तरक्की एवं व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई योजनाएं भी बनेंगी। ***उपाय*–कार्तिक माहात्म्य** (लेखक–पं. पन्ना लाल ज्यो.) का नित्य पाठ करें।

नवम्बर—सूर्य का संचार तथा शुक्र द्वादशस्थ (नीच) होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, बनते कामों में विघ्न, परिवार में मतभेद एवं खर्च की अधिकता से मन परेशान रहेगा। व्यवसाय में उथल-पुथल, क्रोध अधिक तथा चोटादि का भय है। **उपाय**—ता. 30 तक कार्तिक माहात्म्य का पाठ करें।

दिसम्बर—पूर्वार्द्ध में शुक्र का संचार है। दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण उत्तरार्द्ध भाग में आय कम तथा खर्च अधिक रहेंगे। **'श्रीसूक्तम्'** का पाठ करना शुभ रहेगा।

वृश्चिक राशि (Scorpio)-(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

वर्षफल (2020 ई.)—*ता. 24 जनवरी से इस राशि से शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव हट जाने से गत बिगड़े हुए कार्यों में सुधार होना प्रारम्भ होगा तथा आर्थिक परेशानियां कम*

होंगी। ता. 10 सितं. से 13 नवं. तक मंगल वक्री रहने तथा 23 सितं. से वर्षान्त तक इस राशि पर केतु का संचार होने से मानसिक चिन्ताएँ तथा कार्यों में रुकावटें व विलम्ब उत्पन्न होंगे। **उपाय**—*वर्षभर मंगलवार का व्रत रखना तथा सुनिश्चित समय पर श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ करना शुभ रहेगा।*

वर्ष प्रवेश कुंडली



जनवरी—मंगल स्वगृही होने से नवीन कार्य की योजना बनेगी, मान-सम्मान में वृद्धि, पराक्रम एवं उत्साह में बढ़ौत्तरी, उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क लाभकारी रहेंगे। परन्तु शनि-साढ़ेसाती के कारण मानसिक तनाव, स्वभाव में उग्रता एवं निकट-बन्धुओं से मतभेद उभरेंगे।

फरवरी—ता. 7 से मंगल धनु राशिगत संचार करने से आय के साधनों में वृद्धि एवं शुभ मंगल कार्यों पर धन का खर्च होगा। परन्तु मंगल केतु युक्त होने से पारिवारिक समस्याएं एवं आर्थिक उलझनें उभरती सिमटती रहेंगी। **उपाय**–'**श्रीविश्वनाथमङ्गल स्तोत्र**' का पाठ करें। (देखें पुस्तक '**शिव-मन्त्रावली**') (लेखक : पं. पन्ना लाल ज्योतिषी)

मार्च—धन लाभ एवं पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ मंगल कार्य भी सम्पन्न होंगे। ता. 22 से मंगल उच्चस्थ होने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद व्यवसायिक कार्यों में सफलता मिलेगी। ज़मीन-जायदाद आदि का क्रय-विक्रय करने की योजना बनेगी। **उपाय**–'**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' का नित्य पाठ करें।

अप्रैल—धन लाभ कम तथा घरेलु उलझनों के कारण मानसिक तनाव रहेगा। परन्तु मंगल उच्चस्थ होने से उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के सहयोग से व्यवसाय में उन्नति के अवसर मिलेंगे। पराक्रम में वृद्धि, कार्य में लाभ व उन्नति के चाँस बनेंगे। ***उपाय***–'**पापप्रशमन स्तोत्र**' का ता. 14 से नित्य पाठ करें।

मई—ता. 4 से मंगल चतुर्थ स्थान पर आने से अचानक खर्चों में वृद्धि एवं घरेलू परेशानियों का सामना होगा। घर-परिवार सम्बन्धी उलझनें रहेंगी। दुर्घटना में चोटादि का भय रहेगा। व्यर्थ की यात्रा भी हो।

जून—ता. 13 तक सूर्य की मित्र दृष्टि रहने से व्यवसाय में संघर्ष के बाद आय के स्रोत बढ़ेंगे। ता. 18 से मंगल पंचमस्थ होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट तथा खर्च अधिक रहेंगे। विशेष सावधानी बरतें। **उपाय**–**श्रीसूक्तम्** का पाठ शुभ रहेगा।

जुलाई—यद्यपि आय के साधन बनते रहेंगे, परन्तु व्यवसायिक क्षेत्रों में संघर्ष रहे। परिवार में अत्यधिक खर्च और सन्तान सम्बन्धी परेशानी रहेगी। ***उपाय***–ता. 16 से श्रावण माहात्म्य का पाठ तथा नित्य शिवलिङ्ग पर जलाभिषेक करना शुभ होगा।

अगस्त—पूर्वार्द्ध में स्वास्थ्य में गड़बड़ी, रक्त-पित्त विकार, नेत्र पीड़ा एवं परिश्रम व उत्साह में कमी रहेंगी। स्वभाव में क्रोध एवं चिड़चिड़ापन रहेगा। संयमपूर्ण व्यवहार करें। ता. 16 से मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से नए उच्चाधिकारियों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

सितम्बर—ता. 10 से मंगल वक्री होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, मानसिक तनाव, स्वभाव में उग्रता, वाणी में कटुता तथा क्रोध के कारण निकट बन्धुओं से मतभेद उभरेंगे। धर्म-कर्म में रूचि बढ़े। आलस्य में वृद्धि एवं उद्योग में आंशिक सफलता प्राप्त होगी। ***उपाय***–श्राद्ध-पक्ष में प्रतिदिन '**पितृ-स्तोत्र**' का पाठ करें। (देखें-'**मुफीद आलम जन्त्री**-2020 ई.)

अक्तूबर—मासरम्भ ता. 4 से वक्री मंगल पंचमस्थ आने तथा केतु का संचार होने से वृथा वाद-विवाद से मानसिक तनाव व हानि होगी। दूसरों को दोष देना उचित न होगा। कठिन परिश्रम करने पर भी उचित लाभ न मिले। स्त्री एवं सन्तान की ओर से चिन्ता रहेगी। **उपाय**–प्रतिदिन कार्तिक माहात्म्य का पाठ करें।

नवम्बर—विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन-लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त हो। कारोबार में व्यस्तताएँ बढ़ेंगी। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बने। यात्रा का प्रोग्राम बनेगा। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। मासान्त में स्त्री सुख व शुभ समाचार मिले।

दिसम्बर—अत्यधिक परिश्रम के पश्चात् भी अल्प धन लाभ होगा। सन्तान व माता-पिता की तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। सांझेदारी के कामों में हानि होगी। अकस्मात् यात्रा और व्यर्थ के कामों में धन का व्यय होगा। धन के सम्बन्ध में निकट बन्धु से तकरार होगी।

धनु राशि (Sagittarius)-(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)

वर्षफल (2020 ई.)—*वर्षारम्भ से 28 मार्च तक राशिस्वामी गुरु स्वराशिगत धनु (लग्न) में ही संचार करने से शुभ फल घटित होंगे। धर्म-कर्म की ओर प्रवृत्ति बढ़ेगी। परन्तु वर्षभर शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव रहने से नई-नई समस्याएं तथा उलझनें सामने आती रहेंगी। ता. 29 मार्च से 29 जून तक, पुन: 20 नवं. से वर्षान्त तक गुरु नीच राशिगत (मकर) संचार करने से मानसिक एवं आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी।* **उपाय**—वर्षभर प्रत्येक शनिवार शनि-मन्दिर में सरसों का तेल, प्रसाद आदि यथाशक्ति चढ़ाएं तथा दशरथकृत शनि-स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

वर्ष प्रवेश कुंडली



जनवरी—पूर्वार्द्ध ता. 13 तक इस राशि पर पंचग्रही योग रहने से विशेष उथल-पुथल रहेगी। पारिवारिक व आर्थिक उलझनों एवं तनाव का सामना रहेगा। अत्याधिक भागदौड़, अनावश्यक उलझनें और खर्च अधिक रहे। उत्तरार्द्ध में मान-सम्मान में वृद्धि और धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे।

फरवरी—ता. 8 से मंगल-केतु के लग्न भाव में होने से व्यर्थ की यात्रा में परेशानी व खर्च अधिक होगा। भागदौड़ के उपरान्त भी गुज़ारे योग्य धन प्राप्त होने में विलम्ब होगा। शनि-साढ़ेसाती के कारण से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियां रहें। **उपाय**–'**शिव-मानस पूजा**' स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा। (देखें पुस्तक '**शिव-मन्त्रावली**')

मार्च—गुरु इसी राशि में होने से संघर्षमयी परिस्थितियों के बावजूद आय तथा मान-सम्मान में वृद्धि होगी। धर्मपरायण लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे। पति या पत्नी को स्वास्थ्य कष्ट रहे। **उपाय**–पं. देवीदयालु संस्थान द्वारा प्रकाशित '**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' में से चण्डी-स्तोत्र व कवच का पाठ करना शुभ रहेगा।

अप्रैल—मासारम्भ से ही राशिस्वामी गुरु नीच राशिगत (मकर) रहने से मानसिक एवं आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी। शनि-साढ़ेसाती एवं केतु संचार होने से मन में अशान्ति, पारिवारिक उलझनें तथा बन्धुओं से मतभेद भी रहेंगे।

मई—अपने साहस और परिश्रम से ही कार्यक्षेत्र की समस्याएं सुलझानी पढ़ेंगी। ता. 14 से गुरु वक्री रहने से भी बौद्धिक कार्यों में रूचि कम होगी व विद्यार्थियों को विद्या में आशाऽनुकूल सफलता नहीं प्राप्त हो सकेगी। **उपाय**–'**सरस्वती-स्तोत्र**' का पाठ करें।

जून—विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुज़ारेलायक धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। धर्म-कर्म में रूझान रहे। उत्तरार्द्ध में यद्यपि अकस्मात् बिगड़े हुए कार्य के बन जाने से खुशी का माहौल बनेगा। परन्तु परिवार में विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेगा।

जुलाई—मासारम्भ से ही वक्री गुरु पुन: इसी राशि में आने से परिस्थितियों में [illegible]

सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलेगी। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। कुछ उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। **उपाय**—ता. 16 से **'श्रावण-माहात्म्य'** का पाठ नित्य करें।

अगस्त—कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परिवार में व्यर्थ की आर्थिक उलझनें बढ़ेंगी। निकटतम भाई-बनधुओं से मनमुटाव पैदा होगा। उत्तरार्द्ध में किसी विशिष्ट व्यक्ति से मुलाकात हो। धार्मिक कार्य की ओर रूचि बढ़े।

सितम्बर—गुरु का संचार रहने से उलझनों एवं अड़चनों के बावजूद आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु शुक्र अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य विकार एवं कार्यों में विघ्न भी पैदा होंगे। मासान्त में अचानक धन लाभ एवं शुभ समाचार मिलेगा। **उपाय**—श्राद्ध पक्ष में प्रतिदिन पितृ-स्तोत्र का पाठ करें। (देखें-**'मुफीद आलम जन्त्री-2020 ई०'**)

अक्तूबर—केतु का संचार इस राशि से हट जाने से पुरानी चली आ रही समस्याएं मानसिक उचाटता व चिन्ताएं कुछ दूर होंगी। गुरु की स्थिति इसी राशि पर रहने से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। अच्छे लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे।

उपाय—ता. 17 से कार्तिक माहात्म्य (लेखक : पं. पन्ना लाल ज्यो.) का पाठ करें।

नवम्बर—मासारम्भ में बिगड़े कार्यों में धीरे-धीरे सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। मान-सम्मान तथा नौकरी में पदोन्नति हो। ता. 20 से गुरु नीच राशि में शनि युक्त होने से धन का खर्च अधिक होने से उलझनें रहेंगी।

दिसम्बर—राशिस्वामी गुरु नीचस्थ होने से घर-परिवार की ओर से कोई चिन्ता रहेगी। मानसिक तनाव रहे। ता. 15 से सूर्य इसी राशि पर होने से कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार और प्रगति होगी। क्रोध पर नियन्त्रण रखें। व्यर्थ की यात्रा भी होगी।

मकर राशि (Capricorn)—(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल (2020 ई.)—*वर्षभर शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव तथा 24 जनवरी से वर्षान्त तक शनि लग्न (इसी) भाव पर संचार करने से संघर्षमयी परिस्थितियों के बावजूद गुज़ारेलायक आय के साधन बनते रहेंगे तथा नई-नई योजनाएं भी बनेंगी। ता. 30 मार्च से 29 जून तक, पुन: 20 नवं. से वर्षान्त तक गुरु नीचस्थ इस राशि पर होने से निकटस्थ पारिवारिक सदस्यों या कारोबार में किसी के साथ मतभेद एवं तकरार के हालात बनेंगे।* **उपाय**—हमारी **'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय व टोटके'** नामक पुस्तक में दिए गए शनि वज्रपञ्चर कवच का पाठ हर शनिवार को करने से विशेष लाभ होगा।

जनवरी—पूर्वार्द्ध में द्वादश भाव में पंचग्रही योग रहने से व्यवसाय में परेशानी, तनाव, धन सम्बन्धी समस्याएं एवं परिवार में मतभेद रहेंगे। अनावश्यक कार्यों पर खर्च अधिक होगा। ता. 14 से इस राशि पर सूर्य का संचार होने से वृथा खर्च, पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी। **उपाय**—सूर्य उपासना करना शुभ रहेगा।

फरवरी—मासारम्भ में लग्न में ही सूर्य-शनि योग होने से मिश्रित प्रभाव रहेंगे। पराक्रम व अपने उद्यम द्वारा आय के साधनों में वृद्धि होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि एवं आय से खर्च अधिक होगा। परन्तु पिता-पुत्र जैसे निकट सम्बन्धी में मतभेद एवं सहयोग की कमी रहेगी।

मार्च—मासारम्भ में कुछ आर्थिक समस्याएं व्यथित करेंगी। शनि का संचार होने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 22 से मंगल इस राशि में उच्चस्थ होकर संचार करने से क्रोध व उत्तेजना बढ़ेगी।

अप्रैल—मंगल इस राशि पर उच्चस्थ होने से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। कोई रुका हुआ कार्य बनेगा। मंगल की सप्तम भाव पर नीचदृष्टि होने से दाम्पत्य जीवन में परेशानी, गुरु नीचस्थ होने से स्वास्थ्य विकार, क्रोध अधिक, वृथा भागदौड़ रहेगी।

मई—गुरु इस राशि पर नीचस्थ होने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद गुज़ारेलायक धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। मानसिक चिन्ताएं एवं फिजूलखर्ची बढ़ेगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। व्यापार/नौकरी में बाधाएँ उत्पन्न होंगी। धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति रखने से कल्याण होगा।

जून—कारोबार मध्यम रहेगा। विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन की प्राप्ति होगी। विलासादि कार्यों पर धन खर्च होगा। घर-परिवार की तरफ से चिन्ता उत्पन्न होगी। कुछ घरेलु परेशानियां, मानसिक तनाव उत्पन्न करेंगी। शरीर कष्ट का भय होगा।

जुलाई—मासारम्भ में संघर्ष व परिश्रम के उपरान्त गुज़ारेलायक धन प्राप्ति होगी और उलझा हुआ कार्य बनेगा। ता. 16 से इस राशि पर सूर्य की दृष्टि रहने से बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। **उपाय**—ता. 16 से श्रावण-माहात्म्य का पाठ कल्याणप्रद रहेगा।

अगस्त—सरकारी क्षेत्रों में रुकावटें पैदा होने की सम्भावनाएं होंगी। आय के साथ-साथ खर्च भी बहुत होंगे। वृथा मानसिक तनाव एवं स्वभाव में तेजी रहे।

सितम्बर—पूर्वार्द्ध भाग में धन लाभ एवं सुख-साधनों की प्राप्ति होगी। वृथा खर्च भी बढ़ेंगे। आमोद-प्रमोद आदि साधनों में विस्तार एवं वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में भी रूझान रहेगा। उत्तरार्द्ध में परिवारिक उलझनों के कारण मन संतप्त रहे। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि के कारण तनाव रहे। ***उपाय***—**पितृस्तोत्र** का पाठ करें। (देखें **'मुफीद आलम जंत्री'**)

अक्तूबर—आर्थिक हालात पहिले से बेहतर होंगे। कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। सांझेदारी में मान-इज्जत बढ़ेगी। मासान्त में शुभ समाचार, अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति होंगी। घर-परिवार में सुखद माहौल होते हुए भी गुप्त चिन्ता रहे। धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा।

नवम्बर—धन-लाभ एवं उन्नति के पर्याप्त अवसरों के बावजूद समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। ता. 20 से गुरु पुनः इस राशि पर होने से यद्यपि पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, पारिवारिक वातावरण कुछ बेहतर होगा। परन्तु शत्रु सरगर्म होने से परेशानी होगी।

दिसम्बर—शनि-साढ़ेसाती एवं गुरु संचार के कारण मानसिक बेचैनी, निकटस्थ भाई-बन्धुओं से तनाव एवं मतान्तर पैदा हों। कारोबार में उतार-चढ़ाव और संघर्ष रहेगा। स्वास्थ्य नर्म और गुप्त चिन्ता बनी रहेगी। परन्तु धनागमन के निर्वाह योग्य साधन बनते रहेंगे।

कुम्भ राशि (Aquarius)—(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

वर्ष प्रवेश कुंडली



वर्षफल (2020 ई.)—*ता. 24 जन. से वर्षान्त तक कुम्भ राशि पर शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव होने से परिवार एवं व्यवसाय सम्बन्धी दौड़-धूप, वृथा परिश्रम, आय कम एवं खर्च अधिक रहें। ता. 4 मई से 17 जून तक मंगल इस राशि पर संचार करने तथा 11 मई से 28 सितं. तक शनि वक्री रहने से व्यवसाय व गृह सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। दुर्घटना से चोटादि का भी भय है, सावधानी बरतें।* ***उपाय***—*सात शनिवार शनि मन्दिर में शनि कवच का पाठ करके सरसों के तेल का दीप जलाएँ और 7वें शनिवार शिवलिङ्ग पर भी* ***'ॐ नमः शिवाय'*** मन्त्र पढ़ते हुए कच्ची लस्सी और दूध, बिल्वपत्र चढ़ाना शुभ होगा।

जनवरी—ता. 23 तक राशिस्वामी शनि की स्वगृही दृष्टि रहने से नई-नई कार्य योजनाएं बनेंगी। गत किए गए कार्यों में सफलता व लाभ प्राप्त होगा। ता. 24 से आर्थिक उलझनें पैदा होंगी, परन्तु भाग्यवश पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

फरवरी—मासारम्भ में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे, परन्तु शनि-साढ़ेसाती तथा ता. 12 से सूर्य भी इस राशि पर होने से परिस्थितियां संघर्षपूर्ण रहेंगी। बनते कार्यों में अड़चनें, घरेलू उलझनें, क्रोध अधिक रहे। आराम कम व दौड़-धूप अधिक रहे।

मार्च—मासारम्भ में सूर्य लग्न में तथा राहु पंचम में होने से सन्तान सम्बन्धी विशेष चिन्ता व तनाव रहेगा। ता. 22 से द्वादश भाव में मंगल-शनि योग होने से निकटस्थ भाई-बन्धु व पत्नी से तनाव तथा अत्यधिक खर्च होंगे। ***उपाय***—'**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' में से चण्डी-कवच व चण्डी स्तोत्र का पाठ करें।

अप्रैल—द्वादश भाव में मंगल-गुरु-शनि योग होने से आर्थिक समस्याएं पेचीदा रूप ले सकती हैं, पहले से ही सावधानी बरतें। निकट बन्धुओं से तकरार, पारिवारिक, कलह एवं मन अशान्त रहेगा। **उपाय**—पापप्रशमन-स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

मई—मासारम्भ ता. 4 से मंगल इस राशि पर संचार करने से घरेलु उलझनों व परेशानियों के कारण तनाव रहेगा। खर्च बढ़-चढ़ कर रहेंगे तथा सन्तान सम्बन्धी चिन्ता भी रहे। निर्वाह योग्य आय के साधनों के बावजूद आकस्मिक खर्च परेशान करेंगे।

जून—मंगल का संचार होने से अत्यधिक भागदौड़ करने पर भी विशेष धन लाभ नहीं हो पाएगा। मानसिक तनाव एवं स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। अकस्मात् यात्रा के योग हैं। **उपाय**—श्रीसुन्दरकाण्ड का नित्य पाठ करें।

जुलाई—शनि वक्री होने से स्वास्थ्य नर्म एवं कुछ घरेलु व व्यवसायिक कारणों से विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा। आय कम व व्यय अधिक रहेगा। किसी विशेष कार्य की योजना बनेगी। **उपाय**—ता. 16 से '**श्रावण माहात्म्य**' का नित्य पाठ करें।

अगस्त—द्वितीयस्थ मंगल पर शनि की विशेष तृतीय दृष्टि होने से कार्य-व्यवसाय सम्बन्धी विशेष परेशानियां होंगी। निकटस्थ बन्धुओं से भी मनमुटाव या तकरार की स्थिति बनेगी। वृथा खर्च अधिक होंगे।

सितम्बर—सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता प्राप्ति होगी। सरकारी कार्यों में विघ्न-बाधाएं परन्तु पुरुषार्थ एवं परिश्रम से धनागमन के साधन बनते रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में परेशानी एवं मतभेद बढ़ेंगे। स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष सावधानी बरतें।

अक्तूबर—शनि द्वादशस्थ तथा ता. 4 से मंगल पुनः मीन में आने से स्वास्थ्य नर्म एवं चोटादि का भय रहेगा। मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। उत्तरार्द्ध में मान-सम्मान में वृद्धि, धर्म-कर्म में अभिरूचि एवं शुभ मंगल कार्यों पर धन का खर्च होगा।

नवम्बर—स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी, बनते कामों में विघ्न, वृथा भागदौड़ एवं मानसिक तनाव रहेगा। दूरस्थ यात्राएं, धन का खर्च भी अधिक होगा। भूमि-वाहनादि का क्रय-विक्रय करने में बाधाएं एवं सौन्दर्य वस्तुओं पर धन खर्च हो।

दिसम्बर—द्वादशस्थ गुरु-शनि तथा ता. 23 तक मंगल द्वितीयस्थ होने से व्यवसायिक क्षेत्र में अनके उतार-चढ़ाव के हालात् बनेंगे। परन्तु विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मासान्त में शुभ यात्रा हो।

मीन राशि (Pisces)—(दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

वर्षफल (2020 ई.)—*राशिस्वामी गुरु वर्षारम्भ से 29 मार्च तक, पुनः 30 जून से 19 नवं. तक स्वराशिगत (धनु) संचार करने से व्यवसाय में व्यस्तता तथा आय में धीरे-धीरे वृद्धि होती रहेगी। ता. 8 फर. से 21 मार्च तक इस राशि पर मंगल की दृष्टि होने से तनाव व घरेलु उलझनों के कारण गुप्त चिन्ताएं बनी रहेगी।*

वर्ष प्रवेश कुंडली



जनवरी—गुरु स्वराशि धनु में होने से अचानक धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे और नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से नया कार्य आरम्भ होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

फरवरी—शनि की तृतीय तथा ता. 8 से मंगल की दृष्टि रहने से स्वास्थ्य तथा घरेलु उलझनों के कारण तनाव एवं गुप्त चिन्ताएं रहेंगी। ता. 13 से सूर्य भी द्वादशस्थ होने से अचानक खर्च आशातीत रूप से बढ़ेंगे। **उपाय**—श्रीमहाशिवरात्रि का व्रत रखकर '**शिव-मन्त्रावली**' पुस्तक में दिए गए शिव-स्तोत्रों का पाठ करें।

मार्च—शनि की दृष्टि तथा सूर्य द्वादशस्थ होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा, परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 14 से सूर्य का संचार होने से क्रोध, उत्तेजना अधिक रहेगी। निकट बन्धुओं से विचार-वैमनस्य रहेगा।

अप्रैल—राशिस्वामी गुरु नीच राशिगत (मकर) संचार करने से निकटस्थ भाई-बन्धुओं एवं पत्नी से विचार-वैमनस्य, क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ सकता है। आर्थिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा।

मई—गुरु नीचराशिगत एवं शनि की दृष्टि होने से कुछ सोची योजनाओं में विघ्न-बाधाएं एवं धन का खर्च अधिक होगा। दूरस्थ यात्राएं, वृथा भागदौड़ एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी आशानुकूल लाभ में कमी रहेगी। **उपाय**—वैशाख माहात्म्य का पाठ करना शुभ रहेगा।

जून—कार्यक्षेत्र में विघ्नों के बावजूद स्थिति कुछ अनुकूल होने के आसार बढ़ेंगे। कुछ सोची-योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। गुप्त चिन्ता, अज्ञात भय, पेट व लीवर में खराबी के कारण विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा।

जुलाई—राशिस्वामी गुरु पुनः दशमस्थ स्वराशिगत होने से धर्म-कर्म एवं आध्यात्मिक कार्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी। परिवार में भाई-बन्धुओं का सहयोग प्राप्त होगा। मंगल का संचार होने से क्रोध/आवेश के कारण कोई कार्य बिगड़ सकता है। ***उपाय***—ता. 16 से '**श्रावण माहात्म्य**' का पाठ करें।

अगस्त—भाग्येश मंगल लग्न तथा द्वितीयस्थ तथा गुरु स्वराशिस्थ रहने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद व्यवसायिक क्षेत्रों में धन लाभ व उन्नति के योग हैं। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। धर्म एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में रूझान बढ़ेगा। अचानक धन प्राप्ति के साधन बढ़ेंगे।

सितम्बर—मासारम्भ में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। धन का अधिक खर्च विलासादि कार्यों पर होगा। ता. 16 से शनि के साथ सूर्य की भी दृष्टि होने से क्रोधाधिक्य, दाम्पत्य जीवन में कुछ मतभेद, धन का लेन-देन करते समय कुछ विवाद हो सकता है।

अक्तूबर—मासारम्भ में सूर्य की दृष्टि तथा ता. 17 से सूर्य अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य परेशानी, सिर-दर्द तथा क्रोध अधिक रहे। कार्यक्षेत्र में दौड़-धूप अधिक, धन-लाभ के साथ-साथ खर्च में वृद्धि, धर्म-कर्म में रूझान एवं शुभ कार्य भी सम्पन्न होगा।

नवम्बर—ता. 15 तक सूर्य अष्टमस्थ रहने से स्वास्थ्य विकार तथा कार्यों में विलम्ब उत्पन्न हो। ता. 16 के बाद भाग्यवश आय के साधन बनेंगे। परन्तु परिवार में तनाव एवं मतभेद भी रहेंगे।

दिसम्बर—गुरु नीचस्थ होने से निकटस्थ भाई-बन्धुओं से तनाव, सन्तान सम्बन्धी चिन्ता तथा पति/पत्नी का स्वास्थ्य ढीला रहेगा। ता. 16 के बाद धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि, कहीं यात्रा का भी प्रोग्राम बनेगा।

★★★ आश्विन अधिक मास-फल-वि. संवत् २०७७ (सन् 2020-21 ई.) ★★★

(18 सितम्बर से 16 अक्तूबर, 2020 ई. तक)

आगामी वि. संवत् २०७७ (सन् 2020-21 ई.) में चान्द्र आश्विन मास '**अधिक**' (पुरुषोत्तम) मास होगा। इस अधि-मास की समयावधि 18 सितम्बर, शुक्रवार से लेकर 16 अक्तूबर, शुक्रवार, सन् 2020 ई. तक रहेगी।

अधिक-मास निर्णय-भगवान् सूर्य सम्पूर्ण ज्योतिषशास्त्र के अधिष्ठातृ देव हैं। बृहदारण्यकोपनिषद् के सप्तान्न-ब्राह्मण में संवत्सरात्मक अन्न के उपभोक्ता भगवान् भास्कर माने गये हैं। सूर्य का मेषादि द्वादश राशियों पर जब संक्रमण (संचार) होता है, तब संवत्सर बनता है, जो सौर वर्ष कहलाता है। जिस मास में भगवान् भुवन-भास्कर का किसी राशि पर संक्रमण (संक्रान्ति) न हो, वह मास अधिक मास कहलाता है।

यस्मिन् मासे न संक्रान्तिः संक्रान्तिद्वयमेव वा।
मलमासः स विज्ञेयो मासे त्रिंशत्तमे भवेत्।। (ब्रह्मसिद्धान्त)

आचार्य चण्डेश्वर अनुसार भी यदि दो अमावस्याओं के भीतर सूर्य की संक्रान्ति न होने से उक्त मास को '**मल**' मास कहते हैं। इस मल मास में समस्त शुभ काम नहीं करने चाहिए-

दर्शद्वयमतिक्रम्य यदा सङ्क्रमते रविः। मलमासः स विज्ञेयः सर्वकर्मसु गर्हितः।।

लोक-व्यावहार में संक्रान्ति रहित मास को '**अधिक-मास**' के अतिरिक्त अधि-मास, मलमास व आध्यात्मिक विषयों में अत्यन्त पुण्यदायी होने के कारण '**पुरुषोत्तम-मास**' आदि नामों से भी जाना जाता है। ज्योतिष गणनानुसार एक सौर वर्ष 365 दिन, 6 घण्टे एवं 11 सैकिण्ड का होता है, जबकि एक चान्द्रवर्ष 354 दिन एवं लगभग 9 घण्टे का होता है। सौरवर्ष एवं चान्द्रवर्ष तथा सौरमास एवंच चान्द्रमास के मध्य सामञ्जस्य स्थापित करने के लिए ही भारतीय शास्त्रकारों द्वारा '**अधिक-मास**' की परिकल्पना (व्यवस्था) की गई है। '**पुरुषार्थ-चिन्तामणि**' के अनुसार एक अधिक मास से दूसरे अधिक (मल) मास तक की अवधि अर्थात् पुनरावृत्ति 28 मास से लेकर 36 मास के भीतर होना सम्भव है। इस प्रकार हर तीसरे वर्ष में अधिक मास अर्थात् पुरुषोत्तम मास की पुनरावृत्ति होना सम्भव है।

पुरुषोत्तम-मास का माहात्म्य एवं कर्त्तव्य

इस मास की मलमास की दृष्टि से जैसे निन्दा है, पुरुषोत्तम-मास की दृष्टि से इसकी बड़ी महिमा है। अधिमास ने तपस्या कर भगवान् विष्णु से उनका '**पुरुषोत्तमनाम**' प्राप्त किया था। भगवान् पुरुषोत्तम ने इसको अपना नाम देकर कहा है कि अब मैं इस मास का स्वामी हो गया हूँ और इसके नाम से सारा जगत् पवित्र होगा तथा मेरी सादृश्यता को प्राप्त करके यह मास अन्य सब मासों का अधिपति होगा। यह जगत्पूज्य और जगत् का वन्दनीय होगा और यह पूजा करने वाले सब लोगों के दारिद्रय का नाश करने वाला होगा।

अहमेवास्य संजातः स्वामी च मधुसूदनः।
एतन्नाम्ना जगत्सर्वं पवित्रं च भविष्यति।।
मत्सादृश्यमुपागम्य मासानामधिपो भवेत्।
जगत्पूज्यो जगद्वन्द्यो मासोऽयं तु भविष्यति।
पूजकानां च सर्वेषां दुःखदारिद्रयखण्डनः।।

इस मास नियमपूर्वक संयमित रहकर भगवान् विष्णु एवं शिव की पूजार्चन करने से आलौलिक आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है तथा मृत्यु के बाद किसी प्रकार की अधोगति का भय नहीं रहता। शिवपुराण में भी इसका उपबृंहण हुआ है, जहाँ मलमास, अधिमास या पुरुषोत्तम मास को साक्षात् भगवान् शिव का स्वरूप कहा गया है, वहाँ देवताओं के वचन हैं-'**मासानामधिमासस्त्वं व्रतानां त्वं चतुर्दशी**' अर्थात् प्रभो ! शिव ! आप महीनों में अधिमास एवं व्रतों में चतुर्दशी (शिवरात्रि) व्रत हैं। इस प्रकार इसमें शिव-विष्णु दोनों की ही आराधना विहित है और यह दोनों को ही परम प्रिय हैं। जो सौ वर्ष तप करने का फल है, वह इसमें एक ही दिन व्रत-तप करने से प्राप्त हो जाता है-

सम्यक् चीर्णेन तपसा शतवर्षमितेन च।
यत्फलं लभते विप्र मासेऽस्मिन्नेकवासरात्।। (पुरुषोत्तममास माहा.)

अधिक-मास के आने पर जो व्यक्ति श्रद्धा एवं भक्तिपूर्वक व्रत, उपवास, श्रीविष्णु-पूजन, पुरुषोत्तम-माहात्म्य का पाठ, दानादि शुभ कर्म करता है, वह मनोवांछित फल प्राप्त कर लेता है और अन्त में गोलोक पहुँचकर भगवान् श्रीकृष्ण का सान्निध्य प्राप्त करता है।

आश्विन (अधिक) मास का फल

वि. संवत् २०७७ में प्रथम आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार 18 सितम्बर, शुक्रवार से आश्विन अधिक मास प्रारम्भ होकर 16 अक्तूबर, शुक्रवार तक व्याप्त रहेगा। प्र. आश्विन शुक्ल पक्ष और द्वितीय आश्विन कृष्ण पक्ष-दोनों पक्षों के अन्तराल में संक्रान्ति का अभाव होने से '**आश्विन मास**' अधिक-मास अर्थात् **पुरुषोत्तम-मास** माना जाएगा। शास्त्रों में आश्विन अधिक मास का फल इस प्रकार से वर्णित है-

आश्विने परचक्रेण तस्करैः पीडिताः प्रजाः। सुभिक्षं क्षेममारोग्यं दुर्भिक्षं दक्षिणापथे।।

अर्थात् जिस वर्ष दो आश्विन मास आएं, तो उस वर्ष जनता सेना, चोरों तथा विभिन्न रोगों से दुःखी रहे, परन्तु उत्तरी भारत में सुभिक्ष, जनता के कल्याण हेतु शासनतन्त्र प्रयासरत रहे तथा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता तथा आरोग्य भी रहेगा। दक्षिणी क्षेत्रों (राज्यों) में दुर्भिक्ष अर्थात् अकालजन्य परिस्थितियां रहेंगी।

पुरुषोत्तम मास में नित्यकर्म एवं उद्यापन अर्थात् पालनीय नियम

भविष्योत्तरपुराण अनुसार पुरुषोत्तम मास में ईश्वर के निमित्त जो व्रत, उपवास, स्नान, दान या पूजनादि किए जाते हैं, उन सबका अक्षय फल होता है और व्रती के सब अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं। पुराणों में अधिकमास में पूजन, व्रत, दान सम्बन्धी विभिन्न प्रकार के विधान बतलाए गए हैं–

इस मास के प्रारम्भ होते ही प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व उठकर शौच, स्नान, संध्या आदि अपने-अपने अधिकार के अनुसार नित्यकर्म करके भगवान् का स्मरण करना चाहिए और पुरुषोत्तम-मास के नियम ग्रहण करने चाहिये। पुरुषोत्तम-मास में श्रीमद्भागवत् पुराण का पाठ करना महान् पुण्यप्रदायक है और एक लाख तुलसीपत्र से शालग्राम भगवान् का पूजन करने से अनन्त पुण्य होता है। विधिपूर्वक षोडशोपचार से नित्य भगवान् का पूजन करना उचित है। इस पुरुषोत्तम-मास में–

'गोवर्द्धनधरं वन्दे गोपालं गोपरूपिणम्।
गोकुलोत्सवमीशानं गोविन्दं गोपिकाप्रियम्।।'

–इस मन्त्र का एक महीने तक भक्तिपूर्वक बार-बार जप करने से पुरुषोत्तम भगवान् की प्राप्ति होती है। प्राचीनकाल में श्रीकौण्डिन्य ऋषि ने यह मन्त्र बताया था। मन्त्र जपते समय नवीन मेघश्याम द्विभुज मुरलीधर पीतवस्त्रधारी श्रीराधिका जी के सहित श्रीपुरुषोत्तम भगवान् का ध्यान करना चाहिए।

हेमाद्रि अनुसार पुरुषोत्तम-मास आरम्भ होने पर प्रातः स्नानादि नित्यकर्म से निवृत्त होकर एकभुक्त या नक्तव्रत रखकर भगवान् विष्णुस्वरुप सहस्रांशु (भास्कर) का मंत्रों द्वारा लालपुष्प सहित पूजन एवं कृष्णस्तोत्र पाठ करके कांस्य पात्र में भरे हुए अन्न, फल, वस्त्रादि का दान किया जाता है। पूजनोपरान्त अथवा अधिकमास के अन्तिम दिन विविध प्रकार के मिष्ठान्न, घी, गुड़ और अन्न का दान ब्राह्मण को करें तथा घी, गेहूँ और गुड़ के बनाए हुए तैंतीस (33) अपूप (पूओं) को पात्र में रखकर निम्न मन्त्र पढ़कर फलों, मिष्ठान्न, वस्त्र दक्षिणा सहित ब्राह्मण को दान करें–

''ॐ विष्णुरूपी सहस्रांशुः सर्वपापप्रणाशनः। अपूपान्न प्रदानेन मम पापं व्यपोहतु।।''

इसके बाद आगे लिखे मन्त्र से भगवान् विष्णु को प्रार्थना करें–

''यस्य हस्ते गदाचक्रे गरुडोयस्य वाहनम्। शङ्खः करतले यस्य स मे विष्णुः प्रसीदतु।।''

इसके अतिरिक्त ज्येष्ठ अधिक मास में प्रतिदिन श्रीपुरुषोत्तम माहात्म्य का पाठ एक निश्चित समय पर श्रद्धापूर्वक करना चाहिए। श्रीविष्णु स्तोत्र, श्रीविष्णु सहस्रनाम, श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त आदि पाठ करना शुभ होगा। अधिकमास की समाप्ति पर स्नान, जप, पुरुषोत्तम मास पाठ एवं निम्न मन्त्रों सहित गुड़, गेहूँ, घृत, वस्त्र, मिष्ठान्न, दाख, केले, कूष्माण्ड (कुम्हड़ा), ककड़ी, मूली आदि वस्तुओं का दान, दक्षिणा सहित करके भगवान् को 3 बार अर्घ्य देवें। त्रयस्त्रिंशत् (३३) नाम मन्त्रों का जप करें–

१. विष्णुं, २. जिष्णुं, ३. महाविष्णुं, ४. हरिं, ५. कृष्णं, ६. अधोक्षजम्, ७. केशवं, ८. माधवं, ९. रामं, १०. अच्युत्यं, ११. पुरुषोत्तमम्, १२. गोविन्दं, १३. वामनं, १४. श्रीशं, १५. श्रीकृष्णं, १६. विश्वसाक्षिणं, १७. नारायणं, १८. मधुरिपुं, १९. अनिरुद्धं, २०. त्रिविक्रमम्, २१. वासुदेवं, २२. जगद्योनिं, २३. अनन्तं, २४. शेयशायिनम्, २५. सकर्षणं, २६. प्रद्युम्नं, २७. दैत्यरिं, २८. विश्वतोमुखम्, २९. जनार्दनं, ३०. धरावासं, ३१. दामोदरं, ३२. मघार्दनं, ३३. श्रीपतिं च।।

अधिक-मास में त्याज्य कर्म/कार्य

अधिमास में फल प्राप्ति की कामना से किए जाने वाले प्रायः सभी काम वर्जित हैं और फल की आशा से रहित होकर करने के आवश्यक सब काम किए जा सकते हैं। ज्योतिष-आचार्यों के मतानुसार अधिक (पुरुषोत्तम) मास में कुछ नित्य, नैमित्तिक एवं काम्य कर्मों को करने का निषेध माना गया है। जैसे–विवाह, यज्ञ, देव-प्रतिष्ठा, महादान, चूड़ाकर्म (मुण्डन), पहले कभी न देखे हुए देवतीर्थों में गमन, नवगृह-प्रवेश, वृषोत्सर्ग, भूमि आदि सम्पत्ति की खरीद (क्रय), नई गाड़ी का क्रय आदि शुभ कार्यों का आरम्भ अधिक-मास-काल में नहीं करना चाहिए–

अग्न्याधेयं प्रतिष्ठां च यज्ञो दानव्रतानि च।
वेदव्रतवृषोत्सर्ग चूडाकरणमेखलाः।।
गमनं देवतीर्थानां विवाहमभिषेचनम्।
यानं च गृहकर्माणि मलमासे विवर्जयेत्।। (गर्गाचार्य)

इसके अतिरिक्त अन्य अनित्य व अनैमित्तिक कार्य जैसे–नववधू प्रवेश, नव-यज्ञोपवीत धारण, व्रतोद्यापन, नव-अलंकार, नवीन वस्त्रादि धारण करना, कूआँ, तालाब, बावली, बाग आदि का खनन करना, भूमि, वाहनादि का क्रय करना, काम्य व्रत का आरम्भ, भूमि, सुवर्ण, तुला, गायादि का दान, अष्टका श्राद्ध, उपनयन, द्वितीय वार्षिक श्राद्ध, उपाकर्मादि कर्मों के सम्पादन का निषेध माना गया है।

अधिक (पुरुषोत्तम) मास में करणीय कर्म

अधिक (मल) मास में जिस काम्य कर्म के प्रयोग का आरम्भ अधिक मास से पहले ही हो चुका हो, उसकी सम्पूर्त्ति अधिक मास में विहित है। मलमास में मरने वाले का वार्षिक श्राद्ध, मासिक श्राद्ध, पितरों की क्रिया करना, तीर्थ व गजच्छाया श्राद्ध, यदि मध्य में किसी के मलमास हो तो एक मास का अधिक ही श्राद्ध होगा। अर्थात् जिस मास में यह प्राप्त होता है, उसकी द्विरावृत्ति होती है। यदि मलमास में ही किसी की मृत्यु हो, तो उससे जो 12वाँ मास हो, उसमें प्रेतक्रिया को समाप्त करना चाहिए। तीव्र ज्वर या प्राणघातक रोगादि की निवृत्ति के लिए रुद्रपूजादि अनुष्ठान, पुत्र/सन्तान जन्म के बाद अन्नप्राशन, **गण्डमूल, जन्मदिन पूजन सम्बन्धी आवश्यक** (दिन-निर्धारित) कर्म, कपिल-षष्ठी जैसे दुर्लभ योगों के प्रयोग, नित्य पूजा-जप-दानादि कर्म अथवा ग्रहण सम्बन्धी श्राद्ध, दान, जपादि किए जा सकते हैं–

आवश्यकर्म मासाख्यं मलमासमृताब्दिकम्।
तीर्थेभक्षययोः श्राद्धमाधानाक पितृक्रियाम।। (सर्वोदय) (ज्यो. नि.)

वि. संवत् २०७७ में संवत्सर एवं राजा-मन्त्रादि फल

ॐ स्वस्ति नः श्रीगणेशाय नमः। अचिन्तयाव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्। चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवीदयालु ज्यो. स्व वृद्धप्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुखसम्पत्ति हेतवे '**प्रमादी**' नामक नवविक्रमी सम्वत्सरे ततो अग्रे '**आनन्द**' सम्वत्सरे शुभे पंच-चत्वारिंशत्योत्तर शत वर्षाणि (१४५) वर्ष प्रवेशे **पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी** अहं प्रप्रपौत्र एवं अधिपतिः पं. देवी दयालु ज्योतिषी एण्ड सन्ज़, पुत्र दैवज्ञरत्नं **पं. श्रीपन्ना लाल ज्योतिषी**, कनिष्ठ भ्रातृ **पं. पंकज शर्मा** सहितोऽहं कुर्वे '**पंचाँग दिवाकरम्**'।।

सृष्टि सम्वत् १९५,५८,८५,१२१ के अन्तर्गत, **श्रीविक्रमी संवत् २०७७**, शक संवत् १९४२-४३, कलि (कल्कि) संवत् ५१२१, श्रीकृष्ण सम्वत् ५२५६, सप्तर्षि संवत् ५०९६, श्रीबुद्ध संवत् २६४३-४४, श्रीमहावीर निर्वाण (जैन) संवत् २५४५-४६, हिजरी सन् १४४१-४२, इंग्लिश सन् २०२०-२१ ईस्वी, फसली सन् १४२७-२८, खालसा संवत् ३२१-२२, नानकशाही सम्वत् ५५१-५२, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापर युग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३,२००० वर्षों का होता है।

'प्रमादी' नामक नव–सम्वत्सर का फल–(वि. सं. २०७७)

नव विक्रमी संवत् २०७७ के आरम्भ में बार्हस्पत्यमान (गुरुमान) से शिव (रुद्र) विंशति के अन्तर्गत '**दशम युग**' का द्वितीय '**प्रमादी**' नामक (सम्वत्सरों में 47वाँ) नया संवत्सर विद्यमान होगा। **ध्यान रहे,** नया विक्रमी संवत् २०७७, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से अर्थात् 25 मार्च, 2020 ई., तदनुसार १२ चैत्र, बुधवार से प्रारम्भ होगा।

नववर्ष प्रवेश लग्न



शास्त्र परम्परा-अनुसार नवसंवत् का प्रारम्भ तथा राजा का निर्णय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के वार अनुसार ही किया जाता है। '**बुधवार**' से नवसंवत् का प्रारम्भ होने के कारण आगामी वर्ष (संवत्) का राजा भी '**बुध**' होगा। यद्यपि '**प्रमादी**' नामक संवत्सर का आरम्भ गतवर्ष 10 अप्रैल, 2019 ई. से हो चुका है तथा आगामी '**आनन्द**' नामक संवत्सर भी **लगभग 6 अप्रैल, 2020 ई. से प्रवृत्त हो जाएगा।**

परन्तु प्रचलित शास्त्र-परम्परा अनुसार संवत् के आरम्भ में विद्यमान संवत्सर को ही विक्रमी संवतारम्भ से सम्वतान्त तक धार्मिक अनुष्ठान, जप-पाठ, दानादि, संकल्प कार्यों के आरम्भ में प्रयोग किया जाएगा अर्थात् '**प्रमादी**' नामक संवत्सर का प्रयोग वर्षपर्यन्त ही रहेगा। धार्मिक, कर्मकाण्डी विद्वान् **6 अप्रैल, 2020 ई. के बाद** प्रमादी नामक संवत्सर का उच्चारण करने के बाद '**परं वर्तमाने आनन्द नाम संवत्सरे**' का प्रयोग भी कर सकते हैं।

'**प्रमादी**' नामक नया वि. संवत् २०७७, गत चैत्र अमावस की समाप्ति (24 मार्च), प्रविष्टे ११ चैत्र, मंगलवार को दोपहर 2 बजकर 58 मिनट पर (14:58) कर्क लग्न में प्रवेश करेगा। परन्तु शास्त्र-नियमानुसार नव वि. सं. २०७७ तथा चैत्र (वासन्त) नवरात्रों का प्रारम्भ 25 मार्च, बुधवार (प्रविष्टे १२ चैत्र) रेवती नक्षत्र में होगा। **वर्ष का राजा बुध** तथा **मन्त्री** चन्द्र होगा। '**प्रमादी**' नामक सम्वत्सर का फल शास्त्रों **में इस प्रकार वर्णित है–**

निष्पत्तिः सर्वसस्यानां रसानां च महर्घता।
मरकस्य भयं विद्यात् प्रमादीति हि वत्सरे।।

अर्थात् '**प्रमादी**' नामक सम्वत्सर में सभी प्रकार के धान्य, फसलों, अनाज का यथेष्ठ उत्पादन होगा। सब रसादि पदार्थ, गुड़, चीनी आदि के मूल्यों में भी वृद्धि होगी। सुभिक्ष एवं सुख हो। आषाढ़ मास में वर्षा कम हो, भाद्रपद में वर्षा अधिक होगी। धान्य में तीन गुना तक लाभ अर्थात् विशेष मूल्य वृद्धि होगी। परन्तु कुछ क्षेत्रों में उपद्रव, राजनीतिक एवं जातीय हिंसा के कारण भय का वातावरण उपस्थित होगा।

'**नारद-संहिता**' में '**प्रमादी**' सम्वत्सर का फल इस प्रकार है–

नृपसंक्षोभमत्युग्रं प्रजापीडा त्वनर्घता।
तथापि दुःखमाप्नोति प्रमादीवत्सरे जनः।।

अर्थात् '**प्रमादी**' संवत्सर में राजा अमैत्री भाव वाले हो जाएंगे अर्थात् सरकार की ओर से कठोर एवं अप्रिय निर्णय लिए जाएंगे। यद्यपि देशहित में लिए गए कठोर एवं क्लिष्ट सरकारी नियमों एवं कानूनों से सामान्य प्रजा में दुविधा, भय, विक्षोभ एवं आक्रोश की भावनाएं रहेंगी। इसके अतिरिक्त आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि होने के कारण भी प्रजा आक्रान्त रहेगी। कुछ लोगों में सुख-साधनों एवं उपभोग्य वस्तुओं का आकर्षण बढ़ेगा।

रोहिणी का वास–वि. संवत् २०७७ में मेष संक्रान्ति का प्रवेश पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रकालीन है। अतएव रोहिणी का वास '**सन्धि**' पर होगा। यथा–

'संधिसंस्थ यदा ब्राह्म भंजायते। खण्डवृष्टिस्तदा सर्वधान्याप्तयः।।'

अर्थात् रोहिणी का वास सन्धि पर होने से इस वर्ष देश में खण्डवृष्टि अर्थात् असमान वर्षा होगी। कुछ क्षेत्रों/प्रदेशों में अत्यधिक वर्षा होने के कारण बाढ़ का प्रकोप हो, भूस्खलन, जन-धन, कृषि आदि की हानि हो तथा कुछ प्रदेशों में बहुत कम वर्षा होने के कारण कहीं सूखा, कहीं अनाज एवं कहीं पेयजल की कमी के कारण जन-धन की हानि, कृषि-अनाज आदि में कमी एवं च गेहूँ, सब्जियों, धान्यादि के मूल्यों में विशेष वृद्धि हो।

♦ समय अर्थात् सम्वत्सर का वास वैश्य के घर ♦

सर्वधान्यं महर्घं स्यात् वणिक् वेश्मनि संस्थिते।।

अर्थात् समय (सम्वत्सर) का वास वैश्य (वणिक्) के घर पर होने से इस वर्ष धन का प्रसार अधिक होगा। सर्वत्र उपयोगी एवं अनुकूल वर्षा की कमी रहे अर्थात् खण्डवर्षा एवं विपरीत जलवायु रहने से सभी अनाज, धान्यादि तथा दुग्धादि पेय पदार्थों के मूल्यों में विशेष अधिक तेजी होगी। राजनीति और व्यापारादि सभी क्षेत्रों में लोभ व स्वार्थपरता बढ़ेगी। खाद्यान्न व्यवसाय में संलग्न व्यापारी विशेष रूप से लाभान्वित रहेंगे। सामान्य वर्ग के लोगों में असन्तोष बढ़ेगा। किसी विशिष्ट राजनेता के आकस्मिक निधन अथवा अपदस्थ होने के योग हैं।

✤ संवत् (सम्वत्सर) का वाहन–वि. संवत् २०७७ का राजा बुध होने से सम्वत् का वाहन गीदड़ होने से देश के विभिन्न भागों विशेषकर दक्षिणोत्तरी प्रान्तों में शासन-परिवर्तन, विग्रह एवं राजनैतिक उथल-पुथल होगी। राजनैतिक अस्थिरता बने। कहीं खाद्यान्न की कमी रहे एवं उनके मूल्यों में विशेष तेजी बने। खण्ड एवं विषम वर्षा हो। प्रजा में क्लिष्ट रोग एवं आर्थिक परेशानियाँ बढ़ें।

कुछ विद्वान् राजा बुध होने पर संवत् का वाहन **'झूला या सियार'** को भी मानते हैं। सियार वाहन होने पर पृथ्वी पर हाहाकार मच जाता है। व्यापक दुर्भिक्ष अर्थात् बहुत स्थानों पर भयानक सूखा व अकाल जन्य परिस्थितियां बनेंगी। विभिन्न देशों में टुकड़ों में अर्थात् थोड़े-थोड़े समय के पश्चात् टकराव, संघर्ष एवं युद्ध होता रहेगा।

यत्राब्दे वाहनं दोला हाहाभूता तु मेदिनी।
दुर्भिक्षं सर्वदेशेषु संग्रामः खण्डखण्डयोः।।

♦ वि. संवत् २०७७ के दश-पदाधिकारियों का फल ♦

(1) वर्ष (वि. संवत् २०७७) के राजा 'बुध' का फल–

बुधस्य राज्ये सजलं महीतलं गृहे गृहे तूर्य विवाहमङ्गलम्।
प्रकुर्वन्ते दानदयां जनोपि स्वस्थं सुभिक्षं धनधान्य सङंकुलम्।।

अर्थात् वर्ष का राजा बुध हो, तो उस वर्ष पृथ्वी पर वर्षा अच्छी होगी। घर-घर में विवाह आदि माङ्गलिक कार्य तथा उत्सव अधिक होंगे। लोगों में दान-दया एवं धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति बढ़ें, लोगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी चेतना एवं जागरुकता बढ़े। विशेष वर्ग के लोगों में धन-धान्य, सुख-साधन एवं समृद्धि बढ़ें। व्यापारी, शिल्पी, लेखक तथा वैद्य (डॉक्टर) लोग विशेष लाभान्वित होंगे।

अन्य संहिता ग्रन्थानुसार भी–

सन्धानदानप्रयतः क्षितीशः स्वाध्याय–तीर्थाध्वरभीर्द्विजौघः।
निराधिरुङ्मध्यम सस्यवर्षो बौधः सुहृत्स्नेहविविर्धनोऽब्दः।।

अर्थात् संवत्सर का राजा बुध होने से उस वर्ष देश में ठगी, छलकपट करने वाले लोगों का बोलबाला व प्रभाव अधिक रहेगा। देश में कुछ सफेदपोश अपराधियों का भण्डाफोड़ भी होगा। गीतकार, संगीतकार, अभिनेता, विद्वानों की गैर-कानूनी एवं देश-विरोधी गतिविधियाँ उजागर होंगी। शासकवर्ग द्वारा किसी विशेष वर्ग को प्रसन्न करने के लिए लोकप्रिय एवं लोकलुभावन घोषणाएं भी की जाएंगी, व्यापारियों को भी विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। सन्तों एवं महन्तों का वर्चस्व बढ़ेगा तथा बड़े-बड़े लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही होगी। आयुर्वेद, योग आदि चिकित्सा प्रणाली का प्रचार-प्रसार अधिक होगा।

(2) सम्वत् के मन्त्री 'चन्द्र' का फल–

शशिनी मन्त्रिगते बहुसस्यवत्यपि धरा रमते सुखमण्डिता।
वियति वारिधरा बहुवर्षिणो जनपदाः सुखराशि–सुशोभिताः।।

अर्थात् वर्ष का मन्त्री चन्द्रमा हो तो उस वर्ष देश में धन-धान्य, सुख-ऐश्वर्य के साधनों का प्रसार अधिक हो। देश में वर्षा अधिक होगी। पृथ्वी पर गेहूँ, धान्य, सरसों, मक्की, चने आदि की पैदावार अच्छी होगी। रूई, कपास, वस्त्र, गन्ना, शक्कर, चीनी, दूध आदि सफेद वस्तुओं का उत्पादन श्रेष्ठ रहेगा। खाद्यान्न एवं दूध, वस्त्र, चीनी, चाँदी, रूई, चावल तथा अन्य श्वेत वस्तुओं के व्यापार में अधिक विस्तार एवं लाभ प्राप्ति होगी। देश में सुख-साधनों एवं ऐश्वर्य के प्रसाधनों में भी विशेष वृद्धि होगी।

(3) सस्येश 'गुरु का फल–

कणपतौ सुरराज पुरोहिते सकल सौख्यकरः श्रुतिपूर्वकः।
जलधरा जलदा बहुसस्यदा रसपयांसि बहुनिवसूनि वै।।

अर्थात् गुरु (बृहस्पति) सस्येश हो, तो वेदों द्वारा निर्धारित धर्म-मार्ग का अनुसरण करने से ही लोगों को सुख-शान्ति एवं कल्याण की प्राप्ति हो। वर्षा पर्याप्त होगी। गेहूँ, धान्य, ईख, गोरस, दूध, घी एवं फलों आदि की पैदावार अधिक होगी। सर्व प्रकार की कृषि आदि का उत्पादन भी अच्छा होगा। खेतीकर एवं कृषि सम्बन्धी वस्तुओं का व्यवसाय करने वाले व्यापारी अच्छा मुनाफा प्राप्त कर सकेंगे।

(4) धान्येश 'मंगल का फल–

भूमिजे ग्रीष्म धान्येश ग्रीष्मधान्य महर्घकम्।
शालीक्षु घृततैलादि महर्घाणि भवन्ति च।।

अर्थात् धान्यादि फसलों का स्वामी मंगल होने से ग्रीष्मकालीन फसलें, जैसे–गेहूँ, चने, सरसों, ज्वार, बाजरा, सूरजमुखी, तैल आदि तथा घी के मूल्य तेज होंगे। चावल, धान्य, ईख, रिफाईंड आयल, दूध, तैलादि, स्निग्ध पदार्थों एवं सोना, ताँबा, पीतल, चाँदी, जवाहरात आदि के मूल्यों में भी तेजी होगी। चोरी-डकैती, भ्रष्टाचार, बेईमानी, अग्निकाण्ड एवं हिंसक घटनाएं/उत्पाद अधिक होंगे।

(5) मेघेश 'सूर्य' का फल–

जलदपे यदिवासरपे तदा सरसि वै रमते जनतारसम्।
यव चणेक्षु–निवार सुशालिभिः सुखचयं सुलभं भुविवर्तते।।

अर्थात् मेघेश (वर्षा का स्वामी) सूर्य होने से गेहूँ, जौं, चने, ईख, बाजरा, नीवारू, चावल, मूंग की पैदावार अच्छी होगी। पृथ्वी पर सुख-ऐश्वर्य के विविध प्रकार के साधनों का विस्तार होगा। दूध, गुड़, शक्कर, चावल, ईखादि की पैदावार कम हो, कई स्थानों पर नदी, नालों में जलस्तर कम हो। उपयोगी वर्षा की कमी रहे।

(6) रसेश 'शनि' का फल–

रविसुते रसपे रससंक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः।
अजगवां गजवाजि खरोष्ट्रहा जनपदेषु नरा न रसैर्युताः।।

अर्थात् रसों का स्वामी शनि होने से वर्ष में अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। भूगर्भगत जलस्तर भी नीचे की ओर जाएगा। गाय, भैंस, बकरी, हाथी, घोड़े, ऊँट आदि चौपाओं की संख्या में कमी हो, इसके फलस्वरूप रसदार वस्तुओं जैसे–ईख, गुड़, चीनी, दूध, घी, मक्खन आदि वस्तुओं की पैदावार में कमी किंवा इन वस्तुओं के मूल्यों में विशेष तेजी होगी। बेमौसमी एवं प्रतिकूल वर्षा के कारण अनेक क्लिष्ट रोगों से लोग परेशान रहें। गाय, भैंस, घोड़े, हाथी, बकरी आदि चतुष्पदों में रोगादि के कारण हानि हो। अधिकांश लोगों में परस्पर प्रेमभाव की कमी रहे। सामान्यतः लोगों के व्यवहार में बनावटीपन अधिक रहे।

(7) नीरसेश 'गुरु' का फल–

हरिद्रा पीतवस्तूनि पीतवस्त्रादिकं च यत्।
नीरसेशो यदा जीवः सर्वेषां प्रीतिरुत्तमा।।

नीरसेश अर्थात् ठोस धातु पदार्थों का स्वामी गुरु (बृहस्पति) होने से हल्दी, पीले वस्त्र, पीतल, सोना (स्वर्ण) आदि पीले वर्ण की वस्तुओं एवं धातुओं के प्रति लोगों की विशेष रूचि एवं आकर्षण रहने से इन वस्तुओं की माँग विशेष अधिक बढ़ जाएगी। फलस्वरूप इनके मूल्यों में भी अत्यधिक वृद्धि होगी। लोगों की अभिरूचि धार्मिक विषयों की ओर एवं पारस्परिक प्रीति तथा सहयोग बढ़ेगा।

(8) फलेश 'सूर्य' का फल–

द्रुमवतीवर पुष्पवती धरा प्रमुदिता फलभोग विशेषता।
बहुजलं जलदोभुवि मुञ्चति क्वचिदपिप्रमितं फलपो रविः।।

अर्थात् सम्वत् में फलों का स्वामी सूर्य होने से पृथ्वी विभिन्न प्रकार के वृक्षों, फलों (पुष्पों) एवं फलों से शोभायमान होगी अर्थात् फल, फूल एवं वृक्षों की पैदावार कुछ स्थलों पर बहुत अच्छी होगी और कहीं कम होगी। वर्षा भी कहीं बहुत अधिक और कहीं पर कम होगी। कहीं पर पेयजल की कमी हो। विशेष सम्पन्न लोगों में सुख के साधन बढ़ेंगे।

(9) धनेश 'बुध' का फल–

द्रविणपो हिमरश्मिसुतो यदा विविधासंग्रह वस्तु फलार्थदा।
द्विजवरा जययज्ञसु संयुता कृषिविशेष विशेषित मानसाः।।

अर्थात् बुध यदि धनेश (कोश-स्वामी) हो तो अनाजसहित नानाविध वस्तुओं के संग्रह एवं उनके व्यापार द्वारा विशेष लाभ रहे। ब्राह्मण आदि धर्म परायण लोग जप, यज्ञादि शुभ कार्यों में निरत रहें। कृषक लोग खेती के कार्यों में विशेष नवीन प्रणालियों का विकास करें।

(10) दुर्गेश (सेनापति) 'सूर्य' का फल–

नयविशेषकरस्तरीण स्तदा गतभया–नरराज–पुरोगमाः।
समधिको न तदानृपजोन्यजः स्वपथजं ब्रजतांन भयं क्वाचित्।।

दुर्गेश अर्थात् सेनापति सूर्य हो, तो नेता आदि प्रशासक वर्ग न्याय का पालन करने में प्रवृत्त हों। राजदरबार (सरकारी तन्त्र) से सम्बद्ध लोग निर्भय होकर आचरण करेंगे। राजकीय कर्मचारियों एवं प्रजा के मध्य भागीदारी एवं सहयोग बढ़ेगा। अपने नियत मार्ग पर चलने वालों (अर्थात् संविधान/कानून के अनुसार पालन करने वालों) को कुछ भी भय न हों। अधिकांश देश-प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में संहारक परमाणु हथियारों का निर्माण करने में प्रवृत्त होंगे।

नोट–वर्ष के उपरोक्त दशाधिकारियों का फल यद्यपि सर्वत्र होता है। परन्तु राजा का फल विशेष रूप से काश्मीर, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, चीन, तिब्बत एवं हिमाचल के निकटवर्ती क्षेत्र ; मन्त्री का फल आन्ध्र-प्रदेश, मालवा, उज्जैन आदि मध्य-प्रदेशों में विशेष रूप से होता है। वैसे सामान्यतः राजा एवं मन्त्री का फल देश के प्रायः सभी क्षेत्रों में होता है।

चतुर्मेघ फल विचार–आवर्तकादि चतुर्मेघों में **'आवर्त'** नामक मेघ है।

फल–'आवर्ते वृष्टिहानिः स्यात्'–अर्थात् इस वर्ष देश के अनेक प्रान्तों में खण्ड एवं अनुपयोगी वर्षा होगी। कुछ क्षेत्रों में वर्षा की कमी रहेगी तथा कुछ क्षेत्रों में अकाल तथा दुर्भिक्ष की स्थिति रहे।

नवमेघों में 'संवर्त' नामक मेघ का फल—

'कामाधिक्यं स्वल्पता धर्मकार्ये पृथ्वीपालास्तत्परा नान्यकार्ये।
संवर्ताख्यो नीरदः स्याद्धि यत्र प्रांचो वायुर्वाति सर्वत्र तत्र।।'

अर्थात्–'संवर्त' नामक मेघ होने से लोगों में कामवासना (कामुकता) की ओर अधिक प्रवृत्ति रहे, प्रजा की धार्मिक एवं शुभ कृत्यों में रूचि कम हो तथा व्यर्थ के कार्यों में अधिक व्यस्त रहेंगे। राजा (शासक) वर्ग प्रजा-भलाई के कार्यों में ध्यान कम तथा निजकार्यों में अधिक तत्पर रहेंगे। वर्षा पर्याप्त होगी। मक्की, धान एवं दालवाना की फसल को हानि पहुँचे। पूर्व दिशा की तरफ वायुवेग अधिक रहे तथा पूर्वी प्रदेशों में प्रकृतिक प्रकोप से हानि हो।

नोट–'नवमेघ-विचार' तथा **'चतुर्मेघ विचार'** में से चार मेघों को अधिक महत्त्व देना चाहिए।

सुबुध्नादि द्वादश नागों में 'वृष' नामक नाग का फल—इस संवत् में बारह नागों में **'वृष'** नामक नाग है।

'सस्यादिकाल्पत्वं सुतराम ईतितो भयम्।।'

वृष नामक नाग राजा होने से वर्ष में अनाजादि की फसलों का उत्पादन कम होगा। कीट, पतंगों, कीटाणुओं, टिड्डी-दाल, विषाक्त वातावरण आदि प्राकृतिक प्रकोपों का भय अधिक रहेगा।

सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेशफल-वि. संवत् २०७७

(वर्षा, कृषि एवं वायुमण्डल विचार)

सूर्य आर्द्रा प्रवेश कुंडली

21 जून, 2020 ई., $23^{\text{घं.}}$ $27^{\text{मिं.}}$



वि. संवत् २०७७ में सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में आषाढ़ी अमावस को तदनुसार 21 जून, 2020 ई., रविवार को आर्द्रा नक्षत्र, वृद्धि योग एवं मिथुन राशिस्थ चंद्रमा कालीन कुम्भ लग्न में प्रवेश करेंगे। कुम्भ एवं मिथुन-दोनों पश्चिम दिशा की सांकेतिक राशियां हैं। द्विस्वभाव राशि मिथुन में **'चतुर्ग्रही योग'** बनना भी भारत के पश्चिमी राज्यों में (पंजाब, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र) प्रारम्भ में (21 जून के बाद) अनुकूल वर्षा के बावजूद शीघ्र ही गर्म एवं ऊष्ण जलवायु व्याप्त हो जाएगा। जबकि लग्नेश शनि (स्थिरकारक) तथा गुरु (स्थिरकारक) की द्वादश भावस्थ मकर राशि (जोकि दक्षिण दिशा की सांकेतिक राशि है) में स्थिति के कारण भारत के दक्षिण प्रान्तों (केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्राप्रदेश) में अपेक्षा से कम वर्षा होगी। परन्तु चर एवं जलकारक ग्रह शुक्र स्वराशि वृष (जो दक्षिण दिशा की राशि है) में संचार करने से कुछ विलम्ब के पश्चात दक्षिण दिशा के राज्यों में भी मानसून की व्यापक एवं अनुकूल वर्षा होने से कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। जल-स्तम्भ भी सुदृढ़ होने से दक्षिणी राज्यों में व्यापक वर्षा एवं आंधी-तूफान के भी संकेत हैं।

चर परन्तु अग्निकारक ग्रह मंगल मीन राशि (उत्तर-दिशा की सांकेतिक राशि) में संचार करने से कुछ उत्तरी राज्यों में अग्निकाण्ड तथा विषम वर्षा के कारण अकालजन्य परिस्थितियां बन सकती हैं। उत्तरी-भारत के राज्यों में खण्ड वर्षा होगी। **संक्षेप में,** हम कह सकते हैं कि पूर्वी प्रदेशों में कहीं वर्षा की अधिकता के कारण बाढ़ादि प्रकोप से जन, धन एवं कृषि की हानि हो तथा कहीं पश्चिमोत्तर प्रदेशों में उपयोगी वर्षा की कमी रहने के योग हैं।

आर्द्रा लग्न प्रवेश के समय अमावस तिथि एवं आर्द्रा नक्षत्र ही होने से किसी प्रमुख राष्ट्राध्यक्ष का क्षय अर्थात् आकस्मिक निधन हो, प्रजा में चोरी, ठगी, बेईमानी व हिंसक घटनाएँ अधिक हों–

अमायां पद्मीनाथरौद्रः नक्षत्रगोयदि। भूमिपानां विनाशः स्यात्तस्कराणामुपद्रवः।।

वृद्धि योग में आर्द्रा प्रवेश होने से सभी जीवों की संख्या वृद्धि हो, मनुष्य प्राणियों के पुत्र-पौत्रों आदि की वृद्धि हो अर्थात् जनसंख्या में विशेष वृद्धि हो। तथा अधिकांश लोगों की प्रवृत्ति यज्ञादि कर्मों में लगे–

वृद्धियोगके पुत्रपौत्राभिवृद्धिः स्यात्तर्हियज्ञादिकर्मच।।

तथा अर्द्धरात्रि के समय आर्द्रा प्रवेश होने से लोग कामविलास, भोग, ऐश्वर्यादि में संलग्न रहे।–**भोगप्रदत्तेखलुमध्यरात्रेः।।**

वि. संवत् २०७७ में शनि की दृष्टि का फल

वि. संवत् २०७७ में शनि देव मकर राशि में ही संचरणशील रहेंगे। फलस्वरूप संवतारम्भ (25 मार्च, 2020 ई.) से संवतान्त (12 अप्रैल, 2021 ई.) तक शनि की दृष्टि उत्तर दिशा अर्थात् **उत्तर गोलार्द्ध** की तरफ रहेगी। मकर राशिस्थ संचारकालीन शनि की **मीन, कर्क** तथा **तुला राशियों पर दृष्टि** तथा **धनु, मकर व कुम्भ राशि** वाले राष्ट्रों पर **शनि-साढ़ेसति** का प्रभाव रहेगा। **फलस्वरूप** उत्तरी प्रान्तों तथा उत्तरी-यूरोपीय देशों (ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, बैल्जियम, इटली) तथा उत्तर-दक्षिणी मुस्लिम देशों (ईरान, ईराक, कुवैत, सीरिया, तुर्की) में राजनैतिक अस्थिरता, उथल-पुथल, सत्ता-परिवर्तन, आतंकवादी, विस्फोटक एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी प्रदेशों में कहीं बाढ़, समुद्री तूफान, भूस्खलन, महामारी, भूकम्प, यान-दुर्घटना, अग्निकाण्ड, सड़क दुर्घटनाएं आदि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी कृषि, धन एवं जन-हानि होने की सम्भावनाएं होंगी। कर्क, तुला एवं मीन राशि वाले एवं उत्तरी राज्यों में अकालजन्य परिस्थितियां (दुर्भिक्ष) बनेंगी। यथा शास्त्रों में मकर राशिस्थ शनि का फल भी अशुभ लिखा है–

मकरेचयदा सौरिर्दुभिक्षं तत्र दारुणम्। कामार्ताश्च विनश्यति ह्यन्यदेशे शुभं भवेत।।

गुर्राफल विचार (सन् 2020-21 ई.)

इस्लामी नववर्ष कुण्डली (1)
हिजरी सन् 1441 (2020-21)



31 अगस्त, 2019 ई.
सूर्यास्त 18$^{घं.}$-49$^{मिं.}$ (भा.स्टैं.य.)

ईस्लामी मतानुसार एक (यकम्) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् की शुरुआत होती है। वि. संवत् 2076 में 1 सितम्बर, 2019 ई. को 1 मुहर्रम (यकम्) के दिन हिजरी सन् 1441 शुरु हो जाएगा। रविवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से ईस्लामी वर्ष 1441 (2019-20 ई.) का बादशाह साल सूरज (सूर्य) होगा।

इस्लामी नववर्ष का उदय '**कालसर्प योग**' के प्रभाव में कुम्भ लग्न में हुआ है। लग्नेश शनि लाभस्थान में केतु युक्त होकर लग्न-भाव (नेतृत्व आदि), योजना-भाव तथा पाकिस्तान, ईराक, टर्की आदि मुस्लिम देशों की प्रभावराशि कन्या को विशेष दृष्टि से देख रहा है। साल का बादशाह सूर्य सप्तम भाव (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, विदेशी व्यापार व सम्बन्ध, मृत्यु) में बुध, मंगल व शुक्र ग्रहों के साथ स्थित है। ग्रहस्थिति अनुसार लोगों में (विशेषकर मुस्लिम राष्ट्र के) क्रोध (गुस्सा) व उत्तेजना की भावनाएँ ज्यादा होंगी। हुक्मरानों में भी आपसी टकराव व विरोध अधिक होगा। मज़हबी झगड़े और तनाव अधिक होंगे। चोरी, बेईमानी और धोखा-फ़रेब की वारदातें होंगी। लग्न पर मंगल की शत्रु दृष्टि होने से कुछ मुस्लिम देशों (ईरान, लेबनान, टर्की) का अमेरिका एवं यूरोपीय देशों के साथ वैमनस्य बढ़ेगा तथा युद्धोन्मुख परिस्थितियां बनेंगी। धर्म-ईमान की तरफ़ लोगों का ध्यान कम रहे। समृद्ध राष्ट्र जैसे-अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, मुस्लिम राष्ट्रों जैसे-ईरान, पाकिस्तान, सीरिया, टर्की आदि देशों के खिलाफ कठोर नीति अपनाएंगे। ता. 16 जुलाई से 15 अगस्त, 2020 ई. के मध्य सूर्य-शनि मध्ये समसप्तक योग इज़रायल-लेबनान, ईरान-अमेरिका, सीरिया-I.S.I. मध्ये टकराव अधिक भयावह बन जाएगा। ता. 22 मार्च से 3 मई, 2020 ई. तक मंगल-शनि योग तथा 18 जून से 15 अगस्त के मध्य मंगल-शनि के मध्य दृष्टि सम्बन्ध रहने से मुस्लिम अथवा आतंकवादी संगठनों तथा समृद्ध राष्ट्रों (अमेरिका, इंग्लैण्ड) के मध्य टकराव की स्थिति बनेगी। विस्फोट तथा उपद्रवी घटनाओं का भय है। किसी मुस्लिम राष्ट्र के प्रधाननेता के लिए भी विशेष संकट भरी स्थिति बन सकती है।

वि. संवत् 2077 में 21 अगस्त, 2020 ई. को 1 मुहर्रम (यकम) के दिन हिजरी सन् 1442 शुरु होगा। शुक्रवार को हिजरी सन् का आगाज़ होने से इस्लामी साल 1442 (2020-21 ई.) का राजा (बादशाह) '**शुक्र**' (ज़ोहरा) होगा।

ईस्लामी मतानुसार निर्धारित नववर्ष कुण्डली नं. 2 में कुम्भ लग्न में उदित हुआ है। लग्नेश शनि द्वादश (व्यय, खर्च, गुप्त, शत्रुओं, अपराध, युद्ध सम्बन्धी कार्यों, षड्यन्त्रों का भाव) भाव में स्वराशिगत होकर भाग्यस्थान को उच्च दृष्टि तथा तृतीय भाव को भी मित्र दृष्टि से देख रहा है। गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग भी तनावपूर्ण परिस्थितियों की तरफ संकेत कर रहा है। शनि की विशेष सप्तम शत्रु दृष्टि छटें भाव (प्रत्यक्ष शत्रुभाव) पर होने से पाक, ईरान, सीरिया आदि देशों में गृहयद्ध एवं आतंकी घटनाओं, उग्रवाद जन्य बम-विस्फोट, हत्याकाण्ड, राजनीतिक दृष्टि से उल्टफेर आदि अवांछनीय घटनाक्रम जन्म लेंगे। बादशाह '**शुक्र**' होने से कुछ मुस्लिम देशों में स्त्रियों की स्वतन्त्रता तथा अधिकार क्षेत्र बढ़ेंगे। ता. 4 अक्तू. से 24 दिसम्बर, 2020 ई. तक शनि की द्वितीयस्थ (राष्ट्र की आर्थिक स्थिति मुद्रास्फीति, व्यापार, शेयर्ज़ के भाव) मंगल पर विशेष शत्रु दृष्टि रहने से भी कुछ मुस्लिम देशों विशेषकर पाक, सीरिया की आर्थिक स्थिति अस्थिर एवं संघर्षपूर्ण रहे। पाकिस्तान के शासकों को देश की आन्तरिक आर्थिक स्थिति को सुलझाना कठिन ही रहेगा। सरकार की पक्षपातपूर्ण नीतियों के विरुद्ध विरोधी गुट एवं पार्टियां उग्र-प्रदर्शन, हिंसक एवं विस्फोटक कार्यवाहियां करेंगे।

ईस्लामी नववर्ष कुण्डली (2)
हिजरी सन् 1442 (2020-21)



20 अगस्त, 2020 ई.
सूर्यास्त 19घं.-01मिं. (भा.स्टैं.टा.)

—वर्षादि के विश्वामान—

वर्षादि विश्वा का कुल मान 20 विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा 1 से 20 अंकों के मध्य जितने अधिक (20 अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। **जैसे**—आगे वि. संवत् 2077 में धान्य के विश्वा 13 लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगमी वर्ष धान्य का उत्पादन औसत से कुछ अधिक ही होगा।

वर्षा 9, धान्य 13, तृण 13, शीत 7, तेज 17, वायु 13, वृद्धि 15, क्षय 15, विग्रह 11, क्षुधा 13, तृषा 13, निद्रा 13, आलस्य 7, उद्यम 13, शान्ति 15, क्रोध 13, दम्भ 5, लोभ 3, मैथुन 15, रस 9, फल 13, फलनिष्पत्ति 11, उत्साह 3, उग्रता 5, पाप 5, पुण्य 11, व्याधि 11, व्याधिनाश 9, आचार 9, अनाचार 15, मृत्यु 13, जन्म 5, देशोपद्रव 11, देशस्वास्थ्य 17, चोरभय 7, चोरनाश 17, अग्नि 15, अग्निशान्त 1, उद्भिज 5, जरायुज 3, अंडज 7, स्वेदज 13, टिड्डी 11, तोता 11, मूषक 5, सोना 5, ताम्र 7, स्वचक्र 9, परचक्र 15, वृष्टि 3, वृष्टिनाश 11 तथा संवत् विश्वा 9 हैं।

जल आदि चार स्तम्भ-वि. संवत् २०७७

(1) जल स्तम्भ—चैत्र शुक्ल प्रतिदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क 49.5 प्रतिशत है। फलस्वरूप आगामी वर्ष अधिकतर प्रदेशों/राज्यों में मध्यम स्तरीय वर्षा की ही सम्भावना है। मध्य तथा पूर्वी क्षेत्रों में जैसे-बिहार, उड़ीसा, असम, प. बंगाल, उ. प्र., अरु. प्रदेश, उ. खण्ड में समुचित वर्षा होने के संकेत हैं। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में उपयोगी वर्षा की कमी

होगी। कहीं बाढ़ से क्षति तो कहीं वर्षा, पेयजल एवं अनाज की कमी के कारण संकट का सामना होगा। भूमिगत जलस्तर में कुछ बेहतरी होगी। कहीं पेयजल का संकट, इस संदर्भ में जल-बोर्ड आदि सरकारी विभागों में तालमेल की कमी रहे। विद्युत्-उत्पादन तथा सिंचाई हेतु नदियों में पर्याप्त जल-भण्डार की कुछ कमी का अनुभव होगा।

(2) तृण स्तम्भ–वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का सम्पर्क 69 प्रतिशत है। फलस्वरूप तृण, घास, पशुचारा, जड़ी-बूटियों तथा अन्य वनस्पतियों की पैदावार पर्याप्त होगी। पशुओं को सुख रहेगा। फलस्वरूप गाय-भैंस आदि चौपाय पशुओं से दुग्धादि एवं इनसे सम्बन्धित पदार्थों का पर्याप्त मात्रा में उत्पादन होगा। परन्तु फिर भी मध्यमबली होने से दूध, पनीर, मक्खनादि पदार्थ कुछ महंगे होंगे।

(3) वायु स्तम्भ–ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का अभाव है। फलस्वरूप वातावरण में प्रदूषण, ऊष्णता एवं आशातीत गर्मी का प्रकोप अधिक रहेगा। कुछ क्षेत्रों में अपूर्व वायु-वेग, तेज आँधियों से व्यापक हानि तथा कुछ क्षेत्रों में मेघों के संचालन की व्यवस्था ठीक न होने से गर्मी, आर्द्रता बढ़ेगी तथा खड़ी फसलों को हानि पहुँचेगी। एक ही राज्य में कुछ क्षेत्र सूखाग्रस्त रह जाएंगे।

(4) अन्न स्तम्भ–आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का अभाव है। जल एवं तृण स्तम्भ बली होने के बावजूद विपरीत जलवायु के कारण कुछ प्रदेशों में गेहूँ, चने, चावल, मक्का, ईख, धान्यादि का उत्पादन पर्याप्त मात्रा में न होने के कारण इनके मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि होगी। सर्वप्रकार के अनाज, दालें आदि तेज भाव होंगी। साधारण लोगों में आक्रोश एवं असन्तोष की भावना व्याप्त रहे। सरकार को अन्न-भण्डारण एवं अनाज वितरण सम्बन्धी सम्स्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में विशेष पग एवं कानून लाने पड़ेंगे।

ऊपर वर्णित चारों स्तम्भ वर्ष (संवत्) में किसी भी देश की आर्थिक सम्पन्नता को समझने एवं जानने (आकलन) के लिए विशेष महत्त्व रखते हैं, क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से वर्षा, मानसून तथा अन्न उत्पादन पर निर्भर करती है। आगामी वर्ष (वि. संवत् २०७७) में दो स्तम्भ मध्यम-बली तथा शेष दो स्तम्भ नगण्य होने के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में अनेक मूलभूत परिवर्तन किए जाएंगे, परन्तु अनेक सुधारात्मक पगों के बावजूद प्रतिकूल जलवायु एवं वैश्विक परिस्थितियों के कारण व्यवधान उत्पन्न होते रहेंगे।

आर्षमान द्वारा रक्षा फल-विचार (वि. सं. २०७७)

निम्नलिखित ये चार आर्षमान वर्ष में जनता व देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, सामाजिक शान्ति एवं सौहार्द, नैतिक मूल्यों, समृद्धि एवं सौभाग्य का निर्धारण करते हैं। आर्षमान भी स्तम्भों की भान्ति विशेष तिथियों एवं नक्षत्रों के संयोग से निर्धारित किए जाते हैं। इनकी निर्बलता देश में उपद्रव, दुर्घटनाओं, आपदाओं, विस्फोट, अशान्ति व लोगों के चारित्रिक पतन को निमन्त्रित करती हैं। आर्ष शब्द का अर्थ है ऋषियों से सम्बन्धित, ऋषियों का। आर्षमान का मूलतः अर्थ हुआ–नापतोल का ऋषि प्रोक्त पैमाना। तिथि व नक्षत्र का संयोग जितना अधिक होगा, आर्षमान उतना ही अधिक बलवान समझा जाएगा।

(1) प्रथम आर्ष–गतवर्ष की पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूल नक्षत्र का सम्पर्क 77% है।

(2) द्वितीय आर्ष–वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र का सम्पर्क 64.3% है।

(3) तृतीय आर्ष–श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का सम्पर्क 59% है।

(4) चतुर्थ आर्ष–कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का सम्पर्क 65.8% है।

फल–इस वर्ष देश की रक्षा के सांकेतिक चारों दुर्ग मध्यमबली से कुछ अधिक ही है। फलस्वरूप आगामी वर्ष सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय रक्षा-सन्धियों, परमाणु ऊर्जा एवं सुरक्षा-तन्त्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास किए जाएंगे। देश को आर्थिक, राजनैतिक एवं सैन्य दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए विशेष नीतियां बनाई एवं क्रियान्वित की जाएगी। विज्ञान, अन्तरिक्ष एवं रक्षा-क्षेत्र में नवीन अनुसन्धान करके देश के सुरक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ किया जाएगा। परन्तु ध्यान रहें, चारों दुर्ग पूर्ण बली नहीं हैं। फलस्वरूप पाक व बांग्लादेशी घुसपैठ से देश की आन्तरिक एवं बाह्य सुरक्षा को गम्भीर संकट उत्पन्न होने का भय है। प्राकृतिक आपदाओं से भी देश की आर्थिक, सामाजिक एवं सुरक्षा की स्थिति चिन्तनीय हो सकती है। देश के सुरक्षा प्रबन्धों को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता होगी।

❊ धनु एवं मकर राशिस्थ गुरु का प्रवेशफल-सं. २०७७ ❊

संवतारम्भ में धनु राशि में संचरणशील गुरु 30 मार्च को मकर (नीच) राशि में आकर पुनः 14 मई, 2020 ई. को वक्री होकर 30 जून से 19 नवम्बर, 2020 ई. तक धनु राशि में संचार करेगा। तदुपरान्त 20 नवम्बर, 2020 ई. को पुनः मकरराशि में 5 अप्रैल, 2021 ई. तक मकर राशि में संचार करेगा। ता. 6 अप्रैल, 2021 ई. से संवतान्त तक कुम्भ राशि में संचार करेगा।

धनु राशि में गुरु संचार-फल (30 जून से 19 नवम्बर, 2020 ई. तक)

पूर्वकाले भवेत्-धान्यं-गोधूप-शालिर्शकराः। कार्पासश्च प्रवालानिकांस्य लोहं घृतं त्रपु।।

अर्थात् गुरु जब धनु राशि में आए तो मार्गशीर्ष संवत्सर होता है और उसमें '**हेममाली**' नामक मेघ वर्षता है। स्त्रियों पर हिंसा की घटनाओं में वृद्धि होती है। पहिले से बोई हुई फसलें जैसे-धान्य, गेहूँ, चावल, शक्कर की पैदावार अधिक होगी। परन्तु कपास, रूई, काँसा, लोहा, घी, सीसा, सोना-चाँदी-ये वस्तुएं महंगी होंगी। जबकि तिल, गुड़, सुपारी, सफेद वस्त्रों में मन्दी का रुख रहेगा। मार्गशीर्ष से ज्येष्ठ मास तक घी महंगा होगा तथा भैंस, घोड़े, गाँ आदि चौपायों के भावों में वृद्धि होगी।

मकर राशि में गुरु संचार-फल (20 नवं., 2020 ई. से 5 अप्रै. 2021 ई. तक)

उत्तरेपश्चिमेदेशेखण्ड वृष्टि कदापिच। पूर्वस्यां दक्षिणे चैव दुर्भिक्षं राज्यविग्रहम्।।

अर्थात् गुरु जब मकर राशि में आए तो पौष नामक संवत्सर होता है तथा उसमें '**जलेन्द्र**' नामक मेघ वर्षता है। जिससे चौपायों की मृत्यु अधिक तथा पृथ्वी पर दुर्भिक्ष व अकालजन्य स्थितियां बनेंगी। पेयजल का गम्भीर संकट उत्पन्न होगा। उत्तर तथा पश्चिमी क्षेत्रों में खण्ड वृष्टि अर्थात् कहीं अत्यधिक वर्षा एवं कहीं वर्षा की कमी अनुभव होगी। पूर्वी तथा दक्षिणी राज्यों में सत्ता-परिवर्तन, राजनीतिक उलट-फेर तथा दुर्भिक्ष (अकाल) जन्य हालात बनेंगे। पेयजल, तेल, घी, दूध, अन्न और लाल वस्त्रों आदि के मूल्यों में वृद्धि होगी। चाँदी भी विशेष महंगी होगी।

ग्रहों के आधार पर आगामी वर्ष की प्रमुख भविष्यावाणियां—वि. सं. २०७७

- नया *'प्रमादी'* नामक संवत्सर होने से सरकार की ओर से कठोर एवं अप्रिय निर्णय लिए जाएंगे। यद्यपि देशहित में लिए गए कठोर एवं क्लिष्ट सरकारी नियमों एवं कानूनों से सामान्य प्रजा में दुविधा, भय, विक्षोभ एवं आक्रोश की भावनाएं रहेंगी।
- *राजा बुध* तथा *मन्त्री* चन्द्र होने से अधिकांश राष्ट्राध्यक्ष पारस्परिक सम्बन्धों में दोगुली कूटनीति का प्रयोग करेंगे। व्यापारी, शिल्पकार, डॉक्टर, विशिष्ट लेखक विशेष लाभान्वित रहेंगे। विभिन्न अर्थात् सभी क्षेत्रों में स्त्रियों का महत्त्व, प्रभाव एवं भागीदारी बढ़ेगी।
- वर्ष का राजा बुध होने से लोगों में स्वास्थ्य सम्बन्धी चेतना एवं जागरुकता बढ़ेगी। गीतकार, संगीतकार, अभिनेता, विद्वानों की गैर-कानूनी एवं देश-विरोधी गतिविधियां उजागर होंगी। सन्तों एवं महन्तों का वर्चस्व बढ़ेगा तथा बड़े-बड़े लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही होंगी।
- वर्षारम्भ से 13 जनवरी, 2020 ई. तक *'पंचग्रही योग'* तदुपरान्त *'चतुर्ग्रही योग'* रहने से अमरीका-ईरान, इज़रायल-फिलीस्तीन, भारत-पाक आदि विरोधी देशों के मध्य सैनिक टकराव एवं युद्धजन्य परिस्थितियां बनेंगी। किसी यूरोपीय देश में आतंकवादी घटना घटित होने से आतंकवाद की दावाग्नि पुनः भड़कने लगेगी।
- समूचे विश्व में अनेक जगह पाँव पसारती आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु विश्व के अनेक देश एक विशेष संगठन का निर्माण करने की ओर अग्रसर होंगे।
- आगामी समय में कुछ राज्यों में (हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, बंगाल, दिल्ली) होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा स्पष्ट रूप से विजयी होगी। भाजपा के प्रभावक्षेत्र में वृद्धि होगी।
- खण्डित एवं अप्रभावी विपक्ष (कांग्रेस एवं अन्य क्षेत्रीय पार्टियां) यद्यपि राजनीतिक अस्तित्व तो बचा लेंगे, परन्तु भाजपा को पराजित करने में असमर्थ रहेंगे।
- सार्वजनिक संवाद और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का स्तर काफी नीचे गिर जाएगा।
- 30 मार्च से 29 जून तक भारत की प्रभावराशि मकर पर *'गुरु-शनि'* योग रहने से प्रधानमन्त्री श्रीनरेन्द्र मोदी की तथा भारत की मान-प्रतिष्ठा एवं प्रभुत्व में अन्तर्राष्ट्रीय एवं विश्वस्तरीय तौर पर वृद्धि होगी। अन्तर्राष्ट्रीय जगत् में एक धूमकेतु की तरह उभरेंगे। विश्व के अनेक राष्ट्र भारत से मैत्री और संवाद के लिए उत्सुक रहेंगे।

सिद्धान्तसंहिताहोरारूपं स्कन्धत्रयात्मकम्।
वेदस्य निर्मलं चक्षुर्ज्योतिः शास्त्रमकल्मषम्।।

'सिद्धान्त, संहिता और होरा (जातक)-तीन स्कन्धरूप ज्योतिषशास्त्र वेद का निर्मल और दोषरहित नेत्र कहा गया है। इस ज्योतिषशास्त्र के बिना कोई भी श्रौत और स्मार्त कर्म सिद्ध नहीं हो सकता। अतः ब्रह्मा जी ने संसार के कल्याणार्थ सर्वप्रथम ज्योतिषशास्त्र का निर्माण किया। अतः स्पष्ट है कि संसार में घटने वाली समस्त घटनाओं का ज्ञान ज्योतिषशास्त्र द्वारा ही होता है।

यह वह शास्त्र है, जिसके आधार पर मनुष्य को उसके जन्म-जन्मातरीय कर्मों के सुपरिणाम और दुष्परिणाम का ज्ञान होता है तथा दुष्परिणामों से बचाव हेतु उपायों का निर्देश किया जाता है। विद्वानों ने इसे प्रत्यक्ष शास्त्र के रूप में स्वीकार किया है-

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तेषु केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ।।

वस्तुतः भूत, वर्तमान और भविष्यत्-तीनों कालों के प्रत्यक्षीकरण में यह विद्या चक्षुरूपात्मिका है। एतावता इसकी प्राधान्य स्वयंसिद्ध है। मानव जीवन के सर्वतोमुखी विकास के लिए भौतिक सम्पन्नता के साथ-साथ आध्यात्मिक चिन्तनशीलता परम अपेक्षित है-

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते।। (शु. यजु ४०/१४)

ज्योतिर्विज्ञान प्रमुख वेदांग होने के कारण सफल सार्थक जीवनविषयक उपर्युक्त सत्याधृत महती अवधारणा को व्यावहारिक रूप प्रदान करने का अप्रतिम माध्यम है।

न केवल जन्म से मृत्यु तक, अपितु जन्मपूर्व से मृत्यु के अनन्तर की समस्त

गतिविधियों का सम्यक् विवेचन एवं समुचित दिशा-निर्देशन जिस शास्त्र का आश्रय ग्रहणकर किया जाता है, उसकी संज्ञा है-**ज्योतिर्विज्ञान**। वस्तुतः मानव-जीवन से सम्बद्ध ऐसे अनेक अनुपेक्षणीय प्रश्न हैं, जो ज्योतिषशास्त्र के बिना उत्तरित नहीं हो सकते। **यथा**-मनुष्य के प्रादुर्भाव का प्रयोजन क्या है ? नक्षत्र, ग्रह तथा राशि के अनुसार उसके जीवन की अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियाँ किस प्रकार की हैं ? प्रतिकूलता को अनुकूलता में परिवर्तित करने के लिए कौन से उपाय फलप्रद हो सकते हैं ? निर्धारित अवधि तक रहकर मनुष्य धराधाम को छोड़कर कहाँ चला जाता है ? शरीर-त्याग के उपरान्त उसकी क्या गति होती है ? कर्मानुसार उसका जन्म पुनः कहाँ और किस रूप में होता है ? जन्म-जन्मान्तर के रहस्य को कैसे जाना जा सकता है ? आदि।

काल के अध्ययन का शास्त्र होने के कारण यह कालविज्ञान भी कहा जाता है। निस्सन्देह, किसी भी क्षेत्र में सच्ची प्रगति के लिए काल एवं क्रिया-संचालन का सम्यक् ज्ञान अत्यावश्यक है। कालज्ञान रहने पर कार्य निर्विघ्न सम्पन्न होकर सुपरिणामदायक होता है। ऐसा नहीं होने से निरर्थक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतएव ऋद्धि-सिद्धि के निमित्त ज्योतिष के दोनों रूपों को अपनाना अर्थात् गणित तथा फलित के अनुसार विकासपथ पर अग्रसर होना सर्वथा श्रेयस्कर है।

जातक के जन्म समय सौरमण्डल एवं जन्मकुण्डली में जिस प्रकार ग्रहों की स्थिति होती है, उसी के अनुसार मनुष्य (जीव) का बाह्य एवं अभ्यान्तरिक जीवन प्रभावित होता रहता है- **'ग्रहाधीनं जगत्सर्वम् ग्रहाधीना नरावराः।**
सृष्टि रक्षण-संहाराः-सर्वे चापि ग्रहानुगाः।।'

जन्मकुण्डली में स्थित ग्रह मनुष्य जीवन के शुभाशुभ कर्मों के नियामक (Determinant) नहीं, बल्कि सूचक होते हैं। मनुष्य जीवन में घटित होने वाली समस्त शुभाशुभ घटनाएं, सफलता-असफलता, जन्म व मृत्यु की स्थिति आदि बीज रूप में गर्भकाल से ही प्रस्फुटित होने लगते हैं। हमारे धर्मशास्त्रों के अनुसार भी मनुष्य को अपने पिछले जन्म में किए गए कर्मों के फल को अवश्य ही भोगना पड़ता है-

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभ।। अन्येत्रऽपि
सुखस्य दुःखस्य न कोऽपि दाता। स्वकर्म सूत्रे ग्रथितो हि लोकाः द्वारा।।

ईश्वर की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **'पंचांगदिवाकर'**, **'मुफीद आलम जन्त्री'** (उर्दू, हिन्दी-पंजाबी) तथा **'तिथ-पत्रिका'** (पंजाबी) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०७७ (2020-21 ई.) में गौरवशाली 145 वर्ष हो जाएंगे। इस पंचांग-समूह के प्रवर्त्तक एवं संस्थापक हमारे परम पूज्य वृद्धप्रपितामह (पितृ-पुरुष) विश्वविख्यात मशहूर आलम पण्डित देवीदयालु जी (लाहौर वाले) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हो चुकी है, वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी हुई नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से अधिक वर्षों प्रयन्त ज्योतिष जगत के क्षेत्र में हमारी पंचांग, जन्त्री तथा अन्य ज्योतिष, धार्मिक प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। सुविज्ञ पाठकों से अनुरोध है कि वह असली व प्रामाणिक **'पंचांगदिवाकर'**, **'मुफीद आलम जन्त्री'** तथा अन्य प्रकाशनों पर हमारे पूज्य पिता स्वर्गीय पं. पन्ना लाल ज्योतिषी जी का नाम व फोटो, गणितकर्त्ता पं. विवेक शर्मा एवं पंकज शर्मा तथा एकमात्र वितरक **'जनरल बुक डिपो'** जालन्धर का नाम अवश्य पढ़ लिया करें, जिससे कि आप असली, शुद्ध एवं प्रामाणिक जन्त्री/पंचांग ही प्राप्त कर सकें।

गतवर्षीय दिवाकर पंचांगों की भविष्यवाणियाँ जो अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं

आगे हम संक्षिप्त रूप से हमारे पूर्वजों पं. देवीदयालु जी, पं. मोहन लाल जी, पं. चून्नी लाल जी, पिता जी पं. पन्ना लाल जी तथा वर्तमान गणितकर्त्ता पं. विवेक शर्मा की उन भविष्यवाणियों का उल्लेख कर रहे हैं, जो ईश्वर कृपावश अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं। इन सटीक एवं सफल भविष्यवाणियों के कारण ही **'पंचांगदिवाकर'** को विद्वत समाज में अग्रणी एवं शीर्षस्थ स्थान प्राप्त है।

[भारत-पाक का ब्रिटिश शासन से स्वतन्त्र होना सं. २००४ (1947-48 ई.), भारत-चीन युद्ध (सं. २०१९), भारत-पाक युद्ध (सं. २०२२), बांग्लादेश का उदय होना-सं. २०२७, कांग्रेस (ई.) की पराजय (संवत् २०३३) तथा पुनः सत्ता में आना-सं. २०३६, ईरान-ईराक युद्ध-वि. सं. २०३९, पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी की आकस्मिक मृत्यु-सं. २०४१, पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गाँधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४७), मोर्चा सरकार का पतन तथा भाजपा का सशक्त पार्टी के रूप में सत्तारूढ़ होना-वि. सं. २०५५, ***भाजपा सरकार का आकस्मिक गिरना तथा कारगिल (ज. काश्मीर) में घुसपैठ एवं युद्ध की स्पष्ट भविष्यवाणी-वि. संवत् २०५६, सं. २०५७ के पंचांग में एवं च, भाजपा का केन्द्र में गिरकर पुनः सत्ता ग्रहण की भविष्यवाणी स्पष्टतः की गई थी।]***

पुनः वि. संवत् २०५८ के पंचांग में अमरीका 9/11 सम्बन्धित त्रासदी के बारे में, वि. संवत् २०५९ में पंजाब में कांग्रेस पार्टी की विजय सम्बन्धी भविष्यवाणी, वि. सं. २०६० में ***'अमरीका-ईराक'*** *युद्ध तथा ईराक में सत्ता-परिवर्तन, वि. सं. २०६१ में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की विजय तथा भाजपा (वाजपेयी) सरकार का पतन, वि. संवत् २०६३ में पंजाब, बिहार मे नेतृत्व-परिवर्तन के योग (बादल तथा नितीश कुमार का सत्तासीन होना) तथा मुम्बई में 11 जुलाई, 2006 ई. को बम-विस्फोट सम्बन्धित भविष्यवाणी, वि. संवत् २०६४ (2007-08 ई.) में उ.प्र., उत्तराखण्ड में नेतृत्व परिवर्तन के योग, वि. संवत् २०६५ में गुजरात में भाजपा एवं मोदी सरकार के विजयी सम्बन्धी भविष्यवाणी, वि. संवत् २०६६ में अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को सफलता प्राप्ति एवं जम्मू-काश्मीर में नैशनल-कांफ्रेंस गठबन्धन का विजयी होना वि. संवत् २०६७ में कांग्रेस का पुनः जीत प्राप्त करना, वि. संवत् २०६८ में विश्व में आर्थिक मन्दी, लीबिया, सूडान, मिस्र, सीरिया आदि देशों में आन्तरिक क्रान्ति तथा सत्ता परिवर्तन, वि. संवत् २०६९ में इस्लामी देशों में आन्तरिक गृह-युद्ध, पंजाब में अकाली-भाजपा गठबन्धन का पुनर्विजयी*

*होना, वि. संवत् २०७० (2013-14 ई.) में ही 'श्रीनरेन्द्र मोदी' के प्रधानमन्त्री बनने **सम्बन्धी भविष्यवाणी तथा पाँच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता प्राप्ति की भविष्यवाणी एवं उत्तराखण्ड में महावृष्टि सम्बन्धी हानि की भविष्यवाणी**, वि. संवत् २०७१ (2014-15 ई.) तथा वि. संवत् २०७२ (2015-16 ई.) में अप्रैल, 2015 ई. में **नेपाल में भूकम्प, जम्मू-काश्मीर में किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत प्राप्त न होना तथा चुनाव पश्चात् गठबन्धन सरकार अस्तित्व में आएगी' भविष्यवाणी**, सं. २०७३ (2016-17 ई.) में **'पाक-चीन'** आदि पड़ोसी देशों के साथ विदेश-नीति में निरन्तरता का अभाव, 'एक सक्षम और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत का उदय होगा', 'धरती ही नहीं अंतरिक्ष में भी भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, अर्थात् नए-नए प्रक्षेपास्त्र एवं अन्तरिक्ष-अनुसन्धान किए जाएंगे' आदि अनेक भविष्यवाणियों का उल्लेख हम गतवर्षीय पंचांगों में कर आएं हैं। परन्तु **सन् 2016-17 ई. की सबसे बड़ी भविष्यवाणी थी 'नोटबन्दी'**। वि. संवत् २०७४ (2017-18 ई.) में पृष्ठ 83 मुख्य कॉलम में पढ़ें-विधानसभा चुनावों में पंजाब, गोवा में कांग्रेस का, परन्तु उ.प्र., उत्तराखण्ड, मणिपुर में भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा। पुन: पृष्ठ 91, कॉलम-I में पढ़ें-'……व्यापारी सरकार के कठोर व पेचीदा नियमों से परेशान व पीड़ित रहेंगे।' जैसा कि लोग/व्यापारी जी.एस.टी. व नोटबन्दी के दौरान परेशान रहे। वि. संवत् २०७५ में गुजरात, हि.प्र., त्रिपुरा, कर्नाटका में भाजपा की विजयी/मज़बूती की भविष्यवाणी, पूर्व-प्रधानमन्त्री श्री अटल-बिहारी वाजपेयी जी के निधन सम्बन्धी तथा भाजपा को पराजित करने के लिए विपक्षी पार्टियां नया गठजोड़ बनाने हेतु प्रयासरत रहेंगी-सम्बन्धी भविष्यवाणियां अक्षरश: सत्य सिद्ध हुई हैं।*

गतवर्ष वि. संवत् २०७६ के पंचांगदिवाकर में भी अभी तक (जून, 2019 ई. तक) अनेक भविष्यवाणियां ईश्वर कृपावश सत्य सिद्ध हुई हैं, जिनका उल्लेख कर रहे हैं-

(1) पृष्ठ 79-मुख्य कॉलम में ही स्पष्ट पढ़ें-'नवम्बर, 2018 ई. में होने वाले विधानसभा चुनावों में कुछ राज्यों में कांग्रेस तथा कुछ में भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा। **राजस्थान, ३६गढ़ में कांग्रेस का परन्तु म.प्र. में दोनों मुख्य पार्टियों के मध्य कांटे की टक्कर रहे।**'-परिणाम पाठकों के सामने हैं। हम ईश्वर, पितृपुरुषों तथा पाठकों का हृदय से आभार प्रकट करते हैं। आप सभी के आशीर्वाद से ही यह सब सम्भव एवं प्रमाणित हुआ है।

(2) पृष्ठ 79-मुख्य कॉलम में पढ़ें-'**विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को आपेक्षित सफलता न मिलने से लोकसभा चुनावों में चुनावी पटल पर श्रीमती प्रियंका गाँधी भी प्रवेश कर सकती हैं।**'-यह भी स्पष्ट है कि चुनावों से पूर्व श्रीमती प्रियंका गाँधी का सक्रिय राजनीति में प्रवेश हुआ।

(3) पृष्ठ 79, मुख्य कॉलम में ही अनेक भविष्यवाणियाँ हैं, जो अक्षरश: सत्य प्रमाणित हुई हैं, जैसे-'नए-नए कर प्रावधानों, कानून व अर्थव्यवस्था की शोचनीय स्थिति के कारण एन.डी.ए. सरकार की प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुँचेगा, परन्तु श्रीनरेन्द्र मोदी की साख मज़बूत रहेगी, कम वर्षा होने से अनाज, धान्यादि के मूल्यों में विशेष वृद्धि होगी।-जैसे कि 1 जुलाई, 2019 ई. को ही केन्द्र सरकार द्वारा इन फसलों के समर्थन मूल्यों में वृद्धि की गई है।

(4) पृष्ठ 79 तथा पृष्ठ 83 (कॉलम-II) पर ही पढ़ें-'ईरान, पाकिस्तान आदि मुस्लिम बाहुल्य देश विश्व राजनीतिक का ध्रुवीकरण बने रहेंगे। रूस, चीन आदि द्वारा अमरीका के विरुद्ध **आर्थिक प्रतिबन्धों के कारण अमरीका को नए समीकरण बनाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।**'- वर्तमान में अमरीका की गतिविधियां स्पष्ट रूप से इस बात का संकेत कर रही हैं।

(5) पृष्ठ 79-(मुख्य कॉलम) तथा पृष्ठ 84 (कॉलम-I) में स्पष्ट पढ़ें-'ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से ठण्डे यूरोपीय देश भी नहीं बच पाएंगे।'

(6) पृष्ठ 82 (कॉलम-II) में स्पष्टत: पढ़ें-'विपक्षी पार्टियों द्वारा सत्ता-लोलुपता की भावना से बनाए गए तथाकथित '**महागठबन्धन**' एक असफल प्रयास सिद्ध होगा।'-परिणाम पाठकों (जनता) के सामने हैं।

(7) पृष्ठ 83 (कॉलम-II) में स्पष्ट पढ़ें-'7 मई से 21 जून के मध्य '**मंगल-राहु**' योग तथा राहु की स्थिति के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प की कूटनीतियों एवं ईरान, तुर्क आदि देशों पर प्रतिबन्धों के कारण विश्व राजनीति में शीत युद्ध जन्य परिस्थितियां रहेंगी।

(8) पृष्ठ 84 (कॉलम-II) में पढ़ें-'पश्चिमी एशियाई देशों में युद्ध के बादल मंडराएंगे। टर्की, ईरान, सीरिया, यमन में अमरीका, रूस आदि देश अलग-अलग आधिपत्य स्थापित करने के लिए इन देशों को भीषण संघर्ष की अग्नि में झोंक देंगे।'-जून-जुलाई की परिस्थितियां समक्ष हैं।

(9) पृष्ठ 85 ('अमरीका' शीर्षक-कॉलम-II) में पढ़ें-'अमरीका, ईरान, रूस, चीन आदि देशों के साथ आर्थिक प्रतिबन्ध आदि लगाकर एक प्रकार से 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' लड़ेगा।'

(10) पृष्ठ 86 (कॉलम-II) में स्पष्ट पढ़ें-'**अन्तर्कलह एवं उत्साह में कमी के कारण आगामी विधानसभा** (राज., म.प्र., ३६गढ़) **चुनावों में भाजपा अपेक्षित सीटें प्राप्त करने में असफल रहेंगी।**'

(11) पृष्ठ 87 (कॉलम-I) में स्पष्ट पढ़ें-'7 मार्च, 2019 ई. तक केतु की मकर राशि पर उपस्थिति भारतीय लोकतन्त्र एवं केन्द्रीय सरकार के लिए अत्यन्त कठिन चुनौतियों से भरा समय होगा। भारत की पश्चिमी सीमाओं पर पाकिस्तानी एवं चीनी सेनाओं की आक्रामक गतिविधियाँ भारतीय प्रभुसत्ता एवं अस्मिता के लिए गम्भीर चुनौतियां बनकर उभरेंगी। **फरवरी, 19 ई. में हुई पुलवामा बमविस्फोट के बाद सीमाओं पर तनावपूर्ण परिस्थितियां इस वाक्य की सत्यता स्वयं प्रमाणित कर रही थीं।**'

(12) पृष्ठ 87 पर (कॉलम-I-II) पर पढ़ें-'23 दिसम्बर, 2018 ई. से 21 जनवरी, 2019 ई. के मध्य राम-मन्दिर निर्माण मुद्दा ज्वलन्त रूप से सत्ता-विपक्ष के मध्य टकराव का केन्द्र बिन्दु रहेगा।'

(13) पृष्ठ 88 पर (कॉलम-II) में शीर्षक में ही लिखी गई पंक्ति ***'केन्द्र में भाजपा गठबन्धन सरकार के योग' स्वयं सम्पूर्ण कथाक्रम को व्यक्त कर रही है।-पढ़ें-''इस ग्रहयोग के प्रभाव से श्री मोदी जी को पुनः उच्च पद (प्रधानमन्त्री) प्राप्त हो सकता है। उनकी वैश्विक छवि की प्रभा एवं आभा कायम रहेगी।''***

(14) पृष्ठ 89 पर 'लोकसभा चुनाव-2019 ई.'-शीर्षक के अन्तर्गत पढ़ें-'……

परन्तु ग्रहयोग अनुसार श्री नरेन्द्र मोदी जी के ही पुनः प्रधानमन्त्री बनने के प्रबल योग बन रहे हैं।'

(15) पृष्ठ 89 (कॉलम-II) में स्पष्ट पढ़ें-'**उपरोक्त ज्योतिषीय कारणों से श्रीराहुल गाँधी का अभी प्रधानमन्त्री पद पर प्रतिष्ठित होना संदिग्ध लगता है।**' एवं च, '**ग्रहयोग अनुसार महागठबन्धन............अधिक देर तक सफल नहीं हो पाएगा।**'

(16) पृष्ठ 90 (कॉलम-II-राजस्थान शीर्षक) में पढ़ें-.......विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति सुदृढ़ होगी। यद्यपि भाजपा-कांग्रेस में काँटे की टक्कर दृष्टिगोचर होगी। **अन्तर्कलह के कारण भाजपा अपेक्षित सीटें प्राप्त नहीं कर पाएंगी। यद्यपि लोकसभा चुनावों में भाजपा की स्थिति सुदृढ़ होंगी।**

(17) पृष्ठ 90 (कॉलम-II-उ.प्र. शीर्षक)-'महागठबन्धन के कारण लोकसभा चुनावों में भाजपा को कुछ हानि होगी तथा आपेक्षित सीटें प्राप्त नहीं होंगी। **फिर भी भाजपा की स्थिति सुदृढ़ रहेगी।**'-परिणाम आपके सामने हैं। एक-एक पंक्ति अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई है। अन्य दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा आदि शीर्षकों में भी स्पष्ट पढ़ें।-ये सभी घटनाएं '**पंचांगदिवाकर**' में दी गई भविष्यवाणियों की सार्थकता एवं सत्यता प्रमाणित कर रही हैं।-**धन्यवाद (पं. विवेक शर्मा)**

वि. संवत् 2077 में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

वि. संवत् 2077 में ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह-परिषद्) के दस पदाधिकारों में से पाँच अधिकार (पद) सौम्य (शुभ) ग्रहों को एवं पाँच पदाधिकार क्रूर ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। राजा तथा धनेश (कोशस्वामी) जैसे महत्त्वपूर्ण पद द्विस्वभाव किन्तु सौम्य ग्रह '**बुध**' को प्राप्त हुए हैं। बुध को कूटनीतिज्ञ, चपल किन्तु नपुंसक ग्रह भी माना जाता है। मन्त्री का पद स्त्रीकारक ग्रह '**चन्द्रमा**' को प्राप्त हुआ है। वर्षा (मेघ), फलों तथा सेना (रक्षा) के तीन महत्त्वपूर्ण अधिकार क्रूर ग्रह '**सूर्य**' को प्राप्त हुए हैं। धान्येश का अधिकार भी क्रूर ग्रह मंगल को प्राप्त हुआ है। सूर्य व मंगल-दोनों पुरुष ग्रह माने जाते हैं। कृषि एवं धातुओं का अधिकार सौम्य, शुभ एवं पुरुष ग्रह बृहस्पति (गुरु) को प्राप्त हुए हैं।

ग्रहों के प्रस्तुत पद-विभाजन के प्रभावस्वरूप लेखक, अध्यापक, वकील-जज, बौद्धिक एवं तकनीकि कार्यों से सम्बन्धित लोग, वैद्यक, चिकित्सा, लेखा-जोखा (Accounts), विज्ञान-ज्योतिष, तकनीकि कार्य-उद्योग, व्यापारादि से सम्बन्धित लोग विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। विश्व में अधिकांश राष्ट्राध्यक्ष पारस्परिक सम्बन्धों में दोगली कूटनीति का प्रयोग करेंगे। राजनीति, सामाजिक, आर्थिक आदि सभी क्षेत्रों में चालाकी, कपट एवं बौद्धिक, कूटनीतियों का प्रयोग होने लगेगा। यद्यपि भौतिक सुख-साधनों में उल्लेखनीय उन्नति होगी। **मन्त्री-चन्द्रमा के प्रभावस्वरूप समाज एवं प्रशासन में स्त्रियों का महत्त्व एवं प्रभुत्व बढ़ेगा।** सम्पन्न एवं विशिष्ट वर्ग के लोगों के मध्य सुख-साधनों एवं धन का प्रसार बढ़ेगा। प्रत्येक क्षेत्र में उपभोग एवं व्यापारिक प्रवृत्ति बढ़ेगी। विवाहादि एवं अन्य राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों में प्रदर्शन एवं दिखावे की प्रवृत्ति बढ़ेगी। मन्त्री चन्द्र एवं धनेश भी बुध होने के कारण विभिन्न सौन्दर्य प्रसाधनों तथा विभिन्न उपभोग्य वस्तुओं के उत्पादनों में विशेष वृद्धि होगी। बढ़िया किस्म के वस्त्रों, हस्तशिल्प, हीरा-मोती आदि रत्नों के जौहरी एवं सुवर्णकार, कलपुर्जों एवं कृषि, अनाज-करियाना आदि से सम्बन्धित व्यापारी तथा पैट्रोल, तेल, डीज़ल, कागज, सोना-चाँदी, ताँबा आदि धातुओं एवं भवन-निर्माण से सम्बन्धित व्यवसायी तथा सामान्य व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित रहेंगे। चन्द्र-बुध के कारण मनोरोग, उदर, स्नायु, रक्तचाप, मधुमेह, वात, पित्त एवं कफ सम्बन्धी गुप्त एवं पेचीदा रोग अधिक होंगे। लघु व्यापारी लोग आर्थिक उलझनों के कारण परेशान रहेंगे।

मेघों (बादलों, वर्षा) फलों तथा सेना का स्वामी सूर्य होने से अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी रहे। आँधियां अधिक हों। अधिकांश देश घातक परमाणु एवं न्यूक्लियर हथियारों के निर्माण में संलग्न होंगे। पहाड़ी क्षेत्रों में बेमौसमी भारी वर्षा से बाढ़ादि का प्रकोप होगा। लोगों में मानसिक एवं क्लिष्ट श्वास रोग अधिक होंगे। यद्यपि कृषि, फल, परमाणु सौर ऊर्जा एवं सैन्य संसाधनों में विशेष उल्लेखनीय उन्नति होगी, परन्तु **कुछ मुस्लिम बाहुल्य देशों के प्रमुख अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए विश्व के समृद्ध शक्तिशाली देशों से लोहा लेने से नहीं कतराएंगे।** रसेश शनि होने से भी अनुकूल वर्षा की कमी रहे, रसदार वस्तुएँ जैसे-ईख, दूध, घी, तैल, मक्खन, खाण्ड, गुड़ आदि तथा पेयजल में कमी हो। इन सामान्य जनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में ज़बरदस्त तेजी होने से लोगों में गहरा आक्रोश एवं असन्तोष व्याप्त होगा। लोगों में परस्पर प्रेम-भाव एवं भाईचारे की विशेष कमी रहेगी।

'**प्रमादी**' नामक संवत्सर के प्रभावस्वरूप भी सरकार की ओर से कठोर एवं अप्रिय निर्णय लिए जाएंगे। यद्यपि देशहित में लिए गए कठोर एवं क्लिष्ट सरकारी नियमों से सामान्य प्रजा में दुविधा, भय, विक्षोभ एवं आक्रोश की भावनाएं रहेंगी।

नववर्ष प्रवेश एवं जगत्-लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यफल

'**प्रमादी**' नामक संवत्सर में विक्रमी संवत् 2077 का प्रवेश चैत्र अमावस्या की समाप्ति 24 मार्च, 2020 ई. की दोपहर 14^{घं.}-58^{मिं.} पर उत्तराभाद्रपद नक्षत्रकालीन चर लग्न '**कर्क**' में हुआ है। वर्ष लग्नेश चंद्रमा भाग्य स्थान में सूर्य के साथ स्थित है। भारत की प्रभाव-राशि (मकर) पर मंगल की उच्च स्थिति तथा शनि युक्त होकर लग्न भाव को नीच एवं शत्रु दृष्टि से देख रहे हैं। सप्तम

नववर्ष प्रवेश कुण्डली
24 मार्च, सन् 2020 ई.
14 घं. 58 मिं. (भा.स्टैं.टा.)



जगत् लग्न कुण्डली,
13 अप्रैल, सन् 2020 ई.
20 घं. 23 मिं. (भा.स्टैं.टा.)



छत्रभंग तथा उपद्रव हिंसक घटनाएं अधिक होंगी।

उच्च स्थिति तथा शनि युक्त होकर लग्न भाव को नीच एवं शत्रु दृष्टि से देख रहे हैं। सप्तम भाव (वैदेशिक सम्बन्धों का भाव) में मंगल-शनि की स्थिति तथा भाग्यस्थ सूर्य-चन्द्र पर शनि की शत्रु तृतीय दृष्टि भी भारत एवं विश्व में तनाव एवं उलझनपूर्ण परिस्थितियों की ओर संकेत कर रही हैं। '**कालसर्प योग**' भी बना हुआ है। ग्रहस्थिति आगामी वर्ष विश्व राजनीतिक मंच पर विशेष घटनाप्रद परिस्थितियों लेकर आएगी। विश्व के अनेक विकसित एवं विकासशील देश अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने तथा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अपना वर्चस्व बनाने के लिए परमाणु एवं संहारक हथियारों का संग्रह करने में संलिप्त रहेंगे। वर्ष लग्न पर शनि–मंगल की संयुक्त दृष्टियां तथा सूर्य पर शनि की शत्रु दृष्टि, शुक्र पर गुरु की विशेष पंचम दृष्टि के प्रभावस्वरूप दक्षिण एशिया के कुछ देशों में कहीं अग्निकाण्ड, भूकम्प एवं हिंसक आन्दोलन होने से अशान्ति फैलेगी। विश्वव्यापी आर्थिक क्षेत्रों में आर्थिक मन्दी के कारण पाकिस्तान, ग्रीस, अफगानिस्तान, श्रीलंका, भारत, चीन, सहित अनेक विकासशील देश आर्थिक मन्दी की लपेट में आ जाएंगे। राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में विश्व के प्रमुख देशों जैसे–अमरीका, भारत, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, कैनेडा आदि देशों के मध्य नए समीकरण बनेंगे। भारत–अमरीका सहित विश्व के प्रमुख शक्तियों के सामने आतंकवाद से निपटना प्रमुख मुद्दा बना रहेगा।

वर्षप्रवेश कुण्डली में कर्क लग्न उदित होने से पूर्वी देशों एवं पूर्वी प्रान्तों में सुख-समृद्धिदायक वातावरण रहेगा। ऐश्वर्य तथा सुख-साधनों में वृद्धि होगी एवं पूर्वी प्रदेश प्रगतिपथ पर रहेंगे। परन्तु उत्तरी दिशा के देशों एवं प्रदेशों (उत्तरी यूरोप, काश्मीर) में अशान्ति, प्राकृतिक प्रकोपों से व्यापक जन–धन हानि के संकेत हैं।

जगत् लग्न एवं विश्व घटनाक्रम

13 अप्रैल, सोमवार, 2020 ई. को रात्रि 20$^{\text{घं.}}$–23$^{\text{मिं.}}$ पर तुला लग्न में जगत् लग्न का प्रवेश होगा। लग्न का स्वामी शुक्र (जोकि अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का स्वामी भी है) अष्टम भाव में स्वराशिगत (आकस्मिक दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं का भाव) होकर स्थित है तथा गुरु के साथ नवपंचम योग बना हुआ है। सूर्य की लग्न भाव पर नीच दृष्टि भी है। ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के अधिकांश देशों के आन्तरिक, सामाजिक व राजनीतिक हालात विक्षुब्ध एवं परेशानीकारक होंगे। विशेषकर अमेरिका, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ग्रीस, मोरोक्को, ईरान, ईराक आदि देशों में आन्तरिक परिस्थितियां अस्थिर एवं अशान्तिपूर्ण होंगी। कुछ खाड़ी देशों में हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी।

वर्षप्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली–दोनों में **कालसर्प योग** का अशुभ प्रभाव खाड़ी एवं मुस्लिम देशों के लिए राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से विशेष घटनापूर्ण एवं संकटपूर्ण परिस्थितियां लेकर आएगा। मुस्लिम देशों (लीबिया, सीरिया, पाकिस्तान) आदि खाड़ी देशों में कहीं शासन परिवर्तन होने के भी संकेत हैं।

जगत् लग्न लग्न कुण्डली में तुला लग्न उदित होने से मध्य-प्रदेशों (म.प्र., झारखण्ड) अथवा मध्य एशियाई (ईरान, ईराक, तथा खाड़ी देशों) देशों में छत्रभंग अर्थात् शासन-परिवर्तन की प्रबल सम्भावनाएं हैं। पूर्वी देशों तथा प्रदेशों (प. बंगाल आदि) में भी छत्रभंग तथा उपद्रव हिंसक घटनाएं अधिक होंगी।

तुलालग्ने–मध्यदेशो–छत्रभंगश्च–विग्रहः।
धान्यस्यविक्रयः प्राच्यां–छत्रभंगम्–उपद्रवः।। (वर्ष प्रबोध)

वर्षप्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डलियों में प्राप्त कुछ अशुभ ग्रह–योगों एवं अवरोधों के बावजूद दोनों कुण्डलियों में शनि स्वराशिगत तथा मंगल उच्चस्थ होकर संचार कर रहा है। जगत् लग्न कुण्डली में लग्न पर शनि की उच्च दशम दृष्टि होने से विश्व के अनेक विकसित एवं विकासशील देश औद्योगिक एवं व्यापारिक आदान–प्रदान हेतु परस्पर सम्बन्ध बढ़ाएँगे। समूचे विश्व में अनेक जगह पाँव पसारती आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु **विश्व के अनेक देश एक विशेष संगठन का निर्माण करने की ओर अग्रसर होंगे।** इसके अतिरिक्त अमेरिकन एवं यूरोपीय देशों के ऐशियाई देशों के साथ व्यापारिक एवं राजनैतिक सम्बन्धों में वृद्धि होगी। सौर–ऊर्जा, इलैक्ट्रिक वाहनों, परमाणु–अनुसन्धान, न्यूकलियर साईंस एवं नाभकीय क्षेत्रों में उल्लेखनीय विस्तार होगा। विश्व–शान्ति की स्थापना हेतु संयुक्त राष्ट्र संस्थान (U.N.O.) द्वारा भी कुछ नए प्रयास किए जाएंगे।

सन् 2020 ई. में गोचर ग्रहस्थिति और विश्व के हालात

वर्षारम्भ से 13 जनवरी, 2020 ई. तक धनु राशि में '**पंचग्रही योग**' रहने तथा वर्षारम्भ ता. 1 जन. को ही शनि के अस्त होने (जोकि संवत् 2076 का राजा भी है) के कारण पाकिस्तान, मिस्र, ईरान, ईराक आदि अरब देशों में कहीं विस्फोटक एवं हिंसक घटनाएँ होने के संकेत हैं। इज़रायल–फिलीस्तीन, अमरीका–ईरान, भारत–पाक आदि विरोधी देशों के मध्य सैनिक टकराव एवं युद्ध जन्य परिस्थितियां बनेंगी। **किसी यूरोपीय देश में आतंकवादी घटना घटित होने से आतंकवाद की दावाग्नि पुनः भड़कने लगेगी।**

[गतवर्ष पृष्ठ 84 पर यूरोपीय देशों की कुण्डली के अन्तर्गत कॉलम-1 में स्पष्ट पढ़ें–तुर्क, यमन, सीरिया आदि देशों के शरणार्थी बैल्जियम, जर्मनी, ऑस्ट्रिया आदि देशों की शिरोवेदना को ही बढ़ाएंगे।'–जोकि सत्य ही प्रमाणित हुआ।]

यूरोपीय देशों की कुण्डली
1 जन., 2020 ई.
मध्यरात्रि 00$^{\text{घं.}}$ 00$^{\text{मिं.}}$



आगामी वर्ष (सन् 2020 ई.) भी चतुर्थ भाव में '**पंचग्रही योग**' यूरोपीय देशों का राजनीतिक, घरेलु एवं आंतरिक वातावरण विक्षुब्ध रखेगा। शरणार्थी तथा पलायन सम्बन्धी समस्या इन देशों की अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर देगी।

माघ मास (11 जनवरी से 9 फरवरी, 2020 ई. तक) के मध्य पाँच शनिवार एवं पाँच रविवार पड़ने से पाकिस्तान की सीमाओं पर, सीरिया, लीबिया, मिस्र आदि खाड़ी देशों में राजनैतिक उथल–पुथल, सैन्य टकराव, युद्धादि का वातावरण बनेगा। कहीं विस्फोटक घटनाओं के कारण लोगों की आकस्मिक मृत्यु के योग हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि मुस्लिम देशों

में उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी, लोगों में क्लिष्ट रोग, कष्ट एवं दुःखों में वृद्धि होगी।

शनिवारा यदा पंचजायते रविपंचकम्।
महर्घं जायते रोग शोकाकुला पृथिवी।।

फरवरी-मार्च के महीनों में धनु राशि में मंगल-गुरु-केतु तीनग्रही योग एवं गुरु-शुक्र मध्य नवपंचम योग, 14 मार्च, से 12 अप्रैल के मध्य सूर्य-शनि दृष्टि सम्बन्ध (3-10) रहने से ईरान, पाक, अफगानिस्तान आदि इस्लामिक देशों में कहीं युद्ध का माहौल बनेगा, कहीं दुर्भिक्ष (अनाज, पेयजल की कमी) व अराजकता फैलने का भय रहेगा। पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान आदि देशों में अप्रत्याशित घटनाएं घटित होंगी।

चान्द्र चैत्र मास (10 मार्च से 8 अप्रैल) पाँच मंगलवार आने, सूर्य-शनि मध्ये दृष्टि सम्बन्ध, 22 मार्च से मंगल-शनि योग (मकर में) होने से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, कतर, सीरिया, यमन, लीबिया आदि मुस्लिम देशों में कहीं सैन्य (अथवा सत्तारूढ़ ग्रुपों) व लोकतांत्रिक ग्रुपों के मध्य हिंसक टकराव स्वरूप व्यापक अग्निकाण्ड, विस्फोट एवं मृत्यु संहार के समाचार मिलेंगे। किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ, सत्ता-परिवर्तन (छत्रभंग) या मृत्यु के भी योग हैं-

कर्कमीनमृगस्त्रीषु शनिभौमे यदा स्थितौ।
तदा युद्धाकुला पृथ्वी धनधान्यविवर्जिता।।

आगे 11 मई से 28 सितम्बर तक शनि वक्री रहने तथा 14 मई से 12 सितम्बर, 2020 ई. तक गुरु तथा 13 मई से 24 जून तक शुक्र भी वक्री रहने के कारण पाक, ईरान आदि इस्लामिक देशों में कहीं युद्ध का माहौल बने, कुछ देशों में वर्षा, बाढ़ आदि अनेक प्राकृतिक प्रकोपों से भय का वातावरण रहे।

'यदा प्रतीपगौ खेटौ नृपं क्षोभयतस्तदा।
प्रतीपगास्त्रयः खेटा युद्धवृष्टिभयप्रदाः।।'

अपरंच-**'शनि वक्रे दुर्भिक्षं च राज्ञां युद्धं परस्परम्।।'**

खप्पर योग-17 सितम्बर से 16 अक्तूबर के मध्य आश्विन अधिक मास तथा 17 अक्तू., 2020 ई. से 13 जनवरी, 2021 ई. के मध्य क्रमशः शनि, रवि एवं भौम संक्रान्तियां आने से खप्पर योग बना है, जिसका फल शास्त्रकारों ने अशुभ एवं विनाशकारी बताया है। फलतः पाक, अफगानिस्तान, ईराक, सूडान, सीरिया, तुर्क, यमन, सोमालिया आदि मुस्लिम देशों में राजनीतिक अस्थिरता, आतंकी विस्फोटक घटनाएं, उथल-पुथल एवं अशान्ति व्यापत होगी।

शनि स्यादाद्यसंक्रान्तौ द्वितीयायां प्रभाकरः।
तृतीयायां कुजोयोगः खर्पराख्योऽति कष्टकृत्।।

आगे 14 से 25 जनवरी, 2021 ई. तक **चतुर्ग्रही योग** (सू., बु., गु. श.) तथा 4 फर. से 12 फर. तक **पंचग्रही योग** (सू., बु., गु., शु., श.) रहने से विश्व में प्रमुख शक्तियों के मध्य युद्धजन्य परिस्थितियां बनेंगी तथा कहीं भयंकर प्राकृतिक प्रकोपों से व्यापक जन-

विश्व के कुछ प्रसिद्ध देश

अमेरिका (America)-इसकी प्रभाव राशि मिथुन है। जगत् लग्न कुण्डली में मिथुन राशि भाग्य स्थान (योजना-भाव) में है तथा 22 सितम्बर, 2020 ई. तक राहु का अशुभ संचार रहेगा। फलस्वरूप ईरान, लेबनान, पाकिस्तान, लीबिया, सीरिया, यमन आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों के सम्बन्ध में अपनी विदेश नीति का पुनरावलोकन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। रूस, चीन आदि देशों के विरोध के बावजूद एकतरफा तरीके से ईरान को दबाने की कोशिश करता रहेगा। रूस, ईरान आदि देशों के साथ तनावपूर्ण स्थिति के बाद शान्ति स्थापित करने का दावा करने हेतु शान्ति वार्ताएं, बैठके समायोजित करेगा। भारत के साथ व्यापार के मोर्चे पर कुछ मतभेद के बावजूद (चीन एवं रूस द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों के कारण) भारत के साथ अपने सामरिक रिश्ते और मज़बूत बनाकर मुख्य रूप से अपनी सामरिक स्वायत्तता बढ़ाने का प्रयास करेगा। आतंकी हमलों एवं सुरक्षा सम्बन्धी खतरों की दृष्टि से कुछ मुस्लिम देशों में अस्थाई रूप से अपने दूतावासों को बन्द करने पर मज़बूर होगा।

पाठक कृप्या ध्यान दें-गतवर्ष पृष्ठ 85 पर इसी कॉलम के अन्तर्गत लिखी गई ईरान आदि देशों के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबन्ध लगाकर 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' लड़ेगा तथा भारत की ऊर्जा-आयात (तेलादि) नीति को प्रभावित करेगा। आदि भविष्यवाणियां अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं।

पाकिस्तान (Pakistan)-जगत् लग्न कुण्डली में इस देश की प्रभावराशि कन्या की द्वादश भाव (व्यय, गुप्त शत्रु, युद्ध सम्बन्धी कार्यों का भाव) में स्थिति है। राशिस्वामी बुध षष्ठ भाव (प्रत्यक्ष व परोक्ष शत्रुभाव) में नीच राशिगत होकर स्वगृही दृष्टि रख रहा है। फलस्वरूप ग्रहस्थिति अनुसार इस देश में आवश्यक वस्तुओं की किल्लत, रोज़गार की कमी, बेतहाशा गरीबी, बढ़ती विषमता, बिगड़ती कानून व्यवस्था और जिहादियों की हिंसा से आम जनता बुरी तरह त्रस्त रहेगी। अर्थव्यवस्था बदहाल रहेगी। पाकिस्तान का वर्तमान सत्ता-अधिष्ठान (इमरान-सरकार) अविश्वसनीय ही रहेगा। करतारपुर कॉरीडार तथा बातचीत के बहाने धोखा देने की अपनी पुरानी फितरत से अभी भी बुरी तरह ग्रस्त रहेगा। अपनी आतंकवादी चालों से निरन्तर भारत को परेशान करेगा। पाकिस्तानी (राजनीतिक सैन्य-मज़हबी नेतृत्व की) तिकड़ी से पैदा हुआ आतंकवाद का जिन्न अब भस्मासुर बनकर अपने ही आका (पाक) को बर्बाद करने पर तुल जाएगा। यह देश अपने आप में बारूद का एक ढेर बन जाएगा। परन्तु आतंकवाद को अपनी राष्ट्रीय नीति का अंग बनाने और दुनियाभर में भारत की कूटनीति के कारण पाकिस्तान अलग-थलग पड़ जाएगा। सऊदी-अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और चीन आदि देश पाकिस्तान को आर्थिक एवं राजनीतिक संरक्षण देने का काम करते रहेंगे। चीन पाकिस्तान को अजगर के माफिक शिकंजे में कसने का प्रयास करता रहेगा। [समय रहते भारत को पाकिस्तान के प्रति और अधिक सर्तक हो जाना

वि. सम्वत् 2077 में गोचर ग्रहस्थिति और भारत का भविष्यफल

जन्मकुंडली स्वतंत्र भारत
14/15 अगस्त, 1947 ई.
(23$^{\text{घं.}}$-59$^{\text{मिं.}}$) भा. स्टैं. टा.



कुंडली गणतंत्र दिवस
26 जनवरी, 1950 ई.
10$^{\text{घं.}}$-19$^{\text{मिं.}}$ (भा. स्टैं. टा.)



कुं. स्वतंत्र भारत (73वाँ वर्ष)
15 अगस्त, 2019 ई.
(10$^{\text{घं.}}$-59$^{\text{मिं.}}$) (दिल्ली)



कुं. स्वतंत्र भारत, 74वाँ वर्ष
14 अगस्त, 2020 ई. शुक्रवार
(17$^{\text{घं.}}$-08$^{\text{मिं.}}$) (दिल्ली)



कुं. गणतन्त्र दिवस, 71वाँ वर्ष
27 जनवरी, 2020 ई., सोमवार
(9$^{\text{घं.}}$-00$^{\text{मिं.}}$),(दिल्ली)



स्वतन्त्र भारत के 73वें वर्ष की कुण्डली (15 अगस्त, 2019 ई.) में तुला लग्न उदित है। वर्ष-लग्नेश एवं मुंथेश शुक्र दशम भाव (प्रशासन, प्रधानमन्त्री, आयात-निर्यात, संसद, सरकार का भाव) में शत्रुराशिगत होकर सूर्य एवं बुध के साथ स्थित है। सूर्य-बुध-शुक्र का शनि-केतु के साथ षडाष्टक योग भी बना हुआ है। अष्टमस्थ मुंथा भी संघर्षमयी एवं विपरीत परिस्थितियों की ओर संकेत कर रही है। यद्यपि नवीन मोदी-सरकार द्वारा नए एवं सशक्त भारत के निर्माण तथा देश के गौरव को पुनः स्थापित करने के लिए अर्थव्यवस्था में विशेष मौलिक एवं बुनियादी परिवर्तन किए जाएंगे। व्यापक राष्ट्रहित में कई नई योजनाएं एवं नीतियां बनाकर फैसले लिए जाएंगे, परन्तु राहु योजना भाव (नवम-भाव) में होने से कुछ क्षेत्रीय पार्टियों एवं विपक्ष का विरोध प्रखर रूप से सामने आएगा। अगस्त, 2019 ई. के बाद देश में आन्तरिक विरोध, साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण एवं जातीय हिंसा, अनावृष्टि से चिन्ताजनक एवं असमंजसपूर्ण वातावरण रहेगा। लोगों में महँगाई, मूल्यवृद्धि, बेरोज़गारी, कुछ क्षेत्रों में अकालजन्य स्थिति के कारण अशान्ति व भय होगा।

10 सितम्बर, 2019 ई. से बुध-शुक्र पर, तदुपरान्त 17 सितम्बर से सूर्य पर शनि की विशेष दशम दृष्टि रहने, मंगलवारी संक्रान्ति तथा 28 सितं. को शनिवासरी अमावस आने से कुछ क्षेत्रों में अकाल, दुर्भिक्ष की स्थिति रहे।

मध्यमवर्षमथवादुष्कालः खण्डमण्डले।

स्वतन्त्र कुं. में गुरु की शुभ उच्च नवम दृष्टि ता. 4 नवम्बर, 2019 ई. तक दशम भाव (देश की सरकार एवं प्रशासन का भाव) पर रहने से नव-मोदी सरकार द्वारा विकास की निरन्तरता के साथ-साथ परिवर्तन की ब्यार लाने का प्रयास किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के छद्म युद्ध के खिलाफ नई नीतियां एवं कार्ययोजना तैयार कर एक नए युद्ध अध्याय की शुरुआत की जाएगी।

4 नवम्बर, 2019 ई. से गुरु धनु राशि में आकर शनि-केतु के साथ मेल करेगा तथा राहु के साथ समसप्तक योग बनाएगा। स्वतन्त्र कुं. (73वें) में चंद्रमा भारत की प्रभावराशि मकर पर है तथा उस पर सूर्य-बुध-शुक्र की शुभाशुभ दृष्टियां भी हैं। अर्थव्यवस्था में बीच-बीच में धीमी व सुस्त वृद्धि दर के कारण बेरोजगार लोगों में हताशा व निराशा की भावना बढ़ेगी। राजनीतिक प्रभुसत्ता प्राप्त करने के लिए कुछ पार्टियां अपने संगठन को मज़बूत करने के लिए नए-नए कुटिल हथकण्डे अपनाने से भी गुरेज़ नहीं करेंगी। देश में राजनीतिक टकराव, आरोप-प्रत्यारोप एवं कहीं हिंसक साम्प्रदायिक घटनाएं घटित होने के योग हैं। अष्टमेश (विपक्ष का भाव) शुक्र दशम भाव (संसदीय कार्यों का भाव, विद्रोह) में शत्रु राशिगत होने से भी कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दल विपक्ष की अपेक्षाओं के विपरीत एवं विरुद्ध आचरण करेंगे। राजनीतिक दल प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संसदात्मक व्यवस्था और लोकतन्त्र को ही चुनौती देंगे। संसद का गतिरोध धीरे-धीरे संवैधानिक संकट की ओर बढ़ जाएगा। संसदीय नियमों में कुछ बदलाव लाए जाएंगे।

71वें गणतन्त्र दिवस (27 जनवरी, 2020 ई.) की कुण्ड़ली में कुम्भ लग्न उदित हुआ है। वर्ष लग्नेश शनि द्वादश भाव (गुप्त शत्रु, युद्ध सम्बन्धी कार्य, व्यय, षड्यन्त्रों का भाव) में स्वराशिगत है, परन्तु अस्तगत है। द्वादश भाव में मुंथा भी देश के लिए अनिष्टकारी होती है। लग्न पर मंगल की गुप्त-शत्रु दृष्टि भी है, फलस्वरूप केन्द्रीय भारत सरकार द्वारा प्रणीत विभिन्न विकास योजनाओं पर आशातीत खर्चों (व्यय) के बावजूद वांछित लाभ नहीं हो पाएंगे। पंचमस्थ (विकास योजनाओं का भाव) राहु के प्रभाव होने से घोषित लघु एवं वृहद् विकास योजनाओं में अनावश्यक खर्चों में वृद्धि, आकस्मिक प्राकृतिक अड़चनों तथा विपक्षी विरोध के कारण विकास की वृद्धि-दर व गति धीमी रहेगी तथा कई योजनाओं का क्रियान्वयन लम्बित रहेगा। गणतन्त्र दिवस कुं. में लग्न भाव पर गुरु की गुप्त मित्र दृष्टि रहने

से यद्यपि **मोदी सरकार अपनी नीतियों और कार्यक्रमों को निरन्तरता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देगी** परन्तु कुछ सत्तारूढ़ नेताओं में संकल्प-शक्ति एवं पराक्रम की कमी रहेगी।

लग्न भाव में चंद्र-शुक्र की स्थिति के कारण सत्तापक्ष एवं विपक्ष की विचारधाराओं में ज़बरदस्त मतभेद देखने को मिलेगा। द्वितीयेश (राष्ट्र की आर्थिक स्थिति का भाव) गुरु लाभ (राष्ट्रीय-आय वाणिज्य भाव) स्थान में यद्यपि स्वराशिगत है, परन्तु केतु युक्त होने से सरकार को अपेक्षित टैक्स प्राप्त नहीं हो पाएगा। परन्तु मुंथेश शनि स्वराशिगत होने से प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तमाम अवरोधों के बावजूद देश उन्नति एवं प्रगति के पथ पर रहेगा। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार-युद्ध से भारत को कई क्षेत्रों में लाभ भी प्राप्त होंगे। ग्रामीण आबादी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्राथमिकता देकर सरकार द्वारा कई लोकलोभावन घोषणाएं की जाएंगी। अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विशेष प्रगति कर एक प्रकार से अंतरिक्ष में सर्जिकल-स्ट्राईक कर देगा। एक सक्षम और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत का उदय होगा। विश्व में भारत की छवि आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विकसित होगी। भारत में बौद्धिक कौशल, रचनात्मक, सृजनात्मक क्षमता पर आधारित अर्थव्यवस्था पर प्रभाव बढ़ेगा।

30 मार्च से 29 जून तक गुरु मकर (नीच) राशि में शनि युक्त होने से (द्वादश भाव में) पाक, चीन आदि विरोधी देश सीमा पर तनाव व घुसपैठ यथावत जारी रखेंगे। मोदी सरकार के समक्ष पाक-चीन के साथ भौगोलिक विवाद, आतंकवाद सम्बन्धित जटिल और परस्पर विरोधाभासी स्थितियां रहेंगी, जो समय-समय सरकार की परीक्षा लेंगी। लोकसभा में अप्रत्याशित जीत की भान्ति कुछ राज्यों जैसे-हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली, झारखण्ड के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को विजय श्री प्राप्त होगी। नए-नए समीकरण बनेंगे। विपक्षी पार्टियां आपस में गठजोड़ कर लेंगी।

स्वतन्त्र भारत के 74वें वर्ष की कुण्डली में 14 अगस्त, 2020 ई. को धनु लग्न उदित होगा। इस वर्षकुण्डली में वर्ष-लग्नेश गुरु लग्न भाव में ही (केन्द्रीय सरकार का भाव, नेतृत्व, मन्त्रीमण्डल) स्वराशिगत होकर केतु युक्त है। फलस्वरूप मंत्रीमण्डल एवं योजनाओं पर केन्द्रीय नेतृत्व (प्रधानमन्त्री) का पूर्ण वर्चस्व, नियन्त्रण और आधिपत्य रहेगा। प्रधानमन्त्री एवं केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं द्वारा विकास की गति में तेजी लाई जाएगी। परन्तु केतु के कारण इनके क्रियान्वयन में विघ्न-बाधाएं अधिक आएंगी। स्वार्थपरता एवं राजनेताओं का अपने दायित्व की प्रतिबद्धता में कमी के कारण अधिकांश विकास कार्यों का लाभ सामान्य लोगों तक नहीं पहुँच पाएगा। द्वितीयेश (राष्ट्र की आर्थिक स्थिति का भाव) शनि यद्यपि द्वितीय भाव में ही स्वराशिगत है जोकि मज़बूत अर्थव्यवस्था की ओर संकेत कर रहा है, परन्तु सूर्य-बुध के साथ समसप्तक योग तथा मुंथेश (बुध) अष्टमस्थ एवं च गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग आगामी वर्ष देश के प्रधाननेता के लिए

अभी भी आम आदमी को उद्वेलित और आन्दोलित करता रहेगा। राजनीति में नेताओं के साम्प्रदायिक, बचकाने और अमर्यादित बयानों पर वाद-विवाद बढ़ेंगे। अनेक अवरोधों एवं समस्याओं के बावजूद मोदी सरकार द्वारा विकास के नए प्रतिमान स्थापित होंगे।

सन् 2020 ई. में ग्रहगोचर और भारतवर्ष

वर्षारम्भ माघ मास (11 जनवरी से 9 फरवरी, 2020 ई. तक) में पाँच शनिवार तथा पाँच रविवार होने, 24 जनवरी को शनि मकर राशि में आकर सूर्य के साथ 12 फरवरी तक एकराशि सम्बन्ध बनाएगा, 7 फर. तक कुम्भस्थ शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि भी रहेगी।

'पृथ्वीशाः क्रोधपूर्णाः भवति, पथिभयं सर्वरोगाद्विनाश,
-श्चिन्तास्थानं नृपाणां भवति सति बले सूर्यपुत्रे मृगस्थे।।'

सभी राजनीतिक पार्टियों के मुखिया परस्पर क्रोधित एवं वैमनस्य में अलोकप्रिय निर्णय लेंगे, रास्तों में लूटपाट, स्नैचिंग, पेचीदा रोगों से लोग आक्रांत रहें तथा शासकवर्ग को मुकद्दमेबाज़ी, आरोप-प्रत्यारोपों के कारण चिन्ता रहे। भारत के अनेक प्रदेशों में उपद्रव, साम्प्रदायिक दंगे, हिंसक घटनाएं तथा सीमा पर घुसपैठ, सीज़फॉयर तोड़ने की घटनाएं अधिक होंगी। केन्द्रीय मन्त्रीमण्डल में वृहद् स्तर पर परिवर्तन होगा, जिस कारण भाजपा या सहयोगी पार्टियों में मतभेद उभर सकते हैं।

फाल्गुन मास (10 फरवरी से 9 मार्च, 2020 ई. तक) में पांच सोमवार रहने, मंगल-गुरु-केतु योग तथा 24 फरवरी से गोचरस्थ कालसर्प योग रहने तथा 28 फर. से शुक्र मेष राशि में आकर गुरु के साथ दृष्टि सम्बन्ध (नवपंचम) बनाएगा। जिससे देश में कहीं छत्रभङ्ग (राज्य-परिवर्तन) या किसी मूर्धन्य नेता के अपदस्थ होने के योग हैं। देश में कहीं उपद्रव, हिंसा तथा प्राकृतिक प्रकोप होंगे। यद्यपि गेहूँ, मक्की आदि शीतकालीन फसलें अच्छी होने के संकेत हैं।

चैत्र मास (10 मार्च से 8 अप्रैल तक) में पाँच मंगलवार रहने, 14 मार्च से 12 अप्रैल के मध्य सूर्य-शनि मध्य दृष्टि सम्बन्ध रहने तथा 22 मार्च से मंगल-शनि व 30 मार्च से मकर राशि में मंगल-गुरु-शनि ग्रहों का योग रहने से कहीं युद्ध-जन्य परिस्थितियां बनें तथा प्राकृतिक प्रकोपों से धन-धान्य की हानि होती है। देश में कहीं छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), उपद्रव, अग्निकाण्ड व साम्प्रदायिक दंगे-फ़िसाद होने के संकेत हैं। किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के योग हैं-

यत्रमासे महीसूनो जायन्ते पञ्चवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथिवी छत्रभङ्गस्तदा भवेत्।।

वैशाख मास (9 अप्रैल से 7 मई, 2020 ई. तक) में पाँच बुध एवं पाँच बृहस्पतिवार आने, मकर राशि (भारत की प्रभावराशि) पर **मंगल-गुरु-शनि** ग्रहों का संचार, कालसर्प के प्रभाव तथा गुरु-शुक्र मध्ये नवपंचम योग के प्रभावस्वरूप भारत, पाकिस्तान,

के कारण लोगों में रोग-शोक आदि दुःखों की बहुलता होगी। पश्चिमी देशों अथवा भारत

हिंसक घटनाओं की सम्भावना, राज्य-परिवर्तन व साम्प्रदायिक घटनाओं का भय रहेगा।

के कारण लोगों में रोग-शोक आदि दु:खों की बहुलता होगी। पश्चिमी देशों अथवा भारत के पश्चिमी राज्यों में छत्रभंग, विग्रह एवं युद्धभय होगा।

यत्रमासे पञ्चवारा जायन्ते च बृहस्पते:।
विग्रह पश्चिम देशे खड्ग युद्धं जायते।।

ज्येष्ठ मास (8 मई से 5 जून, 2020 ई. तक) में पाँच शुक्रवार आने, 29 मई तक कालसर्प योग रहने तथा '**गुरु-शनि**' योग के प्रभाव से विश्व में युद्ध-भय से वातावरण अशान्त एवं असमंजसपूर्ण बन जाए। घी, दूध, तेल, जल आदि दैनिक उपभोग्य वस्तुओं में विशेष तेजी बन जाएगी।

'एकनक्षत्रगा ह्येते तद भयविवर्द्धन:।
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूपाश्चान्नपरिक्षया:।।'

31 मई को ही ज्येष्ठ मास में शुक्र अस्त होने से शीघ्र ही महावृष्टि (बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों) से जन-धन हानि का भय रहेगा। चौपाओं को पीड़ा/रोग तथा धान्य का कम उत्पादन होगा–

शुक्रस्यास्तंगमाज्ज्येष्ठे महावृष्टे: प्रजाक्षय:।

आषाढ़ मास (6 जून से 5 जुला. तक) में पाँच शनिवार तथा पाँच ररिवार आने, **रविवारी संक्रान्ति** (14 जून), 28 जून तक **गुरु-शुक्र** मध्ये नवपंचम योग रहने, तथा **21 जून को रविवारी अमावस के दिन कंकण-सूर्यग्रहण घटित होने से** आवश्यक वस्तुओं जैसे दूध, ईंधन, सब्ज़ियां, तेल आदि के भावों में अत्यधिक तेजी, सामान्य लोगों में क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति, लोगों में पारस्परिक सौहार्द की कमी तथा पूर्वोत्तर दिशा में कहीं राज्यभंग, अग्निकाण्ड व युद्धादि का भय हो।

संक्रान्तिरादित्यदिने नशस्ता करोति युद्धं नृपतेरतीव।
धान्यं महर्घं प्रतिरौद्रवार्ता प्रजा भवेद दुखित हीन दीना।।

श्रावण मास (6 जुलाई से 3 अगस्त, 2020 ई. तक) में मंगल पर शनि की दृष्टि रहने, ता. 16 जुला. से '**सूर्य-शनि**' मध्ये **समसप्तक** योग रहने से देश में पूर्वोत्तर राज्यों में कहीं प्राकृतिक आपदाओं एवं कहीं दुर्भिक्ष आदि के कारण महँगाई में वृद्धि तथा राजनेताओं में परस्पर वाद-विवाद रहे। किसी नेता के अपदस्थ या मृत्यु का भी समाचार मिले। वैश्विक एवं देश के राजनैतिक पटल पर विशेष घटनाप्रद समय रहेगा। सीमाओं पर युद्धमय वातावरण बनेगा। ता. 1 अगस्त से **गुरु-शुक्र** मध्ये **समसप्तक योग** होने से भी उ.प्र., जम्मू-काश्मीर के पश्चिमोत्तर भागों में राजनीतिक टकराव, विस्फोटक व हिंसक घटनाएं घटित होने के योग हैं–

यदा सौरि भौमे सुरराजमन्त्री भार्गवश्च यदैकराशौ समसप्तके वा।
अयोध्या मध्यदेशे, लंकापुरे च क्षुधाभयं शस्त्रं करोति।।

चांद्र भाद्रपद मास (4 अगस्त से 2 सितम्बर, 2020 ई. तक) में पाँच मंगलवार होना देश के सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों के लिए शुभ नहीं है। देश में कहीं आतंकी एवं हिंसक घटनाओं की सम्भावना, राज्य-परिवर्तन व साम्प्रदायिक घटनाओं का भय रहेगा। किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या आकस्मिक मृत्यु के भी योग हैं। ता. 16 अगस्त को रविवारी संक्रान्ति होने से भी राजनैतिक क्षेत्रों में अस्थिरता एवं अशान्ति होने के संकेत हैं। अनाज, घी, तैल, सब्ज़ी आदि उपभोग्य पदार्थों में अत्यधिक तेजी के कारण प्रजा पीड़ित रहे। असम, बिहार, पूर्वी-उ.प्र. में व्यापक वर्षा एवं बाढ़ के योग हैं, सावधानी बरतनी होगी।

प्रथम चांद्र आश्विन मास (3 सितम्बर से 1 अक्तूबर, 2020 ई. तक) में पाँच बृहस्पतिवार आने से कुछ प्रदेशों में उपयुक्त वर्षा की कमी रहे, तो कहीं अतिवृष्टि से बाढ़ादि प्राकृतिक प्रकोपों से जन व धन-सम्पदा को क्षति पहुँचे। भारत के पश्चिमी प्रदेशों एवं पश्चिमी सीमाओं पर आतंकवादी एवं विस्फोटक घटनाएं, घुसपैठ तथा सीज़फायर-उल्लंघन तुल्य घटनाएं घटित होने के संकेत हैं–

यत्रमासे पञ्चवारा जायन्ते च बृहस्पते:।
विग्रह पश्चिमदेशे खड्गयुद्धं जायते।।

18 सितम्बर से 16 अक्तूबर तक **आश्विन अधिक मास** तथा **द्वितीय चांद्र आश्विन मास** (2 से 31 अक्तू.) में पाँच शुक्रवार तथा पाँच शनिवार होने से धन-सम्पदा का प्रसार व अपव्यय बढ़ेगा। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के मध्य विग्रह, टकराव एवं गतिरोध की स्थिति रहेगी। केन्द्रीय नीतिगत निर्णयों का अकारण विरोध किया जाएगा, जिससे विकासोन्मुखी योजनाओं के क्रियान्वयन में विलम्ब होगा। ता. 17 को **शनिवारी संक्रान्ति** ता. 17 से ही सूर्य-पर शनि की विशेष दशम तथा मंगल की अष्टम दृष्टि, मंगल पर शनि की तृतीय दृष्टि तथा मंगल-शुक्र के मध्य **समसप्तक योग** रहने से किसी प्रदेश में छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), उपद्रव एवं हिंसक घटनाएं घटित होंगी। कहीं अतिवृष्टि या अल्पवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण आवश्यक वस्तुओं में कमी के कारण मूल्यों में तेजी रहे। राजनीतिक पार्टियों में परस्पर वाद-विवाद तथा सीमाओं पर युद्धमय वातावरण बनेगा।

कार्तिक मास (1 से 30 नवम्बर, 2020 ई. तक) में पाँच रविवार तथा पाँच सोमवार होने के प्रभावस्वरूप अत्यधिक महँगाई एवं भ्रष्टाचार के कारण सामान्य लोगों में आर्थिक परेशानियां तथा सामाजिक असुरक्षा की भावना रहेगी। कहीं छत्रभंग, राजनैतिक अस्थिरता एवं राजनैतिक गतिरोध पैदा होने का भय है।

15 नवम्बर को उत्तर-पश्चिम भारत में **मार्गशीर्ष संक्रान्ति** तथा **रविवासरी अमावस** एक ही दिन होने से **खर्पर योग** बना है। यह खप्पर योग जीव और धान्यादि का नाशक होगा अर्थात् कृषि, धन, लोगों की हानि कराने वाला होता है। (रवि, मंगल या शनिवार को हो, तो उसका फल विशेष कष्टकारी होता है।)

यस्मिन् वारेऽस्ति संक्रान्तिस्तत्रैवऽमाभिधातिथि:।
लोके खर्पर योगोऽयं जीव धान्यादि नाशक:।।

मार्गशीर्ष मास (1 से 30 दिसम्बर, 2020 ई. तक) में पाँच मंगलवार तथा भौमवती संक्रान्ति (15 दिसम्बर) होने से इस अवधि में पृथ्वी पर या देश में कहीं छत्रभङ्ग (सत्ता-परिवर्तन), उपद्रव, हिंसक-घटनाएं अथवा युद्धभय रहे, साम्प्रदायिक दंगे व उपद्रव अधिक होंगे। किसी प्रमुख नेता की आकस्मिक मृत्यु या अपदस्थ होने के भी योग हैं।

ता. 10 दिसं. से वृश्चिक राशि पर **'चतुर्ग्रही योग'** तथा मंगल पर शनि की दृष्टि 23 दिसम्बर तक रहने से केन्द्रीय सरकार को किसी कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। परन्तु भारत की प्रभावराशि मकर पर **'गुरु-शनि'** का योग रहने से कठिन समस्याओं को सफलतापूर्वक सुलझाया जाएगा तथा विश्व में भारत की प्रभुता, प्रतिष्ठा एवं वर्चस्व में वृद्धि होगी।

प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र–मोदी एवं भाजपा गठित एन.डी.ए. सरकार का दूसरा कार्यकाल–II

जन्मकुण्डली श्री नरेन्द्र मोदी
17 सितम्बर, 1950 ई., रविवार
11घं.-00मिं. A:M, महेसाना (गुज.)



नवगठित एन.डी.ए. सरकार
(II) शपथकालीन कुंडली
30 मई, 2019 ई., 19:03



स्थापना कुण्डली
भाजपा पार्टी
6-04-1980, 11:40 A:M



[प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की जन्मकुण्डली की विस्तृत विवेचना एवं विश्लेषण हम गतवर्षीय पंचांगों (वि. संवत् २०७१, २०७२, २०७३) में विशेष रूप से कर चुके हैं, वहाँ अवश्य देखना चाहिए।]

[कृपया पाठकगण ध्यान दें।—गतवर्ष इसी कॉलम के अन्तर्गत 'पंचांगदिवाकर' के पृष्ठ 88–89 पर इस वर्ष (2019 ई.) के लोकसभा चुनावों के परिणामों के सम्बन्ध में स्पष्ट भविष्यवाणियां लिखी गई थीं, पढ़ें—'केन्द्र में भाजपा गठबन्धन सरकार के योग', 'ग्रहयोग से श्रीमोदी जी को पुनः उच्च पद (प्रधानमन्त्री) प्राप्त हो सकता है।', 'ग्रहयोग अनुसार श्रीनरेन्द्र मोदी जी के ही पुनः प्रधानमन्त्री बनने के प्रबल योग बन रहे हैं।'—हस्तमुद्रा 18 अग., 2018 ई.] जो ईश्वर कृपावश अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं।

इस वर्ष हम ग्रहगोचर अनुसार ही प्रधानमन्त्री की जन्म कुं. तथा शपथकालीन कुं. की विवेचना करेंगे।

देश के वर्तमान प्रधानमन्त्री श्रीनरेन्द्र मोदी ने पुनः 30 मई, 2019 ई. को सायं 7 बजकर, 3 मिनट पर मन्त्रीमण्डल सहित स्थिर लग्न वृश्चिक में अपने-अपने पद की शपथ ग्रहण की है। प्रधानमन्त्री (एवं सरकार) की शपथकालीन कुं. में स्थिरसंज्ञक गुरु ग्रह मित्रराशिगत होकर शुभस्थ है। तथा पंचम, सप्तम एवं नवम-शुभ भावों पर दृष्टिपात कर रहा है। लग्न एवं गुरु पर सूर्य व बुध ग्रहों की शुभ दृष्टियां हैं। गुरु की पंचम भाव (विकास योजनाओं, प्रशासनिक बुद्धि का भाव) पर स्वगृही तथा नवम (योजना, विकास, दूरसंचार का) भाव को उच्च दृष्टि से देख रहा है। फलस्वरूप मोदी सरकार अनेक अवरोधों, आलोचनाओं तथा आरोपों के बावजूद भारत को विकास पथ यात्रा पर अग्रसर तथा विकास, सुशासन के नए प्रतिमान स्थापित करेगी। शपथकालीन कुं. में ही **'मंगल-शनि'** के मध्य समसप्तक योग देश में साम्प्रदायिक एवं जातीय हिंसा की ओर संकेत कर रहा है। मध्यप्रदेश, प. बंगाल, असम आदि पूर्वी प्रदेशों में व्यापक, हिंसा, अग्निकाण्ड तथा प्राकृतिक प्रकोप होने का भय रहे। शासन-परिवर्तन की प्रबल सम्भावना रहेगी।

……अयोध्या मध्यदेशे, लंकापुरे च क्षुधाभयं शस्त्र करोति।।
एवं च युद्धदौ शनिमाहेये तदा दुर्भिक्षकारकौ।।

प्रधानमन्त्री जी की जन्म कुं. में गुरु पंचमेश होकर 5 नवम्बर, 2019 ई. से 29 मार्च, 2020 ई. तक धन भाव में तथा 24 जनवरी, 2020 ई. तक शनि के साथ संचार करेगा। 30 मार्च से 29 जून 2020 ई. तक मकर राशि में शनि के साथ पराक्रम भाव में संचार करेगा। वर्तमान में 6 अक्तू., 2019 ई. तक चंद्रमा मध्य केतु की अन्तर्दशा, तदुपरान्त 6 जून, 2021 ई. तक चन्द्र मध्य शुक्र की अन्तर्दशा रहेगी। परन्तु फिर भी श्रीमोदी अपने राजनीतिक कौशल से देश की राजनीतिक एवं अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव लाने में सक्षम होंगे। मोदी जी की जन्म कुं. में तथा शपथग्रहण कुं. में भी सप्तम भाव पर (वैदेशिक-अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का भाव) गुरु की दृष्टि रहने से श्रीमोदी विदेश-नीति के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को सफलतापूर्वक निपटकर वैश्विक स्तर पर सबसे ज़्यादा छाप छोड़ने वाले भारतीय नेता बन जाएंगे। विश्व व्यापार-युद्ध के मध्य मोदी जी की विदेश-नीति सतर्क व्यवहारिकता के साथ संचालित होगी।

गत कार्यकाल की भान्ति ही नव-सरकार तथा मोदी जी के समक्ष देश की आन्तरिक एवं बाह्य समस्याओं के सम्बन्ध में गम्भीर चुनौतियां एवं व्यवधान आएंगे, परन्तु मोदी जी सभी समस्याओं का यथायोग्य निराकरण करते हुए भारतीय परम्पराओं के ऐतिहासिक विकासक्रम को आगे लेकर जाएंगे। पाकिस्तान को अलग-थलग करने के अपने अभियान को सफलता से पूर्ण करने की ओर बढ़ेंगे। अनेक राजनीतिक, सामरिक व आर्थिक निर्णयों के कारण यद्यपि मोदी जी को एवं गठबन्धन सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ेगा, परन्तु देश के [illegible]

भाजपा की स्थापना कुण्डली में स्थित ग्रहों तथा वर्तमान गोचर ग्रहस्थिति अनुसार सन् 2019–20 ई. में होने वाले अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की स्थितिविपक्षी

अभीष्ट सफलता प्राप्ति संदिग्ध ही रहेगी। [**ध्यान दें, गतवर्ष वि. संवत् 2076 के पंचांग में पृष्ठ 89 पर इनकी क. के विश्लेषण में लोकसभा चुनावों में सफलता प्राप्ति को**

भाजपा की स्थापना कुण्डली में स्थित ग्रहों तथा वर्तमान गोचर ग्रहस्थिति अनुसार सन् 2019-20 ई. में होने वाले अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की स्थितिविपक्षी दलों की अपेक्षा सुदृढ़ एवं सफलता प्रदान करने वाली रहेगी। यद्यपि 22 सितम्बर, 2020 ई. तक लग्न में राहु का संचार तथा 23 जनवरी, 2020 ई. तक शनि-साढ़ेसाती के कारण कुछ प्रदेशों में आशाऽनुकूल सफलता नहीं मिल पाएगी। तथा सरकार बनाने हेतु कठिनाईयां सामने आएंगी। जोड़-तोड़ की राजनीति को अपना हथियार बनाना पड़ेगा। परन्तु फिर भी हरियाणा, महाराष्ट्र में यथेष्ठ सफलता प्राप्त हो ही जाएगी।

वि. संवत् 2077 में कांग्रेस पार्टी का भविष्य

कुण्डली कांग्रेस पार्टी
22-11-1969
9:57 A:M, बैंगलूरू



कुण्डली श्रीराहुल गाँधी
19-06-1970 ई., 5:05AM



कांग्रेस पार्टी की जन्म कुण्डली में शनि लग्न भाव में अभी 23 जनवरी, 2020 ई. तक संचार करेगा तथा लग्नेश गुरु 4 नवम्बर, 2019 ई. तक द्वादशस्थ होने के कारण कांग्रेस निश्चित तौर पर कठिन समय से गुज़रेगी। कांग्रेस द्वारा संगठन में कायापलट के बावजूद अन्दरूनी वाद-विवाद रहेंगे। आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी की लोकप्रियता में गिरावट आ जाएगी, यद्यपि पार्टी की विश्वसनीयता को पहले ही श्री राहुल के त्यागपत्र-काण्ड के कारण गहन क्षति पहुँच चुकी है। पार्टी को घोर नकारात्मक राजनीति तथा अपनी वृद्ध हो चुकी रीति-नीति एवं सामंती मानसिकता से ऊपर उठने में समय लगेगा। कुछ समय के लिए पार्टी दिशाहीन तथा नेतृत्वहीन रहने के बाद नए अध्यक्ष के नेतृत्व में पुनर्गठित होकर सशक्त विपक्षी पार्टी के रूप में उभरेगी। परन्तु 22 सितम्बर, 2020 ई. तक राहु सप्तमस्थ होने से कई राज्यों में धड़ों के बीच लड़ाइयां फूट पड़ेंगी। राष्ट्रीय मुख्यालय में भी पुराने तथा नए नेताओं के बीच संघर्ष छिड़ जाएगा। पुरानी भव्य पार्टी के अस्तित्व के लिए नए अध्यक्ष को विशेष प्रयास करने होंगे।

श्री राहुल गाँधी जी की जन्म कुण्डली में वृष लग्न उदित है तथा जन्म राशि वृश्चिक है। वर्तमान में इन पर मंगल की महादशा में गुरु की अन्तर्दशा चल रही है (9-04-2019 से 15-03-2020 ई. तक)। जन्मकुण्डली में मंगल अस्तगत है तथा गुरु षष्ठस्थ शत्रुराशिगत है। इसके साथ 23 जनवरी, 2020 ई. तक शनि-साढ़ेसाती का भी प्रभाव इनकी जन्मराशि पर रहेगा। इस ग्रहगोचर के अनुसार श्री राहुल गाँधी को उनके पर्याप्त परिश्रम एवं पुरुषार्थ के अनुरूप अभीष्ट सफलता प्राप्ति संदिग्ध ही रहेगी। **[ध्यान दें, गतवर्ष वि. संवत् 2076 के पंचांग में पृष्ठ 89 पर इनकी कु. के विश्लेषण में लोकसभा चुनावों में सफलता प्राप्ति को संदिग्ध ही लिखा गया था–देखें-'श्री राहुल गाँधी का अभी प्रधानमन्त्री पद पर प्रतिष्ठित होना संदिग्ध लगता है।]** अत: वर्तमान ग्रहदशा अनुसार भी आगामी कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों में उनके प्रयास यथेष्ठ साबित नहीं होंगे। पुराने ढर्रे की राजनीति से यद्यपि राजनीतिक अस्तित्व तो बचा पाएंगे, परन्तु भाजपा को पराजित करने में असमर्थ रहेंगे। घोर नकारात्मक रवैये का परित्याग राजनीति एवं संसद में करना होगा। जनवरी, 2020 ई. के पश्चात् शनि भाग्यस्थ स्वराशिगत आने तथा शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव हट जाने से इनके आचरण, प्रभा में विशेष शुभ बदलाव दृष्टिगोचर होंगे तथा अपने परिश्रम के बल पर कांग्रेस पार्टी को पुनर्गठित करके प्रतिष्ठित करेंगे।

★ भारत के कुछ मुख्य प्रान्त ★

(1) हिमाचल प्रदेश–इसकी प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि कर्क है। 73वें स्वतन्त्र भारत की कुण्डली में इसकी नाम राशि कर्क पर (15 अगस्त, 2019 ई. के बाद) गुरु की शुभ उच्च दृष्टि रहने तथा प्रभावराशि मीन पर भी गुरु की स्वगृही दृष्टि पड़ रही है। फलस्वरूप वर्तमान में सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी श्रीजयराम ठाकुर जी के कुशल नेतृत्व में हिमाचल सरकार प्रदेश में अनेक अधूरी एवं रुकी हुई विकासोन्मुखी योजनाओं को पूरा करने के लिए प्रयासशील रहेगी। 24 जनवरी, 2020 ई. से मीन राशि पर शनि की तृतीय दृष्टि रहने तथा 30 मार्च, 2020 ई. से गुरु नीचराशिगत संचार करने से आर्थिक एवं प्राकृतिक कारणों से बहुत सी महत्त्वपूर्ण योजनाओं (जैसे–रेल विकास, उच्च-तकनीकि शिक्षा, ग्रामीण उद्योग, विद्युत-उद्योग…… आदि) के वाँछित विकास में विघ्न-बाधाओं का सामना रहेगा। सेब आदि मुख्य फसलों की हानि, जलवायु में प्रदूषण के कारण संवत् के आरम्भिक छ: महीने (अप्रैल से सितम्बर) विशेष रूप से गर्म रहेंगे। यान-वाहनादि सड़क दुर्घटनाओं की भी सम्भावनाएँ हैं। 71वें गणतन्त्र कुं. में प्रभावराशि मीन पर शनि की दृष्टि होने से विभिन्न विकास योजनाओं के लाभ साधारण लोगों तक पहुँचाने के लिए विशेष प्रयास आपेक्षित होंगे। परन्तु 30 मार्च से 29 जून तक कई तरह के घटनाक्रमों से जयराम ठाकुर सरकार की यश-प्रतिष्ठा पर आक्षेप लगेंगे तथा परेशानी बन सकती है। परन्तु गुरु 30 जून से 19 नवम्बर, 2020 ई. तक गुरु पुन: स्वराशिगत रहने से प्रदेश भाजपा सरकार की प्रतिष्ठा व यश में वृद्धि होगी।

(2) पंजाब–इसकी नामराशि कन्या तथा प्रभावराशि मीन है। 73वें स्वतन्त्रता दिवस कुं. में कन्या द्वादश भाव में शनि द्वारा तथा मीन राशि षष्ठस्थ भाव में गुरु द्वारा दृष्ट है। गणतन्त्र तथा स्वतन्त्रता दिवस कुं. में ग्रहों की स्थित्यनुसार वर्तमान सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को विषम आर्थिक एवं राजनीतिक समस्याओं का सामना रहेगा। भ्रष्टाचार एवं नशे की फैलती जड़ें लगातार गहरी होने से सरकार की प्रतिष्ठा व छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रदेश के कुछ भागों में कानून एवं व्यवस्था की प्रणाली सुचारू न होकर असंतोषजनक रहेगी। बिजली तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि, महँगाई तथा

ग्रामीण क्षेत्र की तुष्टिकरण नीति के कारण शहरी लोगों, छोटे व्यापारियों एवं उद्योगपतियों में गहन असन्तोष एवं आक्रोश की भावना रहेगी। विभिन्न विकास योजनाओं के अन्तर्गत विशेष कार्यों से सम्बन्धित अल्पसंख्यक लोग ही लाभान्वित हो पाएँगे। केन्द्र सरकार के साथ सामञ्जस्य में कमी रहेगी, परन्तु फिर भी कैप्टन सरकार द्वारा विद्युत्, सड़क निर्माण के क्षेत्र में नवीन प्रयोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा तथा राज्य प्रगति की ओर उन्मुख रहेगा।

(3) जम्मू-काश्मीर–प्रभावराशि तुला तथा नामराशि मकर है। ***[गतवर्ष इसी कॉलम के अन्तर्गत पृष्ठ 90 पर लिखी गई हमारी भविष्योक्ति (प्रभु कृपावश) अक्षरशः सत्य प्रमाणित हुई है कि 'लोकसभा चुनावों में नैशनल फ्रंट को यथेष्ठ सफलता तथा पी.डी.पी. का प्रभाव कमज़ोर होगा।']***

73वें स्वतन्त्रता दिवस कुं. में भी तुला लग्न राशि ही उदित है। राशिस्वामी शुक्र दशम भाव (प्रशासन भाव) में शत्रु राशिगत है। 24 जनवरी, 2020 ई. से मकर राशि पर शनि का संचार भी रहेगा। 71वीं गणतन्त्र दिवस कुं. में मकर राशि द्वादश भाव (गुप्त शत्रु भाव, युद्ध सम्बन्धी कार्य) में स्थित है। ग्रहस्थिति अनुसार इस राज्य के अन्दरूनी हालात आसानी से सामान्य नहीं होंगे। केन्द्रीय सरकार द्वारा शासित राज्यपाल सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाएगा। केन्द्र की प्राथमिकता आतंकवादियों को विभिन्न माध्यमों से समाप्त करके तथा विदेशी स्रोतों से धन के बहाव को रोककर आतंकवाद की रीढ़ को तोड़ने का प्रयास किया जाएगा। जनवरी, 2020 ई. में शनि तथा फिर 30 मार्च से गुरु भी मकर राशि में आने के बाद प्रान्त में अनेक चुनौतियों के बावजूद सफल चुनावों को देखते हुए कश्मीर विश्व राजनीति में ध्यानाकर्षण का केन्द्र बनेगा। विश्व-राजनीति में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रदेश में सुनिश्चित चुनावों को आतंकवाद पर लोकतन्त्र की जीत माना जाएगा। नवगठित प्रादेशिक सरकार केन्द्रीय सहायता द्वारा जनोपयोगी कुछ नई परियोजनाओं का सूत्रपात करेगी। कश्मीरी पण्डितों सहित अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए भी कुछ सुधारात्मक पग उठाए जाएंगे। पाकिस्तान एवं कुछ विदेशी आतंकवादी ग्रुप प्रदेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं विकास-क्रम को खण्डित करने के लिए विध्वहंसक कार्रवाहियां कर सकते हैं। केन्द्रीय एवं राज्य सरकार को विशेष सावधान रहना होगा। परिसीमन, धारा-370 एवं 35-ए की धाराओं को निरस्त करने के कारण केन्द्र को राज्य की पार्टियों के विरोध का सामना करना पड़ेगा, जिस कारण विधानसभा चुनावों के लिए कुछ और महीनों तक इंतज़ार करना पड़ेगा।

(4) हरियाणा–प्रभावराशि मीन तथा नामराशि मिथुन है। 73वें वर्ष की स्वतन्त्रता दिवस कुं में मीन राशि षष्ठस्थ है (15 अगस्त, 2019 ई. के बाद), परन्तु उस पर गुरु की शुभ स्वगृही दृष्टि है। नाम राशि मिथुन पर राहु का प्रभाव अभी सितम्बर, 2020 ई. तक रहेगा। आगामी विधानसभा चुनावों में खण्डित एवं अप्रभावी विपक्ष होने के कारण भाजपा पार्टी को ही अधिक सीटें प्राप्त होंगी, परन्तु कांग्रेस, इनैलो आदि भी अपना अस्तित्व बनाए रखेंगे। विधानसभा चुनावों से पूर्व ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं तथा अनेक कृषि ऋण माफ कर तथा जनता को आकर्षित करने हेतु अनेक लोकलुभावन घोषणाएँ की जाएँगी। पुनः

(5) राजस्थान–प्रभावराशि कर्क तथा नामराशि तुला है। 73वें स्वतन्त्रता दिवस कुं. में कर्क राशि पर सूर्य-बुध-शुक्र ग्रहों का संचार तथा गुरु-शुक्र मध्य नवपंचम योग बना हुआ है। परन्तु इन पर गुरु की उच्च दृष्टि भी रहेगी। 30 मार्च से 29 जून, 2020 ई. तक पुनः गुरु की उच्च दृष्टि रहेगी। फलस्वरूप नवम्बर, 2019 ई. से मार्च, 2020 ई. तक राज्य सरकार को विषम एवं कठिन परिस्थितियों से गुज़रना पड़ेगा। मन्त्रिमण्डल में परिवर्तन एवं किसी प्रमुख नेता को त्यागपत्र भी देना पड़ सकता है। मन्त्रिमण्डल तथा कांग्रेसी नेताओं में परस्पर सौहार्द की कमी तथा जनाधार में समरसता भी न होने से पार्टी के राज्य में विखण्ड तथा बिखरने का भय रहेगा। सरकारी नीतियों के विरुद्ध प्रजा में असन्तोष तथा विक्षोभ की भावना रहेगी।

(6) उत्तर-प्रदेश–प्रभावराशि धनु तथा नामराशि वृष है। 73वें स्वतन्त्रता दिवस कुं. में प्रभावराशि धनु पर शनि-केतु का संचार (15 अगस्त, 2019 ई. के बाद) रहने से सत्तारूढ़ योगी सरकार को बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, महँगाई, बेरोज़गारी तथा राम-मन्दिर जैसे मुद्दे शिरोवेदना का कारण बनेंगे तथा सरकार की लोकप्रियता एवं विश्वस्नीयता पर विपक्षी पार्टियों द्वारा प्रश्न चिन्ह लगाए जाएंगे। गणतन्त्र दिवस कुं. (26 जनवरी, 2020 ई.) में धनु राशि पर गुरु-केतु की स्थिति होने से यद्यपि विशेष प्राकृतिक आपदाओं (अतिवृष्टि, कहीं अकाल) के कारण जन, धन, कृषि आदि की हानि होने के संकेत हैं, परन्तु राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा अनेक सड़क तथा भवन-निर्माण व नवीन उद्योग स्थापना पर विशेष बल (ध्यान) दिया जाएगा तथा आकर्षक घोषणाएं की जाएंगी।

(7) दिल्ली–71वें गणतन्त्रता दिवस कुं. (27 जनवरी, 2020 ई.) में इसकी प्रभाव राशि मकर पर सूर्य-बुध-शनि ग्रहों का संचार तथा व्यय (द्वादश भाव-शत्रु, षड्यन्त्र, युद्ध सम्बन्धी भाव) भाव में ही मुंथा की स्थिति प्रदेश (राज्य) को राजनीतिक तथा अराजक गतिविधियों का केन्द्र बनाए रखेगा। आगामी विधानसभा चुनावों में यद्यपि भाजपा सशक्त पार्टी के रूप में उभरेंगी, परन्तु कांग्रेस तथा आप पार्टी भी अपना अस्तित्व स्थापित करने में सफल रहेंगी। सत्तारूढ़ आप पार्टी द्वारा चुनावों से पूर्व अनेक लोकलुभावन घोषणाएं कर जनता को आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा। परन्तु चुनावों में आप तथा कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने हेतु ही संघर्षशील रहेंगे एवं भाजपा को पराजित करने में असमर्थ रहेंगे। आगे हरि अच्छा प्रबल है।

उपरोक्त भविष्यवाणियां देश, स्थान आदि की जन्म-कुण्डलियों में ग्रह-स्थिति, दशा एवं गोचर ग्रहों के प्रभाव व संकेतों के आधार पर अपनी अल्प बुद्धि के अनुसार लिपिबद्ध की गई हैं। वास्तव में सर्वश्रेष्ठ भविष्यवेत्ता एवं सर्वज्ञ तो स्वयं ईश्वर ही हैं–

''फलानि ग्रह संचारेण सूचयन्ति मनीषिणः। को वक्तः तारतम्यस्य वेधसं विना।''

लेख लिपिबद्धम्–

श्रावण कृष्ण द्वितीया
18 जुलाई, गुरुवार, 2019 ई.

शुभ चिन्तकः
पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी
सुपुत्र श्रद्धेय स्व. पं. पन्ना लाल ज्यो.,

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त (ग्र. मिं.) (सन 2020-21 ई.)

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त (घं. मिं.) (सन् 2020-21 ई.)

सूर्य राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
14 जन.	मकर	26:07	16 सितं.	कन्या	19:07
13 फर.	कुम्भ	15:03	17 अक्तू.	तुला	7:05
14 मार्च	मीन	11:53	16 नवं.	वृश्चिक	6:53
13 अप्रै.	मेष	20:23	15 दिसं.	धनु	21:31
14 मई	वृष	17:16	14 जन.(21)	मकर	8:14
14 जून	मिथुन	23:53	12 फर.	कुम्भ	21:11
16 जुला.	कर्क	10:46	14 मार्च	मीन	18:03
16 अग.	सिंह	19:10	13 अप्रै.	मेष	26:33

मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मकर में)

4 मई	कुम्भ	20:39	4 अक्तू.	व. मीन	10:06
18 जून	मीन	20:15	14 नवं.	मार्गी	6:06
16 अग.	मेष	18:31	24 दिसं.	मेष	10:18
10 सितं.	वक्री	3:50	22 फर.(21)	वृष	4:35
			13 अप्रै.	मिथुन	25:12

बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कुम्भ में)

7 अप्रै.	मीन	14:20	3 नवं.	मार्गी	23:17
25 अप्रै.	मेष	2:33	28 नवं.	वृश्चिक	7:04
9 मई	वृष	9:47	17 दिसं.	धनु	11:37
24 मई	मिथुन	23:57	5 जन. (21)	मकर	03:55
18 जून	वक्री	10:25	25 जन.	कुम्भ	16:55
12 जुला.	मार्गी	13:54	30 जन.	वक्री	21:18
2 अग.	कर्क	03:31	4 फर.	व. मकर	22:40
17 अग.	सिंह	8:29	21 फर.	मार्गी	6:20
2 सितं.	कन्या	12:03	11 मार्च	कुम्भ	12:30
22 सितं.	तुला	16:55	1 अप्रै.	मीन	00:42
14 अक्तू.	वक्री	6:32			

गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में धनु में)

30 मार्च	मकर	3:50	13 सितं.	मार्गी	6:12
14 मई	वक्री	19:58	20 नवं.	मकर	13:22
30 जून	व.धनु	5:25	6 अप्रै.	कुम्भ	00:23

शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मेष में)

28 मार्च	वृष	15:38	1 अग.	मिथुन	5:09
13 मई	वक्री	12:12	1 सितं.	कर्क	02:02
25 जून	मार्गी	12:18	28 सितं.	सिंह	1:01

शुक्र राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.
23 अक्तू.	कन्या	10:44
16 नवं.	तुला	25:01
11 दिसं.	वृश्चिक	5:16
(सन् 2021 ई.)		
4 जन.	धनु	5:03
28 जन.	मकर	3:29
21 फर.	कुम्भ	2:21
17 मार्च	मीन	3:00
10 अप्रै.	मेष	6:28

—शनि राशि प्रवेश—

(संवतारम्भ में मकर में)

सम्पूर्ण संवत् मकर राशि में ही संचार करेगा।

—मध्यम राहु राशि प्रवेश—

(संवतारम्भ में मिथुन में)

23 सितं.	वृष	12:52

—मध्यम केतु राशि प्रवेश—

(संवतारम्भ में धनु में)

23 सितं.	वृश्चिक	12:52

—यूरेनस—

सम्पूर्ण संवत् मेष राशि में संचार करेगा।

—नैपच्यून—

सम्पूर्ण संवत् कुम्भ राशि में संचार करेगा।

—प्लूटो—

(संवतारम्भ में मकरमें)

28 जून	व. धनु	3:05
30 दिसं.	मकर	23:56

ग्रहों का वक्री-मार्गी

मंगल

10 सितं.	वक्री	3:50
14 नवं.	मार्गी	6:06

बुध

18 जून	वक्री	10:25
12 जुला.	मार्गी	13:54
14 अक्तू.	वक्री	6:32
3 नवं.	मार्गी	23:17
30 जन.(21)	वक्री	21:18
21 फर.	मार्गी	6:20

गुरु

14 मई	वक्री	19:58
13 सितं.	मार्गी	6:12

शुक्र

13 मई	वक्री	12:12
25 जून	मार्गी	12:18

शनि

11 मई	वक्री	9:27
29 सितं.	मार्गी	10:30

यूरेनस

15 अग.	वक्री	19:56
14 जन.(21)	मार्गी	14:07

नैपच्यून

23 जून	वक्री	10:05
29 नवं.	मार्गी	6:08

प्लूटो

26 अप्रै.	वक्री	00:18
4 अक्तू.	मार्गी	18:59

ग्रहों का उदय-अस्त (वि. संवत् २०७७)

मंगल

सम्पूर्ण संवत् उदित अवस्था में ही संचार करेगा।

बुध

23 अप्रै.	पूर्व में अस्त	5:10
16 मई	पश्चिम-उदय	19:07
22 जून	व. पश्चिमाऽस्त	29:10
9 जुला.	व. पूर्व में उदय	19:34
5 अग.	पूर्व में अस्त	5:55
1 सितं.	पश्चिम में उदय	6:08
20 अक्तू.	व. पश्चिम-अस्त	6:39
31 अक्तू.	व. पूर्व में उदय	23:40
26 नवं.	पूर्व में अस्त	17:10

बुध (सन् 2021 ई.)

11 जन.	पश्चिम में उदय	5:18
2 फर.	व. पश्चिम-अस्त	7:26
14 फर.	व. पूर्व में उदय	18:20
6 अप्रै.	पूर्व में अस्त	6:04

गुरु

17 जन. (21)	पश्चिम में अस्त	17:52
14फर. (21)	पूर्व में उदय	23:46

शुक्र

31 मई	पश्चिम में अस्त	5:28
9 जून	पूर्व में उदित	19:20
8 फर. (21)	पूर्व में अस्त	18:11

संवत् अन्त तक अस्त रहेगा।

शनि

7 जन.(21)	पश्चिम में अस्त	17:40
9 फर.	पूर्व में उदय	24:50

ग्रहों की मध्यम, शीघ्र, अतिचारी गति

ग्रह	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मध्यम	31′-26″	59′-08″	5′-00″	59′-08″	2′-00″
शीघ्र	39′-01″	104′-46″	12′-22″	73′-43″	5′-27″
परमशीघ्र	46′-11″	113′-32″	14′-04″	75′-42″	7′-45″

ध्यान दें—मध्यम गति से कम गति हो तो मन्द गति, शीघ्र गति से कम हो तो मध्यम गति, परमशीघ्र गति से कम हो तो शीघ्र गति एवं परमशीघ्र गति से अधिक गति हो तो ग्रह '**अतिचारी**' कहलाता है। यहाँ '**गति**' से अभिप्राय ग्रह की दैनिक गति से है। 24 घण्टे में ग्रह जितना आगे या पीछे चलता है, उसे ग्रह की '**दैनिक गति**' कहते हैं।

ग्रहों का नक्षत्र–चरण प्रवेश—संवत् २०७७ वि. (सन् 2020–21 ई.)

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

मकर राशि–मई 17, 18, 19, 24, **जून** 15, 27, 29, 30, **जुला.** 1, 2, 6, 7, 8, 12, 13 (11:14 तक), 17, 25, 26, 27, 28, 29, 30, **अग.** 3, 4, 7, 8, 13, [**कार्तिक मासे अक्तू.** 19, 20-21 (चं.दा.), 24, 25, 28, 29, **नवं.** 2, 3, 12] **मार्गशीर्ष में नवं.** 17, 18, 20, 21, 22, 25, 30, **दिसं.** 9, 10 तारीखें शुभ होंगी।	मकर के **वर** को आषाढ़, कार्तिक, मार्ग. मास **शुभ।** ज्येष्ठ, श्रावण व आश्विन मासों में **सूर्य पूज्य** तथा वैशाख, भाद्रपद व पौष मास **त्याज्य** होंगे। इस राशि की **कन्याको गुरु** 30 मार्च से 29 जून तक, पुनः 20 नवं. से संवतान्त तक साधारण रुपेण पूज्य, 30 जून से 19 नवं. तक विशेष रुपेण पूज्य होगा।	**मकर राशि–अप्रै.** 15, 16, 17, 26, 27, **मई** 3, 4, 5, 6, 12, 17, 18, 19, 24, **जून** 15, 27, 29, 30, **जुला.** 1, 2, 6, 7, 8, 12, 13 (11:14 तक), 17, 25, 26, 27, 28, 29, 30, **अग.** 3, 4, 7, 8, 13, 21, 22, 23, 24, 25, 30, 31, [**कार्तिक मासे अक्तू.** 19, 20, 21, 24, 25, 28, 29, **नवं.** 2, 3, 12] **मार्गशीर्ष में नवं.** 17, 18, 20, 21, 22, 25, 30, **दिसं.** 9, 10 तारीखें शुभ होंगी।
कुम्भ राशि–अप्रै. 15-16-17 (चं.दा.), 27 (11:46 बाद), **मई** 1, 2, 5 (27:15 बाद), 6, 12 (चं.दा.), **जून** 15, 16, 25, 26, 29 (18:27 बाद), 30, **जुला.** 1, 2, 6-7 (चं.दा.), 8, 12, 13, 14, 23, 27, 28, 29, 30, **अग.** 3, 4, 7, 8, 20 (29:15 तक), 23, 24, 25, 30, 31 [**कार्तिक मासे अक्तू.** 19, 20, 21, 24-25 (चं.दा.), 28, 29, 30, 31, **नवं.** 9] **मार्गशीर्ष में नवं.** 17, 18, 20-21 (चं.दा.), 22, 25, 27, **दिसं.** 7, 10, (21:52 बाद) शुभ होंगी।	कुम्भ राशि के वर को वैशाख, मार्गशीर्ष, श्रावण मास **शुभ,** आषाढ़, भाद्रपद व कार्तिक मासों में **सूर्य पूज्य** ; ज्येष्ठ, आश्विन व माघ मास **त्याज्य** रहेंगे। कुम्भ राशि की **कन्या** को **गुरु** 30 मार्च से 29 जून, पुनः 20 नवं. से संवतान्त तक विशेष रुपेण पूज्य, शेष समयावधि में शुभ रहेगा।	**कुम्भ राशि–अप्रै.** 15, 16, 17, 27 (11:46 बाद), **मई** 1, 2, 5 (27:15 बाद), 6, 12, 17, 18, 19, 24 (17:34 बाद), **जून** 15, 16, 25, 26, 29 (18:27 बाद), 30, **जुला.** 1, 2, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 23, 27, 28, 29, 30, **अग.** 3, 4, 7, 8, 20 (29:15 तक), 23, 24, 25, 30, 31, [**कार्तिक मासे अक्तू.** 19, 20, 21, 24, 25, 28, 29, 30, 31, **नवं.** 9] **मार्गशीर्ष में नवं.** 17, 18, 20, 21, 22, 25, 27, **दिसं.** 7, 10 (21:52 बाद) शुभ होंगी।
मीन राशि–अप्रै. 15, 16, 17, 26, 27 (11:46 तक), **मई** 1, 2, 3, 4, 5 (27:15 तक), 12, 17, 18, 19, 24 (17:34 तक), **जुला.** 17, 23, 25, 26, 29, 30, **अग.** 3, 4, 7, 8, 13, 20, 21, 22, 25, 30, 31, **मार्गशीर्ष में नवं.** 17, 18, 20, 21, 22 (चं.दा.), 25, 27, 30, **दिसं.** 7, 9, 10 (21:52 तक) शुभ होंगी।	मीन राशि के **वर** को ज्येष्ठ, भाद्रपद व माघ मास **शुभ,** वैशाख, श्रावण, आश्विन व मार्गशीर्ष मासों में **सूर्य पूज्य** तथा आषाढ़, कार्तिक व फाल्गुन मास **त्याज्य** होंगे। मीन राशि की **कन्याको** 30 जून से 19 नवं. तक **गुरु** साधारण रुपेण पूज्य, शेष अवधि में शुभ रहेगा।	**मीन राशि–अप्रै.** 16, 17, 26, 27 (11:46 तक), **मई** 1, 2, 3, 4, 5 (27:15 तक), 12, 17, 18, 24 (17:34 तक), **जून** 15, 16, 25, 26, 27, 29 (18:27 तक), **जुला.** 1, 2, 6, 7, 8, 12, 13, 14, 17, 23, 25, 26, 29, 30, **अग.** 3, 4, 7, 8, 13, 20, 21, 22, 25, 30, 31, [**कार्तिक मासे अक्तू.** 19, 20, 21, 24, 25, 28, 29, 30, 31, **नवं.** 2, 3, 9, 12] **मार्गशीर्ष में नवं.** 17, 18, 20, 21, 22, 25, 27, 30, **दिसं.** 7, 9, 10, (21:52 तक) शुभ होंगी।

मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, विपणि, उपनयन, सर्वदेव प्रतिष्ठादि मुहूर्त्त–वि. संवत् २०७७

प्राचीन भारतीय ज्योतिषाचार्यों द्वारा शुद्धता की दृष्टि से विवाह, मुण्डनादि मुहूर्त्तों के निर्धारण में मुख्यतः इक्कीस दोषों का उल्लेख किया गया है। इनमें पंचाँगशुद्धि, क्रूर ग्रह का नक्षत्र–वेध, पापग्रह की युति, क्रान्तिसाम्य दोष, मृत्युबाण, षष्ठाष्टम चन्द्र एवं शुक्र विचार, व्यतीपात– वैधृति आदि दुष्ट योगों की युति, गुरु शुक्रास्त का विचार, दग्धा तिथि विचार आदि दोषों का विशेष रूप से विचार किया जाता है। राजमार्त्तण्ड–वशिष्ठ आदि शास्त्रकारों एवं आचार्यों ने भी विवाह के अतिरिक्त चूड़ाकरण, गृहारम्भ, व्रत, प्रतिष्ठा, पुंसवन, कर्णवेध आदि मुहूर्त्तों में भी क्रूर ग्रहों के वेध, युति, व्यतीपात, वैधृति आदि अशुभ योगों एवं दोषों का विचार करने का निर्देश दिया है–विवाहेऽर्ध प्रतिष्ठायां व्रते पुंसवनं तथा कर्णवेधादि चूडायां विद्धऋक्षं विवर्जयेत्॥ ध्यान रहे, शास्त्र नियमानुसार बुधवार के दिन अभिजित मुहूर्त्त भी ग्राह्य नहीं होता। जिन मुहूर्त्तों के आगे केवल शुद्धकाल दिया गया है, वहाँ दैवज्ञों को शुद्धकाल की अवधि में सूर्य, बुध, गुरु, शुक्र एवं लग्नेश की शुभ स्थानों में स्थिति को ध्यान रखते हुए शुभ लग्न का निर्णय स्वयं कर सकते हैं। 'पंचांगदिवाकर' में दिए गए सभी मुहूर्त्तों में सर्वत्र शास्त्र विहित नियमों का यथासम्भव पालन किया जाता है। कुछ अन्य नए प्रचलित पंचांगों के मुहूर्त्तों में क्रूर ग्रहों का वेध, क्रूर ग्रह युति, क्षीण चन्द्र आदि अपरिहार्य दोष पाए जाते हैं, जो मुहूर्त्त–शास्त्र की दृष्टि से सर्वथा चिन्तनीय है।

–निवेदक: पं. विवेक शर्मा

मुण्डन मुहूर्त्त–२०७७ वि.

विशेष विवरण हेतु इसी पंचांग में आगे पृष्ठ नं. 187 पर 'आवश्यक-मुहूर्त्त निर्णय' शीर्षक के अन्तर्गत देखें।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
चैत्र नवरात्रों में (आवश्यके)			
चैत्र शु. १, बुध	25 मार्च	रेव.	ल. २, ४
चैत्र शु. २, गुरु	26 मार्च	रे./अ.	ल. १, २, अभिजित्
वैशा. कृ.१०,शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	ल. अभि., ४, मु. 12:18 तक
वैशा. कृ.११,शनि	18 अप्रै.	शत.	ल. ४, अभिजित् (वैश्यानां)
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. ४, अभि., मु. 14:40 तक
वैशा. शु.१३, मंग	5 मई	हस्त	ल. १, ४, अभि. (क्षत्रियाणां)
ज्ये. कृ. २, शनि	9 मई	ज्ये.	ल. १, अभि., ५
ज्ये. कृ. ८, शुक्र	15 मई	धनि.	मु. प्रातः 8:23 तक
ज्ये. कृ. १२, मंग	19 मई	रेव.	ल. ५, अभि. (क्षत्रियाणां)
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. ५, अभिजित् (विप्राणां) (राहुयुति परिहार)
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	मु. 7:28 बाद, ल. ५
आषा. कृ.१०,चंद्र	15 जून	रेव.	ल. ५, अभि. (सू. दा.)
आषा. कृ.१०,मंग	16 जून	अश्वि	ल. ५, अभि. (क्षत्रियाणां)
आषा. कृ.११,बुध	17 जून	अश्वि	मु. प्रातः 6:04 तक
●आषा. शु.१०, मंग	30 जून	चित्रा	ल. ४, ६, अभि. (क्षत्रियाणां)
●आ. शु.१३,शुक्र	3 जुला	ज्ये.	ल. ४, ६, अभिजित्
●श्राव. कृ. २,मंग	7 जुला	श्रव.	ल. ४, ६, अभि. (क्षत्रियाणां)
●श्राव. कृ. ३,बुध	8 जुला	धनि.	ल. ४, मु. 9:19 तक (भद्रा परिहार)
●श्राव. कृ. ४,गुरु	9 जुला	शत.	मु. 10:12 बाद, ल. ६, अभि.
●श्राव. कृ. ७,रवि	12 जुला	रेव.	मु. 8:18 बाद, ल. ६, अभि. (विप्राणां)
●श्राव. कृ. ८,चंद्र	13 जुला	रे./अ.	ल. ४, ६, अभिजित्
आश्विन-नवरात्रों में–आवश्यके			
शु.आश्वि.शु.२,रवि	18 अक्तू	स्वा.	मु. प्रातः 8:51 तक (विप्राणां)
आश्वि. शु.३, चंद्र	19 अक्तू	अनु.	ल. ९, १०, अभि., मु. 14:08 तक

विशेष नोट–उपरोक्त बिन्दु (●) चिन्हित मुहूर्त्त भारतीय प्राचीन परम्परानुसार दिए गए हैं। पंजाब/हिमाचल के अतिरिक्त काशी आदि के पंचांगकार निरयन कर्क संक्रान्ति (16 जुला.) से ही सूर्य दक्षिणायन मानते हैं, न कि सायन कर्क संक्रान्ति (21 जून) से

–निवेदन-पं. विवेक शर्मा ज्यो.

नींव/गृहारम्भ मुहूर्त्त–सं. २०७७

(खनन, भूमि–पूजन एवं शिलान्यास मुहूर्त्त)

विशेष विवरण हेतु देखें पृष्ठ 192

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
*वैशा.कृ.११,शनि	18 अप्रै.	शत.	ल. २, अभि., ५
*आषा.कृ.१०,चंद्र	15 जून	रेव.	ल. ५, अभि., ६
*आषा.कृ.११,बुध	17 जून	अश्वि.	मु. प्रातः 6:04 तक
श्राव. कृ. ३, बुध	●8 जुला.	धनि.	ल. ५, मु. 9:19 तक
*श्राव कृ. ४,गुरु	●9 जुला	शत.	ल. ५, ६, अभिजित्
*श्राव.कृ.१२,शुक्र	●17 जुला	रोहि.	ल. ५, ६, अभि., ७ (शुक्रयुति परिहार)
श्राव. शु. ७, चंद्र	27 जुला.	स्वा.	मु. 11:04 बाद, ल. ६, अभि. ८
श्राव.शु.१०, बुध	29 जुला.	अनु.	मु. 8:33 बाद, ल. ५, ६, ८
भाद्र कृ. ३, गुरु	6 अग.	शत.	मु. 11:18 तक
*भाद्र.शु.३, शुक्र	21 अग.	उ.फा.	ल. ६, ८, अभि.
*शु.आश्वि.शु.३,चंद्र	19 अक्तू	अनु.	ल. ९, अभि., ११
*कार्ति.कृ.१२, गुरु	12 नवं.	हस्त	ल. ९, अभि., ११
*कार्ति.शु.६,शुक्र	20 नवं.	श्रव.	ल. ९, अभि., ११
कार्ति.शु.११, बुध	25 नवं.	उ.भा.	ल. ९, ११
कार्ति. पूर्णि., चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ९, अभि., ११
*मार्ग.कृ.१०,गुरु	10 दिसं.	ह./चि.	ल. ९, अभि., ११

नोट–(*) तारांकित मुहूर्त्तों में केवल वृषवास्तुचक्र शुद्धि नहीं है। शेष सभी मुहूर्त्त दोषों से मुक्त (शुद्ध) हैं। (ii) आगे माघ, फाल्गुन में गुरु एवं शुक्र अस्त रहने से संवतान्त तक कोई शुभ मुहूर्त्त नहीं है। (iii) (●) उपरोक्त बिन्दु चिन्हित मुहूर्त्त भारतीय प्राचीन परम्परानुसार दिए गए हैं। पंजाब, हिमाचल के अतिरिक्त काशी के अधिकतर पंचांगकार निरयण कर्क संक्रान्ति (16 जुला.) से ही सूर्य दक्षिणायन मानते हैं। न कि सायन कर्क संक्रान्ति (लगभग 21 जून) से।

मार्गशीर्ष मास के अतिरिक्त नींव (गृहारम्भ) मुहूर्त्त

(जहाँ मार्गशीर्ष संक्रान्ति 16 नवम्बर को होगी-अर्थात् जिन नगरों में प्रथम प्रविष्टा 16 नवं. को होगा)

[देखें पृष्ठ 25]-पूर्वी हि.प्र., हरियाणा, शेष भारत हेतु]

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
कार्ति.शु. ५, गुरु	19 नवं.	उ.षा.	मु. 9:38 बाद (इन क्षेत्रों में 20 नवं. का मुहूर्त्त ग्राह्य नहीं होगा)
कार्ति.शु. ७, शनि	21 नवं.	श्र./ध.	मु. 12:02 बाद, अभि., ११
मार्ग. कृ. ५, शनि	5 दिसं	पुष्य	ल. ९, अभि., ११

नूतन (नवीन) गृह प्रवेश मुहूर्त्त (संवत् २०७७)

नूतन (नवीन) गृह प्रवेश में अपने पण्डित जी द्वारा निकाले गए मुहूर्त्त पर **नव-गृह में वास्तु-पूजा शान्ति**, नवग्रह पूजन-शान्ति, स्वस्तिवाचन एवं पंचदेव, गोपूजन आदि के पश्चात् ब्राह्मणों एवं आश्रितजनों को भोजन-दानादि एवं कन्या पूजन, जलपूर्ण कलश तथा ब्राह्मणों को आगे करके शंख ध्वनि एवं सुहागिनों द्वारा मंगल गान सहित नव गृह में प्रवेश करना चाहिए।

●बिन्दु चिन्हित मुहूर्त्त यहाँ मतान्तरवश दिए जा रहे हैं। इन्हें परम्परा एवं आवश्यक परिस्थितिवश ग्रहण करें। विशेष विवरण हेतु देखें पृष्ठ 193

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
*वैशा.कृ.८, बुध	15 अप्रै.	उ.षा.	ल. २, ५
वैशा.कृ.१०,शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	ल. २, मु. 12:18 तक
वैशा.कृ.११,शनि	18 अप्रै.	शत.	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभि., ५, मु. 14:40 तक
वैशा. शु. ११,चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २, अभि., ५
*ज्ये.कृ. ८, शुक्र	15 मई	धनि.	ल. २, मु. 8:23 तक
ज्ये. कृ. ११, चंद्र	18 मई	उ.भा.	ल. २, ५, अभि.
*ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	ल. ५, ६ (मु. 7:28 बाद)
*ज्ये. शु. ६, गुरु	28 मई	पुष्य	ल. 7:27 तक
			(शुक्र वार्धक्य विचार)
आषा. कृ.१०,चंद्र	15 जून	रेव.	ल.५, अभि., ६, मु. 16:31 तक
आषा.कृ.११, बुध	17 जून	अश्वि.	मु. प्रातः 6:04 तक
आषा. शु.१२,गुरु	●2 जुला	अनु.	ल. ५, ६, अभिजित
*श्राव.कृ.३, बुध	●8 जुला	धनि.	मु. प्रातः 9:19 तक
*श्राव.कृ.४, गुरु	●9 जुला	शत.	मु. 10:12 बाद
*श्राव.कृ.८, चंद्र	●13जुला	रेव.	ल. ५,६ (11:14 तक)
*श्राव.कृ.८, चंद्र	●13जुला	अश्वि	ल. ६ (11:14 बाद), अभि.
*शु.आश्वि.शु. ३, चंद्र	19 अक्तू	अनु.	ल. ९, अभि. ११ (मु. 14:08 तक)
शु.आश्वि.शु.१२,बुध	28 अक्तू	उ.भा.	मु. 9:11 बाद
शु.आश्वि.शु.१३,गुरु	29 अक्तू	उ.भा.	ल. ९, मु. 12:00 तक
*आश्वि. पूर्णि.शनि	31 अक्तू	अश्वि.	ल. ९, अभि., १०
*कार्ति.कृ.६,शुक्र	6 नवं.	पुन.	ल. ९, अभि., १०
*कार्ति.कृ.६,शनि	7 नवं.	पुन.	मु. प्रातः 7:24 तक
कार्ति. कृ.१२,गुरु	12 नवं.	हस्त	ल. ९, १०, अभिजित्
कार्ति. शु. ७,शनि	21 नवं.	धनि.	मु. 12:02 बाद, ल. अभि., ११ (12:02 तक क्रान्तिसाम्य दोष)
कार्ति. शु.११,बुध	25 नवं.	उ.भा.	ल. ९, ११ (भीष्मपंचक)
कार्ति. शु.१२,शुक्र	27 नवं.	आश्वि	मु. 8:29 बाद, ल. ९, अभि.
*कार्ति.पूर्णि.,चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ९, ११, अभि.
*मार्ग.कृ. ३, गुरु	3 दिसं	पुन.	मु. 12:21 बाद
मार्ग. कृ. १०,गुरु	10 दिसं.	ह/चि	ल. ९, ११, अभि.

विशेष नोट–(*) तारांकित मुहूर्त्तों में केवल कलश-चक्र शुद्धि नहीं है। शेष सभी मुहूर्त्त दोषों से मुक्त (शुद्ध) हैं।

पुरातन गृह में प्रवेश मुहूर्त्त-सं. २०७७ वि.

पहिले दिए गए नूतन (नवीन) गृह प्रवेश मुहूर्त्तों के अतिरिक्त निम्नलिखित मुहूर्त्त भी ग्राह्य होंगे। विशेष विवरण पृष्ठ 194 पर देखें।

गुरु-शुक्र के अस्तकाल में (आवश्यक परिस्थितिवश)

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
ज्ये. शु.१०, चंद्र	1 जून	हस्त	मु. 13:16 तक
ज्ये. शु.१२, बुध	3 जून	स्वा.	मु. 11:29 बाद
ज्ये. पूर्णिमा, शुक्र	5 जून	अनु.	ल. २, ५, अभिजित्
आषा. कृ. ५, बुध	10 जून	श्रव.	मु. 10:35 तक
आषा. कृ. ६, गुरु	11 जून	धनि.	मु. 11:28 बाद
आषा. कृ. ७,शुक्र	12 जून	शत.	मु. 10:03 बाद
(श्रावण मास में)			
श्राव. कृ.१२,शुक्र	17 जुला	रोहि.	ल. ५, ६, अभि. (शुक्रयुति परिहार)
श्राव. शु. ७, चंद्र	27 जुला	चि/स्वा	ल. ५, ६, अभि.
श्राव. शु.१०, बुध	29 जुला	अनु.	मु. 8:33 बाद
श्राव. शु. ११,गुरु	30 जुला	अनु.	मु. 7:41 तक
श्राव. पूर्णिमा,चंद्र	3 अग.	श्रव.	मु. 7:19 बाद, ल. ५, ६, अभि.
भाद्र. कृ. २, बुध	5 अग.	शत.	मु. 9:30 बाद, ल. ६, ८
भाद्र. कृ. ३, गुरु	6 अग.	शत.	मु. 11:18 तक
भाद्र. कृ. ५, शनि	8 अग.	उ.भा.	ल. ५, ६, अभि., ८
भाद्र. कृ. ६, चंद्र	10 अग.	अश्वि	ल. ५, ६, अभि., ८
(सन् 2021 ई.)			
गुरु-शुक्र के अस्तकाल में (आवश्यक परिस्थितिवश)			
पौष शु. २, शुक्र	15 जन.	धनि.	ल. ११, १२, अभि., १
पौष शु. ५, चंद्र	18 जन.	उ.भा.	ल. ११, १२, अभि., १
पौष शु. ७, बुध	20 जन.	रेव.	मु. 12:36 तक, ल. ११, १२
पौष शु. १२, चंद्र	25 जन.	मृग.	ल. ११ (राहुयुति परिहार)
माघ कृ. ६, बुध	3 फर.	चित्रा	ल. ११, १२
माघ कृ. ७, गुरु	4 फर.	स्वा.	ल. ११, १२, अभि.
माघ शु. २, शनि	13 फर.	शत.	ल. १२, अभि.
माघ शु. ६, बुध	17 फर.	अश्वि.	ल. १२, ३
माघ शु. १०, चंद्र	22 फर.	मृग.	ल. १२, अभि., ३
माघ शु. १२, बुध	24 फर.	पुन.	ल. १२, ३
माघ शु. १३, गुरु	25 फर.	पुष्य	ल. १२, मु. 13:17 तक
फाल्गु. कृ. २,चंद्र	1 मार्च	उफा/ह	ल. १२, अभिजित्
फाल्गु.कृ.७, शुक्र	5 मार्च	अनु.	ल. १२, अभि., ३

व्यवसाय (विपणि) शुरु करने के मुहूर्त्त-
वि. संवत् २०७७ (2020-21 ई.)

व्यवसाय में दुकान, कार्यालय, फैक्ट्री आदि शुरु करने के मुहूर्त्त के समय किसी कर्मकाण्डी ब्राह्मण द्वारा सर्वदेव, नवग्रह पूजन के पश्चात् दृढ़ कलश-स्थापन एवं कन्या-पूजन आदि के पश्चात् ब्राह्मणों, आश्रित एवं सहयोगीजनों को यथाशक्ति भोजन आदि करवाना चाहिए। विशाल-पैमाने पर व्यापार करने के लिए केवल बु.गु. एवं शुक्रवारों को ही ग्रहण करना चाहिए।

नोट–मुहूर्त्त वाले दिन अपनी राशि से चन्द्र 4, 8, 12वें हो, तो वह दिन त्याग दें। वार-स्वामी भी उदित होना चाहिए।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशा. कृ. ८, बुध	15 अप्रै.	उ.षा.	ल. २, ५ (शनि अभिजित् में है)
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. ११, चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २, अभि., ५
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. २, ५, अभि.
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	मु. 7:28 बाद, ल. २, ५, अभि.
आषा. कृ.१०, चंद्र	15 जून	रेव.	मु. 16:31 तक, ल. ४, ५, अभि.
आषा. कृ.११, बुध	17 जून	अश्वि	मु. 6:04 तक
आषा. शु.८, रवि	28 जून	उ.फा.	मु. 8:46 तक
आषा.शु.१२, गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ५, अभि., ६
श्राव. कृ. ७, रवि	12 जुला	रेव.	मु. 8:18 बाद, ल. ५, अभिजित्, ६
श्राव. कृ. ८, चंद्र	13 जुला	रे/अ	ल. ५, अभि., ६
श्राव. कृ.१२, शुक्र	17 जुला	रोहि.	ल. ५, ६, अभि.
श्राव. शु. ५, शनि	25 जुला	हस्त	मु. 14:19 बाद
श्राव. शु. ६, रवि	26 जुला	ह/चि	ल. ५, ६, अभि.
श्राव. शु. ७, चंद्र	27 जुला	चित्रा	मु. 11:04 तक
श्राव.शु. १०, बुध	29 जुला	अनु.	मु. 8:33 बाद
श्राव. शु.११, गुरु	30 जुला	अनु.	मु. 7:41 तक
भाद्र. कृ. ९, गुरु	13 अग.	रोहि.	मु. 12:59 बाद
भाद्र. शु. ३, शुक्र	21 अग.	उ.फा.	ल. ५, ६, अभि.
भाद्र. शु. ५, रवि	23 अग.	चित्रा	ल. ५, ६, अभि., ८
भाद्र शु. ६, चंद्र	24 अग.	स्वा.	ल. ५, ६, अभि., ८
शु.अश्वि.शु.३, चंद्र	19 अक्तू	अनु.	ल. ९, अभि., मुहू. 14:08 तक
शु.आश्वि.शु.१२, बुध	28 अक्तू	उ.भा.	मु. 9:11 बाद
शु.आश्वि.शु.१३, गुरु	29 अक्तू	उ.भा.	मु. 12:00 तक, ल. ९
आश्वि.पूर्णिमा, शनि	31 अक्तू	अश्वि	ल. ९, अभि.
कार्ति. कृ.१२, गुरु	12 नवं.	हस्त	ल. ९, अभि.
कार्ति.कृ.१३, शुक्र	13 नवं.	चित्रा	ल. ९, अभि., १०
कार्ति. शु.११, बुध	25 नवं.	उ.भा.	ल. ९ (भीष्मपंचक विचार)
कार्ति.शु.१२, शुक्र	27 नवं.	अश्वि.	मु. 8:29 बाद (भीष्मपंचक विचार)
कार्ति. पूर्णिमा, चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ९, अभि.
मार्ग.कृ.१०, गुरु	10 दिसं.	ह/चि	ल. ९, १०, अभि.

उपनयन (यज्ञोपवीत) मुहूर्त्त-सं. २०७७

विशेष विवरण आगामी पृष्ठों पर **'आवश्यक मुहूर्त्तों'** में पृष्ठ नं. 188 पर देखें।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
चैत्र शु. २, गुरु	26 मार्च	रे/अ	ल. २, अभि.
चैत्र शु. १०, शुक्र	3 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभि.
वैशा. कृ.२, गुरु	9 अप्रै.	स्वा.	ल. २, ५, अभि.
वैशा. शु. ५, मंग.	28 अप्रै.	आर्द्रा	ल. २, ५, अभि. (सामवेदियों के लिए) (राहु युति परिहार)
वैशा. शु. १०, रवि	3 मई	पू.फा.	ल. २, अभिजित्
वैशा. शु. ११, चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २, अभिजित्
ज्ये. कृ. ५, मंग.	12 मई	उ.षा.	ल. २, ५ (सामवेदियों हेतु)
ज्ये. शु. ३, चंद्र	25 मई	आर्द्रा	मु. 7:55 बाद
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	ल. २, ५ (मु. 7:28 बाद)
आषा. शु. ३, बुध	24 जून	पुष्य	मु. 10:15 तक
आषा. शु. ४, गुरु	25 जून	आश्ले	मु. 10:33 से 12:27 तक
आषा. शु.१२, गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ५, अभि., ६
श्राव. कृ. २, मंग	7 जुला	श्रव.	ल. ५, ६, अभिजित्
श्राव. कृ. ३, बुध	8 जुला	धनि.	मु. 9:19 तक
श्राव. कृ. ४, गुरु	9 जुला	शत.	मु. 10:12 बाद
श्राव. कृ. ५, शुक्र	10 जुला	पू.भा.	ल. ५, ६, अभिजित्

मुहूर्त्त मुकलावा (द्विरागमन)-सं. २०७७

विशेष विवरण आगामी पृष्ठों पर 'आवश्यक मुहूर्त्त निर्णय' में पृष्ठ नं. 190 पर देखें।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशा. कृ. ८, बुध	15 अप्रै.	उ.षा.	ल. २, ५
वैशा. कृ.१०, शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. ४, चंद्र	27 अप्रै.	मृग.	मु. 14:30 बाद
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु.११, चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २, अभि., ५
कार्ति. शु. ५, गुरु	19 नवं.	उ.षा.	ल. ९, अभि., ११, १२
कार्ति. शु. ६, शुक्र	20 नवं.	श्रव.	मु. 9:22 बाद, ल. ९, १०, अभि., १२
कार्ति. शु.११, बुध	25 नवं.	उ.भा.	ल. ९, १०, ११, १२
कार्ति. पूर्णिमा, चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ९, ११, अभि., १२
मार्ग. कृ. ३, गुरु	3 दिसं.	पुन.	मु. 12:21 बाद
मार्ग. कृ. ९, बुध	9 दिसं.	हस्त	मु. 15:18 बाद
मार्ग. कृ. १०, गुरु	10 दिसं.	ह/चि	ल. ९, ११, अभि.

सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त-सं. २०७७

आगे लिखे उत्तरायण में सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त प्रायः सभी सात्त्विक देवी-देवताओं की मूर्त्ति-स्थापना, जलाशय, बावड़ी, कूँआं आदि के निर्माण हेतु भी ग्रहणीय होंगे। सात्त्विक देवी-देवताओं की मूर्त्ति स्थापना में उत्तरायण मास तथा उनके अवतरण (जयन्ती) का दिवस भी विशेष रूप से ग्राह्य होगा।

जैसे-श्रीविष्णु, राम की मूर्त्ति स्थापना में वैशाख आदि उत्तरायण मासों के अतिरिक्त अक्षय-तृतीया, रामनवमी विजयादशमी, दीपावली आदि विशेष शुभ हैं। श्री विष्णु-प्रतिमा में माघ मास वर्जित होता है। श्रीकृष्ण की प्रतिमा के लिए उत्तरायण मास, भाद्र. कृष्णाष्टमी तथा मार्गशीर्ष मास शुभ माने जाते हैं। श्रीशिव मूर्त्ति एवं शिवलिङ्ग की प्रतिष्ठा में श्रावण एवं फाल्गुन मास की चुतर्दशी (महाशिवरात्रि) विशेषतया प्रशस्त है।

सभी सात्त्विक देवी-देवताओं की प्रतिष्ठा पूर्वाह्ण-काल में (मध्याह्न से पहिले) ही की जाती है। कालभैरव आदि तामस देवों के लिए दक्षिणायन एवं मार्गशीर्ष मास विशेष ग्राह्य हैं। अतः दक्षिणायन में भी प्रतिष्ठा मुहूर्त्त अलग से दिए गए हैं।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशा. कृ. ८, बुध	15 अप्रै.	उ.षा.	ल. २, ५
वैशा. कृ.१०, शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	ल. २, अभि., ५
वैशा. कृ.११, शनि	18 अप्रै.	शत.	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. ११, चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २, अभि., ५
ज्ये. कृ. २, शनि	9 मई	ज्ये.	ल. २, अभि., ५ (दुर्गा)
ज्ये. कृ. ८, शुक्र	15 मई	धनि.	ल. ४, ५, अभि.
ज्ये. कृ. ११, चंद्र	18 मई	उ.भा.	ल. ४, ५, अभि.
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. ४, ५, अभि. (गुरु पादवेधऽभाव)

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	मु. प्रात: 7:28 बाद,
आषा. कृ.१०,चंद्र	15 जून	रेव.	ल. ४, ५, ६ (श्रीगणेश)
आषा. शु. ३, बुध	24 जून	पुष्य	मु. 10:15 तक
आषा. शु. ८, रवि	28 जून	उ.फा.	मु. 8:46 तक
आषा. शु.१२,गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ४, ५, अभि., ६
आषा.शु.१३,शुक्र	3 जुला	ज्ये.	ल. ४, ५, अभि., ६ (मु. 13:17 तक)
श्राव. कृ. ३, बुध	8 जुला	धनि.	मु. 9:19 तक
श्राव. कृ. ४, गुरु	9 जुला	शत.	मु. 10:12 बाद
श्राव. कृ. ७, रवि	12 जुला	रेव.	ल.४,५,अभि.(मु.8:18 बाद)
श्राव. कृ. ८, चंद्र	13 जुला	रे/अ	ल. ४, ५, अभि.

तामसदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त (दक्षिणायन में)

कार्ति.शु.१२,शुक्र	27 नवं.	अश्वि	मु. 8:29 बाद
कार्ति. पूर्णि., चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ९
मार्ग. कृ. ७, चंद्र	7 दिसं	मघा	मु. 7:40 बाद
मार्ग. कृ. ८, मंग	8 दिसं	पू.फा.	ल. ९
मार्ग. कृ.१०, गुरु	10 दिसं	ह/चि	ल. ९

श्रीदुर्गा/गौरी देवी प्रतिष्ठा मुहूर्त्त २०७७

आगे लिखे मुहूर्त्त समस्त देवियों की प्रतिष्ठा के लिए शुभ होंगे। परन्तु इनमें से शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथियां श्रीगौरी की प्रतिष्ठा हेतु विशेष रूप से शुभ एवं प्रशस्त होंगी।

वैशा. कृ. ८, बुध	15 अप्रै.	उ.षा.	ल. २ (शनि युति नहीं है)
वैशा.कृ.१०,शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. २, शनि	25 अप्रै.	कृति.	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभि., ५
वैशा. शु.११, चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २, अभि., ५
ज्ये. कृ. २, शनि	9 मई	ज्ये.	ल. २, अभि., ५ (मु.6:33 बाद)
ज्ये. कृ. ८, शुक्र	15 मई	धनि.	मु. 8:30 तक
ज्ये. कृ.११, चंद्र	18 मई	उ.भा.	ल. २, अभि., ५
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. २, अभि. ५ (गुरु पादवेधऽभाव)
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	मु. 7:28 बाद, ल. ५

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
ज्ये. शु. ६, गुरु	28 मई	पुष्य	मु. 7:27 तक (शु. दा.)
आषा. कृ.१०,चंद्र	15 जून	रेव.	ल. ४, ५, ६
आषा. कृ.१२,गुरु	18 जून	कृति.	मु. 8:31 से 9:40 तक
आषा.शु.१२, गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ५, अभिजित्
आषा.शु.१३,शुक्र	3 जुला	ज्ये.	ल. ५, अभिजित्
श्राव. कृ. ३, बुध	8 जुला	धनि.	मु. प्रात: 9:19 तक

भगवान् शिव प्रतिष्ठा मुहूर्त्त सं. २०७७

गत कालमों में दिए गए सर्वदेव प्रतिष्ठा मुहूर्त्तों के अतिरिक्त आगे भगवान् शिव प्रतिमा व शिवलिङ्ग स्थापना हेतु मुख्य मुहूर्त्त दिए जा रहे हैं, जो विशेषत: शुभ एवं ग्राह्य होंगे। शिव प्रतिमा/शिवलिङ्ग प्रतिष्ठा हेतु निम्न मुहूर्त्तों में आगे दिए गए '**शिववास चक्र**' का भी प्रयोग करें तो विशेष शुभ होगा। **शिव प्रतिष्ठा हेतु उत्तरायण मास, मिथुन लग्न** व आर्द्रा नक्षत्र विशेष प्रशस्त एवं ग्राह्य माने गए हैं। शिव प्रतिष्ठा में श्रावण व मार्गशीर्ष मास भी ग्राह्य माने गए हैं।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशा. शु. ५, मंग.	28 अप्रै.	आर्द्रा	ल. २, ३, अभि.(राहुयुति परिहार)
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, ३
वैशा. शु.१०, रवि	3 मई	पू.फा.	ल. २, ३, मु. 12:08 तक
वैशा. शु.१३, मंग	5 मई	हस्त	ल. २, ३
वैशा.शु.१४, बुध	6 मई	चित्रा	ल. २, ३
ज्ये. कृ. ८, शुक्र	15 मई	धनि.	मु. 8:30 तक
ज्ये. कृ. १२, मंग.	19 मई	रेव.	ल. ३, ५
ज्ये. कृ. १३, बुध	20 मई	अश्वि	ल. ३, ५
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. ३, ५ (राहुयुति परिहार)
ज्ये. शु. ३, चंद्र	25 मई	मृ/आ	ल. ३, ५ (शूलयोग ग्राह्य)
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	मु. 7:28 बाद, ल. ३, ५
आषा. शु. ५,शुक्र	26 जून	मघा	ल. ३, ५
आषा.शु.१०, मंग	30 जून	चि/स्वा	ल. ३, ५
आषा.शु. १२,गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ३, ५
आषा.शु. १३,शुक्र	3 जुला	ज्ये.	ल. ३, ५
श्राव. कृ. ३, बुध	8 जुला	धनि	ल. ५
श्राव. कृ. ४, गुरु	9 जुला	शत.	ल. ५
श्राव. कृ. ८, चंद्र	13 जुला	रे/अ	ल. ५
श्राव. कृ.१२,शुक्र	17 जुला	रोहि.	ल. ५, ६ (शुक्रयुति परिहार)
श्राव. कृ. १४,रवि	19 जुला	आर्द्रा	ल. ५, ६
श्राव. शु. १, मंग	21 जुला	पुष्य	ल. ५, ६
श्राव. शु. ६, रवि	26 जुला	हस्त	ल. ५
श्राव. शु. ७, चंद्र	27 जुला	चि/स्वा	ल. ५
श्राव. शु. १०,बुध	29 जुला	अनु.	8:33 बाद
श्राव. पूर्णिमा,चंद्र	3 अग.	श्रव.	मु. 7:19 बाद
भाद्र. कृ. १, मंग	4 अग.	श्रव.	मु. 8:11 तक
भाद्र. कृ. २, बुध	5 अग.	शत.	मु. 9:30 बाद
कार्ति. शु. ६,शुक्र	20 नवं.	श्रव.	मु. 9:22 बाद
कार्ति. शु. ७,शनि	21 नवं.	श्र/ध	मु. 12:02 बाद, ११
कार्ति. शु.१२,शुक्र	27 नवं.	अश्वि	मु. 8:29 बाद
कार्ति. पूर्णिमा,चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ८, ९
मार्ग. कृ. १, मंग.	1 दिसं	रोहि.	मु. 8:31 तक
मार्ग. कृ. ३, गुरु	3 दिसं	आर्द्रा	ल. ९, ११
मार्ग. कृ. ४, शुक्र	4 दिसं	पुन.	ल. ९, ११
मार्ग. कृ. ८, मंग.	8 दिसं	पू.फा.	ल. ९, ११

श्रीगणेश प्रतिमा प्रतिष्ठा मुहूर्त्त

श्राव. कृ. ३, बुध	8 जुला	धनि.	मु. 9:19 बाद
भाद्र. कृ. ४, शुक्र	7 अग.	पू.भा.	ल. ५, ६, ८
मार्ग. कृ. ४, शुक्र	4 दिसं.	पुन.	ल. ९, ११

श्री स्कन्द प्रतिष्ठा मुहूर्त्त

आषा. शु. ६,शुक्र	26 जून	मघा	ल. ३, ५

शिववास चक्र

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना एवं प्रतिष्ठार्थ

ऊपर लिखे शास्त्र-विहित मुहूर्त्तों में से विशेष मुहूर्त्त के चयन हेतु कुछ विद्वान् शिववास चक्र का भी प्रयोग करते हैं। पाठकों के लाभ हेतु शिववास चक्र दिया जा रहा हैं। इस चक्र की प्रयोग विधि इस प्रकार से है–

उपरोक्त लिखी गई तिथियों में से अभीष्ट (Required) तिथि की संख्या को दोगुणा करके उसमें, पाँच जोड़ देवें, फिर कुल मान को सात से भाग कर देवें, जो शेष संख्या बचे, उसके अनुसार शिव

का वास जानना। ***उदाहरण***—*मान लो हमने पंचमी तिथि के सम्बन्ध में शिववास जानना है, तो पाँच संख्या को दोगुणा करने पर दस संख्या मिली, इसमें 5 जमा करके 15 संख्या हुई, इसको 7 द्वारा भाग देने पर शेष 1 बचा, इसका फल लाभ/सुख अच्छा लिखा है। कुछ विद्वान् महामृत्युमुञ्जय आदि शैव मन्त्रानुष्ठान के पश्चात् करणीय होमादि में भी इस शिववास चक्र का विचार करते हैं।*

शेष	शिववास	फल
१	कैलाश पर	शुभ/लाभ, सुख
२	गौरी संग	शुभ-लाभ
३	बैल पर	कार्य सिद्धि
४	सभा में	कष्टकारी
५	भोजन	दुख प्रदायक
६	रमण	कष्टप्रद
(०)	श्मशान	नेष्ट फल

श्रीमद्भागवत, हरिवंशपुराण, रामायणादि कथा प्रारम्भ मुहूर्त्त-वि. संवत् २०७७

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशा. कृ. ८, बुध	15 अप्रै.	उ.षा.	ल. १, २ (शनि अभिजित् में)
वैशा. कृ.१०,शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	ल. १, २, मु. 12:18 तक
वैशा. कृ.१२, रवि	19 अप्रै.	पू.भा.	ल. २
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	ल. २, अभिजित्
वैशा. शु. १०,रवि	3 मई	पू.फा.	ल. २
वैशा. शु. ११,चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २
ज्ये. कृ. ८, शुक्र	15 मई	धनि.	मु. 8:30 तक
ज्ये. कृ. ११, चंद्र	18 मई	उ.भा.	ल. २, ४
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. २, ४
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	ल. ४ (मु. 7:28 बाद), ५
ज्ये. शु. ६, गुरु	28 मई	पुष्य	ल. ४ (शु. दा.) शुक्रवार्धक्य
आषा. कृ.१०,चंद्र	15 जून	रेव.	ल. ४
आषा. शु.१२,गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ४, ५
श्राव. कृ. ३, बुध	8 जुला	धनि.	मु. 9:19 तक
श्राव. कृ. ५,शुक्र	10 जुला	पू.भा.	ल. ४, ५
श्राव. कृ. ७, रवि	12 जुला	रेव.	मु. 8:18 बाद, ल. ५
श्राव. कृ. ८, चंद्र	13 जुला	रे/अ	ल. ४, ५
श्राव. शु. १०,बुध	29 जुला	अनु.	मु. 8:33 बाद
श्राव. शु.११, गुरु	30 जुला	अनु.	मु. 7:41 तक
भाद्र. कृ. २, बुध	5 अग.	शत.	ल. ५, ६
भाद्र. कृ. ३, गुरु	6 अग.	श./पू	मु. 11:33 तक
भाद्र. कृ. ६, चंद्र	10 अग.	अश्वि	ल. ५, ६
भाद्र शु. ३, शुक्र	21 अग.	उ.फा.	ल. ६, ८
भाद्र. शु. ५, रवि	23 अग.	चित्रा	ल. ६, ८
भाद्र शु. १३, चंद्र	31 अग.	श्रव.	मु. 8:49 तक
शु.आश्वि.शु.२,रवि	18 अक्तू	स्वा.	मु. 8:51 तक
शु.आश्वि.शु.३,चंद्र	19 अक्तू	अनु.	ल. ९
शु.आश्वि.शु.६,गुरु	22 अक्तू	पू.षा.	मु. 7:40 बाद
शु.आश्वि.शु.९,रवि	25 अक्तू	धनि.	ल. ९, मु. 7:42 बाद
शु.आश्वि.शु.१२,बुध	28 अक्तू	उ.भा.	ल. ९ (मु. 9:11 बाद)
शु.आश्वि.शु.१३,गुरु	29 अक्तू	उ.भा.	ल. ९
कार्ति. कृ. ६,शुक्र	6 नवं.	पुन.	ल. ९
कार्ति. कृ. १२,गुरु	12 नवं.	हस्त	ल. ९
कार्ति. शु. ५, गुरु	19 नवं.	पू.षा.	मु. 9:38 तक
कार्ति. शु. ११,बुध	25 नवं.	उ.भा.	ल. ९
कार्ति. शु. १२,गुरु	26 नवं.	रेव.	मु. 7:35 तक
कार्ति. पूर्णिमा,चंद्र	30 नवं.	रोहि.	ल. ९
मार्ग. कृ. १०,गुरु	10 दिसं.	ह/चि	ल. ९

वाहनादि क्रय मुहूर्त्त-वि. संवत् २०७७

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
चैत्र शु. १, बुध	25 मार्च	रेव.	ल. २, ४
चैत्र शु. २, गुरु	26 मार्च	रे/अ	ल. २, अभिजित्
चैत्र शु. १०, शुक्र	3 अप्रै	पुष्य	ल. २, अभिजित्
चैत्र शु. १२, रवि	5 अप्रै.	मघा	ल. २, अभिजित्
चैत्र शु. १३, चंद्र	6 अप्रै.	पू.फा.	मु. 12:16 तक
चैत्र पूर्णिमा, बुध	8 अप्रै.	चित्रा	मु. 11:21 बाद,
वैशा.कृ. १०,शुक्र	17 अप्रै.	धनि.	मु. 12:18 तक
वैशा.कृ. ११,शनि	18 अप्रै.	शत.	ल. २, ४, अभिजित्
वैशा.कृ. १२,रवि	19 अप्रै.	पू.भा.	ल. २, अभि., ४
वैशा. शु. ५, चंद्र	27 अप्रै.	मृग.	मु. 14:30 बाद
वैशा. शु. ७, गुरु	30 अप्रै.	पुष्य	मु. 14:40 बाद
वैशा.शु. १०,शनि	2 मई	मघा	मु. 11:36 बाद
वैशा. शु. १०, रवि	3 मई	पू.फा.	ल. २, मु. 12:08 तक
वैशा. शु.११, चंद्र	4 मई	उ.फा.	ल. २
ज्ये.कृ. ११, चंद्र	18 मई	उ.भा.	ल. ४, ५, अभिजित्
ज्ये. शु. २, रवि	24 मई	मृग.	ल. ४, ५, अभि., ६
ज्ये. शु. ५, बुध	27 मई	पुष्य	मु. 7:28 बाद,
आषा.कृ.१०, चंद्र	15 जून	रेव.	ल. ४, ५, अभि., ६
आषा.शु. ५, शुक्र	26 जून	म/पू	ल. ४, ५, अभि., ६
आषा.शु. १२,गुरु	2 जुला	अनु.	ल. ४, ५, अभि., ६
श्राव. कृ.३, बुध	8 जुला	धनि.	ल. ४, ५, ६
श्राव. कृ. ५,शुक्र	10 जुला	पू.भा.	ल. ४, ५, अभि., ६
श्राव. शु. ३, गुरु	23 जुला	मघा	मु. 12:02 बाद
श्राव. शु. ५, शनि	25 जुला	हस्त	ल. ५, ६, अभिजित्
श्राव. शु. ६, रवि	26 जुला	ह/चि	ल. ५, ६, अभि., ७
श्राव.शु. १०, बुध	29 जुला	अनु.	मु. 8:33 से 15:05 तक
श्राव. पूर्णिमा,चंद्र	3 अग.	श्रव.	मु. 7:19 बाद, ल. ५, ६, अभि., ८
भाद्र. कृ. २, बुध	5 अग.	शत.	मु. 9:30 बाद, ल. ६, ८
भाद्र. कृ. ३, गुरु	6 अग.	श/पू	मु. 11:33 तक
भाद्र. कृ. ५, शनि	8 अग.	उ.भा.	ल. ५, ६, अभि., ८
भाद्र. शु. ३, शुक्र	21 अग.	उ.फा.	ल. ६, अभि., ८
भाद्र. शु. ५, रवि	23 अग.	चित्रा	ल. ६, ७, अभि., ८
भाद्र. शु. ६, चंद्र	24 अग.	स्वा.	मु. 9:12 बाद, ल. ७
भाद्र. शु. ११,शनि	29 अग.	पू.षा.	मु. 13:03 तक, ल. ६, ७
भाद्र. शु. १३,चंद्र	31 अग.	श्रव.	मु. 8:49 तक
शु.अश्वि.शु.३,चंद्र	19 अक्तू	अनु.	ल. ९, अभि., ११
शु.आश्वि.शु.५,बुध	21 अक्तू	मूल	ल. ९, ११
शु.आश्वि.शु.६,गुरु	22 अक्तू	पू.षा.	ल. ९, ११
शु.आश्वि.शु.१०,रवि	25 अक्तू	धनि.	ल. ९, ११
शु.आश्वि.शु.१२,बुध	28 अक्तू	उ.भा.	ल. ९, ११ (मु. 9:11 बाद)
शु.आश्वि.शु.१३,गुरु	29 अक्तू	उ.भा.	मु. 12:00 तक
आश्विन पूर्णि., शनि	31 अक्तू	अश्वि	ल. ९, ११
कार्ति. कृ. ६,शुक्र	6 नवं.	पुन.	ल. ९, १०, अभि., ११
कार्ति. कृ.१२,गुरु	12 नवं.	हस्त	ल. ९, १०, अभि., ११
कार्ति.शु. ५, गुरु	19 नवं.	पू.षा.	ल. ९, मु. 9:38 तक
कार्ति. शु. ६,शुक्र	20 नवं.	श्रव.	मु. 9:22 बाद
कार्ति. शु. ११,बुध	25 नवं.	उ.भा.	मु. 15:57 तक
कार्ति. शु.१२,शुक्र	27 नवं.	आश्वि	मु. 8:29 बाद
मार्ग. कृ. ७, चन्द्र	7 दिसं.	मघा	मु. 7:40 बाद, ल. ९, अभि., ११
मार्ग. कृ. १०,गुरु	10 दिसं.	ह/चि	ल. ९, १०, अभि., ११, १२

ॐ श्रीमहालक्ष्मी पूजन (दीपावली) के शुभकाल (मुहूर्त्त) (14 नवम्बर, शनिवार, सन् 2020 ई.) ॐ

ब्रह्मपुराण अनुसार कार्तिक मास की अमावस्या को अर्धरात्रि के समय लक्ष्मी महारानी सद्‌गृहस्थों के घर में जहाँ-तहाँ विचरण करती हैं। इसलिए अपने घर को सब प्रकार से स्वच्छ, शुद्ध और सुभोभित करके दीपावली तथा दीपमालिका मनाने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होते हैं तथा वहाँ स्थायी रूप से निवास करती हैं। यह अमावस्या प्रदोषकाल एवं अर्धरात्रि-व्यापिनी हो, तो विशेष रूप से शुभ होती है।

प्रस्तुत वर्ष कार्तिक अमावस 14 नवम्बर, शनिवार, 2020 ई. को दोपहर 14$^{\text{घं.}}$-18$^{\text{मिं.}}$ बाद अपराह्न, सायाह्न, प्रदोष निशीथ, महानिशीथ व्यापिनी होगी। अत: **'दीपावली पर्व'** 14 नवम्बर, शनिवार, 2020 ई. को ही होगा।

विशेष कृत्य–इस दिन प्रात: ब्राह्ममुहूर्त्त में उठकर दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो पितृगण तथा देवताओं का पूजन करना चाहिए। सम्भव हो तो दूध, दही और घृत से पितरों का पार्वण-श्राद्ध करना चाहिए। यदि यह सम्भव हो तो दिन भर उपवास कर गोधूलि वेला में अथवा वृष, सिंह, वृश्चिक आदि स्थिर लग्न में श्रीगणेश, कलश, षोडशमातृका एवं ग्रहपूजनपूर्वक भगवती लक्ष्मी का षोडशोपचार-पूजन करना चाहिए। इसके अनन्तर महाकाली का दावात के रूप में, महासरस्वती का कलम, बही आदि के रूप में तथा कुबेर का तुला के रूप में सविधि पूजन करना चाहिए। इसी समय दीपपूजन कर यमराज तथा पितृगणों के निमित्त ससंकल्प दीपदान करना चाहिए। तदोपरान्त यथोलब्ध निशीथादि शुभ मुहूर्त्तों में मन्त्र-जप, यन्त्र-सिद्धि आदि अनुष्ठान सम्पादित करने चाहिए।

दीपावली वास्तव में पाँच पर्वों का महोत्सव माना जाता है, जिसकी व्याप्ति कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी (धनतेरस) से कार्तिक शुक्ल द्वितीया (भाई-दूज) तक रहती है। दीपावली के पर्व पर धन की प्रभूत प्राप्ति के लिए धन की अधिष्ठात्री धनदा भगवती लक्ष्मी का समारोहपूर्वक आवाहन, षोडशोपचार सहित पूजा की जाती है। आगे दिए गए निर्दिष्ट शुभ कालों में किसी स्वच्छ एवं पवित्र स्थान पर आटा, हल्दी, अक्षत एवं पुष्पादि से अष्टदल कमल बनाकर श्रीलक्ष्मी का आवाहन एवं स्थापना करके देवों की विधिवत पूजार्चना करनी चाहिए।

आवाहन मन्त्र–**'कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।**
पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम्।। (श्रीसूक्तम्)।

पूजा मन्त्र–**'ॐ गं गणपतये नम:।। लक्ष्म्यै नम:।। नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरे: प्रिया। या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात्त्वदर्चनात्।।'** से लक्ष्मी **'एरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबल:। शतयज्ञाधिपो देवस्तस्मा इन्द्राय ते नम:।'** मन्त्र से इन्द्र की और कुबेर की निम्न मन्त्र से पूजा करें– **'कुबेराय नम:, धनदाय नमस्तुभ्यं निधपद्माधिपाय च।**
भवन्तु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादि सम्पद:।।'

पूजन सामग्री में विभिन्न प्रकार की मिठाई, फल-पुष्पाक्षत, धूप, दीपादि सुगन्धित वस्तुएं सम्मिलित करनी चाहिए। दीपावली पूजन में प्रदोष, निशीथ एवं महानिशीथ काल के अतिरिक्त चौघड़ियां मुहूर्त्त भी पूजन, बही-खाता पूजन, कुबेर-पूजा, जपादि अनुष्ठान की दृष्टि से विशेष प्रशस्त एवं शुभ माने जाते हैं–

14 नवम्बर, 2020 ई. के चौघड़िया मुहूर्त्त

दिन की चौघड़ियां (घं. मिं.)		रात्रि की चौघड़ियां (घं.-मिं.)	
काल	6:58 से 8:16 तक	लाभ	17:26 से 19:07 तक
शुभ	8:16 से 9:34 तक	उद्वेग	19:07 से 20:48 तक
रोग	9:34 से 10:52 तक	शुभ	20:48 से 22:30 तक
उद्वेग	10:52 से 12:11 तक	अमृत	22:30 से 24:12 तक
चर	12:11 से 13:30 तक	चर	24:12 से 25:54 तक
लाभ	13:30 से 14:48 तक	रोग	25:54 से 27:35 तक
अमृत	14:48 से 16:07 तक	काल	27:35 से 29:17 तक
काल	16:07 से 17:26 तक	लाभ	29:17 से 30:59 तक

नोट–(1) चर, लाभ, अमृत और शुभ की चौघड़ियां ग्राह्य होती हैं।

(2) 25 बजे का अर्थ अर्द्धरात्रि 1 बजे से है तथा 30 बजे का अर्थ आगामी दिन प्रात: 6 बजे से है।

(3) यहाँ चौघड़ियां मुहूर्त्त 14 नवम्बर, 2020 ई. को जालन्धर के दिनमान व रात्रिमान के अनुसार है। अपने स्थानीय नगर के चौघड़ियां मुहूर्त्त के लिए इसी पंचांग में दी गई मध्यम सूर्योदयास्त सारिणी में से स्थानीय सूर्योदयास्त निकालकर इसी पंचांग के पृष्ठ नं. 279 का अवलोकन कर चौघड़ियां मुहूर्त्त निकालें।

प्रदोष काल–14 नवम्बर, 2020 ई. को जालन्धर एवं निकटवर्त्ती नगरों में सूर्यास्त (17$^{\text{घं.}}$-26$^{\text{मिं.}}$) से लेकर 2$^{\text{घं.}}$-42$^{\text{मिं.}}$ पर्यन्त 20$^{\text{घं.}}$-08$^{\text{मिं.}}$ तक प्रदोषकाल व्याप्त रहेगा। (प्रत्येक नगर के रात्रिमान अनुसार प्रदोषकाल निर्धारित करें। (देखें पृष्ठ नं. 47 इसी पंचांग में)

सायं 19$^{\text{घं.}}$-26$^{\text{मिं.}}$ तक वृष (स्थिर) लग्न विशेष प्रशस्त होगा। प्रदोषकाल में वृष लग्न, स्वाती (रात्रि 20$^{\text{घं.}}$-09$^{\text{मिं.}}$ तक) नक्षत्र, तुलास्थ चन्द्र तथा रात्रि 19$^{\text{घं.}}$-07$^{\text{मिं.}}$ तक **'लाभ'** की चौघड़ियां रहने से 19$^{\text{घं.}}$-07$^{\text{मिं.}}$ से पहिले श्रीगणेश-लक्ष्मी पूजन प्रारम्भ कर लेना चाहिए। इसी काल में ब्राह्मणों तथा आश्रितों को भेंट, मिष्ठान्नादि बाँटना शुभ होगा।

निशीथ काल–14 नवम्बर, 2020 ई. को जालन्धर व समीपस्थ नगरों में निशीथकाल रात्रि 20$^{\text{घं.}}$-08$^{\text{मिं.}}$ से 22$^{\text{घं.}}$-51$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा। निशीथ-काल में **'शुभ'** की चौघड़ियां 20$^{\text{घं.}}$-48$^{\text{मिं.}}$ से 22$^{\text{घं.}}$-30$^{\text{मिं.}}$ तक तथा पुन: **'अमृत'** की चौघड़ियां 22$^{\text{घं.}}$-30$^{\text{मिं.}}$ से रात्रि 24$^{\text{घं.}}$-12$^{\text{मिं.}}$ तक रहेंगी।

अत: निशीथकाल में भी 20$^{\text{घं.}}$-48$^{\text{मिं.}}$ के बाद शेष सारा समय पूजन आदि कार्यों के लिए शुभ एवं ग्राह्य रहेगा। इस अवधि में महालक्ष्मी पूजन समाप्त कर श्रीसूक्त, कनकधारा-स्तोत्र तथा लक्ष्मी-स्तोत्रादि मन्त्रों का पाठ करना चाहिए।

महानिशीथ काल–रात्रि 22$^{\text{घं.}}$-51$^{\text{मिं.}}$ से अर्द्धरात्रि 25$^{\text{घं.}}$-33$^{\text{मिं.}}$ तक महानिशीथ काल रहेगा। इस समयावधि में **'अमृत'** तथा **'चर'** की चौघड़ियां भी अत्यन्त शुभ हैं। इस अवधि में काली-उपासना, तन्त्रादि क्रियाएं, विशेष काम्य प्रयोग, तन्त्र-अनुष्ठान, साधनाएं एवं यज्ञादि किए जाते हैं। 24$^{\text{घं.}}$-03$^{\text{मिं.}}$ से सिंह लग्न भी विशेष प्रशस्त रहेगा।

नोट–अपने स्थानीय नगर में महालक्ष्मी पूजन एवं साधना के लिए प्रशस्त वृष, कर्क व सिंह लग्नों के लिए पृष्ठ 283 का अवलोकन कर निकालें। साधारण जमा/ऋण कर आप निकाल सकते हैं। ***अथवा*** सम्पर्क करें–

पं. विवेक शर्मा।

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यो में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। **तिथि** को शरीर, **चन्द्रमा** को मन, **योग–नक्षत्रों** आदि को शरीर के अंग तथा **लग्न** को **आत्मा** माना गया है। यथा–

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्यं विलग्नमात्माऽवयवास्तु-भाद्याः —ज्योतिर्निबंध

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ —ज्योति. विदरणे

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम–संहितानुसार, **लग्न** स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। **सातवें चन्द्र** और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह



"त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे-चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥"

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। **'पंचांगदिवाकर'** में लगाए गए लग्न मुहूर्त्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न—मुहूर्त्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें मंगल, २, ३, ११वें **चंद्रमा**, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित **शुक्र** शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं—

लग्ने वर्गोत्तमे चेन्दौ द्यूनाथे लाभगेऽथवा।
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकला अपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न—वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवी राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्—

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का **स्वामी ग्रह समान** हो, अथवा **मित्र क्षेत्री** हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का **स्वामी, केन्द्र** स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्तृरि दोष—लग्न में क्रूर ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्तृरि **दोष** होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्युतुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार—कर्तृरि दोष कारक ग्रह **नीच**, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टमस्थ भौम का परिहार—मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए। **अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ कश्यप॥

छठे, अष्टम चन्द्र का परिहार—नीच राशि, शत्रु राशि या नीच–राशिगत चन्द्रमा ६ या ८वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे—वृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि (३, ६)

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्थे दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्रमा यद्यपि त्याज्य माना गया है, परन्तु यदि लग्नगत चन्द्र पर गुरु की दृष्टि हो अथवा वह गुरु से युक्त हो, तो अशुभ चन्द्रमा भी शुभ हो जाता है—

"अशुभोऽपि शुभचन्द्रो, गुरुणा लोकितो युतः।।" (पीयूषधारा)

लग्नस्थ चन्द्र का परिहार—"कर्किगोस्थः पूर्णो विधुस्तनौ"

व्रतबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्त्तण्ड

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद—नीच एवं शत्रु राशिगत (कर्क, सिंह या कन्या) शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे—

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त्त चिं. पीयूषधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र–गुरु—सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। **"चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।"**

'मुहूर्त्तगणपति' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र–त्रिकोण में **गुरु, शुक्र** एवं बुध एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार—पंचशलाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने

पर विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। **—ज्योतिर्निबन्ध**

युतिदोष परिहार—पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है। **यथा—**

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो व मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेत् दम्पत्योः श्रेयसेतदा॥ (नारदः)

(१०) दग्धा तिथि परिहार—विवाह लग्न समय केन्द्र–त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।**—मु० गणपति**

पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्त्तों में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां विशेष दोषपूर्ण घड़ियों को विचार करके ही वि. मुहूर्त लगाए गए हैं।

कश्यप ऋषि अनुसार लग्न से केन्द्र, त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुधादि सौम्य ग्रह हो, तो समस्त दोषों का ऐसे परिहार हो जाता है, जैसे भगवान् विष्णु को मात्र स्मरण करने से पापों का नाश हो जाता है

काव्यो गुरू र्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र त्रिकोणगाः।
नाशयन्ति अखिलान् दोषान् पापानि व हरिस्मृतिः॥ (कश्यप)

भद्रा का शुभाशुभ विचार

भद्राकाल में विवाह, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, रक्षा बन्धन आदि मांगलिक कृत्यों का निषेध माना जाता है, परन्तु भद्रा काल में शत्रु का उच्चाटन करना, स्त्री प्रसंग में, यज्ञ करना, स्नान करना, अस्त्र–शस्त्र का प्रयोग, आप्रेशन करना, मुकद्दमा करना, अग्नि लगाना, किसी वस्तु को काटना, भैंस, घोड़ा, ऊँट सम्बन्धी कर्म प्रशस्त माने जाते हैं।

भद्रा परिहार विचार—सामान्य परिस्थितियों में विवाह आदि शुभ मुहूर्त्तों में भद्रा का त्याग ही करना चाहिए, परन्तु आवश्यक परिस्थितिवश **भूलोक की भद्रा**, तथा भद्रा मुख छोड़कर भद्रा पुच्छ में शुभ कृत्य किए जा सकते हैं।

कार्येत्वाश्यके विष्टेर्मुख, कण्ठहृदि मात्रं परित्येत्।

एक अन्य मतानुसार अत्यावश्यक स्थिति में रात्रि में तिथि के पूर्वार्द्ध की भद्रा, दिन में परार्ध की भद्रा ग्रहण कर सकते हैं।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिने भद्रा परार्धजा। भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति॥

भद्रा परिहार

कुछ आवश्यक स्थितियों में भद्रा दोष का परिहार हो जाता है। यथा—

तिथि पूर्वार्धजा भद्रा दिवा भद्रा प्रकीर्तिता। तिथिरुत्तरजा भद्रा रात्रिभद्रेति कथ्यते॥
दिवा भद्रा रात्रौ रात्रिभद्रा यदा दिवा। तदाविष्टिकृतो–दोषो न, भवेत्सर्व सौख्यदः॥

अर्थात् तिथि के पूर्वार्द्ध भाग में प्रारम्भ भद्रा अर्थात् तिथि दिवस के पूर्वार्ध भाग में प्रारम्भ भद्रायादि तिथ्यन्त में रात्रिव्यापिनी हो जाए, तो दोषकारक न होकर सुखदायिनी हो जाती है।

(ii) **पीयूषधारानुसार—दिन की भद्रा रात्रि को और रात्रि की भद्रा दिन को आ जाए, तो भद्रा दोषरहित हो जाती है।**

रात्रिभद्रा यदहि स्याद् दिवा भद्रा यदा निशि। न तत्र भद्रादोषः, सा भद्रा—भद्र दायिनी॥

(iii) **"दिवा परार्द्धजा विष्टिः, पूर्वार्द्धोत्था निशि। तदा विष्टिः शुभायेति कमलासनभाषितम्॥"**

उत्तरार्ध की भद्रा दिन में, तथा पूर्वार्द्ध की रात्रि में शुभ होती है।

भद्रा लोक वास

मेष, वृष, मिथुन, वृश्चिक का चन्द्रमा होने से भद्रा **स्वर्ग लोक** में, कन्या, तुला, धनु, मकर का चन्द्रमा होने से **पाताल** में, कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशि के चन्द्रमा में **भद्रा मर्त्यलोक (भू लोक)** में—अर्थात् **सम्मुख रहती है।** जब भद्रा भू–लोक में **(सम्मुख)** रहती है, **अशुभफल दायिनी** एवं वर्जित मानी जाती है, अन्य लोकों में हो, तो शुभ है—

स्थिताभूर्लोस्था भद्रा सदा त्याज्या स्वर्गपातालगा शुभा —(मु. मार्त्तण्ड)

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू–लोक
चन्द्रराशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा–मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

स्वर्गे भद्रा धनं धान्यं पाताले च धनागमः। मृत्युलोके यदा भद्रा कार्य सिद्धिस्तदानहि॥

(iv) शुक्ल पक्ष की भद्रा का नाम **वृश्चिकी** है। कृष्ण पक्ष की भद्रा का नाम **सर्पिणी** है। **मतान्तर से**, दिन की **भद्रा सर्पिणी**, रात्रि की भद्रा **वृश्चिकी** है। बिच्छू का विष डंक में तथा सर्प का विष मुख में होने के कारण **वृश्चिकी** भद्रा की पुच्छ और **सर्पिणी** भद्रा का मुख विशेषतः त्याज्य है।

(v) भद्रा दोष, मंगल–शनिवार जनित दोष, व्यतीपात, अष्टम भावस्थ एवं जन्म नक्षत्र दोष, मध्याह्न के पश्चात् शुभकारक मानी जाती है।

गोधूलि काल

विवाह मुहूर्त्तों में क्रूर ग्रह युति, वेध, मृत्युबाण आदि दोषों की शुद्धि उपरान्त यदि अभिवांछित मुहूर्त्त में शुद्ध विवाह–लग्न न निकलता हो, तो मुहूर्त्त ग्रन्थाचार्यों ने गोधूलि का लग्न ग्रहण करने की सम्मति प्रदान की है।

गोधूलि काल—जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने–अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त, पात, अष्टम भाव, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो,
गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता॥ —मुहूर्त चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। **ज्योतिनिर्बन्धानुसार–**

लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम् ॥

गोधूलि लग्न काल के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

(i) पीयूषधारा के मतानुसार सूर्य के अर्ध–अस्त होने के अनन्तर **२ घड़ी (४८ मिनट) का समय गोधूलि काल है।**

(ii) मुहूर्त्त गणपति के अनुसार सूर्याध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५–१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

(iii) आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

चतुर्थमभिजित लग्नमुदयार्क्षातु सप्तमम् ॥ –नारद

(iv) कुछ विद्वानों के अनुसार लग्न, सप्तम तथा अष्टम भाव में मंगल को भी वर्ज्य माना गया है। शेष भावों में अन्य किसी ग्रह का विचार गोधूलि लग्न में नहीं किया जाता।

(v) गुरुवार को सूर्यास्त के बाद तथा शनिवार को सूर्यास्त होने से पूर्व (पहले) की ही आधी घड़ी (12 मिनट) को गोधूलिकाल माना गया है, अन्यथा नहीं. (मुहूर्त्त चिन्तामणि)

––क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन––

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। **सोमवार, बुधवार, गुरुवार** और **शुक्रवार** को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी क्षौर कर्म न करावें।

––तैलाभ्यंग–अर्थात् तैल मालिश करना––

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दु:ख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता-(**–अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम् ॥**)

चतुर्कोणों दिशाशूल विचार

आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, **नैऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, **वायव्य** (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा **ईशान** (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन **दिशाशूल** होता है (मुहूर्त्त गणपति)

दिशापति के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है–

दिगीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

विशेष–यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए–यथा

"एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद गमनं प्रवेशश्च।
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत योगिन् [illegible]

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३–इन तिथियों में, अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.-इन नक्षत्रों में तथा चौर, बाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अत: उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना–बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष–ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'–यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'–यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

चाहिए-यथा “एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद् गमनं प्रवेशश्च।
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत्

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार–

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। **“आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥”**

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि। उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनादया जन्मभोदये। जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है–

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोत्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम् —**वाराहमिहिर॥**

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। **मुनि भारद्वाज** के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) **सगे भाई-बहन** के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं (**मु. मार्तण्ड**)। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। (**नारद**), परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें (**वसिष्ठ**) तथा जिस वर को अपनी कन्या देवें, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे (**नारदः**)।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है (**वृन्द्धमनुः**)। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे (**शार्गधर**) जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मङ्गल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता, भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णयसिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे–

प्रतिकू–लेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्तिं विधाय गां दत्त्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥ (ज्योति. प्रकाश)

■ ■ ■ ■ ■ ■ ■ जन्म नक्षत्र विचार ■ ■ ■ ■ ■ ■ ■

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है–

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है–

जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है–

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह **जन्म मास** में ग्रहणीय माना गया है–

विबुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —मुहूर्त्त चिंतामणि

विवाह में सम–विषम वर्षों का विचार

सम वर्षों (१८, २०, २२, २४ आदि) में कन्या का विवाह और **विषम वर्षों** (१९, २१, २३, २५ आदि) में लड़के (पुत्र) का विवाह शुभ माना गया है। –अर्थात् इन वर्षों में कन्या या पुत्र का विवाह करना, उनके वैवाहिक जीवन में सुख, सौहार्द आदि की दृष्टि से कल्याणकारी होता है। इसके विपरीत वर्षों (अर्थात् कन्या का विषम वर्षों में तथा लड़के का सम वर्षों) में करना दुःख, रोग एवं कष्टप्रद होता है–

(ज्योतिष तत्त्व प्रकाश)

○○○ विवाह पद्धति (भाषा–टीका) ○○○

व्याख्याकार पण्डित पन्ना लाल ज्योतिषी द्वारा संशोधित एवं परिवर्धित संस्करण जिसमें पारस्कर गृह सूत्रों के आधार पर वैदिक मन्त्रों की हिन्दी टीका एवं भारतीय शिष्टाचार की सरल व्याख्या की गई है। विवाह कार्य में प्रयुक्त विशिष्ट शब्दावली तथा वाग्दान, सगाई, सैंत कर्म, कात्यायनी शान्ति, पति पत्नी के कर्त्तव्य, शान्तिपाठ, कुम्भ विवाहादि विवाह सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण कृत्यों का भी समावेश किया गया है। जिससे विवाहादि कार्य के नवीन कर्मकाण्डी विद्यार्थी के लिए अत्यन्त उपयोगी पुस्तक है। **मूल्य-90 रु.**

पता–जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर शहर (पंजाब)।

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

नाम वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वीरवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षिण पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण वायव्य (उत्तर-पश्चिम)	दक्षिण-पूर्व आग्नेय (दक्षिण-पूर्व)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)	पूर्व, उत्तर ईशान (उत्तर-पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)
यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले)	पश्चिम, नैऋत्य (दक्षि.-पश्चि. कोण)	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षि.-पूर्व)	उत्तर, पश्चिम वायव्य (उत्तर पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम ईशान (पूर्व-उत्तर)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य कोण (द. पश्चि.)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)
विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी	विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी।	लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी।	बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि।	गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना।	दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि।	नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा।	तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेज़ी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना।
व्यापार सम्बन्धी कार्य	राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज़, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि।	कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि।	शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बिन्धत कार्य, बेकरी electronics, स्पोटर्स Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य।	कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय।	धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य।	संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्रय, खुशबूदार वस्तु।	मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य।

नाम वार	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि
नवीन वस्त्र धारण करना	शुभ है	मध्यम	अशुभ	शुभ	शुभ	अति शुभ	अशुभ
नवीन आभूषण धारण	शुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
तेल लगाना	अशुभ	शुभ	अशुभ	विशेष शुभ	अशुभ	शुभ	विशेष शुभ
हजामत करना	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम
नया जूता पहनना	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम
मुकद्दमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	[illegible]	[illegible]	[illegible]

◆ ◆ ◆

अभिजित मुहूर्त

◆ ◆ ◆

पुराणानुसार अभिजित मुहूर्त्त काल में क्रियमाण सभी कर्म प्राय: सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है-**दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्त्ते हि अभिजित् प्रभुः। चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥**

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। '**नारद पुराण**' के अनुसार **अभिजित्** के मध्याह्न काल से 1 घटी अर्थात् 24 मिनट पूर्व और मध्याह्न से 24 मिनट पश्चात् तक के समय को **अभिजित् काल** कहा जाता है।

उदाहरण-मान लो, आपने 28 नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (25/30 घटी पल) का अर्धभाग 12 घड़ी, 45 पल होंगे। इस अर्ध भाग के 5 घंटे, 6 मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय 7/10 घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. 12 बजकर 16 मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे 24 मिनट पूर्व अर्थात् 11/52 घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (12/16 + 00/24 मिनट = 12 घं. 40 मिनट [illegible] मिं) होगा।

मुकदमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ

11/52 घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (12/16 + 00/24 मिनट = 12 घ. 40 मिनट

होगा।

आवश्यक मुहूर्त्त निर्णय

आगे हम भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रानुसार मुख्य मुहूर्त्तों का निर्णय प्रकार दे रहे हैं, जिसमें विभिन्न मुहूर्त्तों में ग्राह्य मास, तिथि, वार, नक्षत्र आदि का विवरण दे रहे हैं। **ध्यान रहे,** सभी मुहूर्त्तों में वर्ज्य तत्त्वों जैसे–अधिक मास, क्षय मास, पितृ पक्ष, रिक्ता-तिथि (४, ९, १४), वैधृति-व्यतीपात आदि दुष्ट योग, भद्रा (भूलोके) एवं गुरु-शुक्रास्तादि का भी विचार कर लेना उचित होगा। ज्ञातव्य रहे, पंचांगदिवाकर में षोडश संस्कार अन्तर्गत गर्भाधान से अन्नप्राशन तक के मुहूर्त्त स्थायी स्तम्भ '**भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व**' में दिए रहते हैं। हम इसके आगे के मुख्य मुहूर्त्तों का ग्राह्य-अग्राह्य तत्त्वों का निर्णय प्रकार लिख रहे हैं–

(1) मुण्डन (चौल, चूड़ाकरण) मुहूर्त्त

जन्म या गर्भाधान से ३, ५, ७ आदि विषम वर्षों में मुण्डन संस्कार किया जाता है। कुलाचार अनुसार इसे प्रथम वर्ष भी सम्पन्न कर लेते हैं अथवा यज्ञोपवीत संस्कार के साथ करते हैं। कन्या का चौल (मुण्डन) संस्कार सम वर्षों में होता है।

ग्राह्य मास–उत्तरायण मासों में (14 जन. से 15 जुला.-आषाढ़ तक)-यथा-वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, माघ व फाल्गुन मास।

ग्राह्य तिथि–२, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२ (कृ. व शु. पक्ष), १३ (शुक्लपक्ष) एवं पूर्णिमा।

ग्राह्य वार–सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार सभी वर्णों के लिए शुभ हैं। (परन्तु ब्राह्मणों को रविवार, क्षत्रियों को मंगलवार तथा वैश्यों को शनिवार मुण्डनादि कार्यों के लिए विशेष शुभ माने गए हैं।) शुक्ल पक्ष का सोमवार विशेष शुभ होता है, जबकि कृष्ण पक्ष का सोमवार अशुभ (साधारण) होता है।

ग्राह्य नक्षत्र–लघु संज्ञक नक्षत्र (अश्वि., पुष्य, हस्त, अभि.), अनुराधा नक्षत्र को त्यागकर मृदुसंज्ञक (मृग., चित्रा, रेवती) तथा चरसंज्ञक (पुन, स्वा., श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा) तथा ज्येष्ठा नक्षत्रों में मुण्डन कार्य शुभ रहते हैं।

कुछ विद्वान जन्म-मास व जन्म-नक्षत्र, विरुद्ध व विपरीत चन्द्र (४, ८, १२ व शत्रुगत) में वर्ज्य मानते हैं–

न जन्ममासे न च जन्मभे तथा विधौ विरुद्धेऽशुभतारकासु।
युग्माब्दमासे न च कृष्ण पक्षे चूडा न कार्या खलु चैत्रमासे।।

परन्तु कुछ विद्वान जन्म नक्षत्र या जन्म राशि को शुभ मानते हैं।

नोट–ज्येष्ठा नक्षत्र में ज्येष्ठ (बड़े) लड़के का मुण्डन न करें।

शुभ लग्न–२, ३, ४, ६, ७, ९ या १२ राशियों के लग्न अथवा इनके नवांश में मुण्डन शुभ होते हैं। ग्राह्य लग्न राशि जन्म-लग्न या जन्म-राशि से अष्टमस्थ न हो। अष्टम भाव (शुक्र के अतिरिक्त) शुद्ध होना चाहिए। सामान्य लग्न शुद्धि तो आवश्यक ही है।

तारा–शुद्धि–मुहूर्त्त ग्रन्थों में चूड़ाकरण (मुण्डन) में तारा का प्रबल होना चन्द्रमा से भी अधिक आवश्यक माना गया है। (ज्योतिर्निबन्ध)

परन्तु तारा-विचार कृष्ण-पक्ष में ही विचारणीय है, शुक्ल पक्ष में नहीं। शुक्ल पक्ष में चन्द्र-बल ही विचारणीय है।–'**कृष्णो बलवती तारा शुक्लपक्षे बली शशी।**' (नारद), अपि च, कृष्ण पक्ष में भी अशुभ तारा होने पर भी यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, मित्रवर्ग या किसी शुभ ग्रह के साथ हो, तो मुण्डन कार्य किया जा सकता है। ('तारा-चक्र' वि. संवत् २०७४ के पंचांगदिवाकर में देखें।)

विशेष ध्यातव्य–यदि बालक की माता रजस्वला या गर्भवती हो, और गर्भ पाँच मास से अधिक का हो, तो मुण्डन कार्य न करावें। इस संस्कार से गर्भ नष्ट हो सकता है, परन्तु यदि संस्कार्य बालक 5 वर्ष से अधिक हो, तो माता के गर्भ के दोषापत्ति नहीं रहती।

(2) नूतन अक्षर–लेखनारम्भ मुहूर्त्त

बालक की पाँच वर्ष की अवस्था में सम्प्राप्त हो जाने पर आगे वर्णित विशुद्ध दिन को श्रीगणेश, सरस्वती, लक्ष्मीनारायण, गुरु एवं कुलदेवता की पूजा के साथ उसे लिखने-पढ़ने के उद्देश्य से नूतन अक्षराम्भ संस्कार करवाना चाहिए। उपर्युक्त देवताओं के नाम से घी का हवन करे तथा ब्राह्मणों को दक्षिणादि से सन्तुष्ट करना चाहिए। तदनन्तर पूर्वाभिमुख गुरु के सम्मुख पश्चिमाभिमुख बालक को अक्षरारम्भ करवाना चाहिए। संस्कार्य बालक का चन्द्र-बुध बल अपेक्षित है।

ग्राह्य मास–कुम्भस्थ सूर्य को छोड़कर उत्तरायण मासों में (14 जन. से 15 जुला. तक), कुछ विद्वान कुम्भस्थ सूर्य की अवधि को भी ग्राह्य मानते हैं।

ग्राह्य तिथि–२, ३, ५, ७, १०, ११, १२।

ग्राह्य वार–सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र–अश्वि., आर्द्रा, पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., ज्ये., अभि., श्रव. और रेवती नक्षत्र।

शुभ लग्न–२, ३, ६, ९, १२ लग्नराशि। अष्टम भाव ग्रहरहित होना चाहिए।

नोट–यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार से पहिले अक्षराम्भ और व्रतबन्ध के पश्चात् वेदारम्भ शुभ होता है।

(3) विद्यारम्भ–मुहूर्त्त

वर्णमाला-गणितादि में बालक परिपक्व हो जाने पर भविष्यत् आजीविका-प्रदात्री कोई विशेष या सर्वसामान्य विद्या का शुभारम्भ करना चाहिए।

ग्राह्य मास—फाल्गुन मास को छोड़कर उत्तरायण के मास।

ग्राह्य तिथि—२, ३, ५, ६, १०, ११, १२

ग्राह्य वार—रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग. आर्द्रा, पुन, पुष्य, आश्ले, पू.फा., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, पू.षा. उ.षा., श्रव., धनि., शत., पू.भा., उ.भा. और रेवती।

शुभ लग्न—२, ५, ८ राशि लग्न। तथा केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह तथा ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह हों।

(4) उपनयन (यज्ञोपवीत) मुहूर्त्त

यह नवम संस्कार यज्ञोपवीत, व्रतबन्ध, उपनयन, मौञ्जिबन्धन और जनेऊ आदि नामों से प्रचलित है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य का प्रथम जन्म माता के गर्भ से और द्वितीय जन्म व्रतबन्ध से संस्कृत होने पर माना गया है। अत: वे '**द्विज**' वा '**द्विजन्मा**' कहलाने के अधिकारी हैं। अत: ऐसे महत्त्वपूर्ण संस्कार को शास्त्र-सम्मत् काल में विधिवत् सम्पादित करना चाहिए।

उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार कब करना चाहिए ? इस संस्कार में काम्य, नित्य और गौण काल के भेद से तीन प्रकार के काल कहे गए हैं। ब्राह्मण बालक के गर्भधारण या जन्मदिन से पंचम वर्ष में काम्यकाल या अष्टम वर्ष में नित्यकाल ; क्षत्रिय का षष्ठ या 11वें वर्ष में क्रमश: काम्य व नित्यकाल एवं 8वें या 12वें वर्ष में वैश्य का काम्य व नित्यकाल में उपनयन संस्कार हो जाना चाहिए।

यदि उपरोक्त वर्षों तक उपनयन संस्कार न हो सके, तो उपरोक्त वर्षों को द्विगुणित कर देने से मध्यमान्तर काल '**गौण-काल**' माना गया है। अर्थात् 8 से 16वें वर्ष तक ब्राह्मण का, 11 से 22 वर्ष तक क्षत्रिय का तथा 12 से 24 वर्ष तक वैश्य का यज्ञोपवीत संस्कार मध्यम फलप्रदी होने से अत्यावश्यकता में करणीय हैं।

शुभ ग्राह्य मास—चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (देवशयनी एकादशी से पूर्वकाल तक), माघ व फाल्गुन मास।

ज्ञातव्य बिन्दु—*(i)* ज्येष्ठ पुत्र के लिए ज्येष्ठ मास त्याज्य रखना चाहिए। मीनस्थ सूर्य यज्ञोपवीत में शुभ कहा गया है। (निर्णय सिन्धु)

(ii) यज्ञोपवीत संस्कार के लिए वसन्त ऋतु तथा अष्टम वर्ष की उत्कृष्टता इतनी है कि दोनों के संयोग में जन्ममास-तिथि-नक्षत्र भी दूषित नहीं होते।

(iii) यद्यपि जन्ममास यज्ञोपवीत में त्याज्य है, तथापि आवश्यक होने पर जन्मदिन से दस दिन छोड़कर अन्य दिनों में संस्कार दोषपूर्ण नहीं होता। (राजमार्तण्ड)

(iv) अन्य मतानुसार जन्मकालिक पक्ष को छोड़कर दूसरे पक्ष में शुभ कार्य करने पर जन्म मास का दोष नहीं रहता। (निर्णय सिन्धु:)

ग्राह्य तिथि—शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, १०, ११, १२ एवं कृष्ण पक्ष की–१, २, ३, ५ तिथियां शुभ हैं।

ज्ञातव्य बिन्दु—*(i)* चैत्र-वैशाख शुक्ल तृतीया, माघ शुक्ल सप्तमी तथा फाल्गुन शुक्ल तृतीया उपनयन में विशेष रूप से ग्राह्य हैं। (पुरुषार्थ-चिन्तामणि)

***(ii)* मन्वादि-युगादि**- *सोपपद तिथियां, चतुर्दशी, अमावस्या, प्रतिपदा, अष्टमी तथा निरयण सूर्य संक्रान्ति दिन उपनयन संस्कार के लिए त्याज्य हैं। इसी प्रकार पौष, माघ और फाल्गुन की तीनों कृष्णाष्टमी तथा ७, ८, ९ तिथियां '**अष्टका**' संज्ञक त्याज्य हैं।

ग्राह्य वार—रवि, सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

वर्णेश, शाखेश बल—विशेष रूप से **ब्राह्मणों** को गुरु व शुक्रवार में, **क्षत्रियों** का रवि, मंगलवार में तथा **वैश्यों** का सोम और बुधवार में उपनयन शुभ हैं, क्योंकि ये ही इनके वर्णेश हैं। (पुरुषार्थ-चिन्तामणि)

(ii) बुध यदि अस्त हो या पापाक्रान्त हो, तो बुधवार त्यागें।

(iii) मुहूर्त्त के दिन बालक का चन्द्र ४, ८, या १२वें नहीं होना चाहिए।

***शुभ समय*—पूर्वाह्न उत्तम,** मध्याह्न मध्यम और अपराह्न वर्जित कहा गया है।

शुभ नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., आर्द्रा, पुन., पुष्य, आश्ले., पू.फा., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, पू.षा., उ.षा., अभि., श्रव., धनि., शत., पू.भा., उ.भा. और रेवती नक्षत्र।

ब्राह्मणों के लिए पुनर्वसु नक्षत्र त्याज्य है।

शुभ लग्न—विशेषतया २, ३, ५, ६, ९ राशि लग्न उत्कृष्ट कहे गए हैं, तथापि कोई भी राशि लग्न ग्राह्य हैं, जब ८, १२वां भाव शुद्ध ; ३, ६, ११वें पापग्रह, अन्यत्र (लग्न बिना) सौम्य ग्रह तथा वृष या कर्कस्थ पूर्णचन्द्र लग्न में हो। पुन: गुरु, शुक्र और स्वशाखा, स्ववर्ण का अधिपति ग्रह उच्चस्थ, स्वक्षेत्री, वर्गोत्तम, मूलत्रिकोण या केन्द्र-त्रिकोणस्थ हो, तो वह काल उपनयन में शुभ जानना चाहिए।

सूर्य-चन्द्र व गुरु बल (त्रिबल)—उपनयन मुहूर्त्त के प्रवरण हेतु संस्कार्य बालक की जन्मराशि से सूर्य, गुरु और चन्द्र बल का विचार अवश्य करना चाहिए।

रवि-चन्द्र-गुरु शुद्धि चक्र

ग्रह बल	सूर्य बल	चन्द्र बल	गुरु बल
शुभ स्थान	३,६,१०,११	१,२,३,५,६,७,९,१०,११	२,५,७,९,११
पूज्य स्थान	१,२,५,७,९	१२	१,३,६,१०
अनिष्ट स्थान	४,८,१२	४,८	४,८,१२

उच्चस्थ, स्वनवांश, मित्रराशि या वर्गोत्तम या स्वराशि में गुरु हो, तो अनिष्ट गुरु भी ग्राह्य होता है।

रोग–बाण—उपनयन मुहूर्त्त में रोगबाण का भी विचार किया जाता है। (रोगबाण प्रत्येक

---

*सोपपद तिथियाँ [illegible] शुक्ल २, आषाढ़ शुक्ल १०, पौष शुक्ल ११, माघ शुक्ल १२

राशि के 9, 18, और 27वें अंश में स्थित सूर्य का संचारकाल होता है) परन्तु ध्यान रहे, रोगबाण और चौरबाण का विचार रात्रि में किया जाता है। तथा उपनयन का समय तो पूर्वार्द्ध या मध्याह्न तक ही होता है। अपि च, लग्न बल की उपलब्धि में बाण विचार निरर्थक है–

लग्ने पूर्णबलोयेते न दोषः पंचकस्य च।। –मुहूर्त्त गणपति

नोट–यदि संस्कार्य बालक की माता रजस्वला हो जाए तो उसकी शुद्धि के बाद ही यज्ञोपवीत संस्कार करना चाहिए।

(5) केशान्त कर्म मुहूर्त्त

ब्राह्मण को 16वें, क्षत्रियों को 22वें तथा वैश्य को 24वें वर्ष में केशान्त संस्कार करना चाहिए। इस संस्कार के लिए काल-शुद्धि, ग्राह्य-वर्ज्य दोष चूड़ाकर्म (मुण्डन) संस्कार के सदृश ही जानने चाहिएं।

(6) समावर्तन मुहूर्त्त

यह संस्कार आचार्य-गृह (गुरुकुल) में विद्या समाप्त कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश के समय एक विशेष अनुष्ठान के रूप में किया जाता है। केशान्त तथा विवाह संस्कार के मध्यवर्ती काल में, जब बालक गुरु से अध्ययन करके स्वगृह लौटता है, तब उपाकर्म की तरह ही समावर्तन करना चाहिए। इसे कुछ विद्वान लोग **'मौंजी-मोक्षण'** संस्कार भी कहते हैं। इस संस्कार में वर्ज्य-ग्राह्य एवं काल-शुद्धि आदि उपनयन संस्कार की भान्ति रहेगी। समावर्तन संस्कार के उपरान्त ही ब्रह्मचारी विद्याव्रत स्नातक कहलाता है।

विवाह संस्कार

विवाह गृहस्थाश्रम का सर्वप्रमुख संस्कार है। इस संस्कार के प्रमुख तीन उद्देश्य होते हैं– (1) अनर्गल प्रवृत्ति का निरोध, (2) पुत्रोत्पादन द्वारा वंश की रक्षा एवं (3) भगवत्प्रेम का अभ्यास। ऋषि-ऋण, देव-ऋण और पितृ-ऋण–इन तीन ऋणों का शोधन कर अपना चित्त मोक्ष में लगाना चाहिए। तीन ऋणों से बिना छुटकारा पाये मुक्ति मार्ग का आश्रय लेने से मानव का पतन हो जाता है। अतएव स्वाध्याय द्वारा ऋषि-ऋण, यज्ञ-साधन द्वारा देव-ऋण और पुत्रोत्पत्ति द्वारा पितृ-ऋण से सद्गृहस्थ मुक्त होते हैं। नैष्ठिक ब्रह्मचारी के समस्त ऋण ज्ञानयज्ञ में लय हो जाते हैं।

गृहस्थ बनने के लिए मन के अनुरुपा, भिन्नगोत्रीया, अपने से अल्पवयस्का एवं अनन्यपूर्विका (पहिले किसी के साथ अविवाहिता) कन्या का पाणिग्रहण करें।

(7) वर–वरण (सगाई) मुहूर्त्त

वर-कन्या की जन्मपत्रियों में परस्पर सम्यक् मिलान हो जाने के पश्चात् दोनों के माता-पिता विवाह के संकल्प (वाग्दान) को सम्पुष्ट करने के लिए वर-कन्या का वरण (सगाई) करते हैं। इसके निम्नलिखित शुभ मुहूर्त्त में कन्या का भाई कुल पुरोहित (ब्राह्मण) एवं परिवार के सन्निकट सगे-सम्बन्धियों के साथ यज्ञोपवीत, नारियल, साबुत सुपारी, हल्दी, अक्षत, छुहारे, गुड़, वस्त्र, अँगूठी, मिष्ठान्न, फल, फूलादि अर्पण करके वर का शास्त्र प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें। (पूर्ण विधि जानने के लिए हमारी नवीन प्रकाशित **'विवाह-पद्धति'** का अवलोकन करें।)

ग्राह्य मास–पौष एवं चैत्र मास (धनु एवं मीनस्थ सूर्यकालीन) को छोड़कर शेष मास।

शुभ–ग्राह्य तिथि–१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (दोनों पक्षों की), १३ (शुक्ल) एवं पूर्णिमा तिथि।

ग्राह्य वार–रवि, चन्द्र, बुध, गुरु तथा शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र–कृति., रोहि., मृग, तीनों पूर्वा, हस्त, श्रवण, चित्रा।

शुभ लग्न–सभी राशि लग्न, परन्तु केन्द्र/त्रिकोण में शुभ ग्रह तथा 3, 6, 11वें भावों में क्रूर ग्रह हों।

(8) कन्या–वरण मुहूर्त्त

वर-वरण की भान्ति ही वर के माता-पिता अथवा रक्त-सम्बन्धी कन्या के वरण के लिए कन्या के घर में जाकर शास्त्र-प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें।

शुभ मास–धनुस्थ एवं मीनस्थ (पौष एवं चैत्र मास) सूर्य को छोड़कर शेष मास।

ग्राह्य तिथि–१ (कृष्ण पक्ष की), २ ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (दोनों पक्षों की), १३ (शुक्ल) एवं पूर्णिमा।

ग्राह्य नक्षत्र–मघा, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा तथा विवाह-मुहूर्त्त वाले सभी नक्षत्र।

शुभ लग्न–सभी राशि लग्न, तथा केन्द्र/त्रिकोण में शुभ ग्रह (बुध, गुरु, शुक्र) हों।

(9) विवाहांग कृत्यारम्भ मुहूर्त्त

विवाह से पूर्व महत्त्वपूर्ण कृत्य जैसे–दलन, कण्डन, अनाज-शोधन, पिष्टीकरण, घर को लीपना (पेंट), सजाना, चित्रकारी करना, स्तम्भारोपण, अंकुरार्पण, गणेशादि पूजन, वस्त्रालंकार संग्रह, भूषण-कंकणादि धारण, कलश-स्थापन, मंगल-स्नान तथा नान्दीश्राद्धादि विवाहांग कृत्यों को विवाह दिन से पूववर्ती ३, ६, ९वें दिनों को छोड़कर करना चाहिए। इन्हें विवाह-मुहूर्त्तोक्त नक्षत्रों तथा सामान्य पंचांग शुद्धि में २, ४, ५, ७, ८, १०, ११, १२ दिन पूर्व करें।

वेदिका निर्माण और स्तम्भारोपण

विवाह में वेदी-रचना (मण्डप) भी अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। ब्राह्मणों के लिए विवाह के लिए (कन्या) के 4 हाथ परिमित लम्बी-चौड़ी, एक हाथ ऊँची और पूर्व की ओर क्रमशः ढालु होती हुई वेदी बनानी चाहिए। समस्त वर्णों के लिए कन्या-घर के बायीं ओर वेदी का निर्माण करना चाहिए। अर्थात् घर के बाहर घर की ओर मुँह करके खड़े व्यक्ति के दायीं ओर बनाई जाए। इस मण्डपवेदी को चारों ओर चार मण्डप-स्तम्भों से आवृत्त किया जाता है। मण्डप निर्माणान्तर्गत प्रथण स्तम्भ के आरोपणार्थ दिशा ज्ञान के हेतु सूर्य राशि संचार के अनुसार निम्न चक्र द्रष्टव्य है–

दिशा	ईशान	आग्नेय	नैर्ऋत्य	वायव्य
सूर्य राशि	५,६,७	२,३,४	११,१२,१	८,९,१०

अर्थात् सूर्य के सिंह, कन्या, तुला राशि संचार कालीन (भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक मास) स्तम्भ ईशान कोण में सर्वप्रथम गाड़ा जाना चाहिए।

विशेष—मण्डप निर्माणारम्भ में '**विवाहांग कृत्यारम्भ**' में कहे हुए तत्त्वों का विचार तथा मंगलवार व पंचक-नक्षत्रों का परित्याग करना चाहिए।

विवाह कार्य पूर्ण हो जाने के अनन्तर पूर्वनिर्मित मण्डपादि तथा पूर्वामन्त्रित गणेशषोडश-मातृकादि का विसर्जन २, ४, ५, ७वें दिन करना शुभावह माना गया है।

ध्यान रहे—नान्दीमुख श्राद्ध से मण्डपोद्वासन पर्यन्त पिता, भाई तथा सभी सगोत्र/सपिण्ड बान्धवों को दर्श श्राद्ध, क्षयश्राद्ध, ठण्डे पानी से स्नान, अपसव्य, स्वधाकार, नित्यश्राद्ध, ब्रह्मयज्ञ, अध्ययन, नदी व सीमा का लांघना, उपवास, व्रत और श्राद्ध में भोजन नहीं करना चाहिए।

(10) तैलादि-लापन (चढ़ाने) का मुहूर्त्त

वर-कन्या जिसको विवाह से पूर्व तैल चढ़ाना (उबटन) हो, उसका चन्द्र-बल देख लेना चाहिए। तैलादि मंगल कार्य हेतु मेषादि राशि वालों के लिए चक्र में निर्दिष्ट संख्या दिन के पूर्व (पहिले) करना चाहिए। **उदाहरणार्थ**—मिथुन राशि वाले वर-कन्या को विवाह से 5 दिन पूर्व तैलाभ्यंग करना चाहिए। इसमें विवाह का दिन गिनती में न करें।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
तैलसंख्या	7	10	5	10	5	7	7	5	5	5	5	7

(11) विवाह-मुहूर्त्त

विवाह-मुहूर्त्त निर्णय में सामान्य वर्ज्य दोषों के अतिरिक्त लतादि दस दोषों का विवरण तथा लग्न शुद्धि एवं अन्य घटक तत्त्व इसी पंचांग में वार्षिक विवाह-मुहूर्त्तों के अनन्तर पृष्ठों पर प्रतिवर्ष दिया रहता है। मुख्य ग्राह्य मासादि का विवरण पुन: लिख रहे हैं–

ग्राह्य मास—विवाह संस्कार में पूर्वाचार्यों ने यद्यपि वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन मास ग्रहण किए हैं। परन्तु अनेक विद्वानों एवं मुहूर्त्त चिन्तामणि पीयूषधारा अनुसार लोकाचार से श्रावण, भाद्रपद, आश्विन मास भी ग्रहणीय हैं। इसीदिन (भद्रदेश) पंजाब (हि.प्र., हरियाणा, जम्मू सहित) में अति प्राचीन काल से श्रा., भाद्र., आश्वि महीनों में विवाह करने की प्रथा चली आ रही है। पर्वतीयों प्रदेशों (हि.प्र., उत्तराखण्ड आदि) में कार्तिक मास में भी विवाह होते हैं।

ग्राह्य तिथि—कृष्णपक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तक की तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में।

ग्राह्य वार—सभी वार ग्रहणीय है। परन्तु रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र विशेष शुभ तथा मंगल-शनिवार मध्यम कहे गए हैं।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., मघा, उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, उ.षा., श्रव., धनि., उ.भा. और रेवती नक्षत्र।

अश्वि., चित्रा, श्रव. व धनिष्ठा—ये चार विवाह नक्षत्र कात्यायन गृहसूत्रोक्त त्रिषुत्रिषूत्तरादिषु प्रमाणानुसार ग्रहण किए गए हैं। गृहसूत्र के अतिरिक्त 'धर्मसिन्धु', 'ज्योतिर्विदाभरणम्' तथा 'सत्यकृत्य मुक्तावली' ग्रन्थ में भी ये चारों नक्षत्र विवाह हेतु ग्राह्य माने गए हैं।

विवाह में लग्न शुद्धि एवं विशेष विषयों पर विचार—विवाह में त्रिविक्रमसंहिता अनुसार शुद्ध काल, लग्न-शुद्धि, लग्न-बल, वर-कन्या के सम-विषम वर्षों का विचार, भद्रादि दोष, गोधूली लग्न सम्बन्धी सभी विषयों का निर्णयप्रकार सप्रपञ्च इसी पंचांग में वार्षिक विवाह-मुहूर्त्त वाले पृष्ठों के बाद स्थायी स्तम्भों में देखें।

(12) नववधू प्रवेश-(वध्वागमन) मुहूर्त्त

विवाह दिन से 16 दिनों के मध्यान्तर में सम दिनों में एवं 5, 7, 9वें विषम दिनों एवं स्थिर लग्न में वधू प्रवेश शुभ है। उपरोक्त दिनों में तिथि और नक्षत्रादियों का नियम नहीं होता। यदि ऊपर कहे हुए दिनों में वधू प्रवेश न हो सके तो विषम दिनों (तिथियों) में, विषम मासों में और विषम वर्षों में होना चाहिए। परन्तु यदि किसी कारण अथवा दैवगत व्यवधान के कारण पाँच वर्ष तक भी नववधू प्रवेश न हो सके तो फिर किसी भी अन्य शुभ मुहूर्त्त में प्रवेश करना चाहिए। 16 दिन के पश्चात् ही निम्न तिथ्यादि तत्त्व विचारणीय होंगे–

ग्राह्य मास—कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथियाँ तथा ४, ९, १४ तिथियाँ त्यागकर सभी तिथियां।

ग्राह्य वार—सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, उत्तरा-तीनों, श्रव., धनि. तथा रेवती।

शुभ लग्न—५, ८, ११ लग्न विशेष शुभ हैं। परन्तु अन्य लग्नों में भी (४, ८ भाव शुद्ध होने पर) वधू प्रवेश रात्रि के समय किया जा सकता है।

नववधू प्रवेश के समय भद्रा, व्यतिपातादि अशुभ दोषों का विचार तो करना ही चाहिए।

विवाह के बाद प्रथम वर्ष में कन्या वास-चिन्तन

विवाह के पश्चात् नव-परिणीता स्त्री प्रथम ज्येष्ठ मास में पति के घर निवास करे, तो पति के ज्येष्ठ (जेठ) को, प्रथम अधिक मास में पति को, क्षय मास में स्वयं का, प्रथम आषाढ़ (मासान्तर श्रावण) में सास को एवं पौष में श्वसुर को अशुभ फल प्राप्त होता है। इसी प्रकार प्रथम चैत्र मास में मायके (पितृ-गृह) में रहने से पिता को अशुभ फल प्राप्त होता है।

(13) द्विरागमन (मुकलावा) मुहूर्त्त

नववविाहिता वधू का वधू-प्रवेश के अनन्तर पिता के गृह में लौटकर पुन: भर्तृगृह गमन (ससुराल) '**द्विरागमन**' कहलाता है। अत: इसे '**पुनर्वधूप्रवेश**' भी कहा जा सकता है।

द्विरागमन काल—यदि द्विरागमन विवाह दिन से 16 दिन के मध्यान्तर में किया जाए तो [illegible] बल, गुरु-शुक्रास्त, गुरु-शुक्र बाल्य-वृद्धत्व, एकराशिगत सूर्य

चन्द्र, सम्मुख एवं दक्षिणस्थ शुक्र, भद्रा का विचार नहीं किया जाता। परन्तु यदि 16 दिनों के बाद हो, तो द्विरागमन में ये घटक त्याज्य रहेंगे। विवाह के बाद प्रथम, तृतीय या पंचम-सप्तमादि विषम वर्षों में वर (पुरुष) के सूर्य एवं गुरु तथा दोनों (वर-वधू) के चन्द्रमा बलवान् होने पर पत्नी का द्विरागमन शुभ होता है।

ग्राह्य मास—मेष, वृश्चिक तथा कुम्भस्थ कालीन सूर्य अर्थात् वैशाख, मार्गशीर्ष तथा फाल्गुन सौर मासों में।

ग्राह्य शुभ तिथि—शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ एवं पूर्णिमा।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत. तथा रेवती नक्षत्र।

शुभ लग्न—२, ३, ६, ७, १२ लग्न विशेष शुभ हैं तथा इन पर शुभ ग्रहों की दृष्टियां हों। लग्न से ३, ६, १०, ११वें गुरु तथा केन्द्र भावों में शुक्र विशेष शुभप्रद होगा।

शुक्र-विचार—शुक्र की शुद्धि द्विरागमन में अत्यावश्यक है। शुक्र जिस दिशा में उदित हुआ हो, उसी दिशा से शुक्रवास का विचार करना चाहिए। **उदाहरणार्थ**—जैसे यदि शुक्र पूर्व दिशा से उदय हुआ हो [जब शुक्र, सूर्य से पीछे (कम) रहता है, तो प्रातःकाल पूर्व में उदित रहता है।]-उस समय पूर्व-उत्तर (आग्नेय-ईशान) की यात्रा में शुक्र सम्मुख-दक्षिण होने से अशुभ होगा। परन्तु पश्चिम-दक्षिण (नैर्ऋत्य-वायव्य) की यात्रा में शुक्र पृष्ठ-वाम (बाएं) होने से शुभ है। इसी प्रकार शुक्र जब सूर्य से आगे (अधिक) रहता है, तो सन्ध्या में पश्चिम में उदित रहता है, उस समय पश्चिम (वायव्य) की यात्रा में शुक्र सम्मुख (सामने) तथा दक्षिण की यात्रा में दक्षिण (दाहिना) होता है। अतः पूर्व (आग्नेय) तथा उत्तर (ईशान) की यात्रा में पृष्ठ एवं वाम (बाएं) शुक्र होते हैं। **सम्मुख एवं दक्षिण** शुक्र में बालक, गर्भिणी तथा नवोढ़ा के लिए यात्रा अशुभ कही गई है।

यह शुक्र का विचार तृतीयादि विषम वर्ष के द्विरागमन, नवविवाहिता तथा गर्भिणी की यात्रा में करना आवश्यक है।

सम्मुख-शुक्र का परिहार—एक ही नगर/ग्राम में, किसी विषय (बिमारी या उत्पात) आदि के उपद्रव में, विवाह सम्बन्धी यात्रा में, देव-तीर्थ यात्रादि में, राज-पीड़ित होकर और विवाह के बाद एक वर्ष के भीतर स्त्री पिता के घर से पतिगृह की यात्रा करें तो सम्मुख-दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होगा। अपि च, जब चन्द्रमा रेवती से मृगशिर तक हो, तो भी सम्मुख-दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता। क्योंकि इस अवधि में शुक्र अन्धा हो जाता है। इसीप्रकार पति द्वारा पत्नी के ले जाने पर (अर्थात् यदि पति साथ हो) तो तथा भृगु, अंगिरा, वत्स, वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि और भारद्वाज-इन 7 मुनियों के वंश (गोत्र) में भी सम्मुख शुक्र का दोष नहीं लगता है।

(14) प्रथम स्त्री-समागम मुहूर्त

रजोदर्शन उपरान्त 16 रात्रि पर्यन्त, प्रथम चार रात्रियों को छोड़कर शेष 12 रात्रियों में स्त्री संगम (समागम) करें। पुरुष अपने चन्द्र बल में प्रसन्नचित्त होकर नवांगना से प्रथम-समागम करे। विषम रात्रि में संभोग से गर्भ होने पर कन्या, समरात्रियों में पुत्र का जन्म होता है।

ग्राह्य तिथि—१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १२ तथा शुक्ल पक्ष की १३

ग्राह्य वार—सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार

ग्राह्य नक्षत्र—रोहि., मृग., उत्तरा-तीनों, हस्त, स्वाती, अनु., श्रव., धनि और शतभिषा

शुभ लग्न—१, ३, ५, ७, ९, ११ राशि लग्न

(15) नववधू द्वारा प्रथम पाककर्म मुहूर्त

नवविवाहिता वधू को ससुराल में सर्वप्रथम रसोई बनवाना शुरु करने हेतु विचारणीय शुभ काल-

ग्राह्य तिथि—१ (कृ.), २, ३, ५, ६, ७, १० तथा शुक्ल पक्ष की १३ व पूर्णिमा

ग्राह्य वार—सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार

ग्राह्य नक्षत्र—कृति., रोहि., मृग, पुन., उत्तरा-तीनों, विशा., ज्ये., श्रव., धनि., शत. एवं रेवती।

शुभ लग्न—२, ५, ८, ११ राशि लग्न। जब चतुर्थ स्थान में शुभ ग्रह या ग्रहाभाव, सप्तम में बलयुत सौम्य ग्रह तथा अष्टम भाव भी शुद्ध हो।

(16) वास्तु भूमि का शुभाशुभ विचार

(क) गृहादि निर्माण हेतु जिस भूमि की शुभाशुभ परीक्षा करनी हो, तो शाम के समय वहाँ पर भूमि पूजन करवाने के पश्चात् वहाँ अपने एक हाथ लम्बा, एक हाथ चौड़ा और डेढ़ हाथ गहरा गड्ढा खोद कर उसे जल से भर दें। प्रातःकाल आकर उसे देखने पर, यदि वह गड्ढा पानी से भरा हुआ दिखे तो, भूमि शुभ जानें। यदि पानी न हो, तो मध्यम जानें, और यदि गड्ढा में पानी न हो और उसके आस-पास की मिट्टी फटी हुई हो, तो भूमि को अशुभ समझें।

(ख) वास्तुभूमि में परीक्षा के लिए भूमि में लगभग डेढ़ फुट गहरा उतना ही चौड़ा गड्ढा खोदें। खुदाई के समय यदि पत्थर, ईंट, ताम्बा, पात्र, धनादि द्रव्य मिलें, तो यह परिवार की आयु, धन, संतति आदि में वृद्धि होने के संकेत हैं। इसे शुभ शकुन मानना चाहिए। यदि भूमि खोदने पर कपाल, हड्डी, कोयला, केश, राख, गुठली, रुई, सीप खोपड़ी, लोहादि मिलें तो इसे अशुभ शकुन समझना चाहिए।

(ग) विश्वकर्मा के अनुसार एक अन्य परीक्षा भूमि में उत्तर दिशा की ओर एक लगभग डेढ़ फुट गहरा और डेढ़ फुट चौड़ा गड्ढा खोदें। गड्ढे में से सारी मिट्टी निकाल लें। तथा निकाली हुई मिट्टी को दुबारा उसी गड्ढे में भर देवें। यदि गड्ढा भर देने के बाद भी मिट्टी शेष बच जाती है, तो समझ लें कि भूमि उत्तम है। यदि फिर भरने के बाद मिट्टी शेष नहीं बचती और गड्ढा पूरा भर जाता है, तो इससे यह समझना चाहिए कि भूमि मध्यम स्तरीय होगी। यदि निकाली गई सारी मिट्टी गड्ढे में भरने पर भी, गड्ढा पूरी तरह नहीं भरता है, तो समझें कि ज़मीन निकृष्ट प्रकार की है।

(घ) फटी हुई, शूल (कांटों), दीमक आदि से युक्त ऊँची-नीची भूमि अशुभ होती है।

(ङ) **शुभ-भूमि**—चिकनी, गीली, उपजाऊ मिट्टी अथवा घास, पुष्प, लताओं, फूलों आदि से सुगन्धित एवं समतल भूमि गृह स्वामी एवं उसके परिवार के लिए सुख-सम्पत्ति में वृद्धिकारक होती है।

(च) मकान की नींव को गहरा खोदते समय यदि काली ईंटें देखने को मिलें, तो भूमि शुभ

जानें। हड्डी, केश, (बाल), कोयला राखादि निकलें तो वहां मकान बनवाने वाले को रोगादि से कष्ट रहे॥

(17) गृहारम्भ (नींव) मुहूर्त्त

विभिन्न सूर्य संक्रान्तियों में राहु-मुख से पृष्ठवर्तिनी दिशा में घर की नींव खोदना शुभता का द्योतक होता है। भूखण्ड में सूर्य की राशि के अनुसार सर्पाकार राहु का मुख, उदर एवं पुच्छ परिवर्तित होती रहती है। इसीलिए उस दिशा में खुदाई प्रारम्भ करनी चाहिए। जहाँ राहु का कोई अंश (अवयव) न हो–

(1) सूर्य, वृष, मिथुन या कर्क (ज्येष्ठ, आषाढ़ या श्रावण) में हो, तो नींव की खुदाई का प्रारम्भ **नैर्ऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) कोण से करें।

(2) सूर्य सिंह, कन्या या तुला (भाद्र., आश्वि. या कार्तिक) में हो, तो नींव की खुदाई का प्रारम्भ **आग्नेय कोण** (पूर्व-दक्षिण) में करें।

(3) सूर्य वृश्चिक, धनु या मकर (मार्ग., पौष या माघ) में हो, तो नींव की खुदाई का प्रारम्भ **ईशान कोण** (उत्तर-पूर्व) में करें।

(4) सूर्य मेष, कुम्भ या मीन (वैशाख, फाल्गुन या चैत्र) में हो, तो नींव की खुदाई का आरम्भ **वायव्य कोण** (उत्तर-पश्चिम) से करें।

ध्यान दें, नींव की खुदाई में सुप्त-भूमि (भू-शयन) का विचार करना भी आवश्यक है।

सुप्तभूमि (भू–शयन)—*(i)* **प्रत्येक सूर्य संक्रान्ति से ५, ७, ९, १५, २१ एवं २४वें प्रविष्टे को पृथ्वी सोई रहती है,** अतएव सुप्त भूमि के दिवसों में यथासम्भव कृषि, गृह-निर्माण, वापी, कुआं, तालाब के लिए भूमि का खनन न करें।

(ii) एक अन्य मतानुसार, सूर्य नक्षत्र से ५, ७, ९, १२, १९ तथा २६वें चन्द्र नक्षत्रों में भी भूमि का शयन होता है। **(पंचांगदिवाकर में दिए गए गृहारम्भ मुहूर्त्तों में इन दोनों मतों का अनुसरण होता है।)** (**भू-रजस्वला**–सूर्य-संक्रान्ति के दिन से १, ५, १०, ११, १६, १८, १९वें दिन भूमि रजस्वला रहती है। अतः इन दिनों भी यज्ञ, हवन, कृषि, तालाब, गृह निर्माणारम्भ आदि कार्यों का आरम्भ न करें–परन्तु अधिकतर पंचांगकार एवं विद्वान इस मत को मान्यता नहीं देते।)

ग्राह्य मास—वैशाख, ज्येष्ठ, श्रावण, मार्ग., माघ तथा फाल्गुन श्रेष्ठ कहे हैं। भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम हैं।

द्वार-मुख के अनुसार मास ग्रहण–जब सूर्य मेष-वृष-वृश्चिक-तुला राशि में हो, तो दक्षिण या उत्तर मुख का और जब सूर्य कर्क-सिंह-मकर-कुम्भ राशि में हो, तो पूर्व या पश्चिम मुख का गृह बनाना चाहिए।

पूर्व-पश्चिमाभिमुख गृह	उत्तरदक्षिणाभिमुख गृह
सौर श्रावण, भाद्रपद, माघ तथा फाल्गुन मास	सौर वैशाख, ज्येष्ठ, कार्तिक और मार्गशीर्ष मास

ग्राह्य तिथि—१ (कृ.), २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३ (शु.), १५

ग्राह्य वार—सोम, बुध, गुरु, शुक्र और शनिवार

ग्राह्य नक्षत्र—अश्विनी, रोहि., मृग., पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., उत्तरा-तीनों, अनु., श्रव., धनि., शत. और रेवती।

शुभ लग्न—स्थिर या द्विस्वभाव लग्न शुभ होंगे (२, ३, ५, ६, ८, ९, ११, १२)। लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि, पापग्रह ३, ६, ११ में हों तथा शुभ ग्रह ८, १२वें भाव के अतिरिक्त अन्य भावों में हों, दशम भाव में सबल सौम्य ग्रह तथा चन्द्रमा १, ६, ८, १२वें न हों।

अग्निबाण—'गृहगोपेऽग्निपंचकम्' अनुसार गृहारम्भ के समय अग्निबाण वर्जित है। परन्तु अधिकतर विद्वानों के अनुसार लकड़ी आदि की छत डालते समय, इलैक्ट्रिक वायरिंग प्रारम्भ करते हुए तथा स्तम्भ आरोहणादि काल में ही अग्निबाण का विचार करना चाहिए। अपि च, लग्न बल की उपलब्धि में बाण विचार निरर्थक है।

वृषवास्तु चक्र

बैल के अंग	शिर	अगले पाद (पांव)	पृष्ठपाद (पिछले पांव)	पृष्ठ (पीठ)	दक्ष कुक्षि (दाईं कोख)	पुच्छ (पूँछ)	वाम कुक्षि (बाईं कोख)	मुख
नक्षत्र	३	४	४	३	४	३	४	३
फल	अग्नि-भय	शून्य (०)	स्थिरता शान्तिप्रद	श्रीलक्ष्मी प्राप्ति	लाभ-प्रद	स्वामी कष्टकारी	दारिद्रय	सदा पीड़ा व कष्ट

गृहारम्भ के मुहूर्त्तों में से मास शुद्धि, ग्रह-बलादि देखने के बाद, कल्पित वृष (बैल) के अंगों पर अभिजित् सहित अट्ठाईस नक्षत्रों को प्रत्यारोप (स्थापित) करें। सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से मुहूर्त्त के दिन तक गणना करने पर मुहूर्त्त वाला दिन दोषपूर्ण आता हो, तो उस स्थिति में मुहूर्त्त का दिन बदल लेना चाहिए।

उदाहरण–जैसे सूर्य के नक्षत्र से लेकर प्रथम तीन नक्षत्रों तक गिनने पर **मुहूर्त्त दिन** पड़ता हो, तो गृह में **अग्निदाह** का भय रहेगा। आगे 4, 5, 6 एवं 7वें नक्षत्र पर मु. नक्षत्र आवे तो शून्य यानि–कुछ भी शुभाशुभ फल न हो। अर्थात् अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिले। आगामी चार (8, 9, 10, 11)वें नक्षत्रों के मध्यपात हो तो भाग्य में स्थिरता एवं शान्ति रहेगी। चतुर्थ भाग उससे आगे के तीन नक्षत्रों के मध्य मुहूर्त्त आ जावे तो लक्ष्मी प्राप्ति अर्थात् धन प्राप्ति के योग होंगे। इसी क्रमानुसार फल जानें।

निष्कर्षतः–गृह निर्माण का आरम्भ करने के लिए सूर्य के नक्षत्र से प्रथम सात नक्षत्र अशुभ। आठवें नक्षत्र से अठारहवें तक शुभ तथा शेष अंतिम दश नक्षत्र पुनः अशुभ होंगे।

ध्यान रहे, भूखनन के बाद भूमि-पूजन एवं वास्तु-पूजा करनी आवश्यक है।

शिलान्यास मुहूर्त–गृहारम्भ की शुभ बेला में खनित नींव को गृहारम्भ के लिए निर्दिष्ट

समय-शुद्धि का विचार करके विधिवत् पत्थरों, शिलाओं, ईंटों से पूरित कर देना चाहिए। वृहत्संहिता अनुसार पहिले से खोदी हुई नींव में पूर्व व दक्षिण दिशा के मध्य में अर्थात् अग्निकोण में पूजा करके प्रथम शिला स्थापित करके प्रदक्षिणा के क्रम से अर्थात् अग्नि के बाद दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य) तथा वायव्यादि(उत्तर) दिशाओं में स्थापित करना चाहिए एवं खम्भ को भी इसी रीति से बनवाना चाहिए।

■ ■ ■ ■ ■नींव में रखने योग्य सामग्री■ ■ ■ ■ ■

शिलान्यास हेतु आवश्यक सामग्री–

- तांबे की गड़वी में चावल भरकर तथा सरसों, हल्दी भरें तथा गड़वी को मौली तथा आम्र पत्तों से बांध लें। ➡ ५ नई ईंटें
- ५ पंचरत्नी तथा गीता आदि धार्मिक ग्रन्थ
- १ जोड़ी सर्प, सर्वोषधि, श्रीफल एक, लाल वस्त्र, जनेऊ-जोड़ा
- **(विशेष)** –भाद्रपद, आश्विनी और कार्तिक मास में भवन निर्माण हो तो सर्प का मुख पूर्व में होना चाहिए।
- फाल्गुन, चैत्र, वैशाख मासों में निर्माण हो तो सर्प का मुख पश्चिम दिशा की ओर हो।
- ज्येष्ठ, आषाढ़ श्रावण मासों में सर्प का मुख उत्तर दिशा की ओर हो।
- मार्गशीर्ष, पौष, माघ मासों में सर्प का मुख दक्षिण दिशा में होना चाहिए।
- ५ कौड़ीयां, सिंधूर, ५ सुपारी साबुत, 1 नारियल।
- दरिया या तालाब के किनारे की घास तथा १ पाव कच्चा दूध। (यदि सम्भव हो तो गंगाजल एवं गंगादि तीर्थ से लाई हुई रेत या मिट्टी भी रख दी जाए तो अधिक अच्छा है।

(18) द्वार–शाखा स्थापन मुहूर्त

उचित दिशा में प्रमुख द्वार का निर्माण व उसमें चौखट लगवाने में उपयुक्त काल शुद्धि–

तिथि—५, ७, ८, ९ [पंचमी धनदा चैव, मुनिनन्दवसौ शुभम्।।–ज्येतिर्निबन्ध]

ग्राह्य वार—सोम, बुध, गुरु, शुक्र

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., पुष्य, उत्तरा–तीनों, हस्त, स्वा., श्रव. और रेवती।

सूर्यभात् द्वार–देहली चक्र

सूर्यभात् नक्षत्र	४	८	८	३	४
फल	लक्ष्मी प्राप्ति	उद्वेग	देहसौख्य	मृत्युतुल्य कष्ट	सौख्य
वास	शिर	चतुष्कोण	चतुः शाखा	देहली	मध्य

(19) जलाशय (कुआँ), देवालय खनन मुहूर्त

सामान्य रूप से कुआँ, तालाब, बावड़ी आदि समस्त जलस्थानों का शुभारम्भ निम्न मुहूर्त में शास्त्र-सम्मत होगा–

ग्राह्य मास—वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (मिथुनार्क), माघ तथा फाल्गुन।

ग्राह्य तिथि—शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३

ग्राह्य वार—सोम, बुध, गुरु, शुक्र।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., पुन, पुष्य, उत्तरा–तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत., रेवती।

लग्न–शुद्धि—२, ४, ७, ९, १०, ११, १२ आदि राशि लग्न तथा शुभ ग्रहों के नवांश। केन्द्र में शुभ ग्रह हों।

विशेष–गुरु-शुक्रास्त, गुर्वादित्य, दक्षिणायन, भद्रा, कुयोगादि त्याज्य।

(20) राहु मुख ज्ञान चक्रम्

सूर्य के भिन्न-भिन्न राशियों में संचार-कालीन देवालय-प्रारम्भ, गृहारम्भ तथा जलाशय (कुआँ, नल, तालाबादि) के लिए भू-खननोपयोगी दिशा ज्ञान चक्र है। तीन-तीन राशि की स्थिति में ऊपर के क्रम से राहु के मुख की दिशा लिखी है, उसकी विपरीत (पृष्ठ) दिशा में खात करना शुभ होगा।

सूर्यराशिवशात् खात चक्रम

राहुमुखम्	ईशान्ये	वायव्ये	नैऋत्ये	आग्नये
देवालयारम्भे सूर्य	मीन, मेष, वृष	मिथुन, कर्क, सिंह	कन्या, तुला, वृश्चिक	धनु, मकर, कुम्भ
गृहारम्भे सूर्य	सिंह, कन्या, तुला,	वृश्चि., धनु, मकर	कुम्भ, मीन, मेष	वृष, मिथुन कर्क
जलाशयारम्भे सूर्य	मकर, कुम्भ, मीन	मेष, वृष, मिथुन	कर्क, सिंह, कन्या	तुला, वृश्चि., धनु
खातदिशा (खुदाई) | शुभ→	आग्नेये (पूर्व-दक्षिण)	ईशाने (उत्तर-पूर्व)	वायव्ये (उत्तर-पश्चिम)	नैऋत्ये (दक्षिण-पश्चिम)

सूर्यभात् कूप-नल (जल चक्र)

नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
दिशा	मध्य	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
प्राप्यजल	स्वादु	खण्डित	स्वादु	अभाव	स्वादु	क्षार	मिश्रित	मधुर	क्षार

(21) नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त

ग्राह्य मास—निरयण उत्तरायणकाल अर्थात् वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (लगभग 15 जुलाई तक की कालावधि), माघ तथा फाल्गुन मास। कार्तिक एवं मार्गशीर्ष मास मध्यम माने गए हैं।

ग्राह्य वार—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।

ग्राह्य शुभ तिथियां—रिक्ता तिथियां (४, ९, १४) तथा अमावस को छोड़कर शेष प्राय: सभी तिथियां।

प्रकारान्तरेण, दिग्द्वार के अनुसार अनुरूप गृह-प्रवेशोपयोगी तिथियां–

द्वार दिशा	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
शुभ तिथियां	५,१०,१५	२,७,१२	३,८,१३	१,६,११

ग्राह्य नक्षत्र–अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., उ.फा., उ.षा., उ.भा., श्रव., धनि., शत., रेवती।

'गृह प्रवेश में कलश वास्तु चक्र'



नवगृह प्रवेश सम्बन्धी मुहूर्त्तों में और अधिक सूक्ष्मता प्राप्ति के लिए कलश-वास्तु चक्र का प्रयोग किया जाता है। किसी काल्पनिक कलश को आठ विभागों में बाँट लें। मुहूर्त्त काल में सूर्याधीष्ठित नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र (मुहूर्त वाला नक्षत्र) तक यथाक्रम नक्षत्र रखें। घट चित्र रेखांकित है। सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र 1 (समान) होने पर मुख पर स्थापित करें। सूर्य के नक्षत्र से आगे गिनने पर दो से पाँच अर्थात् आगे के चार नक्षत्र पूर्व दिशा में रखें, इसी प्रकार 6 से 9 तक चार नक्षत्र कलश के दक्षिण में रखें, फिर दस से तेरह तक चार नक्षत्र पश्चिम में रखें, फिर 14 से 17 तक चार नक्षत्र उत्तर में रखें तथा 18 से 21 तक चार नक्षत्र कलश के उदर में रखें, फिर 22 से 24 तक तीन नक्षत्र कलश के तल में रखें तथा शेष 25 से 27 तीन नक्षत्र कलश के कण्ठ में रखें। इसके बाद गृह प्रवेश का फल इस प्रकार जानें–

गृह-प्रवेश में नक्षत्र फल	फल
1. यदि मुख का नक्षत्र ही प्रवेशनक्षत्र	*अग्नि से भय होता है।*
2. पूर्व के चार नक्षत्रों में भवन	*उजाड़ होने का भय होता है।*
3. दक्षिण के चार नक्षत्रों में	*धन लाभ होता है।*
4. पश्चिम के चार नक्षत्रों में	*धन-वैभव प्राप्त होता है।*
5. उत्तर के चार नक्षत्रों में	*कलह-क्लेश रहता है।*
6. उदर के चार नक्षत्रों में	*विनाश का भय रहता है।*
7. तल के तीन नक्षत्रों में	*स्थिरता (स्थायी वास)।*
8. कण्ठ के तीन नक्षत्रों में	*गृहस्वामी की चिरायु हो।*

***शुभ लग्न**–विशेष रूप से गृहस्वामी के जन्म-लग्न या जन्मराशि से अष्टम लग्न न हो, जन्मराशि/जन्मलग्न से उपचय 3, 6, 10 या 11वें तथा स्थिर लग्न में गृह-प्रवेश करना चाहिए। ग्राह्य लग्न में लग्न से 1, 2, 5, 7, 9, 10 भावों में शुभ ग्रह और 3, 6, 11वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा चतुर्थ व अष्टम भाव शुद्ध होने पर गृह-प्रवेश करना शुभ होता है।*

वामस्थ रवि विचार–गृह प्रवेश के समय ग्राह्य लग्न में वामस्थ सूर्य शुभ माना गया है। गृह प्रवेश के लग्न से 8वें स्थान में जो राशि हो, तो उससे 5 स्थान आगे–8, 9, 10, 11, 12वें भाव में यदि सूर्य हो, तो पूर्वदिशा की ओर गृहप्रवेश में रवि वाम होता है और दक्षिणाभिमुखः वाले द्वारगृह में प्रवेश लग्न के समय यदि सूर्य 5, 6, 7, 8, 9वें भाव में सूर्य हो, तो दक्षिण दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा। इसी प्रकार गृह प्रवेश लग्न से दूसरे स्थान से आगे 5 स्थान 2, 3, 4, 5, 6वें भाव में सूर्य होने से पश्चिम दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा तथा प्रवेश लग्न से 11वें स्थान से आगे 5 स्थानों 11, 12, 1, 2, 3 भाव में सूर्य हो, तो उत्तर दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा।

वामस्थ रवि ज्ञानार्थ चक्र

द्वार दिशा	गृह-प्रवेश लग्न से	आगे 5 स्थान तक वामस्थ सूर्य
पूर्वाभिमुख गृह	अष्टम स्थान से	सूर्य 8, 9, 10, 11, 12वें भाव
दक्षिणाभिमुख गृह	पंचम स्थान से	सूर्य 5, 6, 7, 8, 9वें भाव
पश्चिमाभिमुख गृह	दूसरे स्थान (भाव) से	सूर्य 2, 3, 4, 5, 6ठे भाव
उत्तराभिमुख गृह	11वें स्थान (भाव) से	सूर्य 11, 12, 1, 2, 3 रे भाव

स्पष्टीकरण–जैसे आपके नवीन गृह का द्वार मुख पूर्व की ओर है तथा गृह-प्रवेश ग्राह्य लग्न सिंह है, तो सूर्य की मीन, मेष, वृष, मिथुन व कर्क राशि संचारकालीन (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ तथा श्रावण) सूर्य वामस्थ होगा। अतः चैत्र, श्रावण को छोड़कर वै., ज्ये., आषा. में गृहप्रवेश करेंगे, तो अधिक शुभकारक होगा। इसी प्रकार अन्य निर्धारित मुहूर्त्त-लग्नों एवं द्वारमुख की दिशा के अनुसार वामस्थ रवि का विचार करें।

(22) पुरातन (पुराने) गृह–प्रवेश मुहूर्त्त

अस्थायी रूप से किराये (ट्रांस्फर आदि के कारण) आदि के मकान में प्रवेश अथवा पुराने गृह में प्रवेश के मुहूर्त्त के लिए ऊपर दिए गए शुभ मासों के अतिरिक्त **श्रावण मास** भी ग्राह्य होगा। पुरातन गृह प्रवेश मुहूर्त्तों में **रिक्ता तिथि, गुरु-शुक्रास्त काल, अधिक-क्षय मास भी ग्राह्य होते हैं।** परन्तु मासान्त, भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, त्रयोदश-दिनात्मक पक्ष, तिथि-क्षय, निर्बल चन्द्र, युति, वेधादि का विचार अवश्य करना चाहिए। यद्यपि नवग्रह शान्ति, स्वास्तीवाचन, कलश-पूजनादि आपेक्षित हैं, परन्तु वास्तु-शान्ति, कलशचक्र शुद्धि, स्थापनादि आवश्यक नहीं। ग्राह्य वार, तिथि, नक्षत्र नूतन गृह प्रवेश की भान्ति ही रहेंगे।

(23) विपणि मुहूर्त्त

(अर्थात् दुकान, व्यवसाय, फैक्टरी शुरु करने के मुहूर्त्त)

शुभ एवं ग्राह्य मास–वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन। ***ग्राह्य तिथियाँ***–रिक्ता तिथियाँ (४, ९, १४), कृष्ण १३ तथा अमावस तिथियाँ छोड़कर शेष तिथियाँ। ***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., मृग., पुन, मूल, पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., अभिजित् और रेवती। ***शुभ वार***–रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***शुभ लग्न***–कुम्भ लग्न त्याज्य है। शेष राशि लग्नों में भी चन्द्र, बुध-शुक्र केन्द्र स्थानों में, अष्टम तथा द्वादश भाव शुद्ध हों तथा 2, 10, 11वें भावों में शुभ ग्रह हों। **नोट**–क्रूर ग्रह की युति, वेध, गुरु-शुक्रस्तादि का विचार तो करना ही चाहिए।

(24) बीज बोने (हल चलाने) का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथियाँ–१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल) तथा पूर्णिमा। ***ग्राह्य वार***–रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार ***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., मृग., पुन, पुष्य, मघा, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., विशा., अनु., मूल, धनि. तथा रेवती।

(25) अनाज संग्रह (भरने) का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथियाँ–२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३ (शुक्ल), १५। ***ग्राह्य वार***–चन्द्र,

बुध, गुरु व शुक्रवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग, पुन., पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत. तथा रेवती।

(26) औषधि निर्माण एवं सेवन मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शु.)। ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ***ग्राह्य नक्षत्र***—यहाँ जन्म नक्षत्र त्याज्य रहेगा। लघु संज्ञक (अश्वि., पुष्य, हस्त, अभि.), मृदुसंज्ञक (मृग., चित्रा, रेवती), चरसंज्ञक (पुन., स्वा., श्रव., धनि., शत.) तथा मूल नक्षत्र (ज्येष्ठा, मूल) ***लग्न शुद्धि***—द्विस्वभाव राशिलग्न (३, ६, ९, १२) तथा लग्न, सप्तम, अष्टम तथा द्वादश भाव शुद्ध हों अर्थात् इन भावों पर क्रूर की स्थिति व दृष्टि वर्ज्य है।

(27) सर्ववस्तु क्रय–विक्रय मुहूर्त्त

खरीदने के नक्षत्र में बेचना शुभ नहीं है। विक्रय (बेचने) के नक्षत्र में खरीदना अच्छा नहीं होता।

वस्तु खरीदने के नक्षत्र—रेव., शत., अश्वि, स्वा., श्रव. और चित्रा नक्षत्रों में शुभ है।

वस्तु बेचने के नक्षत्र—तीनों पूर्वा, विशाखा, कृतिका, आश्लेषा और भरणी नक्षत्र।

लग्न शुद्धि, तिथ्यादि के लिए विपणि मुहूर्त्त देखें।

(28) आप्रेशन कराने का मूहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—२, ३, ५, ६, ७, १०, १२ (१३-शुक्ल पक्ष की)।

ग्राह्य वार—रवि, मंगल, गुरु और शनिवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., अभि., श्रव.।

(29) मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) तथा १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्रवार ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., मृग., उ.फा., हस्त, श्रव. तथा विशाखा। इसके अतिरिक्त रविपुष्य योगों, निरयण एवं सायन संक्रान्ति संक्रमण-काल, दीपावली आदि योगों में मन्त्र सिद्धि सम्बन्धी कार्य किए जाते हैं।

(30) भूमि–खरीदने का मुहूर्त्त

ग्राह्य मास—वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (मिथुनार्क तक-15 जुला.), मार्गशीर्ष, माघ और फाल्गुन मास भूमि क्रय के लिए उत्तम कहे गए हैं। ***ग्राह्य तिथियाँ***—१ (कृष्ण पक्षे), कृष्ण तथा शुक्लपक्ष की २,५,६,१०,११ एवं पूर्णिमा।। ***ग्राह्य नक्षत्र***—मृग., पुन., आश्ले., मघा, विशा, अनु., तीनों पूर्वा, मूल, स्वा., शत और रेवती।। ***शुभ वार***—मंगल, गुरु एवं शुक्रवार।

(31) मुकद्दमा दायर करने का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—३, ५, ८, १०, १३ (शुक्लपक्ष) तथा पूर्णिमा ***ग्राह्य वार***—रवि, मंगल, बुध एवं गुरुवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—भरणी, आर्द्रा, आश्ले., मघा, पूर्वा-तीनों, ज्येष्ठा तथा मूल। ***ग्राह्य लग्न***—३, ६, ७, ८, ११ राशि लग्न। जब शुभ ग्रह लग्न में हो, पापग्रह ३, ६, ११वें हों तथा अष्टम भाव शुद्ध हो।

विशेष—गोचरानुसार याचिकाकर्त्ता का चंद्रमा एवं मंगल भी बलान्वित होने चाहिएं।

(32) पशु खरीदने का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—१ (कृष्णपक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण व शुक्ल पक्ष की), १३ (शुक्ल पक्ष की), १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शनिवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., पुन, पुष्य, हस्त, विशा., ज्ये., धनि., शत और रेवती।

(33) ऋण–दान (कर्ज़ देने) का मुहूर्त्त

ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से धन का उधार देना निम्न मुहूर्त्त में हितकर है-

ग्राह्य तिथि—१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण एवं शुक्ल पक्ष की), १३ (शुक्ल) तथा १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, मंग., गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., मृग., पुन, पुष्य, चित्रा, स्वा., विशा, श्रव., धनि., शत और रेवती। ***लग्न शुद्धि***—१, ४, ७, १० राशि लग्न।। पंचम-नवम भाव में शुभग्रह तथा अष्टम भाव शुद्ध होना चाहिए। **विशेष**—बुधवार को अपना धन किसी को नहीं देना चाहिए। अर्थात् बुधवार को दिया हुआ धन वापिस नहीं मिलता। भद्रा, व्यतीपात, महापात तथा अमावस में दिया गया धन वापिस प्राप्त नहीं होता।

(34) ऋण–ग्रहण (कर्ज़ लेने) मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण व शुक्लपक्ष की), १३ (शुक्ल), १५ ***ग्राह्य वार***—सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग. पुन, पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., धनि, शत तथा रेवती।। तथापि मृग., चित्रा, अनु. तथा रेवती विशेष रूप से शुभ हैं। ***शुभ लग्न***—१, ४, ७, १० राशि लग्न श्रेष्ठ है। शुभ ग्रह त्रिकोण (5, 9वें) तथा अष्टम भाव शुद्ध हो। **विशेष**—मंगलवार को कर्ज़ के रूप में किसी से धन नहीं लेना चाहिए। संक्रान्ति वाले दिन, वृद्धि योग, हस्त नक्षत्र और रविवार में ऋण (कर्ज़) नहीं लेना चाहिए।

अपि च, "**ऋणच्छेदं कुजे कुर्यात् संचयं सोमनन्दे**"-मंगलवार को ऋणों को चुका देना तथा बुधवार को धन संचय करना चाहिए।

(35) चुनाव में खड़े होने का मुहूर्त्त

शुभ तिथियाँ—(१ कृ.), २, ३, ५, ९, १०, १२ एवं १५ शुक्ल। ***शुभ वार***—सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार। ***शुभ नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., पुर्न, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, अनु., श्रव., धनि., रेवती। ***शुभ लग्न***—१, ४, ७, १०। **विशेष**—केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११वें पाप ग्रह हों। लग्न एवं लग्नेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो। बुध, शुक्र, गुरु उदित हों। चन्द्र बली हो तथा प्रत्याशी की राशि मुहूर्त्त वाले दिन-छटे, आठवें एवं १२वें न हो। **संसद्** में शपथ ग्रहण के समय **स्थिर लग्न** प्रशस्त होता है।

(36) नवीन वस्त्र धारण करने का मुहूर्त्त

विवाह, यज्ञ, सम्वत् या वर्षारम्भ में, विशेषोत्सव, त्यौहार, प्रेम के उपहार-स्वरूप, जन्म-नक्षत्र के दिन, ईश्वर भक्ति में अथवा ब्राह्मण की आज्ञा मिलने पर बिना पंचांग-शुद्धि के भी नवीन वस्त्र धारण किए जा सकते हैं। यद्यपि व्यक्ति अपना चन्द्रबल देखकर और शुभ लग्न में नूतन वस्त्रों को धारण करें- ***शुभ तिथियाँ***—१ (कृष्ण), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) व पूर्णिमा। ***शुभ वार***—रवि, बुध, गुरु व शुक्र ***शुभ नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., पुन, पुष्य, उत्तरा (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा. विशा., अनु. धनि. व रेवती।

प्रकारन्तरेण, दिग्द्वार के अनुसार अनुरूप गृह-प्रवेशोपयोगी तिथियां–

द्वार दिशा	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
शुभ तिथियां	५,१०,१५	२,७,१२	३,८,१३	१,६,११

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., उ.फा., उ.षा., उ.भा., श्रव., धनि., शत., रेवती।

'गृह प्रवेश में कलश वास्तु चक्र'



नवगृह प्रवेश सम्बन्धी मुहूर्त्तों में और अधिक सूक्ष्मता प्राप्ति के लिए कलश-वास्तु चक्र का प्रयोग किया जाता है। किसी काल्पनिक कलश को आठ विभागों में बाँट लें। मुहूर्त्त काल में सूर्याधीष्ठित नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र (मुहूर्त्त वाला नक्षत्र) तक यथाक्रम नक्षत्र रखें। घट चित्र रेखांकित है। सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र 1 (समान) होने पर मुख पर स्थापित करें। सूर्य के नक्षत्र से आगे गिनने पर दो से पाँच अर्थात् आगे के चार

नक्षत्र पूर्व दिशा में रखें, इसी प्रकार 6 से 9 तक चार नक्षत्र कलश के दक्षिण में रखें, फिर दस से तेरह तक चार नक्षत्र पश्चिम में रखें, फिर 14 से 17 तक चार नक्षत्र उत्तर में रखें तथा 18 से 21 तक चार नक्षत्र कलश के उदर में रखें, फिर 22 से 24 तक तीन नक्षत्र कलश के तल में रखें तथा शेष 25 से 27 तीन नक्षत्र कलश के कण्ठ में रखें। इसके बाद गृह प्रवेश का फल इस प्रकार जानें–

गृह-प्रवेश में नक्षत्र फल	*फल*
1. यदि मुख का नक्षत्र ही प्रवेशनक्षत्र	*अग्नि से भय होता है।*
2. पूर्व के चार नक्षत्रों में भवन	*उजाड़ होने का भय होता है।*
3. दक्षिण के चार नक्षत्रों में	*धन लाभ होता है।*
4. पश्चिम के चार नक्षत्रों में	*धन-वैभव प्राप्त होता है।*
5. उत्तर के चार नक्षत्रों में	*कलह-क्लेश रहता है।*
6. उदर के चार नक्षत्रों में	*विनाश का भय रहता है।*
7. तल के तीन नक्षत्रों में	*स्थिरता (स्थायी वास)।*
8. कण्ठ के तीन नक्षत्रों में	*गृहस्वामी की चिरायु हो।*

शुभ लग्न—विशेष रूप से गृहस्वामी के जन्म-लग्न या जन्मराशि से अष्टम लग्न न हो, जन्मराशि/जन्मलग्न से उपचय 3, 6, 10 या 11वें तथा स्थिर लग्न में गृह-प्रवेश करना चाहिए। ग्राह्य लग्न में लग्न से 1, 2, 5, 7, 9, 10 भावों में शुभ ग्रह और 3, 6, 11वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा चतुर्थ व अष्टम भाव शुद्ध होने पर गृह-प्रवेश करना शुभ होता है।

वामस्थ रवि विचार—गृह प्रवेश के समय ग्राह्य लग्न में वामस्थ सूर्य शुभ माना गया है। गृह प्रवेश के लग्न से 8वें स्थान में जो राशि हो, तो उससे 5 स्थान आगे–8, 9, 10, 11, 12वें भाव में यदि सूर्य हो, तो पूर्वदिशा की ओर गृहप्रवेश में रवि वाम होता है और दक्षिणाभिमुखः वाले द्वारगृह में प्रवेश लग्न के समय यदि सूर्य 5, 6, 7, 8, 9वें भाव में सूर्य हो, तो दक्षिण दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा। इसी प्रकार गृह प्रवेश लग्न से दूसरे स्थान से आगे 5 स्थान 2, 3, 4, 5, 6वें भाव में सूर्य होने से पश्चिम दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा तथा प्रवेश लग्न से 11वें स्थान से आगे 5 स्थानों 11, 12, 1, 2, 3 भाव में सूर्य हो, तो उत्तर दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा है।

वामस्थ रवि ज्ञानार्थ चक्र

द्वार दिशा	गृह-प्रवेश लग्न से	आगे 5 स्थान तक वामस्थ सूर्य
पूर्वाभिमुख गृह	अष्टम स्थान से	सूर्य 8, 9, 10, 11, 12वें भाव
दक्षिणाभिमुख गृह	पंचम स्थान से	सूर्य 5, 6, 7, 8, 9वें भाव
पश्चिमाभिमुख गृह	दूसरे स्थान (भाव) से	सूर्य 2, 3, 4, 5, 6ठे भाव
उत्तराभिमुख गृह	11वें स्थान (भाव) से	सूर्य 11, 12, 1, 2, 3 रे भाव

स्पष्टीकरण—जैसे आपके नवीन गृह का द्वार मुख पूर्व की ओर है तथा गृह-प्रवेश ग्राह्य लग्न सिंह है, तो सूर्य की मीन, मेष, वृष, मिथुन व कर्क राशि संचारकालीन (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ तथा श्रावण) सूर्य वामस्थ होगा। अतः चैत्र, श्रावण को छोड़कर वै., ज्ये., आषा. में गृहप्रवेश करेंगे, तो अधिक शुभकारक होगा। इसी प्रकार अन्य निर्धारित मुहूर्त्त-लग्नों एवं द्वारमुख की दिशा के अनुसार वामस्थ रवि का विचार करें।

(22) पुरातन (पुराने) गृह–प्रवेश मुहूर्त्त

अस्थायी रूप से किराये (ट्रांस्फर आदि के कारण) आदि के मकान में प्रवेश अथवा पुराने गृह में प्रवेश के मुहूर्त्त के लिए ऊपर दिए गए शुभ मासों के अतिरिक्त **श्रावण मास** भी ग्राह्य होगा। पुरातन गृह प्रवेश मुहूर्त्तों में **रिक्ता तिथि, गुरु-शुक्रास्त काल, अधिक-क्षय मास भी ग्राह्य होते हैं।** परन्तु मासान्त, भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, त्रयोदश-दिनात्मक पक्ष, तिथि-क्षय, निर्बल चन्द्र, युति, वेधादि का विचार अवश्य करना चाहिए। यद्यपि नवग्रह शान्ति, स्वास्तीवाचन, कलश-पूजनादि आपेक्षित हैं, परन्तु वास्तु-शान्ति, कलशचक्र शुद्धि, स्थापनादि आवश्यक नहीं। ग्राह्य वार, तिथि, नक्षत्र नूतन गृह प्रवेश की भान्ति ही रहेंगे।

(23) विपणि मुहूर्त्त

(अर्थात् दुकान, व्यवसाय, फैक्टरी शुरु करने के मुहूर्त्त)

शुभ एवं ग्राह्य मास—वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन। ***ग्राह्य तिथियाँ***—रिक्ता तिथियाँ (४, ९, १४), कृष्ण १३ तथा अमावस तिथियाँ छोड़कर शेष तिथियाँ। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., पुन, मूल, पुष्य, उत्तरा–तीनों, हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., अभिजित् और रेवती। ***शुभ वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***शुभ लग्न***—कुम्भ लग्न त्याज्य है। शेष राशि लग्नों में भी चन्द्र, बुध-शुक्र केन्द्र स्थानों में, अष्टम तथा द्वादश भाव शुद्ध हों तथा 2, 10, 11वें भावों में शुभ ग्रह हों। **नोट**–क्रूर ग्रह की युति, वेध, गुरु-शुक्रस्तादि का विचार तो करना ही चाहिए।

(24) बीज बोने (हल चलाने) का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथियाँ—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल) तथा पूर्णिमा। ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., पुन, पुष्य, मघा, उत्तरा–तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., विशा., अनु., मूल, धनि. तथा रेवती।

(25) अनाज संग्रह (भरने) का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथियाँ—२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३ (शुक्ल), १५। ***ग्राह्य वार***—चन्द्र,

बुध, गुरु व शुक्रवार। *ग्राह्य नक्षत्र*—अश्वि., रोहि., मृग, पुन., पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत. तथा रेवती।

(26) औषधि निर्माण एवं सेवन मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शु.)। ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ***ग्राह्य नक्षत्र***—यहाँ जन्म नक्षत्र त्याज्य रहेगा। लघु संज्ञक (अश्वि., पुष्य, हस्त, अभि.), मृदुसंज्ञक (मृग., चित्रा, रेवती), चरसंज्ञक (पुन., स्वा., श्रव., धनि., शत.) तथा मूल नक्षत्र (ज्येष्ठा, मूल) ***लग्न शुद्धि***—द्विस्वभाव राशिलग्न (३, ६, ९, १२) तथा लग्न, सप्तम, अष्टम तथा द्वादश भाव शुद्ध हों अर्थात् इन भावों पर क्रूर की स्थिति व दृष्टि वर्ज्य है।

(27) सर्ववस्तु क्रय–विक्रय मुहूर्त्त

खरीदने के नक्षत्र में बेचना शुभ नहीं है। विक्रय (बेचने) के नक्षत्र में खरीदना अच्छा नहीं होता। ***वस्तु खरीदने के नक्षत्र***—रेव., शत., अश्वि, स्वा., श्रव. और चित्रा नक्षत्रों में शुभ है। ***वस्तु बेचने के नक्षत्र***—तीनों पूर्वा, विशाखा, कृतिका, आश्लेषा और भरणी नक्षत्र। लग्न शुद्धि, तिथ्यादि के लिए विपणि मुहूर्त्त देखें।

(28) आप्रेशन कराने का मूहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—२, ३, ५, ६, ७, १०, १२ (१३-शुक्ल पक्ष की)।

ग्राह्य वार—रवि, मंगल, गुरु और शनिवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., रोहि., मृग., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., अभि., श्रव.।

(29) मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) तथा १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्रवार ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., मृग., उ.फा., हस्त, श्रव. तथा विशाखा। इसके अतिरिक्त रविपुष्य योगों, निरयण एवं सायन संक्रान्ति संक्रमण-काल, दीपावली आदि योगों में मन्त्र सिद्धि सम्बन्धी कार्य किए जाते हैं।

(30) भूमि–खरीदने का मुहूर्त्त

ग्राह्य मास—वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (मिथुनार्क तक-15 जुला.), मार्गशीर्ष, माघ और फाल्गुन मास भूमि क्रय के लिए उत्तम कहे गए हैं। ***ग्राह्य तिथियाँ***—१ (कृष्ण पक्षे), कृष्ण तथा शुक्लपक्ष की २,५,६,१०,११ एवं पूर्णिमा।। ***ग्राह्य नक्षत्र***—मृग., पुन., आश्ले., मघा, विशा, अनु., तीनों पूर्वा, मूल, स्वा., शत और रेवती।। ***शुभ वार***—मंगल, गुरु एवं शुक्रवार।

(31) मुकद्दमा दायर करने का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—३, ५, ८, १०, १३ (शुक्लपक्ष) तथा पूर्णिमा ***ग्राह्य वार***—रवि, मंगल, बुध एवं गुरुवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—भरणी, आर्द्रा, आश्ले., मघा, पूर्वा-तीनों, ज्येष्ठा तथा मूल। ***ग्राह्य लग्न***—३, ६, ७, ८, ११ राशि लग्न। जब शुभ ग्रह लग्न में हो, पापग्रह ३, ६, ११वें हों तथा अष्टम भाव शुद्ध हो।

विशेष—गोचरानुसार याचिकाकर्त्ता का चंद्रमा एवं मंगल भी बलान्वित होने चाहिएं।

(32) पशु खरीदने का मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—१ (कृष्णपक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण व शुक्ल पक्ष की), १३ (शुक्ल पक्ष की), १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शनिवार।

ग्राह्य नक्षत्र—अश्वि., पुन, पुष्य, हस्त, विशा., ज्ये., धनि., शत और रेवती।

(33) ऋण–दान (कर्ज़ देने) का मुहूर्त्त

ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से धन का उधार देना निम्न मुहूर्त्त में हितकर है–

ग्राह्य तिथि—१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण एवं शुक्ल पक्ष की), १३ (शुक्ल) तथा १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, मंग., गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., मृग., पुन, पुष्य, चित्रा, स्वा., विशा, श्रव., धनि., शत और रेवती। ***लग्न शुद्धि***—१, ४, ७, १० राशि लग्न।। पंचम-नवम भाव में शुभग्रह तथा अष्टम भाव शुद्ध होना चाहिए। **विशेष**—बुधवार को अपना धन किसी को नहीं देना चाहिए। अर्थात् बुधवार को दिया हुआ धन वापिस नहीं मिलता। भद्रा, व्यतीपात, महापात तथा अमावस में दिया गया धन वापिस प्राप्त नहीं होता।

(34) ऋण–ग्रहण (कर्ज़ लेने) मुहूर्त्त

ग्राह्य तिथि—१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण व शुक्लपक्ष की), १३ (शुक्ल), १५ ***ग्राह्य वार***—सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग. पुन, पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., धनि, शत तथा रेवती।। तथापि मृग., चित्रा, अनु. तथा रेवती विशेष रूप से शुभ हैं। ***शुभ लग्न***—१, ४, ७, १० राशि लग्न श्रेष्ठ है। शुभ ग्रह त्रिकोण (5, 9वें) तथा अष्टम भाव शुद्ध हो। **विशेष**—मंगलवार को कर्ज़ के रूप में किसी से धन नहीं लेना चाहिए। संक्रान्ति वाले दिन, वृद्धि योग, हस्त नक्षत्र और रविवार में ऋण (कर्ज़) नहीं लेना चाहिए।

अपि च, **''ऋणच्छेदं कुजे कुर्यात् संचयं सोमनन्दे''**–मंगलवार को ऋणों को चुका देना तथा बुधवार को धन संचय करना चाहिए।

(35) चुनाव में खड़े होने का मुहूर्त्त

शुभ तिथियाँ—(१ कृ.), २, ३, ५, ९, १०, १२ एवं १५ शुक्ल। ***शुभ वार***—सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार। ***शुभ नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., पुर्न, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, अनु., श्रव., धनि., रेवती। ***शुभ लग्न***—१, ४, ७, १०। **विशेष**—केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११वें पाप ग्रह हों। लग्न एवं लग्नेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो। बुध, शुक्र, गुरु उदित हों। चन्द्र बली हो तथा प्रत्याशी की राशि मुहूर्त्त वाले दिन-छटे, आठवें एवं १२वें न हो। **संसद्** में शपथ ग्रहण के समय **स्थिर लग्न** प्रशस्त होता है।

(36) नवीन वस्त्र धारण करने का मुहूर्त्त

विवाह, यज्ञ, सम्वत् या वर्षारम्भ में, विशेषोत्सव, त्यौहार, प्रेम के उपहार-स्वरूप, जन्म-नक्षत्र के दिन, ईश्वर भक्ति में अथवा ब्राह्मण की आज्ञा मिलने पर बिना पंचांग-शुद्धि के भी नवीन वस्त्र धारण किए जा सकते हैं। यद्यपि व्यक्ति अपना चन्द्रबल देखकर और शुभ लग्न में नूतन वस्त्रों को धारण करें– ***शुभ तिथियाँ***—१ (कृष्ण), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) व पूर्णिमा। ***शुभ वार***—रवि, बुध, गुरु व शुक्र ***शुभ नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., पुन, पुष्य, उत्तरा (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा. विशा., अनु. धनि. व रेवती।

विवाह-मुहूर्त्त में लत्तादि दस दोष विचार

विवाह मुहूर्त्तों के साधन में लत्ता, पात, युति, वेध, जामित्र, पंचबाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य और दग्धातिथि-इन दश दोषों का विचार करके निर्णय लेना आवश्यक है। पंचांगदिवाकर या किसी अन्य पंचांग में भी इन दस दोषों का विचार करके ही विवाह मुहूर्त्त दिए जाते हैं। इन दस महादोषों में से वेध, मृत्युबाण तथा क्रान्तिसाम्य-ये तीन महादोष अपरिहार्य होने से विवाह में सर्वत्र सर्वथा वर्जित हैं-शेष सात दोषों में से चार से अल्प दोष रहने पर वे विवाह-मुहूर्त्त की लग्न-शुद्धि से नष्ट हो जाते हैं। विवाह मुहूर्त्त में उपरोक्त दस दोषों में से क्रमशः जो दोष वर्तमान रहता है, उसे वक्ररेखा (ऽ) से तथा जो दोष नहीं रहता, उसे खड़ी रेखा (।) से सूचित किया जाता है। जैसा कि पंचांगदिवाकर के विवाह मुहूर्त्तों में दस महादोषान्तर्गत शुद्धि-रेखा के स्तम्भ में आपको मिलेगा। ये रेखायें इस पंचांग या अन्य किसी भी पंचांग में यथाक्रम शुद्धतापूर्वक लगायी गयी हैं या नहीं, इसकी जाँच आप चाहें तो सरलता से कर सके तथा स्वयं विवाह-मुहूर्त्त शोधन में सुयोग्य बन जाएं। इसलिए प्रत्येक महादोष का विचार व चक्र दिया जा रहा है-

(1) लत्तादोष-चक्र

विवाह नक्षत्र → ग्रह	अश्वि.	रोहि	मृग.	मघा	उ.फा	हस्त	चित्रा	स्वाती	अनु	मूल	उ.षा.	श्रवण	धनि.	उ.भा.	रेव.
सूर्य	अनु	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	अश्वि.	भर.	कृति.	रोहि	आर्द्रा	पुष्य	मघा	पू.फा.	उ.फा.	स्वा.	विशा.
मंग.	उ.भा.	भरणी	कृति.	पुष्य	मघा	पू.फा	उ.फा.	हस्त	स्वाती	अनु.	मूला	पू.षा.	उ.षा.	शत.	पू.भा.
बुध	पुर्न	मघा	पू.फा.	विशा.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	धनि.	पू.भा.	रेवती	अश्वि.	भर.	मृग.	आर्द्रा
गुरू	धनि.	उ.भा.	रेवती	मृग.	पुर्न.	पुष्य	आश्ले	मघा	उ.फा.	चित्रा	विशा.	अनु.	ज्ये.	उ.षा.	श्रव.
शुक्र	मृग.	पुष्य	अश्ले	चित्रा	विशा.	अनु.	ज्ये.	मूल	उ.षा.	धनि.	पू.भा.	उ.भा.	रेव.	कृति.	रोहि.
शनि	उ.षा.	शत	पू.भा.	कृति.	मृग.	आर्द्रा	पुर्न.	पुष्य	मघा	उ.फा.	चित्रा	स्वा.	विशा.	मूल	पू.षा.
राहु	पू.षा.	धनि.	शत.	भर.	रोह.	मृग.	आर्द्रा	पुर्न	अश्ले.	पू.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	ज्ये.	मूल

***(i)* लत्तादोष**–ऊपर की प्रथम पंक्ति में लिखे गए विवाह-नक्षत्रों के नीचे जिस ग्रह का नक्षत्र आ जाए, तो उस ग्रह से सम्बन्धित लत्तादोष होगा। मान लीजिए आपने रोहिणी नक्षत्र के विवाह हेतु लत्तादोष देखना हो तो साथ दिए गए चक्र (तालिका) में सूर्य यदि पू.षा. में हो अथवा गुरु उ.भा. नक्षत्र में हो या राहु (या केतु) धनिष्ठा नक्षत्र में हों, तो उन्हीं ग्रहों का लत्तादोष माना जाएगा।

(2) पातदोष चक्र

विवाह नक्षत्र	अश्वि.	रोह.	मृग.	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	उ.भा.	रेव.
—सूर्य नक्षत्र—	रेव.	आर्द्रा	मृग	अश्वि	कृति	भर.	रोहि	कृति.	[illegible]	रोह.	भर.	अश्वि	रेव.	भर.	अश्वि.
	श्ले.	पुर्न	आर्द्रा	मृग	आर्द्रा	मृग.	श्ले.	पुष्य	आर्द्रा	श्ले.	पुर्न.	आर्द्रा	मृग	पू.फा.	मघा
	मघा	पू.फा.	मघा	पुष्य	पू.फा.	मघा	चित्रा	हस्त	पू.फा.	ज्ये.	विशा.	स्वा.	चित्र	उ.फा.	पू.फा.
	चित्रा	चित्रा	हस्त	हस्त	विशा	स्वा.	धनि	श्रव.	पू.पा.	मूल	अनु.	विशा.	स्वा.	विशा.	स्वा.
	अनु.	मूल	ज्ये.	ज्ये.	पू.भा.	शत.	शत.	धनि.	उ.षा.	धनि	उ.षा.	पू.षा.	मूल	मूल	ज्ये.
	श्रव.	शत.	धनि.	रेव.	उ.भा.	पू.भा.	अश्वि.	रेव	पू.भा.	उ.भा.	शत.	धनि.	श्रव.	शत.	धनि.

***(ii)* पातदोष**–विवाह नक्षत्रों के नीचे विवाह-काल में सूर्य निम्न नक्षत्रों पर हो, तो पातदोष होता है। **उदाहरण**–विवाह-नक्षत्र यदि श्रवण हो, तो सूर्य-अश्वि, आर्द्रा, स्वा., विशाखा, पू.षा. एवं धनि. आदि नक्षत्र में हो, तो पातदोष होगा। **विशेष**–हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतीपात, गण्ड और शूल योगों का अन्त जिस विवाह नक्षत्र में हो, वह भी पात-दूषित हो जाता है। विवाह नक्षत्र में शूल योग हो या उसका अन्त हो, तो '**भुजंग**' नामक पातदोष होता है, जोकि सर्वत्र त्याज्य माना जाता है। **नोट**–वैधृति-व्यतिपात की सम्पूर्ण घड़ियां, शूल-योग की प्रथम 5 घड़ियां, गण्ड की प्रथम 6 घड़ियां विशेषतः त्याज्य हैं। हर्षण, साध्य को पूज्य माना गया है।

(3) युति दोष–जिस नक्षत्र का विवाह निकाल रहे हों, यदि उसी नक्षत्र में कोई ग्रह हो तो उस ग्रह की युति का दोष माना जाता है। 'श्रीपति' अनुसार पापग्रहों की युति विशेषतया त्याज्य मानी जाती है। जबकि शुभ ग्रह की युति शुभ मानी जाती है। परन्तु चन्द्रमा यदि अपनी (स्व) राशि, उच्च या मित्रग्रह की राशि में हों, तो युति दोष नही होता, अपितु वर-वधू का कल्याण करने वाला होता है। यथा-चन्द्रमा वृष, मिथुन, सिंह, कन्या राशि में हो, तो क्रूर ग्रह की युति का परिहार माना जाता है।

(4) वेध दोष–पंचशलाका चक्र अनुसार विवाह नक्षत्र यदि किसी अन्य क्रूर आदि ग्रह से विद्ध हो जाएं, तो उस नक्षत्र का विवाह सर्वथा त्याज्य माना जाता है। वेध नक्षत्र ज्ञान के लिए पंचशलाका एवं सप्तशलाका चक्रों का आश्रय लिया जाता है। वधू-प्रवेश, दान, वर-कन्या का वरण एवं विवाहादि शुभ कार्यों में

(4) वेध दोष चक्र

अश्वि	रोहि.	मृग.	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	उ.भा.	रेव.
पू.फा.	अभि.	उ.षा.	श्रव.	रेव.	उ.भा.	पू.भा.	शत.	भर.	पुर्न	मृग.	मघा	आश्ले	हस्त	उ.फा.

माना जाएगा।

'पंचशलाका' चक्र का तथा अन्य मंगल कार्यों में सप्तशलाका चक्र के द्वारा विचार करना चाहिए। विवाह पटल अनुसार सूर्यवेध से वैधव्य, भौमवेध से पुत्रशोक बुधवेध से वन्ध्या योग, गुरुवेध से प्रव्रज्या, शुक्रवेध से केवल कन्या सन्तति तथा शनि, राहु-केतु वेध से दारिद्रय योग होता है।

ज्योतिर्निबन्धानुसार सौम्य ग्रह से विद्ध नक्षत्र का चरण ही त्याज्य होता है, परन्तु क्रूर ग्रह से कोई भी चरण विद्ध होने पर पूर्ण नक्षत्र त्याज्य माना जाता है। यथा-बुध, गुरु, शुक्रादि शुभ ग्रह का केवल चरण वेध (प्रथम-चतुर्थ, द्वितीय-तृतीय) का विचार करें। जबकि सूर्य, मंगल, शनि, राहु आदि क्रूर ग्रहों के सभी चरण त्याज्य होंगे। अर्थात् वेधदोष होगा।

(5) यामित्रदोष–

(5) यामित्र दोष चक्र

अश्वि	रोहि.	मृग.	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	उ.भा.	रेव.
चित्रा	अनु.	ज्ये.	धनि.	पू.भा.	उ.भा.	रेव.	अश्वि	कृति.	मृग.	पुन.	पुष्य	आश्ले	उ.फा.	हस्त

विवाह नक्षत्र के नीचे वाले नक्षत्रों पर स्थित कोई भी ग्रह उस नक्षत्र में होने पर यामित्रदोष होता है। चक्र में ऊपर प्रत्येक विवाह नक्षत्र और नीचे के कोष्ठक में उससे 14वाँ नक्षत्र है, जिस पर कोई भी ग्रह होने पर वह ऊपरी खाने के विवाह-नक्षत्र को यामित्र-दोष से दूषित करेगा। पापी या क्रूर ग्रह का यामित्र दोष पूज्य होता है। **नोट**–(*i*) यामित्रदोष वाले ग्रह को शुभ ग्रह देखते हों, तो यह दोष नहीं रहता। (*ii*) सप्तम भाव में चंद्र-गुरु स्वगृही, उच्चस्थ या मित्रक्षेत्री हो तो यामित्रदोष नहीं रहता।

(6) बाणदोष–

(6) बाणदोष चक्र

नाम बाण	सूर्य के गतांश	वर्ज्य कर्म	वर्ज्य वार	वर्ज्य काल
रोग	8°-17°-27°	उपनयन	रविवार	रात्रि
अग्नि	2°-11°-20°-29°	गृहारम्भ	मंगलवार	सदैव
नृप	4°-13°-22°	राजसेवा	शनिवार	दिवाकाल
चोर	6°-15°-24°	यात्रा	मंगलवार	रात्रि
मृत्यु	1°-10°-19°-28°	विवाह	बुधवार	संध्या

रोगादि पाँच बाणों का सम्बन्ध सूर्य के विशेष अंशों से है, चाहे वह किसी राशि का हो। प्रत्येक राशि के जिन अंशों का सम्बन्ध जिस बाण से है, उससे पहले के अंश (गतांश) उस बाण के सामने चक्र में दिए गए हैं, क्योंकि पंचांग में दैनिक सूर्यस्पष्ट के गत राश्यंश के साथ अग्रिमांश की भुक्त कला-विकला दी जाती है। अतः आप सरलतापूर्वक दैनिक सूर्य-गति निकालकर सूर्यस्पष्ट के समय में (1° अंश की) जमा-घटा देने से बाणारम्भ-काल तथा समाप्तिकाल जान सकते हैं। यों तो पाँच-बाणों के विशेष समय व वारानुसार त्याज्य माने गए हैं। परन्तु मुहूर्त्त-शोधन में इन सभी बाणों को प्रत्येक वार में सभी कालों में वर्ज्य करने की परम्परा है। अपि च, पंचांगदिवाकर में केवल 1° से 1°-30′ अर्थात् 30′ कला तक ही अशुभ प्रभाव को समाप्तिकाल मानकर मुहूर्त्त-लग्न लगाए जाते हैं।

(7) एकार्गल दोष–विवाह नक्षत्र के समय यदि सूर्य अधिष्ठित नक्षत्र साभिजित गिनने पर विषम हो, तो एकार्गल दोष होता है, परन्तु उस समय व्याघात, गण्ड, व्यतीपात, विष्कम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड-इन अशुभ योगों की विद्यमानता अनिवार्य है। अतः चक्र में प्रत्येक वैवाहिक नक्षत्र से विषम संख्यक नक्षत्रों को उस नक्षत्र के नीचे वाले कोष्ठकों में दिया गया है। जिनमें से किसी नक्षत्र पर सूर्य के होने से उस कोष्ठक का विवाह-नक्षत्र एकार्गल दोष से दूषित होता है। यह कश्मीर में विशेषतः वर्जित है। **परिहार**–ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त-गणपति अनुसार अशुभ योगों में कुछ विशेष घड़ियां ही विशेष रूप से त्याज्य मानी गई हैं–विष्कम्भ की प्रथम 3 घड़ियां, व्याघात और वज्र की प्रथम 9 घड़ियां, परिघ योग का पूर्वार्द्ध (7½ घटि) भाग, शूल योग की प्रथम 5 घड़ियां, गण्ड और अतिगण्ड की प्रथम 6 घड़ियां, वैधृति-व्यतीपात योग सम्पूर्णतया त्याज्य होंगे।

विवाह नक्षत्र →	अश्वि.	रोह.	मृग.	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	उ.भा.	रेव.
—सूर्य अधिष्ठित नक्षत्र—	अश्वि	पू.भा.	शत	पू.षा.	ज्ये.	अनु	विशा	स्वा	हस्त	पू.फा.	अश्ले	मृग.	धनि.	कृति	भर.
	कृति	रेव	उ.भा.	अभि	पू.षा.	मूल	ज्ये.	अनु	स्वा	हस्त	पू.फा.	पुर्न	पू.भा.	मृग	रोहि
	मृग	भर	अश्वि	धनि.	अभि	उ.षा.	पू.षा.	मूल	अनु	स्वा.	हस्त	श्ले.	रेव	पुर्न	आर्द्रा
	पुर्न	रोह.	कृति	पू.भा.	धनि	श्रवण	अभि.	उ.षा.	मूल	अनु	स्वा	पू.फा.	भर	अश्ले	पुष्य
	अश्ले	आर्द्रा	मृग.	रेव.	पू.भा.	शत.	धनि	श्रव	उ.षा.	मूल	अनु	हस्त	रोहि	पू.फा.	मघा
	पू.फा.	पुष्य	पुर्न	भर.	रेव	उ.भा.	पू.भा.	शत.	श्रव	उ.षा.	मूल	स्वा	आर्द्रा	हस्त	उ.फा.
	हस्त	मघा	अश्ले	रोहि.	भर.	अश्वि	रेव	उ.भा.	शत	श्रव.	उ.षा.	अनु.	पुष्य	स्वा.	चित्रा
	स्वा.	उ.फा.	पू.फा.	आर्द्रा	रोहि.	कृति	भर.	अश्वि	उ.भा.	शत	श्रव.	मूल	मघा	अनु.	विशा.
	अनु.	चित्रा	हस्त	पुष्य	आर्द्रा	मृग.	रोहि.	कृति.	अश्वि	उ.भा.	शत	उ.षा.	उ.फा.	मूल	ज्ये.
	मूल	विशा	स्वा.	मघा	पुष्य	पुर्न	आर्द्रा	मृग.	कृति	अश्वि	उ.भा.	श्रव	चित्रा	उ.षा.	पू.षा.
	उ.षा.	ज्ये.	अनु.	उ.फा.	मघा	अश्ले	पुष्य	पुर्न	मृग.	कृति	अश्वि	शत	विशा	श्रव	अभि.
	श्रव.	पू.षा.	मूला	चित्रा	उ.फा.	पू.फा.	मघा	अश्ले	पुर्न	मृग	कृति	उ.भा.	ज्ये.	शत.	धनि
	शत	अभि.	उ.षा.	विशा.	चित्रा	हस्त	उ.फा.	पू.फा.	अश्ले	पुर्न	मृग	अश्वि	पू.षा.	उ.भा.	पू.भा.
	उ.भा.	धनि.	श्रव.	ज्ये.	विशा.	स्वा.	चित्रा	हस्त	पू.फा.	अश्ले	पुर्न	कृति	अभि	अश्वि	रेव.

(8) उपग्रह दोष–विवाह-नक्षत्र के समय सूर्य जिस नक्षत्र में हो, तो उसे 5वें, 7वें, 8वें, 10वें, 14वें, 15वें, 18वें, 19वें, 21वें, 22वें, 23वें, 24वें, 25वें नक्षत्र पर यदि वहीं विवाह-नक्षत्र हो, तो उपग्रह दोष होता है। **उदाहरणार्थ**–यदि अश्विनी नक्षत्र हो, तो सूर्य यदि शत., श्रव., उ.षा. आदि नक्षत्रों में होगा तो उपग्रह दोष होगा। यह दोष कुरु देश (दिल्ली के समीप) और वाह्लिक (कश्मीर के पश्चिम) क्षेत्रों में विशेषतः अशुभ होता है। अत्यत्र नहीं।

विवाह नक्षत्र	अश्वि.	रोह.	मृग.	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	उ.भा.	रेव.
–सूर्य नक्षत्र–	शत.	रेव.	अश्वि	आर्द्रा	पुष्य	आश्ले	मघा	पू.फा.	हस्त	स्वा.	अनु.	ज्ये.	मूल	श्रव.	धनि.
	श्रव.	पू.भा.	उ.भा.	रोहि	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	आश्ले	पू.फा.	हस्त	स्वा.	विशा.	अनु.	पू.षा.	उ.षा.
	उ.षा.	शत.	पू.भा.	कृति	मृग	आर्द्रा	पुन.	पुष्य	मघा	उ.फा.	चित्रा	स्वा.	विशा.	मूल	पू.षा.
	मूल	श्रव.	धनि.	अश्वि.	कृति	रोहि.	मृग	आर्द्रा	पुष्य	मघा	उ.फा.	हस्त	चित्रा	अनु.	ज्ये.
	स्वा.	ज्ये.	मूल	शत.	उ.भा.	रेव.	अश्वि.	भर.	रोहि.	आर्द्रा	पुष्य	आश्ले	मघा	हस्त	चित्रा
	चित्रा	अनु.	ज्ये.	धनि.	पू.भा.	उ.भा.	रेव	अश्वि.	कृति.	मृग.	पुन.	पुष्य	आश्ले.	उ.फा.	हस्त
	पू.फा.	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	श्रव.	धनि.	शत.	पू.भा.	रेव.	भर.	रोहि.	मृग.	आर्द्रा	आश्ले	मघा
	मघा	हस्त	चित्रा	मूल	उ.षा.	श्रव.	धनि.	शत.	उ.भा.	अश्वि.	कृति	रोहि.	मृग.	पुष्य	आश्ले
	पुष्य	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	श्रव.	शत.	उ.भा.	अश्वि	भर.	कृति	आर्द्रा	पुन.
	पुन.	मघा	पू.फा.	विशा.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	उ.षा.	धनि.	पूभा.	रेव	अश्वि.	भर.	मृग.	आर्द्रा
	आर्द्रा	आश्ले	मघा	स्वा.	अनु.	ज्ये.	मूल	पू.षा.	श्रव.	शत.	उ.भा.	रेव.	अश्वि.	रोहि.	मृग.
	मृग.	पुष्य	आश्ले	चित्रा	विशा.	अनु.	ज्ये.	मूल	उ.षा.	धनि.	पूभा	उ.भा.	रेव.	कृति	रोहि.
	रोहि.	पुन.	पुष्य	हस्त	स्वा.	विशा	अनु.	ज्ये.	पू.षा.	श्रव.	शत.	पू.भा.	उ.भा.	भर.	कृति.

(9) स्थूल क्रान्तिसाम्य दोषः–

सूर्य	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
चन्द्र	सिंह	मकर	धनु	वृश्चि.	मेष	मीन	कुम्भ	कर्क	मिथुन	वृष	तुला	कन्या

चक्र के ऊपरी बॉक्स में क्रमशः द्वादश राशियां सूर्य की दी गई हैं। उनमें से जिस राशि पर सूर्य हो उस बॉक्स की नीचे वाली राशि पर चन्द्रमा के होने से क्रान्तिसाम्य दोष होता है। क्रान्तिसाम्य सर्वत्र त्याज्य है। परन्तु उपर्युक्त प्रकार का क्रान्तिसाम्य नितान्त स्थूल होता है। महापात गणित द्वारा प्रणीत क्रान्तिसाम्य दोष ही विवाह–मुहूर्त्त शोधन में वर्जित होता है।

(10) दग्धातिथि दोष चक्र–

सूर्य राशि	मेष (वेशा.)	वृष (ज्ये.)	मिथुन (आषा.)	कर्क (श्राव.)	सिंह (भाद्र.)	कन्या (आश्वि.)	तुला (कार्ति.)	वृश्चि. (मार्ग.)	धनु (पौष)	मकर (माघ)	कुम्भ (फाल्गु.)	मीन चैत्र)
दग्धा तिथि	६	४	८	६	१०	८	१२	१०	२	१२	४	२

जब सूर्य मेष (वैशाख), वृष (ज्येष्ठ), मिथुन (आषाढ़) आदि में हो तब क्रमशः ६, ४, ८ आदि तिथियां दग्धा तिथियां कहलाती हैं। **अपवाद**–मास में दग्धा तिथियां केवल मध्य देश में ही वर्जित होती हैं। सर्वत्र नहीं।

१२ राशियों का घाती चक्र

द्वादश राशि के प्रत्येक मनुष्य को घाती चक्र में दिए अनुसार प्रत्येक तिथि, वार नक्षत्र, लग्न, चंद्रमास घातक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिये कि वे अपना कोई भी इष्ट और शुभ कार्य घातक समय वा मुहूर्त्त पर आरम्भ न करें। नीचे दिया हुआ घात चक्र युद्ध, विवाद (शास्त्रार्थ) राज सेवा, वाहन, यात्रा, रोगादि कार्यों में देखना चाहिए। अर्थात् इन राशि वालों के लिए इन कार्यों में घात चन्द्र, वारादि शुभ नहीं और तीर्थ यात्रा, विवाहादि में घात चन्द्रादि का विचार न करें। विशेष फलादेश जानने के लिये पत्र व्यवहार करें।

राशयः	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
घातमास	कार्तिक	मार्ग	आषाढ़	पौष	ज्येष्ठ	भाद्रपद	माघ	आश्विन	श्रावण	वैशाख	चैत्र	फाल्गुन
घात तिथि	१-६-११	५-१०-१५	२-७-१२	२-७-१२	३-८-१३	५-१०-१५	४-९-१४	१-६-११	३-८-१३	४-९-१४	३-८-१३	५-१०-१५
घात वार	रवि	शनि	चन्द्र	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घात नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वाति	अनुराधा	मूल	श्रवण	शत.	रेवती	भरणी	रोहिणी	आर्द्रा	आश्लेषा
घात योग	विष्कुम्भ	सुकर्मा	परिघ	धृति	प्रीति	सुकर्मा	अतिगंड	ब्रह्म	वैधृति	गंड	व्याघात	वज्र
घात करण	बव	शकुनि	कौलव	नाग	बालव	कौलव	तैतिल	गर	तैतिल	शकुनि	किंस्तुभ	चतुष्पाद
घात लग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घात प्रहर	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	प्रथम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	तृतीय	चतुर्थ
पु. घा. चंद्र	मेष	कन्या	कुम्भ	सिंह	मकर	मिथुन	धनु	वृष	मीन	सिंह	धनु	कुम्भ
स्त्री घा. चंद्र	मेष	धनु	धनु	मिथुन	वृश्चिक	वृश्चिक	मीन	धनु	कन्या	वृश्चिक	मिथुन	मेष

ग्रहों का नैसर्गिक मैत्री चक्र

ग्रह	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मित्र	चंद्र मंगल गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चंद्र गुरु	सूर्य शुक्र	सूर्य चंद्र मंगल	बुध शनि	बुध शुक्र	शुक्र बुध शनि	बुध गुरु
सम	बुध	मंगल गुरु शुक्र शनि	शुक्र शनि	मंगल गुरु शनि	शनि	मंगल गुरु	गुरु	गुरु केतु	मंग. राहु शुक्र
शत्रु	शुक्र शनि	०० ००	बुध राहु	चंद्र	बुध शुक्र	सूर्य चंद्र	सूर्य मंगल चंद्र	सूर्य चंद्र मंगल	सूर्य चंद्र शनि
उच्चांश	मेष १०	वृषे ३	म. २८	कं. १५	कर्क ५	मी. २७	तु. २०	वृ. १५°	
नीचांश	तु. १०	वृश्चि ३	क. २८	मी १५	म. ५	कं. २७	मे.२०°	वृ. १५°	

नक्षत्र, राशि, वर्ण, योनि आदि ज्ञान चक्र

नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	वश्य	योनि	महावैर योनि	राशि स्वामी	गण	नाड़ी	तत्त्व हंसका	नाम (संज्ञा)	नक्षत्र देवता	कितने तारे	पंचशला का वेध
अश्विनी	चू. चे. चो. ला.	मेष	चतुष्पद	अश्व	महिष	मंगल	देव	आदि	अग्नि	क्षिप्र	अश्वि कु.	३	पू. फा.
भरणी	ली. लू. ले. लो.	मेष	चतुष्पद	गज	सिंह	मंगल	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	यम	३	अनु
कृत्तिका	अ. इ. उ. ए.	मे.१ वृष ३	चतुष्द	मेढ़ा	वानर	मं.१ शु.३	राक्षस	अन्त्य	अ.१ पृ.३	मिश्र	अग्नि	६	विशा
रोहिणी	ओ. वा. वी. वू.	वृष	चतुष्पद	सर्प	न्योला	शुक्र	मनुष्य	अन्त्य	पृथ्वी	ध्रुव	ब्रह्मा	५	अभि
मृगशिर	वे. वो. का. की.	वृ.२ मि.२	च.२ नर२	सर्प	न्योला	शु.२ बु.२	देव	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	चन्द्रमा	५	उ.षा.
आर्द्रा	कु. घ. ङ. छ.	मिथुन	नर (मनुष्य)	श्वान	मृग	बुध	मनुष्य	आदि	वायु	तीक्ष्ण	शिव	१	पू.षा.
पुनर्वसु	के. को. हा. ही.	मि.३ क.१	न.३ ज.१	मार्जार	मूषक	बु.३ चं.१	देव	आदि	वा.३ ज.१	चर	अदिति	४	मूल
पुष्य	हू. हे. हो. डा.	कर्क	जलचर	मेढ़ा	वानर	चंद्र	देव	मध्य	जल	क्षिप्र	गुरु	३	ज्ये.
आश्लेषा	डी. डू. डे. डो.	कर्क	जलचर	मार्जा.	मूषक	चंद्र	राक्षस	अन्त्य	जल	तीक्ष्ण	सर्प	५	धनि
मघा	मा. मी. मू. मे.	सिंह	वनचर	मूषक	बिडाल	सूर्य	राक्षस	अन्त्य	अग्नि	उग्र	पितर	५	श्रव
पू.फा.	मो. टा.टी. टू.	सिंह	वनचर	मूषक	बिडाल	सूर्य	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	भग, सूर्य	२	अश्वि
उ.फा.	टे. टो. पा. पी.	सिं.१ कं.३	व.१ न.३	गौ	व्याघ्र	सू.१ बु.३	मनुष्य	आदि	अ.१ पृ.३	ध्रुव	अर्यमा	२	रेव
हस्त	पू. ष. ण. ठ.	कन्या	नर	महिष	अश्व	बुध	देव	आदि	पृथ्वी	क्षिप्र	सूर्य	५	उ.भा.
चित्रा	पे. पो. रा. री.	के.२ तु.२	नर	व्याघ्र	गौ	बु.२ शु.२	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	मृदु	विश्वकर्मा	१	पू.भा.
स्वाती	रू. रे. रो. ता.	तुला	नर	महिष	अश्व	शुक्र	देव	अन्त्य	वायु	चर	वायु	१	शत
विशाखा	ती. तू. ते. तो.	तु.३ वृ.१	न.३ की.१	व्याघ्र	गौ	शु.३ मं.१	राक्षस	अन्त्य	वा.३ ज.१	मिश्र	इंद्राग्नि	४	कृति
अनुराधा	ना. नी. नू. ने.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	देव	मध्य	जल	मृदु	मित्र	४	भर
ज्येष्ठा	नो. या. यी. यू.	वृश्चिक	कीट	मृग	श्वान	मंगल	राक्षस	आदि	जल	तीक्ष्ण	इन्द्र	३	पुष्य
मूल	ये. यो. भा. भी.	धनु	नर	श्वान	मृग	गुरु	राक्षस	आदि	अग्नि	तीक्ष्ण	राक्षस	११	पुन
पूर्वाषाढ़ा	भू. ध. फ. ढ.	धनु	न॥ चतु २	वानर	मेंढ़ा	गुरु	मनुष्य	मध्य	अग्नि	उग्र	जल	२	आर्द्रा
उत्तराषाढ़ा	भे. भो. जा. जी.	ध.१ मं.३	चतुष्पद	नकुल	सर्प	गु.१ श.३	मनुष्य	अन्त्य	अ.१ पृ.३	ध्रुव	विश्वदेव	२	मृग
अभिजित	जु. जे. जो. ख.	मकर	—	नकुल	सर्प	शनि	—	—	पृथ्वी	क्षिप्र	विष्णु	३	रोह
श्रवण	खी. खू. खे. खो.	मकर	चतु.१ ॥ज२	वानर	मेढ़ा	शनि	देव	अन्त्य	पृथ्वी	चर	विष्णु	३	कृति
धनिष्ठा	गा. गी. गृ. गे.	म.२ कुं.२	ज.२ न.२	सिंह	गज	शनि	राक्षस	मध्य	पृ.२ वा.२	चर	वसु	४	विशा
शतभिषा	गो. सा. सी. सू.	कुम्भ	नर	अश्व	महिष	शनि	राक्षस	आदि	वायु	चर	वरुण	१००	स्वा
पूर्वाभाद्रपद	से. सो. दा. दी.	कुं.३ मी.१	न.३ ज.१	सिंह	गज	श.३ गु.१	मनुष्य	आदि	वा.३ ज.१	उग्र	अजैकपाद	२	चित्रा
उ. भाद्रपद	दू. थ. झ. ञ.	मीन	जलचर	गौ	व्याघ्र	गुरु	मनुष्य	मध्य	जल	ध्रुव	अहिबर्बुध्न्य	२	हस्त
रेवती	दे. दो. चा. ची.	मीन	जलचर	गज	सिंह	गुरु	देव	अन्त्य	जल	मृदु	पूषा	३२	उ.फा.

नामाक्षरों से वर्ग देखने का चक्र (अपने से चतुर्थ वर्ग को मित्र क्षेत्री समझना चाहिए)

अ ई उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
गरुड़	बिडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	हरिण	मेढ़ा

वर्ण ज्ञान चक्र

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	१२/४/८	१/५/९	२/६/१०	३/७/११

ग्रह मैत्री चक्र

ग्रहा:	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्राणि	चं मं गु	सू बु	सू चं गुरु	सू शु	सू चं मं.	बु श	शु बु
समा:	बुध:	मं गु शु श	शु श	मं गु श	श	मं गु	गु.
शत्रव	शु श	० ०	बुध	चं	बु शु	सू चं	सू चं मं
उच्चांश	मे १०	वृष ३	म २८	क १५	कर्क ५	मी २७	तु २०
नीचांश	तु १०	बृ ३	क २८	मी १५	म ५	क २७	मे २०

मित्र नवपंचम चक्र								शत्रु नवपंचम चक्र			
१	२	३	५	७	८	९	१०	१२	११	६	४
५	६	७	९	११	१२	१	२	४	३	१०	८

मित्रषडाष्टक चक्र						शत्रुषडाष्टक चक्र					
१	२	३	४	५	६	१	३	५	७	९	११
८	७	१०	९	१२	११	६	८	१०	१२	२	४

मित्रद्विर्द्वादश चक्र						शत्रुद्विर्द्वादश चक्र					
१२	२	४	६	८	१०	१	३	५	७	९	११
१	३	५	७	९	११	२	४	६	८	१०	१२

नवपंचम दोष–कन्या से वर अथवा वर से कन्या की राशि पांचवीं, नौवीं हो, तो दम्पत्ति को संतान हानि की संभावना होती है। परन्तु मीन–कर्क, कर्क–बृश्चिक, कुम्भ–मिथुन, कन्या–मकर विशेषत: त्याज्य माने जाते हैं। राशि मैत्री होने की स्थिति में नव–पंचम दोष अचिन्तनीय है।

षडाष्टक दोष–लड़के और लड़की की राशियां परस्पर छठे–आठवें हों तो षडाष्टक यथा–सम्भव त्याज्य है। शत्रु षडाष्टक दोष विशेषत: त्याज्य माना जाता है।

विस्तृत विवेचन के लिए देखें आगामी पृष्ठ 201

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं **मंगलीक दोष** पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यत: निम्न श्लोक माना जाता है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तृविनाशाय भर्त्ता कन्या विनाशदः।
–मु. संग्रहदर्पण

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

अपवाद–(१) मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है–

कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥

मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक के परिहारस्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा–

(२) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता–

शनिः भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥–फलित संग्रह अन्येऽपि–
भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष का प्रभाव क्षीण होकर विवाह में शुभ होता है।

यामित्रे च यदा सौरि लग्ने वा हिबुके तथा। अष्टमे द्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते॥

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

(३) मेष राशि का मंगल लग्न में, वृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशि का मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष नहीं होता। यथोक्तम्–

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुजे।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥ –मुहूर्त्त पारिजात

प्रकारान्तर से, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता। **''द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते'' –मुहूर्त्त चिंतामणि**

(४) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष नहीं रहता–

न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली [illegible]॥ –मुहूर्त्त दीपक

(५) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता–

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।
वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुजदोषः॥ –मुहूर्त्त दीपक

(६) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोष नहीं होता–

''केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥'' –मुहूर्त्त चिंतामणि

(७) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, **उच्चस्थ** (मकर) का **किंवा मित्र क्षेत्री** मंगल दोष कारक नहीं होता–

तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥ –मु. चिंतामणि

(८) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है। **'मुहूर्त्त दीपक'** नामक ग्रन्थानुसार–

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

विवेचन–उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहूर्त्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक (''लग्ने व्यये पाताले–'') के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों जैसे–विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिर्निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। केवल १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दु:ख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। यथा–

लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा।
सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥ –मु. संग्रह दर्पण

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए। मिलान करते समय केवल मंगल या मंगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी अन्य तत्त्वों का भी सर्वाङ्ग रूप से विवेचन करना चाहिए। जैसे–चलित भाव कुण्डली, सप्तमेश की उच्च-नीच स्थिति, सप्तम भाव पर गुरु, शुक्र की दृष्टि आदि तत्त्वों का सम्यक विचार किसी विद्वान ज्योतिषी जी से करवाना चाहिए।

वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

विवाह गृहस्थाश्रम की आधारशिला है और उसी के माध्यम से मनुष्य, देव, ऋषि एवं पितृ आदि ऋण त्रय से उद्धृण होकर परम कल्याण को प्राप्त कर सकता है। तद् हेतु उत्तम लक्षणों जैसे-सुन्दर, सुशीला, मधुरभाषिणी एवं पतिव्रता कन्या तथा कर्त्तव्यनिष्ठ, स्वस्थ, शिक्षित, सदाचारी एवं सुसंस्कृत लड़के के साथ विवाह सम्बन्ध शुभ होता है। विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल-गोत्र, सनाथता, विद्या, धन, स्वास्थ्य (शरीर) और आयु-इन सात गुणों की परीक्षा करने के पश्चात् ही कुण्डलियों में परस्पर **मंगलीक आदि अरिष्ट** योगों तथा वर्ग, **स्त्रीदूर, कर्तरि एवं वर्णादि अष्टकूटों** का विचार करना चाहिए।

मेलापक प्रक्रिया में **मंगलीक और अष्टकूट** तत्त्वों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वर-कन्या के दाम्पत्य जीवन को अधिकाधिक सुखी एवं मंगलमय बनाने के लिए उनके जन्म नक्षत्रों एवं जन्म कुण्डलियों के अनुसार मिलान करना अत्यन्त आवश्यक है। उपयुक्त मिलान न होने की स्थिति में पति-पत्नी के वैवाहिक जीवन में-विचार वैमनस्य, सन्तान कष्ट, वैधव्य, वैधुर्यादि दोष अथवा पारिवारिक कष्ट होने की सम्भावनाएं हो जाती है। **मंगलीक दोष** का विशेष विवरण इसी पंचाँग के गत पृष्ठ पर दिया गया है। यहाँ पर नक्षत्र मिलान के मुख्य तत्त्व अष्टकूट का विवेचन किया जा रहा है। ध्यान रहे, अष्ट (आठ) कुंटों का निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से ही किया जाता है। अष्टकूटों के आठ कूट (अंग) निम्नलिखित हैं :-

(१) वर्ण (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणमैत्री (७) भकूट तथा **(८) नाड़ी** -ये आठ कूट हैं।

प्रत्येक कूट की क्रम संख्या अपने श्रेष्ठ गुणों की सूचक है। वर्णादि अष्टकूटों में **गुणों का योग ३६** होता है। इसमें क्रमानुसार वर्ण का १ गुण, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रहमैत्री के ५, गण-मैत्री के ६, भकूट के ७ एवं नाड़ी के ८ (आठ) गुण जानने चाहिएं।

वर्णादि कुल ३६ गुणों के योग में से १ से १७ तक गुण मिलान तुच्छ एवं निन्दनीय (त्याज्य) माने जाते हैं, १८ से २१ तक मध्यम एवं ग्राह्य और २२ से २८ तक उत्तम तथा २९ से ३६ तक गुण सर्वोत्कृष्ट मिलान माना जाता है।

> **एकैकवृद्धितो ज्ञेया वर्णादीनां गुणाः क्रमात्।**
> **विवाहः शुभदस्तेषां गुणे त्वष्टादशाधिके॥** —मु० गणपति

वर्णादि अष्टकूट

(1) वर्णकूट विचार—समाज में प्रचलित वर्णों की भान्ति राशियों में भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चार वर्ण होते हैं। ४, ८, १२ राशियों का ब्राह्मण ; १, ५, ९ का क्षत्रिय ; २, ६, १० वैश्य तथा ३, ७, ११ राशियों का शूद्रवर्ण होता है। वर का वर्ष कन्या के वर्ण से उच्चस्तरीय अथवा समान होने पर एक गुण प्राप्त होता है, अन्यथा शून्य प्राप्त होता है।

परिहार—(*i*) राशीश मैत्री—यदि वर की राशि का वर्ण कन्या के राशि-वर्ण से हीन हो, परन्तु राशिपति उत्तम वर्ण हो, तो वर्ण मिलान शुभ हो जाता है। अथवा वर-कन्या के राशिस्वामी परस्पर मित्र-मित्र या मित्र-सम हो।

सूर्य-मंगल का वर्ण क्षत्रिय, चन्द्रमा का वैश्य, बुध-शनि का शूद्र तथा गुरु-शुक्र का ब्राह्मण है।

वर्ण गुण चक्र

कन्या↓ वर→	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
ब्राह्मण	1	0	0	0
क्षत्रिय	1	1	0	0
वैश्य	1	1	1	0
शूद्र	1	1	1	1

(*ii*) **राशीश एकता**—वर-कन्या का एक ही राशीश।

(*iii*) **नवमांशेश मैत्री**—वर-कन्या के नवमांशेश परस्पर मित्र-मित्र अथवा मित्र-सम हों।

(*iv*) **नवमांशेश एकता**—वर-कन्या का एक ही नवमांशेश हो।

(2) वश्यकूट विचार—'वैश्य' का अर्थ है-वश में करने योग्य। सिंह राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ पुरुष (नर) राशियों के वश में हैं। जल राशियाँ (४, १० उ./१२)-नर राशियों (३, ६, ७, ९ पूर्वार्ध, ११) का भक्ष्य है। वृश्चिक राशि को छोड़कर शेष राशियाँ सिंह राशि के वश्य हैं। चतुष्पद, मानव, जलचर, वनचर तथा कीट आदि वश्य-पंचक-राशियों के अनुसार निम्न चक्र से ज्ञातव्य हैं-

वश्य	वर-कन्या राशि
चतुष्पद	मेष, वृष, धनु का उत्तरार्द्ध, मकर-पूर्वार्ध
मानव	मिथुन, कन्या, तुला, धनु का पूर्वार्ध, कुम्भ
जलचर	कर्क, मकर-उत्तरार्ध, मीन
वनचर	सिंह
कीट	वृश्चिक

गुण-विभाग—वश्य-विचार के अन्तर्गत वश्यों के परस्पर मैत्री, वैर, भक्ष्य और वश्य आदि 4 मूल तत्त्व हैं। एक समान वश्य अथवा मैत्री होने पर 2 गुण ; एक वश्य और दूसरा शत्रु होने पर एक गुण ; एक वश्य और एक भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होने पर शून्य अर्थात् गुणाभाव होगा-जैसा-द्विपद (मानव) राशियों का जलचर राशियों से वश्य-भक्ष्य, सिंह (वन) से वैर-भक्ष्य, चतुष्पदों से वश्य-शत्रु सम्बन्ध है।

वश्य गुण चक्र

कन्या↓ वर→	चतुष्पद	मानव	जल	वन	कीट
चतुष्पद	2	1	1	0	1
मानव	1	2	1/2	0	1
जल	1	1/2	2	1	1
वन	0	0	1	2	0
कीट	1	0	1	0	2

वश्यकूट परिहार

(*i*) **राशीश मैत्री**—वर-कन्या के राशिस्वामी परस्पर मित्र-मित्र अथवा मित्र-सम हों।

(*ii*) **राशीश एकता**—दोनों का एक ही राशीश हो।

(*iii*) **नवामांशेश-मैत्री**–दोनों (वर-कन्या) के नवमांशेश परस्पर मित्र-मित्र या मित्र-सम।

(*iv*) **नवमांशेश-एकता**–दोनों का ही नवमांशेश हो।

(*v*) **योनि-मैत्री**–वर-कन्या में परस्पर योनि-मैत्री होने पर भी वश्य दोष का परिहार हो जाता है।

(3) ताराकूट विचार–ताराकूट का सम्बन्ध नक्षत्रों से है। जन्मनक्षत्र से गिरने पर तारा का ज्ञान होता है। जन्म, सम्पद्, विपद्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मैत्र, अतिमैत्र–ये नक्षत्र ही ताराएं होती है। ये शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के हैं। कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक तथा वर के जन्म नक्षत्र से कन्या के जन्म नक्षत्र तक गिनकर दोनों तारा संख्याओं को अलग-अलग 9 द्वारा भाग देने पर यदि शेष 3, 5, 7 बचे तों '**अशुभ-तारा**' होती है, अन्यथा '**शुभतारा**' होगी।

यदि दोनों प्रकार से (वर-कन्या) शुभ तारा प्राप्त हो, तो समझना चाहिए कि ताराकूट दोष का अभाव है अर्थात् 3 गुण होंगे। यदि एक प्रकार से शुभतारा और दूसरे प्रकार से अशुभतारा मिले तो डेढ़ (1.5') गुण होंगे। यदि दोनों ताराओं में अशुभ तारा हो तो शून्य गुण होगा। **ध्यान रहे,** दोनों प्रकार से अशुभतारा कभी भी प्राप्त नहीं होती। **जैसे**–वर के नक्षत्र अश्विनी से कन्या के नक्षत्र मृगशिर तक गिनने पर 5वीं तारा (प्रत्यरि) होती है तथा कन्या के नक्षत्र मृगशिर से वर के नक्षत्र अश्विनी तक की नक्षत्र संख्या 24 हुई।

तारा गुण चक्र

शेषांक		वर								
		१	२	३	४	५	६	७	८	०
कन्या	१	3	3	1.5	3	1.5	3	1.5	3	3
	२	3	3	1.5	3	1.5	3	1.5	3	3
	३	1.5	1.5	0	1.5	0	1.5	0	1.5	1.5
	४	3	3	1.5	3	1.5	3	1.5	3	3
	५	1.5	1.5	0	1.5	0	1.5	0	1.5	1.5
	६	3	3	1.5	3	1.5	3	1.5	3	3
	७	1.5	1.5	0	1.5	0	1.5	0	1.5	1.5
	८	3	3	1.5	3	1.5	3	1.5	3	3
	०	3	3	1.5	3	1.5	3	1.5	3	3

तारादोष परिहार–(*i*) **राशीश मैत्री**–दोनों (वर-कन्या) के राशिस्वामी परस्पर मित्र-मित्र या मित्र-सम हों।

(*ii*) **राशीश एकता**–दोनों (वर-कन्या) का राशीस्वामी एक हो।

(*iii*) **नवमांशेश मैत्री**–दोनों के नवमांशेश मित्र-मित्र या मित्र-सम हों।

(*iv*) **नवमांशेश एकता**–दोनों के नवमांशेश एक हों।

(4) योनिकूट विचार–अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार जातक की योनि ज्ञात की जाती है। वर और कन्या की योनियों का आपसी वैर त्याज्य है। जैसे-गौ और व्याघ्र में, सिंह और गज, न्यौला और सर्प में, अश्व और महिष में, श्वान और हरिण में, वानर और मेष में, मूषक और मार्जार में, परस्पर महावैर (शत्रुता) है।

इसी प्रकार वर-वधू की योनियों में शत्रु-मित्रादि के सम्बन्धों के आधार पर गुणों की व्यवस्था की गई है।

योनि–बोधक चक्र

योनि	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिंह
नक्षत्र	अश्वि, शत	भर, रेव.	कृति, पुष्य	रोहि, मृग	आर्द्रा मूल	पुन, आश्ले.	मघा, पू.फा.	उ.फा., उ.भा.	हस्त स्वाती	चित्रा, विशा.	अनु ज्ये.	पू.षा., श्रव.	उ.षा. अभि.	धनि., पू.भा.

गुणविभाग –वर-कन्या की एक ही योनि होना शुभ है। योनियों में परस्पर अतिमित्रता हो तो ४ गुण, मित्र हो तो ३, सहज प्रकृति (उदासीनता) समान हो तो २, सामान्य वैर हो तो १ गुण तथा योनियों में अतिशत्रुता (महावैर) हो तो शून्य-अर्थात् गुणाभाव होगा।

योनि-गुण चक्र

योनि	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिंह
अश्व	4	2	3	2	2	3	3	3	0	1	3	2	2	1
गज	2	4	3	2	2	3	3	3	3	1	2	2	2	0
मेष	3	3	4	2	2	3	2	3	3	1	3	0	3	1
सर्प	2	2	2	4	2	2	1	2	2	2	2	2	0	2
श्वान	2	2	2	2	4	1	1	2	2	1	0	2	2	1
मार्जार	3	3	3	1	1	4	0	3	3	2	3	2	2	1
मूषक	3	3	2	1	2	0	4	2	2	2	2	2	1	2
गौ	3	2	3	2	2	2	2	4	3	0	3	2	3	1
महिष	0	3	3	2	2	2	2	3	4	1	2	2	2	1
व्याघ्र	1	1	1	2	1	1	2	0	1	4	2	1	2	2
मृग	3	3	3	2	0	2	2	3	2	1	4	2	2	1
वानर	2	2	0	2	2	2	2	2	2	1	2	4	2	1
नकुल	2	2	2	0	2	2	1	3	2	2	2	2	4	2
सिंह	1	0	1	2	1	2	2	1	1	2	1	1	2	4

(5) ग्रह मैत्री–ग्रह मैत्री कूट के सन्दर्भ में वर-कन्या के राशि स्वामियों का एक्य अथवा मैत्री भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी तथा नैसर्गिक 'मैत्री चक्र' का

ग्रह	मित्र	सम	शत्रु
मित्र	अति मित्रता	सामान्य मित्रता	सामान्य समता
सम	सामान्य मित्रता	समता	सामान्य शत्रुता
शत्रु	सामान्य समता	सामान्य शत्रुता	अतिशत्रुता

इसी प्रकार वर-वधू की योनियों में शत्रु-मित्रादि के सम्बन्धों के आधार पर गुणों की व्यवस्था की गई है।

भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी

सामान्य समता | सामान्य शत्रुता | अतिशत्रुता

विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि तालिका चक्र में दिया गया है।)

ग्रह-सम्बन्धों से अन्ततः 5 प्रकार बन जाते हैं। यथा-दोनों मित्र हो तो 'अधिमित्र', दोनों शत्रु हों तो 'अधिशत्रु' और दोनों में समभाव हो तो 'सम' कहलाते हैं। स्पष्टता चक्र से प्राप्य है-

ग्रह मैत्री गुण बोधक चक्र

वर / कन्या	सूर्य	चंद्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
सूर्य	5	5	5	4	5	0	0
चन्द्र	5	5	4	1	4	½	½
मंगल	5	4	5	½	5	3	½
बुध	4	1	½	5	½	5	4
गुरु	5	4	5	½	5	½	3
शुक्र	0	½	3	5	½	5	5
शनि	0	½	½	4	3	5	5

गुण विचार–वर-कन्या की राशियों में परस्पर अधि-मित्रता या राश्यैक होने पर 5 गुण, एक सम और दूसरा मित्र हो, तो 4 गुण, एक-दूसरे के सम हो, तो 3 गुण, एक मित्र दूसरा शत्रु हो, तो 1 गुण, एक सम दूसरा शत्रु हो, तो आधा गुण, दोनों की राशियां परस्पर शत्रु हों, तो शून्य अर्थात् गुणाभाव होता है।

अष्टकूटों में राशि स्वामी की मैत्री को विशेष महत्त्व दिया गया है। मिलान में वर्ण, योनि, गण और षडाष्टक दोष होने पर भी यदि परस्पर राशि मैत्री पाई जाती हो तो अन्य किंचिद् दोषों का निवारण हो जाता है। यथा-

गणदोषो योनि दोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्।
चत्वारि नैव दुष्यन्ति राशिमैत्री यदा भवेत्॥ —**बृहज्जयोतिः सार**

अपवाद–वर-कन्या के राशिपतियों में परस्पर वैर होने पर भी राशि नवांशपति परस्पर मित्र हो, तो विवाह शुभ माना जाता है। यथा-

राशिनाथे विरूद्धेऽपि सबल नवांशकाधिपौ।
तन्मैत्रेऽपि च कर्त्तव्य, दम्पज्योः शुभमिच्छता॥

(6) गण विचार–अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, स्वा., अनु., श्रव., रेवती नक्षत्रों का **देवता गण**, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भर० और आर्द्रा इन नक्षत्रों का **मनुष्यगण**, कृति., अश्ले, मघा, चित्रा, विशा., ज्ये., मूल, धनि. और शत. का **राक्षसगण**।

वर-कन्या का **एक ही गण** होने पर विवाह **उत्तम**, देव-मनुष्य हो तो शुभ, किसी एक का राक्षसगण और दूसरा मनुष्यगण हो अथवा किसी एक का देवगण और दूसरा राक्षस गण हो तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

गुण विभाजन–वर-कन्या का एक ही गण हो, तो ६ गुण, वर का देवगण एवं कन्या का मनुष्यगण हो तो भी ६ गुण, पर कन्या देवगण एवं वर का मनुष्यगण हो तो ५ गुण, एक का देवगण तथा दूसरा राक्षसगण अथवा एक का मनुष्यगण दूसरे का राक्षसगण हो, तो शून्य गुण होता है इत्यादि।

मनुष्यादि गणों का गुण बोधक चक्र

		वर		
	गुण	देव	मनुष्य	राक्षस
कन्या	देव	6	5	1
	मनुष्य	6	6	0
	राक्षस	0	0	6

गण दोष परिहार–

(क) राशिपतियों में परस्पर मित्रता या राशिनवांशपति में मित्रता हो, तो गणदोष नहीं रहता।
ग्रहमैत्री च राशिश्च विद्यते नियतं यदि। न गणभाव जनितं दूषणंस्याद विरोधदम्॥
गर्ग–मु. चिन्तामणि च

(ख) ग्रहमैत्री तथा वर-कन्या के नक्षत्रों की नाड़ियों में भिन्नता हो, तो गणदोष होने पर भी दोष नहीं होता। **–पीयूषधारा**

(ग) इसी भान्ति तारा, वश्य, योनि ग्रहमैत्री तथा भकूट की शुद्धि होने पर कोई दोषपत्ति नहीं होती। **–मुहूर्त्त मार्त्तण्ड**

(7) भकूट विचार–इसे 'राशिकूट' भी कहते हैं। भकूट का तात्पर्य वर एवं कन्या की राशियों के परस्पर अन्तर से है। यह छह प्रकार का होता है–प्रथम-सप्तक (समसप्तक), तृतीय एकादश, द्वितीय-द्वादश, चतुर्थ-दशम, पंचम-नवम (नवपंचम) तथा षडाष्टक (6-8).

इनमें द्विर्द्वादश, नवपंचम तथा षडाष्टक अशुभ भकूट हैं। तथा शेष (1-7), (3-11) तथा (4-10) शुभ भकूट होते हैं। भकूट को जानने की सरल विधि यह है कि वर की राशि से कन्या की राशि तक तथा कन्या की राशि से वर की राशि तक गणना करनी चाहिए। यदि दोनों की राशि आपस में दूसरी-बारहवीं हो तो द्विर्द्वादश भकूट होता है। तदनुसार गुण-विभाजन किया जाता है। स्पष्टता के लिए आगामी पृष्ठ पर चक्र देखें-

वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर छठे एवं आठवें हो, तो **षडाष्टक दोष** होता है। यदि वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर पांचवीं-नौवीं हो, तो **नव पंचम दोष**, यदि दोनों की राशियाँ परस्पर दूसरी और बारहवीं हो, तो **द्विद्वादश दोष** कहलाता है। **षडाष्टक दोष** (विशेषकर शत्रु-षडाष्टक) होने की स्थिति में वर-कन्या, इनके माता-पिता अथवा उनके किसी निकटस्थ बन्धु को मृत्यु-तुल्य कष्ट होने की सम्भावना होती है। **नवपंचम दोष** की स्थिति में विवाहित दम्पत्ति को संतान सम्बन्धी दुःख होने का भय होता है तथा **द्विद्वादश दोष** (शत्रुकूट) होने पर वर कन्या को धन हानि एवं आर्थिक परेशानियों का सामना रहता है।

षडाष्टक परिहार–(i) मेष-वृश्चिक, वृष-तुला, मिथुन-मकर, कर्क-धनु, सिंह-मीन तथा कन्या-कुम्भ आदि मित्र राशियों का षडाष्टक शुभ होता है, जबकि वैर-षडाष्टक ही विशेषतया त्याज्य होता है। यथा-१-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुगत षडाष्टक होने से त्याज्य माना जाता है।

भकूट गुण चक्र

	वर→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
कन्या की राशि	मेष	7	0	7	7	0	0	7	0	0	7	7	0
	वृष	0	7	0	7	7	0	0	7	0	0	7	7
	मिथुन	7	0	7	0	7	7	0	0	7	0	0	7
	कर्क	7	7	0	7	0	7	7	0	0	7	0	0
	सिंह	0	7	7	0	7	0	7	7	0	0	7	0
	कन्या	0	0	7	7	0	7	0	7	7	0	0	7
	तुला	7	0	0	7	7	0	7	0	7	7	0	0
	वृश्चि.	0	7	0	0	7	7	0	7	0	7	7	0
	धनु	0	0	7	0	0	7	7	0	7	0	7	7
	मकर	7	0	0	7	0	0	7	7	0	7	0	7
	कुम्भ	7	7	0	0	7	0	0	7	7	0	7	0
	मीन	0	7	7	0	0	7	0	0	7	7	0	7

(ii) परन्तु परिहारस्वरूप **तारा-शुद्धि, राशीश-मैत्री, राशिवश्यैक्य,** अथवा **राशि स्वामी ग्रह समान** होने पर षडाष्टक दोष भी ग्राह्य होता है। यथा-

न वर्गवर्णौ न गणो: न योनिर्द्विद्वादशे चैव षडाष्टके वा।
तारा विरुद्धे नव पंचमे वा मैत्री यदा स्यात्शुभदो विवाहः॥ –बृ. ज्योतिस्सार

नव पंचम परिहार–

(i) वर की राशि से कन्या की राशि पांचवीं हो और कन्या की राशि से वर की राशि ९वीं हो, तो यह नव-पंचम शुभ होता है–

वरस्य पंचमे कन्या, कन्यायां नवमेवरः। एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यां पुत्रपौत्र सुखावहम्॥
–बृहज्योतिषः सारः

(ii) मीन-कर्क, वृश्चिक-कर्क, मिथुन-कुम्भ और कन्या-मकर-ये चार नवपंचक विशेषतया त्याज्य माने जाते हैं।

मीनालिम्यां युते कीटे कुम्भे मिथुन संगते। मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवजचमे॥–शार्गंधर

(iii) वर-कन्या दोनों के चन्द्र राशि अधिपति अथवा राशि नवांशपति परस्पर मित्रक्षेत्री हों, तो नवपंचम अविचारणीय है।

द्वि-द्वादश दोष का परिहार–

(i) लड़के की राशि से कन्या की राशि दूसरी हो तो कन्या धन हानिकारक और १२वीं हो तो वह धनवती और पतिप्रिया होती है।

(ii) १-२, ३-४, ५-६, ७-८, ९-१० एवं ११-१२ राशियों का द्वि-द्वादश शत्रु-द्विद्वादश एवं च अनिष्टकर मानते हैं।

(iii) मतान्तर में **सिंह और कन्या** द्वि-द्वादश ग्राह्य है। **–मुहूर्त्तमार्त्तण्ड**

इसके अतिरिक्त कुछ परिस्थितियों में वर-कन्या की परस्पर राशि-स्थिति विशेष शुभकारी होती है। जैसे-वर-कन्या, दोनों की एक ही राशि १०वें का होना, दोनों की राशियों का परस्पर ३-११वें (त्रिरेकादश) होना, दोनों की राशियों का आपस में ४-१०वें होना एवं च दोनों की राशियों का परस्पर सप्तम (**समसप्तक**) होना वर-कन्या के वैवाहिक जीवन के लिए शुभफल प्रद होता है। परन्तु **अपवाद** रूप में, कर्क-मकर का तथा सिंह-कुम्भ राशियों का समसप्तक योग वर-कन्या के विवाह में शुभ नहीं माना गया–

मकरे कर्कटे चैव कुम्भे सिंहे तथैव च।
परस्परं सप्तमे च वैधव्यं तु विनिर्दिशेत्॥ **–ज्योतिनिवन्ध**

(८) नाड़ी दोष विचार–अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है। 36 गुणों में से इसके 8 गुण होते हैं। भिन्न नाड़ी के आठ गुण तथा नाड़ी समान होने पर गुणाभाव अर्थात् शून्य गुण होता है।

अश्वन्यादि २७ जन्म नक्षत्रों को तीन नाड़ियों (पंक्तियों) में विभाजित किया गया है–आदि, मध्य और अन्त्य। इनका विवरण निम्न चक्र में दिया गया है।

नाड़ी चक्र

आदि नाड़ी	अश्वि	आर्द्रा	पुन	उ.फा.	हस्त	ज्ये.	मूल	शत	पू.भा.
मध्य नाड़ी	भर	मृग	पुष्य	पू.फा.	चित्रा	अनु.	पूषा	धनि	उ.भा.
अन्त्य नाड़ी	कृति	रोह	श्ले.	मघा	स्वा	विशा	उ.षा.	श्रव	रेव

वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की **आदि (प्रथम)** नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग आदि, **मध्य नाड़ी** हो, तो दोनों की हानि तथा **अन्त्य** नाड़ी हो तो वैधव्य या अतिशय दुःख होता है।**–बृहज्योतिषसार**

वर-कन्या के नक्षत्र एक ही नाड़ी वाले हों, तो नाड़ी दोष माना जाता है। एक समान नाड़ी वाले वर-कन्या को ज्योतिषाचार्यों ने बहुत अशुभ माना है।

विवाह में नाड़ी दोष का आचार्यों द्वारा विशेष महत्त्व दिया गया है। नारद ऋषि अनुसार–

एक नाडी विवाहश्च गुणैः सर्वे समन्वितः।
वर्जनीयः प्रयत्नेन दम्पत्योः निधनं यतः॥ (नारद)

गुण मिल रहे हों, परन्तु वर-कन्या की एक ही नाड़ी का

प्रयत्नपूर्वक त्याग करना चाहिए। यह दोष दम्पत्ति के लिए अनिष्टकर/घातक माना जाता है। नाड़ी दोष में एक ही नक्षत्र और समान नक्षत्र चरण होने पर भी सभी आचार्यों ने एकमत से अनिष्टकारी कहा है।

नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार–

(*i*) वर-कन्या की एक ही राशि हो, परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हों।

(*ii*) वर-कन्या दोनों का जन्म नक्षत्र एक हो, परन्तु राशियाँ भिन्न-भिन्न हों, तो नाड़ी दोष अविचारणीय है। (विवाह वृन्दावन)

(iii) वर-कन्या, दोनों का नक्षत्र एक हो, परन्तु चरण भिन्न-भिन्न हों।

(iv) नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्णदोष क्षत्रियों के लिए, गण दोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है–

नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पाद्जान्॥

ध्यान रहे, ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए नाड़ी दोष नितान्तः उपेक्षनीय नहीं होता॥

हमारे मतानुसार नाड़ी दोष का विचार सभी जाति के वर-कन्याओं के मिलान के सम्बन्ध में समान रूप से करना चाहिए। विशेष रूप से कर्क, वृश्चिक तथा मीन (४, ८, १२) राशियों के सन्दर्भ में।

(v) यदि वर-कन्या दोनों की एक राशि हो, परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा यदि दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हो, एवं च नक्षत्र चरण भिन्न (पाद भेद) हो, तो ऐसी स्थिति में नाड़ी एवं गण दोष नहीं होता–अर्थात् शुभ होता है।

राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।
नाड़ी दोषों नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥–मुहूर्त संग्रह दर्पण

यद्यपि वर-कन्या का एक ही नक्षत्र अथवा एक ही राशि का होने से नाड़ी दोष का परिहार माना गया है, परन्तु यदि दोनों के नक्षत्र चरणों में समानता हो अथवा नक्षत्रों में पाद वेध* हो, तो विवाह सर्वदा त्याज्य एवं वर्जित होगा। यथा–

एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते। अन्यर्क्षनाड़ीवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा॥
–ज्योतिष तत्त्व प्रकाश

अन्यत्र भी कहा गया है– **दम्पत्योरेक नक्षत्र भिन्नपादे शुभावहम्।**
दम्पत्योरेकपादे तु वर्षान्ते मरणं ध्रुवम्॥ (का. नि.)

पराशरानुसार भी यही अभिमत है–

पराशरः प्राह नवांशभेदाद एकनक्षत्र राशचोरपि सौमनस्यम्॥

***नोट**–ध्यान रहे, किसी नक्षत्र के प्रथम पाद और चतुर्थ पाद तथा दूसरे एवं तीसरे पाद में परस्पर वेध होना भी पाद-वेध कहलाता है।

(vi) '**नरपतिजचर्या**' अनुसार वर कन्या के नक्षत्र चरणों के I & IV, II & III तथा IV & I, III & II चरणों के मध्य ही पादवेध चरणों का विचार करना अनिवार्य होता है। इसके अतिरिक्त अन्य नक्षत्र चरणों के वेध जैसे I & III, II & IV नक्षत्र चरणों में वेधाभाव होने के कारण स्वल्पदोष रह जाता है। (मुहूर्त्त-चिन्तामणि)-पीयूषधारा-

आद्यांशेन चतुर्थांशं चतुर्थांशेन चादिमम्। द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥
ययो भांशव्यधश्चैवं जायते वर कन्ययोः। तयो मृत्युर्न सन्देहः शेषांशाः स्वल्पदोषदाः॥

(vii) 'ज्योतिष चिन्तामणि' अनुसार रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, ज्येष्ठा, कृतिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद–इन नक्षत्रों में उत्पन्न वर-कन्या को नाड़ी दोष नहीं लगता।

रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नी पुष्यश्रवणपौष्णभम्।
अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥ –ज्यो० चिन्तामणि

नाड़ी आदि दोषों का परिहार होने की स्थिति में उनसे सम्बन्धित आधे गुणों को जोड़ (जमा कर) देने का भी विधान है।

उपयुक्त उपायों से परिहार–

हमारे मतानुसार गण, योनि, षडाष्टक, द्विद्वादश, नाड़ी आदि अष्टकूटों में परिहार वाक्य उपलब्ध हो जाने पर भी अपनी शक्ति एवं सामर्थ्यानुसार यथोचित संख्या में जप, पाठ, दानादि करवा लेना चाहिए।

'बृहस्पति संहिता' के अनुसार नाड़ी दोष की शान्ति के लिए **श्रीमृत्युञ्जय मन्त्र** का जाप (यथोचित संख्या में) करके ब्राह्मणों को गौ, वस्त्र, अनाज, घृतादि सहित भोजन एवं सुवर्ण, चांदी, रत्नों की दक्षिण आदि से सन्तुष्ट करने से नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है–

अन्यत्र भी लिखा है–श्री महामृत्युञ्जय के जप-पाठ के उपरान्त–

षडाष्टके गोमिथुनं प्रदेयं, कास्यं सरूप्यं नवपंचमेच।
नाड्यां सुवर्णान्नमथो सुधेनुं द्विद्वादशे ब्राह्मणतर्पणं च॥

अर्थात् शत्रु षडाष्टक दोष होने पर गोमिथुन (एक गाय, एक बैल), **नवपंचम** में चांदी-कांसे का बर्तन, **नाड़ी दोष** में गाय, अन्न, सुवर्ण-वस्त्र का दान तथा **द्विद्वादश** में ब्राह्मणों एवं सुपात्र जनों को यथाशक्ति भोजन, दान-दक्षिणादि द्वारा सन्तुष्ट करने से मिलान सम्बन्धी **अष्टकूट दोषों** की शान्ति हो जाती है।

वर-कन्या की कुण्डली में नाड़ी-दोष हो, परन्तु अत्यन्त आवश्यक परिस्थितिवश विवाह करना आवश्यक हो, तो उस स्थिति में वर/कन्या का अर्क/कुम्भ विवाह, महामृत्युंजय जप, सुवर्ण, रत्न, चांदी, अनाजादि के दान, ब्राह्मण भोजन आदि के पश्चात् ही विवाह कार्य करना प्रशस्त होगा– **हेमाग्ध्यरत्नगोदानं मृत्युञ्जयजपस्तथा।**
कुर्यादवश्यमुद्वाहे नाडीदोषाऽपनुत्तये॥ (मुहूर्त्त गणपति)

शुद्ध वर-कन्या मेलापक सारिणी (भाग-१)

वर/नक्षत्र →		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
कन्या नक्षत्र ↓		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
मेष	अश्वि 1 से 4	२८ 8	३३ 4	२८ 3,6	१८॥ 1236	२१॥ 1,2,3	२२॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	१७ 1,5,8	१९ 1358	२३॥ 3,8	३१॥ 3	२८ 6	२१ 6,9,व	२५ 9,व	१५ 389व	११ 3578	९ 14578	१३॥ [illegible]
	भर 1 से 4	३४ 4	२८ 8	२९ 6	१९ 1,2,6	२३ 1,2,3	१४॥ 1238	१८ 1358	२६॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	३१॥ 3	२३॥ 3,8	२५ 3,6	२० 6,9,व	१८॥ 8,9व	२६ 9,व	२१॥ 1,5,7	२० 1357	५ [illegible]
	कृति 1 चरण	२७॥ 3,6	२९ 6	२८ 8	१८ 1,2,8	१० 1268	१६॥ 1236	२० 1356	२०॥ 1356	२१ 1356	२५॥ 3,6	२६॥ 3,6	२३॥ 3,8	१७ 389व	२० 6,9व	२० 6,9व	१५॥ 1567	१६ 1567	१८ [illegible]
वृष	कृति 2,3,4	१९ 2,3,6	२० 2,6	१९ 2,8	२८ 8	२० 6,8	२६॥ 3,6	१७॥ 2,3,6	१७॥ 2,3,6	१८॥ 2,3,6	२२ 3,5,6	२३ 3,5,6	२० 3,5,8	१९ 358व	२२ 5,6व	२२ 5,6व	२१ 6,9	२१ 6,9	२३॥ [illegible]
	रोह 1 से 4	२४ 2,3	२३॥ 2,3	११ 2,6,8	२० 6,8	२८ 8	३६	२७ 1,2	२४ 1,2,3	२३ 1234	२६ 3,4,5	२७ 3,5	१२॥ 3468	१०॥ 3568	२४॥ 3,5व	२७ 5,व	२६ 4,9	२६ 4,9	[illegible]
	मृग 1-2	२३॥ 2,3	१५ 2,3,8	१९ 2,3,6	२७॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१९॥ 1,2,8	२४॥ 1,2,4	२३ 1234	२६ 3,4,5	१९ 3,5,8	२१ 3,5,6	१९॥ 456व	१५ 3458	२४॥ 3,5व	२४ 3,9	२६ 4,9	[illegible]
मिथुन	मृग 3-4	२७ 3,5	१८ 3,5,8	२२ 3,5,6	२० 2,3,6	२७॥ 2,व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	३१॥ 3,4	१९॥ 2,4,5	१२ 2358	१४॥ 2356	२४ 3,4,6	२० 348व	२८॥ 3,व	३१॥ 3	३४ 4	[illegible]
	आर्द्रा 1 से 4	१९॥ 3,5,8	२७॥ 3,5	२१॥ 3,5,6	१९ 2,3,6	२५ 2,3,4	२६ 2,4	३४ -	२८ 8	२५ 4,8	१३ 24568	२०॥ 235व	१३ 2356	२४ 3,6,व	२९॥ 3,4व	२१॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,8	२५ 3,4,8	[illegible]
	पुन. 1,2,3	२० 3,5,8	२७ 3,5	२३॥ 3,5,6	२०॥ 2,3,6	२३ 2,3,4	२४ 2,3,4	३१॥ 3,4	२४ 4,8	२८ 8	१६ 258व	२३ 2,5,व	१७ 235व	२३ 346व	२७ 3,4व	२२ 3,8व	२५ 3,8	२६ 3,8	[illegible]
कर्क	पुन. 4	२३ 1,3,8	२९॥ 1,3	२५॥ 1,3,6	२२ 1356	२४ 1345	२५ 1345	१८ 1245	१० 12568	१५ 1258	२८ 8	३५ -	२९॥ 3,6	१६॥ 1246	२०॥ 1234	१५॥ 1238	१८ 1358	१९॥ 1358	[illegible]
	पुष्य 1 से 4	३०॥ 1,3	२१॥ 1,3,8	२७ 1,3,6	२३ 1356	२५ 1,3,5	१८ 1358	११॥ 12358	१८॥ 1235	२२ 125व	३५ -	२८ 8	३० 6	२० 1236	१५॥ 1238	२३॥ 1,2,3	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	[illegible]
	श्ले. 1 से 4	२६ 1,6	२५ 1,3,6	२३ 1,3,8	१९ 1358	११॥ 14568	१९ 1456	१३ 12456	१२ 12456	१५॥ 1256	२८ 3,6	२९ 6	२८ 8	१५ 1248	१५॥ 1246	१८॥ 1236	२१॥ 1356	२१ 1356	[illegible]
सिंह	मघा 1 से 4	२० 6,9,व	२० 6,9,व	१६॥ 8,9,व	१७॥ 158व	९॥ 1568व	१७॥ 156व	२१॥ 146व	२२॥ 136व	२१ 1346व	१६॥ 2,4,6	२० 2,3,6	१६॥ 2,4,8	२८ 8	३० 6	२७ 3,6	१६ 1236	१६॥ 1236	२१॥ [illegible]
	पू.फा. 1 से 4	२६ 9,व	१८॥ 8,9,व	२० 6,9,व	२१ 156व	२३॥ 145व	१५॥ 1458	२० 148व	२८॥ 1,3,व	२६ 1,4,व	२२॥ 2,3,4	१७॥ 2,3,8	१६॥ 2346	३० 6	२८ 8	३५	२४ 1,2व	२३ 123व	७॥ [illegible]
	उ.फा. 1	१७ 8,9,व	२६ 9,व	२१ 6,9,व	२१ 156व	२६ 1,5,व	२५ 135व	२८॥ 1,3व	२१ 1,3,8	२१॥ 1,3,8	१७॥ 2,3,8	२५॥ 2,3	२० 2,3,6	२७॥ 3,6	३५ -	२८ 8	१७ 128व	१६॥ 128व	१३॥ [illegible]
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१३ 3578	२२॥ 5,7	१६ 5,6,7	२१ 6,9	२६ 4,9	२४॥ 3,9	३१॥ 1,3	२३॥ 1,3,8	२४॥ 1,3,8	२० 3,5,8	२८ 3,5	२२॥ 3,5,6	१८ 2,6,व	२५ 2,व	१८ 2,8व	२८ 8	२७॥ 8	२५ 3,4,6
	हस्त 1 से 4	१० 34578	२० 3,5,7	१७॥ 5,6,7	२२ 6,9	२५ 9	२६ 9	३३ 1,4	२२॥ 1,3,8	२४ 1,3,8	२० 358व	२८ 3,5व	२३ 3,5,6	१८॥ 236व	२२॥ 2,3व	१६ 2,8व	२६ 8	२८ 8	२८ 4,6
	चित्रा 1,2	१३ 3567	४॥ 45678	१९ 3,5,7	२४ 3,4,9	२० 6,9	१२॥ 6,8,9	१९ 1,6,8	२६ 1,4,6	२५॥ 1,3,6	२१॥ 356व	१२॥ 3568व	२७ 35,व	२२॥ 2,3,व	८॥ 2368व	१४॥ 2346व	२४॥ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1 ,2 ,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-२)

	वर/नक्षत्र → कन्या नक्षत्र ↓	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
		अश्वि 1 से 4	भर. 1 से 4	कृति 1	कृति 2,3,4	रोह 1 से 4	मृग 1,2	मृग 3,4	आर्द्रा 1 से 4	पुर्न 1,2,3	पुर्न 4	पुष्य 1 से 4	श्ले 1 से 4	मघा 1 से 4	पू.फा. 1 से 4	उ.फा. 1	उ.फा. 2,3,4	हस्त 1 से 4	चित्रा 1,2
तुला	चित्रा 3,4	२२॥ 3,4,6	१४ 3468	२८॥ 3,4	२४ 3,7	२०॥ 4,6,7	१२ 6,7,8	१३ 6,8,9	२१ 4,6,9	१९॥ 3,6,9	२०॥ 3,5,6	११ 3568	२६॥ 3,5,व	२५॥ 3,5,व	११॥ 3568	१७॥ 456व	१७॥ 2346	२० 2,4,6	२१ 2,8
	स्वा. 1 से 4	२७॥ 3,4	२१॥ 3	१७॥ 3,6,8	१३ 3678	१५॥ 3,7,8	२६ 4,7	२७ 9	२६॥ 4,9	२८ 9	२१ 5,व	२७ 3,5	१४ 3568	१३ 3568	२५॥ 3,5व	२५॥ 3,5व	२६ 2,3	२७॥ 2,3	२१ 2,4,6
	विशा 1,2,3	२२॥ 3,4,6	२३ 3,4,6	२०॥ 3,4,8	१५॥ 3478	१०॥ 3678	१८॥ 3,6,7	२० 3,6,9	२० 4,6,9	२१ 4,6,9	२२ 56,व	२१॥ 4,5,6	१८॥ 3,5,8	१७॥ 358,व	१९॥ 356व	१७॥ व3456	१७॥ 2346	१९ 2346	२७॥ 2,3
वृश्चिक	विशा 4	१७ 1467	१७ 1467	१४॥ 1478	१९॥ 1,4,8	१४॥ 1368	२२॥ 1,3,6	१२॥ 1567	१३ 1567	१३॥ 1567	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	१५॥ 3,8,9	२२ 1,3,8	२३॥ 136व	२१॥ 146व	१७॥ 1456	१८ 1456	२७ 135व
	अनु. 1 से 4	२५ 1,3,7	१५॥ 1378	२० 1367	२४॥ 1,3,6	२७॥ 1,3,4	२०॥ 1,3,8	१० 13578	१५ 13457	२०॥ 1,5,7	२६॥ 9	१८॥ 8,9	२१ 6,9	२५ 1,3,6	२१ 138व	२१॥ 1,3व	२५ 135व	२६ 135व	११॥ 1358
	ज्ये. 1 से 4	१२ 1678	१८॥ 1367	२५ 1,3,7	२१॥ 1,3	२२॥ 1,3,6	२२॥ 1,3,6	१३ 13567	३ 134578	५॥ 135678	१०॥ 3689	२० 6,9	२६ 9	३१ 1,4,व	२४ 136व	१७ 1368	१३ 13568	१३ 1568व	२४॥ 1345
धनु	मूल 1 से 4	१२ 4689	२१ 6,9	२५ 3,9	१९॥ 1,5,7	१३ 1567	१३॥ 1567	२१ 1356	१५ 1568	१२ 14568	७॥ 4678	१७॥ 3,6,7	२४ 4,7	२५ 9,व	२० 6,9व	९॥ 689व	१३ 1568	१३ 1568	२६ 1,4,5
	पू.षा. 1 से 4	२६ 9	१८॥ 8,9	१८॥ 4,6,9	१२॥ 14567	१८॥ 1457	११ 14578	१८॥ 1458	२७ 1,3,5	२७ 1,3,5	२३॥ 37,व	१३ 3478	१७॥ 3,6,7	१९ 6,9,व	१७॥ 8,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२७ 1,3,5	१३॥ 13568
	उ.षा. 1	२५ 3,9	२६ 4,9	१२ 4689	६ 15678	१० 14578	१७ 1457	२५ 1,4,5	२७ 1,3,5	२७॥ 1,3,5	२३॥ 37,व	२३॥ 3,7,व	८॥ 678व	८॥ 4689	२४ 4,9व	२५ 9,व	२८॥ 1,5	२८॥ 1,5	२१ 1,5,6
मकर	उ.षा. 2,3,4	२७ 3,5	२८॥ 4,5	१४॥ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२३ 3,4,9	२१ 1347	२२ 1,3,7	२२॥ 1,3,7	२८ 3,5	२८ 3,5	१४ 3568	४॥ 45678	२० 4,5,7	२१ 4,5,7	२४॥ 9,व	२५ 9,व	१७॥ 4,6,9
	श्रव 1234	२७ 3,5	२६॥ 3,4,5	१४ 4568	१२ 4689	१६ 4,8,9	२६ 4,9	२३ 147व	२१ 1,3,7	२२ 1,4,7	२८ 4,5	२६ 4,5	१५ 4568	६॥ 5678	१८॥ 4,5,7	२० 4,57	२४ 4,9व	२४॥ 4,9व	१९॥ 4,6,9
	धनि 1,2	२० 3456	११॥ 34568	२६ 3,4,5	२४ 3,4,9	२०॥ 4,6,9	१२ 4689	९ 1678	१६ 1467	१६ 1467	२२ 4,5,6	१३ 4568	२८ 4,5	१९॥ 4,5,7	५॥ 5678	१२॥ 4567	१६ 469व	१८ 469व	१५ 489व
कुम्भ	धनि 3,4	२० 4,5,6	१०॥ 4568	२६ 3,4,5	३०॥ 3,4	२७ 4,6	१९॥ 4,6,8	१२ 4,8,9	१९ 4,6,9	१८॥ 3469	१३ 4567	४॥ 45678	१९॥ 357व	२५॥ 3,5,व	११ 568व	१८॥ 456व	१८ 4,6,7	१९ 4,6,7	१७ 4,7,8
	शत 1 से 4	१५ 3568	२१ 3,5,6	२८ 3,5	३२॥ 3	२५॥ 3,4,6	२७ 4,6	२० 4,6,9	१२ 4698	१३ 6,9,8	८ 5678व	१४ 567व	२१ 5,7,व	२६॥ 3,5,व	२०॥ 356व	१२॥ 568व	११॥ 3678	९ 4678	२५ 4,7
	पू.भा. 1,2,3	१८ 4,5,8	२५ 3,4,5	२० 4,5,6	२५ 3,4,6	३१॥ 3,4	३१॥ 3,4	२५ 3,4,9	१७॥ 4,8,9	१८॥ 4,8,9	१३॥ 4578व	२० 457व	१३ 3567व	१९॥ 5,6,व	२५॥ 4,5व	१६॥ 458व	१५॥ 4,7,8	१५॥ 3478	१७॥ 3467
मीन	पू.भा. 4	१४॥ 1248	२२ 1234	१६॥ 1246	१९ 1456	२६ 1345	२६ 1345	२६ 145व	१८॥ 1व458	१९ 1458	१८ 4,8,9	२५ 4,9	१९ 4,6,9	१८ 1467	२३॥ 1347	१४॥ 1478	१६ 1458व	१७ 1458	१८॥ 1456
	उ.भा. 1 से 4	२५ 1,2,3	१७ 1238	१९ 1236	२१ 1356	२६ 135	१८ 1358	१७॥ 1358	२५ 135व	२८ 1,5,व	२७॥ 9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	१९ 1367	१७ 1378	२६ 1,3,7	२७॥ 135व	२७ 135व	१० 14568
	रेव 1 से 4	२५ 1,2,4	२४॥ 1,2,3	११ 1268	१४ 1568	१७॥ 1358	२६ 1,3,5	२५ 135व	२४॥ 135व	२६ 1,3,5	२६ 3,9	२७॥ 9	१४ 6,8,9	१३ 1687	२३॥ 1,3,7	२४ 1,3,7	२६ 135व	२७ 135व	११॥ 1456

नोट–गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-३)

कन्या	नक्षत्र ↓ / वर/नक्षत्र →	तुला			बृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन	
		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूल 1 से 4	पू.षा. 1 से 4	उ.षा. 1 चरण	उ.षा. 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1 से 4
मेष	अश्वि 1 से 4	२२ ॥ 1346	२६ ॥ 1,3,4	२२ ॥ 1346	१८ ॥ 3467	२५ ॥ 3,7	१४ ॥ 6,7,8	१३ 6,8,9	२५ 4,9	२३ ॥ 1,3,9	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	२० 1456	२० ॥ 1456	१५ 1358	१६ 1358	१५ 2348	२५ 2,3
	भर 1 से 4	१३ ॥ 1368	२९ 1,3	२१ ॥ 1,3,6	१७ ॥ 3467	१७ ॥ 378	२० 3,6,7	२० 6,9	१८ ॥ 8,9	२६ 9	२७ ॥ 1,5	२६ 1,3,5	१० 14568	९ ॥ 14568	२० 1356	२४ 1345	२३ 2,3,4	१७ ॥ 2,3,8
	कृति 1 चरण	२७ ॥ 1,3,4	१५ 1368	१९ ॥ 1348	१५ ॥ 3478	१९ ॥ 3,6,7	२५ ॥ 3,7	२५ 3,9	१८ ॥ 4,6,9	१२ ॥ 6,8,9	१३ ॥ 1568	१२ 14568	२५ 1,3,5	२५ ॥ 1,3,5	२७ 1,3,5	१९ ॥ 1356	१७ ॥ 2346	१९ ॥ 2,3,6
वृष	कृति 2,3,4	२३ 1347	११ 13678	१४ ॥ 1378	२० ॥ 3,4,8	२४ ॥ 3,6	३० ॥ 3	२० 3,5,7	१४ 4567	७ 5678	१२ 6,9,8	१० ॥ 4689	२४ 3,4,9	२९ ॥ 1,3,4	३१ ॥ 1,3	२३ ॥ 1346	२० 3456	२२ 3,5,6
	रोह 1 से 4	१९ ॥ 1,6,7	१५ ॥ 1378	९ ॥ 1678	१५ 1368	२९ ॥ 3,4	२४ 3,6	१४ ॥ 3567	१९ ॥ 3,5,7	११ ॥ 4578	१६ 4,8,9	१७ ॥ 4,8,9	२० ॥ 4,6,9	२६ 1,4,6	२५ 1,3,6	३१ 1,3	२७ 3,4,5	२७ 3,4,5
	मृग 1-2	१२ 1678	२५ ॥ 1,7	१९ 1367	२५ 3,6	२१ ॥ 3,5,8	२४ ॥ 3,6	१५ 3567	१० ॥ 3578	१७ ॥ 3457	२२ 3,4,9	२५ ॥ 4,9	१३ 4689	१९ ॥ 1468	२७ 1,4,6	२९ ॥ 1,3,4	२६ 3,5	१८ 3,5,8
मिथुन	मृग 3-4	१४ 6,8,9	२७ 4,9	२१ 3,6,9	१४ 3567	११ 3578	१४ 3567	२३ 3,5,6	१८ ॥ 3458	२५ 3,4,5	२० ॥ 347व	२४ 4,7,व	११ 678व	१३ 6,8,9	२१ ॥ 6,9	२४ 3,9	२५ ॥ 3,5,व	१७ ॥ 3,5,8
	आर्द्रा 1 से 4	२१ 4,6,9	२७ 9	२० ॥ 4,6,9	१३ 4567	१७ ॥ 3457	३ 345678	१६ 3568	२८ 3,5	२८ 3,5	२३ ॥ 3,7व	२३ ॥ 3,7,व	१८ 467व	१९ ॥ 4,6,7	१२ ॥ 689	१७ ॥ 4,8,9	१९ 5,8,व	२६ ॥ 3,5व
	पुन. 1,2,3	२१ 3,6,9	२८ 9	२२ 6,9	१५ 5,7व	२२ 5,7व	७ 35678	१४ 34568	२७ 3,5	२७ 3,5	२२ ॥ 3,7व	२३ ॥ 3,7,व	१७ ॥ 3467	१९ 3469	१४ 6,8,9	१६ 4,8,9	१८ ॥ 4,8,9	२८ 5,व
कर्क	पुन. 4	२१ 1356	२८ 1,5व	२२ 156व	२० 6,9	२६ 9	१२ 3689	८ ॥ 14678	२१ 147व	२१ ॥ 147व	२६ 1,3,5	२७ 1,3,5	२१ 1456	१२ 14567	८ ॥ 1567	१० ॥ 14578	१६ ॥ 4,8,9	२६ ॥ 9
	पुष्य 1 से 4	११ 14568	२६ ॥ 1व35	२१ ॥ 1456	१९ ॥ 4,6,9	१८ ॥ 8,9	२१ 6,9	१७ ॥ 1367	११ ॥ 1478	२१ ॥ 1347	२६ 1,3,5	२५ 1345	१३ 13568	४ ॥ 145678	१४ 13567	१८ ॥ 1457	२४ 4,9	१८ ॥ 8,9
	श्ले. 1 से 4	२५ ॥ 1,3,5	१२ 1568	१७ ॥ 1,5,8	१५ 3,8,9	२० ॥ 6,9	२६ 9	२३ व 1,4,7	१६ 1367	७ ॥ 3678	१३ 4568	१३ 4568	२६ 1,4,5	१७ ॥ 1457	२० 1357	११ 14567	१८ 4,6,9	२१ 6,9
सिंह	मघा 1 से 4	२४ ॥ 1,3,5	११ ॥ 13568	१६ ॥ 1358व	२२ ॥ 3,8व	२६ 3,6व	३३ व	२५ 9,व	१९ ॥ 6,9व	८ ॥ 689व	३ ॥ 15678	४ ॥ 15678	१८ ॥ 1,5,7	२४ ॥ 1,5,व	२५ ॥ 1,5,व	१८ ॥ 156व	१९ 3,6,7	२० 3,6,7
	पू.फा. 1 से 4	१० ॥ 1568	२५ ॥ 135व	१८ ॥ 156व	२४ 3,6व	२३ ॥ 3,8व	२५ ॥ 3,6व	२० 6,9व	१७ ॥ 8,9,व	२४ 4,9व	१९ 1,5,7	१८ ॥ 1,5,7	४ ॥ 15678	११ 1568	१९ ॥ 156व	२४ ॥ 135व	२५ 3,7	१७ ॥ 3,7,8
	उ.फा. 1	१७ 13456	२५ ॥ 1,3,5	१६ ॥ 13456	२२ ॥ 3,4,6	३१ ॥ 3,व	१७ ॥ 3,6,8	९ ॥ 3689	२५ 9,व	२५ ॥ 9,व	२० 1,5,7	२० 1,5,7	११ ॥ 1567	१७ ॥ 1356	११ 3568	१५ ॥ 358व	१६ 3478	२६ ॥ 3,7
कन्या	उ.फा. 2,3,4	१६ ॥ 1246	२५ ॥ 1,2,3	१७ 1246	१८ 456व	२७ ॥ 3,5व	१३ ॥ 568व	१४ 3568	२९ ॥ 5	२९ ॥ 5	२४ ॥ 9,व	२५ 9,व	१७ 3,6,9	१६ ॥ 1367	१० ॥ 3678	१४ ॥ 1378	१७ ॥ 3,5,8	२८ 3,5व
	हस्त 1 से 4	२० 1246	२६ ॥ 1,2,3	१८ ॥ 1236	२० 3456	२६ 3,5व	१३ ॥ 3568	१५ 3568	२७ 3,5	२८ ॥ 5	२४ 9,व	२४ 9,व	१९ 4,6,9	१९ 1467	८ ॥ 34678	१३ ॥ 1378	१६ ॥ 3458	२६ ॥ 3,5व
	चित्रा 1,2	२० 1,2,8	१९ 1246	२६ ॥ 1,2,3	२८ ॥ 3,5व	११ 3568	२५ 345व	२७ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	१७ ॥ 3,6,9	१९ 6,9,व	१५ ॥ 4,8,9	१६ 1478	२४ 1,4,7	१६ ॥ 1467	१९ ॥ 3456	१० 34568

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1 ,2 ,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-४)

वर/नक्षत्र कन्या नक्षत्र		तुला			बृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन		
		चित्रा 3,4	स्वा. 1 से 4	विशा 1,2,3	विशा 4	अनु 1 से 4	ज्ये 1 से 4	मूल 1 से 4	पू.षा. 1 से 4	उ.षा. 1 चरण	उ.षा. 2,3,4	श्रव 1 से 4	धनि 1,2	धनि 3,4	शत 1 से 4	पू.भा. 1,2,3	पू.भा. 4	उ.भा. 1 से 4	रेव 1 से 4
तुला	चित्रा 3,4	२८ 8	२७ 4,6	३४ 3	२३॥ 2,3व	६ 2348व	२१ 234व	२७॥ 3,4,5	१४ 3568	२२ 3,5,6	२५ 3,6,व	२७ 6,व	२३॥ 4,8,व	१८॥ 4,8,9	२६ 4,9	१९ 3469	१२ 4567	३ 345678	१२ 34567
	स्वा. 1 से 4	२८ 4,6	२८ 8	२० 4,6,8	१० 248व	२१॥ 2,3व	१६॥ 236व	२३ 3,5,6	२७ 3,5	१९ 3,5,8	२२ 3,8,व	२३ 3,8,व	२७ 4,6	२१ 4,6,9	२० 4,6,9	२५ 4,9	१९ 457,व	१९॥ 357,व	१२ 3578
	विशा 1,2,3	३४॥ 3	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8व	१६ 246व	२१॥ 234व	२७॥ 3,4,5	२२ 3,5,6	१४ 3568	१७ 368व	१७॥ 368व	३०॥ 3,4,व	२५ 3,4,9	२६ 4,9	२० 4,6,9	१४ 4567	१३॥ 4567	४ 45678
बृश्चिक	विशा 4	२३ 123व	७ 12468व	१६॥ 128व	२८ 8	२७॥ 4,6	३१॥ 3,4	२२ 1234	१७॥ 1362व	९ 12368	१२॥ 13568	१२॥ 13568	२५ 1345	२४ 1345	२६ 145,व	२० 1456	१९॥ 4,6,9	१८॥ 4,6,9	९॥ 4689
	अनु. 1 से 4	६॥ 12व68	२२ 123व	१६ 1246	२८ 4,6	२८ 8	३१ 6	१५ 12346	१३॥ 1238व	२२ 123व	२५ 1,3,5	२६ 1,3,5	१२ 13568	११ 1358	२१ 1356	२४॥ 145व	२४ 4,9	१८॥ 8,9	२७॥ 9
	ज्ये. 1 से 4	१९॥ 1234	१५ 126व	१९॥ 1234	३१॥ 3,4	३० 6	२८ 8	१४॥ 1248	१७॥ 1236	१७॥ 1व236	२० 1356	२० 1356	२५ 1,3,5	२४ 1345व	१८ 1358	१० 13568	९॥ 3689	२१॥ 6,9	२१ 6,9
धनु	मूल 1 से 4	२६ 1,4,5	२१ 1356	२६ 1,4,5	२३ 1234	१५॥ व2346	१५ व248	२८ 8	२८ 4,6	२६॥ 3,6	१५॥ 1236	१५॥ 1236	२०॥ 1234	२८॥ 1,3,4	२१॥ 1,3,8	१४॥ 1468	१६॥ 3468	२५ 6,व	२७ 6,व
	पू.षा. 1 से 4	१३ 1568	२७ 1,3,5	२१ 1356	१८ 246व	१५॥ 238व	१८ 246व	२८ 4,6	२८ 8	३४ -	२३ 124व	२३॥ 1,2,व	५॥ 1268	१४॥ 1468	२३॥ 1,4,6	२८॥ 1,4	३०॥ 4,व	२३॥ 8,व	३१ 3,व
	उ.षा. 1	२१ 1,5,6	१९ 1,5,8	१३ 1568	९॥ 268व	२४ 2,3व	१८॥ 2,3,6	२६॥ 3,4,6	३४ -	२८ 8	१६॥ 128व	१५ 1248व	१५॥ 1236व	२३॥ 1,3,6	२३॥ 1,3,6	२९॥ 1,3,4	३१ 3,व	३१ 3,व	२३ 3,8,व
मकर	उ.षा. 2,3,4	२४ 1,3,6	२२॥ 1,3,8	१५॥ 1368	१३ 4568	२७ 4,5	२१ 4,5,6	१६ 246व	२४ 2,4व	१७॥ 2,8व	२८ 8	२६ 4,8	२६॥ 4,6	१७॥ 126व	१७॥ 1236व	२३॥ 1234	३०॥ 3	३१ 3	२२॥ 3,4,8
	श्रव 1234	२७ 146व	२२॥ 148व	१७॥ 1468	१४ 3568	२७ 3,4,5	२२ 3456	१७॥ 246व	२३॥ 2,3व	१५ 248व	२५ 4,8	२८ 8	२८ 4,6	१९ 1246	१८ 1246	२१॥ 124व	२८॥ 3,4	२९॥ 3	२२॥ 3,8
	धनि 1,2	२३ 148व	२४॥ 146व	२९ 1,4व	२६ 3,4,5	१२ 4568	२६ 3,4,5	२१ 234व	७॥ 2468व	१६ 2346	२७ 3,4,6	२७॥ 4,6	२८ 8	१८॥ 128व	२४ 124व	२० 126व	२६॥ 3,6	१५॥ 4,6,8	२२॥ 3,4,6
कुम्भ	धनि 3,4	१८॥ 4,8,9	२० 4,6,9	२५ 3,4,9	२५ 4,5व	११ 4568	२५ 4,5व	२९॥ 3,4	१५॥ 3468	२४॥ 3,6	१८ 236व	१९ 246व	२० 2,8,व	२८ 8	३३ 4	२८॥ 3,6	१८ 236व	७ 2468व	१४॥ 246व
	शत 1 से 4	२६ 4,9	१९॥ 4,6,9	२६ 4,9	२६॥ 4,5व	२१ 356व	१९ 358व	२२॥ 3,4,8	२४॥ 3,4,6	२४॥ 3,4,6	१८॥ 236व	१८॥ 236व	२५ 2,4,व	३३ 4	२८ 8	१९॥ 4,6,8	८॥ 2468व	१७॥ 236व	१६ 236व
	पू.भा. 1,2,3	१९ 3469	२६ 4,9	२० 4,6,9	२०॥ 456व	२६॥ 4,5व	११ 4568व	१५ 3468	२९॥ 3,4	३०॥ 3,4	२४॥ 234व	२३॥ 234व	२०॥ 236व	२९ 3,6	१९ 4,6,8	२८ 8	१७॥ 2,8,व	२२॥ 2,4,व	२०॥ 234व
मीन	पू.भा. 4	१२ 14567	१९॥ 1457	१३॥ 14567	१९॥ 4,6,9	२५ 4,9	९ 4689	१५॥ 1468	२९ 134व	३० 1,3व	२९॥ 1,3,4	२८॥ 1,3,4	२५॥ 1,3,6	१७ 1236व	८ 12468	१७ 128व	२८ 8	३३ 4	३०॥ 3,4
	उ.भा. 1 से 4	३ 145678	१९॥ 1357	१२॥ 14567	१८॥ 4,6,9	१९॥ 8,9	२१॥ 6,9	२४॥ 136व	२२॥ 1,8व	३० 134व	२९॥ 1,3,4	२९॥ 1,3,4	१४॥ 1468	५॥ 12468	१६॥ 1236व	२२ 124व	३३ 4	२८ 8	३५ -
	रेव 1 से 4	१३ 14567	११ 1578व	४॥ 145678	१०॥ 4689	२७॥ 9	२२॥ 6,9	२७ 146व	२९॥ 1,3व	२१॥ 138व	२१ 1348	२१॥ 1348	२३ 1346	१४॥ 1246व	१६॥ 1236व	१८॥ 124व	३० 3,4	३४ -	२८ 8

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

तिथि, नक्षत्रादि गण्डान्त नक्षत्रों का विचार

(1) अश्विनी नक्षत्र–मेष राशि एवं केतु के इस नक्षत्र में उत्पन्न हुए बच्चे का जीवन प्रायः संघर्षशील होता है। इस नक्षत्र में **प्रथम चरण** में जन्म होने से पिता के लिए कष्टकारी, **दूसरे चरण** में फिजूलखर्ची, **तीसरे चरण** में भ्रमणशील तथा **चतुर्थ नक्षत्र** में कृश शरीर (अपने शरीर के लिए) कष्ट रहता है।

(2) आश्लेषा नक्षत्र–कर्क राशि एवं बुध के नक्षत्र के जातक प्रायः चंचल एवं चतुर बुद्धि वाले तथा परिवर्तनशील प्रकृति के होते हैं। **प्रथम चरण** में जन्म हो तो विशेष दोष नहीं, **दूसरे चरण** में पैतृक धन की हानि, **तीसरे चरण** में माता-पिता के लिए गण्डान्त शूल तथा **चतुर्थ चरण** में पिता के लिए अनिष्टकारी है–

आश्लेषाद्ये न गण्डं स्यातंधनगण्डं द्वितीयके। तृतीये मातृगण्डं तु पितृगण्डं चतुर्थके॥

(3) मघा नक्षत्र–सूर्य राशि और केतु के नक्षत्र में उत्पन्न जातक स्पष्टवादी, शीघ्र क्रुद्ध होने वाले, उद्यमी और धनवान होते हैं। **प्रथम चरण** में उत्पन्न हो तो माता-पिता को कष्ट या मातृ पक्ष की हानि, **दूसरे चरण** में पिता को परेशानी, **तीसरे चरण** में जन्म हो तो शुभ फलदायक, **चतुर्थ चरण** में जन्म हो तो विद्या, धनादि के लिए शुभ होता है।

(4) ज्येष्ठा नक्षत्र–मंगल की राशि (वृश्चिक) एवं बुध के नक्षत्र में उत्पन्न जातक सरल हृदय, तीक्ष्ण बुद्धि, धर्म परायण तथा उन्नति के कार्यों में अनेक बाधाओं से युक्त होते हैं। ज्येष्ठा नक्षत्र के **प्रथम पाद** (चरण) में उत्पन्न बच्चा ज्येष्ठ (बड़े) को अरिष्टकर, **दूसरे चरण** में पैदा हो तो छोटे भाई को नेष्ट, **तीसरे चरण** में पिता के लिए अरिष्टकर तथा यदि **चतुर्थ चरण** में उत्पन्न हो जातक स्वयं अपने एवं पिता के लिए अनिष्टकारी होता है।

ज्येष्ठाद्यपादेऽग्रजमाशुं हन्याद् द्वितीयपादे यदि तत्कनिष्ठम्।
तृतीयपादे पितरं निहन्ति स्वयं चतुर्थे मृतिमेति जातः॥ (जातक-पारिजात)

ज्येष्ठा नक्षत्र और मंगलवार के योग में उत्पन्न कन्या बड़े भाई के लिए अरिष्टकारक होती है।

(5) अभुक्त मूल नक्षत्र–ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम २ घटियाँ तथा मूल नक्षत्र के आरम्भ की २ घटियाँ–कुल चार घड़ियाँ **अभुक्त मूल** गण्ड नक्षत्र कहलाते हैं। इनमें उत्पन्न कन्या, पुत्र, पशु और नौकर कुल के लिए अनिष्टकारी होते हैं। इनमें उत्पन्न बच्चे को बिना शान्ति कराये न देखें।

अभुक्त मूलं गठिका चतुष्टयं ज्येष्ठान्त्यमूलादि भवं हि नारदः।
जातं शिशुं तत्र परित्यजेत् वा मुखं पिताऽस्याष्ट समा न पश्येत्॥

अभुक्त मूल–नक्षत्रों की आद्यान्त घटियों के बारे में विद्वानाचार्यों में मतान्तर पाया जाता है। यथा–नारद के अनुसार ज्येष्ठा, मूल नक्षत्र की चार घटियाँ, वशिष्ठ के अनुसार २ घड़ियाँ तथा बृहस्पति के मतानुसार केवल १-१ अभुक्त-मूल संज्ञक है। अभुक्तमूलोत्पन्न बालक यदि जीवित रहे, तो अपने वंश की वृद्धि करने वाला, धनवान् एवं सम्पत्तिवान होता है।

मूल नक्षत्र–केतु के नक्षत्र और गुरु की राशि (धनु) में उत्पन्न जातक धार्मिक रुचि वाला, उदार हृदय, मिलनसार, परोपकारी, धन-वाहनादि सुखों से युक्त होता है। चरण भेदानुसार मूल के **प्रथम चरण** में उत्पन्न जातक पिता की हानि करता है। **दूसरे चरण** में माता की हानि, **तीसरे चरण** में धन का नाश तथा **चौथा चरण** शुभ होता है। नक्षत्र की विधिपूर्वक शान्ति करवा लेने से अनिष्ट का भय नहीं रहता।

मूलाद्यपादे पितरं निहन्याद् द्वितीयके मातरमांशु हन्ति।
तृतीयजो वित्तविनाशकः स्यात् चतुर्थपादे समुपैति सौख्यम्॥ (जातक-पारिजात)

मूल नक्षत्र और रविवार दोनों के योग में उत्पन्न कन्या श्वसुर के लिए अनिष्टकारी होती है–

भौमवासरे योगेन ज्येष्ठाजा ज्येष्ठ सोदरम्॥ भानुवासरयोगेन मूलजा श्वसुरं हरेत्॥

मूल नक्षत्र फल का अन्य प्रकार

मूल नक्षत्र की सम्पूर्ण घटियों को 15 द्वारा भाग देकर 15 खण्ड बना लें। प्रत्येक खण्ड का फल इस प्रकार से होगा। **प्रथम भाग** हो तो पिता के लिए अनिष्टकर, **दूसरे में** चाचा की हानि, **तीसरे में** बहनोई की हानि, **चौथे में** पितामह (दादा) की हानि, **आठवें में** चाची के लिए अनिष्टकर, **नवमे में** सबके लिए अनिष्टकर, **दसवें अंश में** पशु का नाश, **ग्यारहवें में** नौकर का नाश होता है। **बारहवें अंश में** स्वयं जातक का नाश होता है। **तेरहवें अंश में** हो तो उसके ज्येष्ठ भाई का नाश, **चौदहवें अंश में** जातक की बहिन का अनिष्ट होता है। अगर **पन्द्रहवें में** हो तो नाना को कष्ट (अनिष्ट) होता है।

उदाहरणार्थ यदि मूल का सर्वर्क्ष योग ६४ घड़ी १८ पल है, तो इसमें १५ द्वारा भाग देने से लब्ध प्रथम भाग में ४ घड़ी, १७ पल हुए। मान लो कि जन्मकालीन भयात् २८।४५ है। ४।१७ घट्यादि को ९ से गुणा करने पर पता चला कि ३८।३३ पर नौवां खण्ड (भाग) समाप्त होकर ३८।४५ पर दसवां भाग पड़ता है। तदनुसार फल चौपाय आदि पशु के लिए अनिष्ट रहेगा।

(6) रेवती नक्षत्र–बुध के नक्षत्र और गुरु की राशि (मीन) में उत्पन्न जातक सर्वप्रिय, विद्यावान, सुन्दर आकृति, तर्कशील एवं धनवान् होता है। रेवती के **प्रथम चरण** में जन्म हो तो राजा के समान वैभवशाली, **दूसरे में** मन्त्री के समान सुख साधनों से युक्त, **तीसरे में** जन्म होने से धनवान तथा **चतुर्थ में** जन्म होने से माता-पिता के लिए अरिष्टकारी होता है।

दिवाजातस्तु पितरं रात्रौ तु जननीं तथा। आत्मानं संध्ययोर्हन्ति ततो गण्डं विवर्जयेत्॥

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित **'सम्पूर्ण गण्डमूल नक्षत्र-शान्ति प्रयोग' पुस्तक मंगवा लेवें। मूल्य-75 रुपए।**

भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व

(मुख्य-मुख्य मुहूर्त्तों का निर्णय स्वयं करें)

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। प्राचीन ऋषियों ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि कर्म तक **षोडश-संस्कारों** के महत्त्व को एकमत से स्वीकार किया है। मनुष्य जन्म से अबोध होता है, परन्तु संस्कारों से मनुष्य के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का निखार व परिष्कार होता है। जैसे, शास्त्र में कहा गया है–

जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।
वेद पाठात् भवेद् विप्रः, ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः॥

अतएव सुख, समृद्धि एवं कल्याण चाहने वाले प्रत्येक वर्ण के गृहस्थी मनुष्य को भारतीय परम्परा एवं संस्कृति का अनुगमन करते हुए गर्भाधान, पुंसवन, नामकरणादि संस्कारों को धारण करना चाहिए। शास्त्र विधि अनुसार बच्चे के संस्कार करने से बालक/कन्या मेधावी, धनी, यशस्वी एवं दीर्घायु होता है॥

षोडश संस्कार इस प्रकार से हैं–

(१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्न प्राशन (८) चूडाकरण (मुण्डन), **(९) यज्ञोपवीत (१०) से (१३) तक चतुर्वेदीय व्रत, (१४) समानवर्त्तन (१५) विवाह (१६) अन्त्येष्टि।**

☞(१) गर्भाधान संस्कार–यह प्रथम संस्कार है, जो स्त्री के ऋतु (रजस्वला) स्नान के पश्चात् किया जाता है। भार्या के स्त्री धर्म (रजोदर्शन) में होने के १६ दिन तक वह गर्भ-धारण के योग्य रहती है। **रजोदर्शन** के दिन ६, ८, १०, १२, १४, १६वें दिनों में क्रियमाण गर्भाधान पुत्रदायक तथा विषम दिनों (५, ७, ९, ११, १३, १५) में कन्या-प्रद होता है। उपरोक्त दिनों में भी शुद्ध मुहूर्त्त दिनों का विचार किया जाता है।

(१) गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभतिथियां–१ (कृष्ण) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल)

शुभ वार–सोम, बुध गुरु एवं शुक्रवार

शुभ नक्षत्र–रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, पुन, पुष्य, स्वा, अनु, श्रव, धनिष्ठा व शतभिषा।

शुभ लग्न–लग्न, केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों एवं लग्न को सूर्य, मंगल, और गुरु देखते हों, तो गर्भाधान से पुत्रोत्पत्ति की संभावना होती है। इसके अतिरिक्त **पुत्रार्थी** विषम लग्न राशि एवं विषम नवांशगत लग्न में तथा कन्याकांक्षी सम लग्न राशि में स्त्री संग करें।

गर्भ-धारण के दिन स्त्री-पुरुष दोनों का चन्द्र-बल प्राप्त होना शुभ होता है।

गर्भाधान के लिए त्याज्य काल–रजोदर्शन से प्रथम चार रात्रि को छोड़कर, रिक्ता तिथि, जन्म नक्षत्र, मघा-अश्ले आदि तीनों गण्डांत, मूला, भरणी, अश्विनी, रेवती नक्षत्र, ग्रहण का दिन, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, वैधृति, परिघ का पूर्वार्ध, संक्रान्ति, व्यतीपात, ग्रहण, सन्ध्या, दिन का समय, जन्म राशि से अष्टम लग्न, दीवाली, दशहरा, नवरात्र आदि पर्व दिनों को स्त्री संसर्ग में त्याग करना चाहिए।

गर्भ मासों के अधिपति

गर्भाधान से लेकर नव एवं दस मास तक भिन्न-भिन्न ग्रह अधिपति होते हैं। अरिष्टभय की स्थिति में उसी मास से सम्बन्धित ग्रह की पूजा-दानादि करना चाहिए।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चंद्र	शनि	बुध	आधानकालिक लग्नेश	चंद्र	सूर्य

☞(२) पुंसवन संस्कार मुहूर्त्त–यह संस्कार गर्भधारण से तीसरे मास में किया जाता है। इस मास का स्वामी गुरु है। इस दिन श्री विष्णु पूजा करना शुभ होता है। इस संस्कार के शुभ मुहूर्त्त इस प्रकार से हैं।

शुभवार–रवि, चंद्र, मंग, बुध, गुरु व शुक्र। **मंगल** व बुध वारों में मं. बु. उदित होने चाहिएं।

शुभ तिथियां–१ (कृ) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शुक्ल)।

शुभ नक्षत्र–रोहणी, मृग, पुन. पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, श्रवण, अनु एवं रेवती नक्षत्र। विद्ध नक्षत्र त्याज्य हैं।

☞(३) सीमन्त संस्कार–यह तृतीय संस्कार है, जो गर्भ धारण से ६, ८ वें मास, जब मास-स्वामी बली हो। **शुभवार**–रवि, मंगल, एवं गुरु।

शुभ तिथियां–२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ला)।

नक्षत्र–मृग, पुन, पुष्य, हस्त, मूल, श्रवणः

लग्न–१, ३, ५, ७, ९ आदि विषम लग्न, केन्द्र त्रिकोण में शुभग्रह हों॥

(३) (क) श्री विष्णु पूजा मुहूर्त्त–यह पूजा गर्भाधान से आठवें मास गर्भरक्षा के उद्देश्य से की जाती है। इसमें शंख चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान विष्णु की यथाशक्ति, सुवर्णमयी प्रतिमा बनवाकर षोडशोपचार से पूजा करके परिधान सहित, प्रतिमा को ब्राह्मण को दान करें।

शुभ तिथियां–२, ७, १२

शुभ वार–चंद्र, बुध, गुरू, शुक्र।

शुभ नक्षत्र–रोहिणी, पुष्य और श्रवण।

☞(४) जातकर्म संस्कार–कुछ शास्त्रकार प्रसव के समय नालछेदन के पूर्व ही इस संस्कार को कार्यान्वित करने की आज्ञा दी है। परन्तु आजकल नरघटी अथवा १६ घटी तक कर लेना चाहिए।

कुछ लोग परम्परानुसार **११वें** अथवा **१२वें** दिन कर लेते हैं।

शुभ तिथियां–१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शु.)
शुभ वार = चं., बु,, गु., शु.

नक्षत्र–अश्वि. रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रव., धनि, शत, रेव।

☞मेघा-जनन संस्कार–जात कर्म के साथ ही इस कृत्य का निष्पादन करना चाहिए। बालक/बालिका मेधावी, कीर्तिमान एवं सौभाग्यशाली हो, इसके लिए दाएं हाथ की अनामिका अंगुली से शहद एवं गोधृत चार बार बच्चे को चटाएँ। चारों बार क्रमशः **''ॐ भूस्त्वपि धधामि।'' ॐ भुस्त्वपि दधामि।''** तथा **ॐ भूर्भुवस्वः सर्वत्वपि दधामि। मंत्रों का उच्चारण करें।** इसके साथ ही कुछ घृत-मिश्रित गुड़ भी बालक के तालु में लगा देना शुभ होता है। जिससे बच्चे को स्तनपान के पूर्व ही कुछ चूसने की आदत हो जाए। (अंगुली के अतिरिक्त सुवर्ण या चांदी के चम्मच का भी प्रयोग कर सकते हैं।

☞(५) स्तनपान का मुहूर्त्त–जन्मान्तर ५वें या ७वें किसी दिन नीचे लिखे भद्रा, व्यति, वैधृति, व्याघात आदि योगों को छोड़कर निम्न शुभ मुहूर्त्त माता संतान को प्रथम बार स्तनपान कराए।

शुभ तिथि–१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.), १५,

शुभ नक्षत्र–रोह., मृग. ,पुन, पुष्य, उत्तरा ३ हस्त, चित्रा, अनु, श्रव. धनि, व रेवती॥

शुभ वार–चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र।

शुभ लग्न–२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ राशि लग्न।

सूतिका पथ्य में भी उपरोक्त मुहूर्त्त ग्राह्य है।

☞(६) षष्ठी पूजन–जन्म से पांचवें दिन, जीवन्ती देवी का पूजन करना चाहिए। **इसी प्रकार छेठे दिन रात्रि में षष्ठी**

पूजन, कात्यायनी देवी' का आनन्द मंगल व गीत वाद्य के साथ पूजन करना चाहिए। जीवन्ती एवं षष्ठी पूजा में सूतक की दोष आपत्ति नहीं होती। देशाचारानुसार कोई २१वें या ३१वें दिन की षष्ठी पूजन करते हैं।

☞ **(७) प्रसूता स्नान मुहूर्त्त**–सूतिका स्नान बच्चे के जन्मदिन से एक सप्ताह के बाद करना चाहिए।

शुभ तिथियां–१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५।

शुभ वार–रवि, मंगल, गुरू, शुभ हैं। सोम एवं शुक्रवार मध्यम हैं।

शुभ नक्षत्र–अश्वि., रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वा., अनु., रेव.।

शुभ लग्न–२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ सौम्य ग्रह से युत या दृष्ट।

☞ **(८) नामकरण संस्कार**–यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व पर उसके परिवेश एवं परिस्थितियों का विशेष प्रभाव होता है। परन्तु ज्योतिष आचार्यों के अनुसार मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास में उसके प्रसिद्ध नाम का भी विशेष महत्त्व होता है–

> **''नामाखिलस्य व्यवहार हेतुः, शुभावहं कर्मसु भाग्य हेतुः।**
> **नाम्नैव कीर्ति लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म॥''**

गृहारम्भ–प्रवेश, युद्ध व्यापार, व्यावहारिक कार्य, दान, मन्त्र-सिद्धि, भाग्य, पुनर्विवाह, रोगोत्पत्ति तथा स्वामी-सेवक के पारस्परिक कृत्यों में नाम राशि वांछनीय है।

☞ **नामकरण**–सूतक-समाप्ति पर देशानुसार १०, ११, १२, १३, १६, १९, २२वें दिन संस्कार करना चाहिए। एक अन्य मतानुसार ब्राह्मण को १० या १२वें दिन, क्षत्रिय को ११ या १२ वें दिन वैश्य को १६ या २०वें दिन नामकरण संस्कार करना चाहिए। नामकरण पिता-पितामह या कुल के वृद्ध व्यक्ति के द्वारा स्वास्ती वाचन मन्त्रों सहित (विद्वान ज्योतिषी से कुण्डली परामर्श के बाद) उच्चारित करवाना चाहिए।

शुभ तिथियाँ–१ (कृष्ण), २,३,७,१०,११,१२,१३ (शुक्ल)।

शुभ वार–चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र।

शुभ नक्षत्र–अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।

शुभ लग्न–१,४,६,७,९,१२ लग्न शुभ ग्रह युत या दृष्ट हों। भद्रा, ग्रहण, श्राद्ध दिन, दुष्ट योग, संक्रान्ति आदि रहित काल में, सुयोग्य ज्योतिषी से प्रथम नामाक्षर पूछ कर कानों को मधुर लगने वाले अक्षर, महापुरुषों के नाम सदृश अथवा शुभ सार्थक शब्दों वाला नाम रखना कल्याणकारी रहता है।

बालक के दाँत निकलने का फल

यदि पहले मास में बालक के दाँत निकल आएं तो स्वयं अपनी आयु के लिए अरिष्टकारक, दूसरे मास में भाई को, तीसरे मास में बहिन को, चौथे मास में माता को, पाँचवें मास में बड़े भाई के लिए विशेष कष्टकारी होता है, **छटे मास में दाँत निकलें** तो अत्यन्त सुख, सातवें मास में पिता से सुख, आठवें मास में देह की पुष्टता, नवें मास में लक्ष्मी की प्राप्ति, दसवें मास में सौख्य प्राप्ति, ११वें निकलें तो **अति सौख्य**, १२वें मांस में निकलें तो विपुल धन-प्राप्ति होती है। यदि गर्भ से ही दाँतों सहित उत्पन्न हुआ हो वह माता-पिता के सुख से विहीन अथवा ऊपर की पंक्ति के दाँत पहलें निकले तो भी माता-पिता तथा नानके पक्ष के लिए हानिकारक माना जाता है। यदि उपरोक्त अशुभ मासों में बालक को दन्तोत्पत्ति की संभावना हो तो मृत्युज्जय का जाप, ग्रह शान्ति एवं उचित दान आदि करने से अशुभत्व का निवारण तथा अरिष्ट की शान्ति हो जाती है।

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
फल	स्वयं को अरिष्ट	भ्रातृ कष्ट	बहिन को कष्ट	मातृ कष्ट	ज्येष्ठ भ्रातृ कष्ट	सुख	पिता से सुख	देह सुख	धन प्राप्ति	सौख्य प्राप्ति	अति सौख्य	विपुल धन

☞ **(९) झूला आरोहन मुहूर्त्त**–बालक के जन्मदिन से १०, १२, १६, २२ एवं ३२वें दिन बालक को आराम देह झूले में सुलाना चाहिए। झूले में डालने से पूर्व शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योगादि का विचार कर लेना चाहिए। झूले में माता या दादा, दादी के द्वारा, भगवान् विष्णु का ध्यान करते हुए बच्चे का सिर पूर्व की ओर रखकर शिशु को सुलाना चाहिए।

शुभ तिथियां–१ (कृ), २,३,५,७,१०,११,१३ (शुक्ल) व पूर्णिमा।

शुभ वार–सोम, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार।

ग्राह्य नक्षत्र–अश्वि, रोहिणी, मृग, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा तथा अनुराधा।

☞ **(१०) निष्क्रमण मुहूर्त्त**–जन्म से ३,४ मासों में निम्नलिखित शुभ योगों में बालक को प्रथम बार घर से बाहर निकालना हितकर होता है। शीघ्रता में आवश्यक हो तो जन्म से १२वें दिन भी निष्क्रमण लिखा गया है।

शुभ तिथियां–१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१२ (शु.) एवं १५।

शुभ वार–सोम, बुध, गुरु तथा शुक्र।

शुभ नक्षत्र–अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, अनु, श्रव, धनि।

शुभ लग्न–२,३,४,५,६,७,९,१०,११ राशि लग्न।

माता, दादी आदि आत्मीयजन बालक को स्नानादि करवा कर वस्त्रादि से अलंकृत करें तथा पुण्याहवाचन, शंख और मंगल मंत्रों एवं गीत-वाद्य सहित ध्वनि के साथ उसे प्रथम देवालय (मन्दिर) में ले जावें। वहाँ देव पूजा व अर्चना करके आत्मीयजन शुभाशीष दें तथा मन्दिर की परिक्रमा करके स्वगृह लौट कर बच्चे को ननिहाल या मौसी के घर ले जावे। पुनः गृहागमन के समय दीर्घायु संज्ञक आशीर्वचनों से बालक का अभिनन्दन करें। पुनश्च, निष्क्रमण तृतीय मास में हो, तो बालक को सूर्य-दर्शन तथा चतुर्थ मास में हो तो चन्द्र-दर्शन करवाना चाहिए।

☞ **(११) भुम्युपवेशन-मुहूर्त्त**–जन्म से पंचम मास में मंगल के बलान्वित होने पर बालक को प्रथम बार भूमि पर विराजमान (बिठाने) के लिए विचारणीय मुहूर्त्त–

शुभ तिथियां–१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१३ (शु.) तथा पूर्णिमा।

शुभ वार–चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवार।

शुभ नक्षत्र–अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उतरा, हस्त, अनु, ज्ये, अभिजित।

शुभ लग्न–२,५,८,११ राशि लग्न।

☞ **(१२) जीविका परीक्षा**–'भूम्युपवशन' के अवसर पर बालक के सामने हानि रहित अस्त्र-शस्त्र, पुस्तकें, लेखनी (Pen-Pencil), वस्त्र, सोना, चाँदी, ताँबा, लोहादि धातुएँ, मशीनें मोटर, पंखा-रेडियों, टी. वी. आदि खिलौने, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृतादि साहित्य आदि वस्तुएँ रखें। इन वस्तुओं में से जिस वस्तु को बालक सहज रूप में सर्वप्रथम स्पर्श करें, वही उसकी भावी आजीविका होगी। ऐसा अनुमान लगाना चाहिए। कुल परम्परा अनुसार, कहीं-कहीं यह क्रिया अन्नप्राशन के साथ भी कर लेते हैं।

☞ **(१३)अन्न-प्राशन का मुहूर्त्त**–जन्म से सौर मास ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र को तथा ५,७,९ या ११वें मास पुत्री को उसकी पाचन शक्ति उपयुक्त होने पर प्रथम बार बच्चे को अन्न प्राशन कराना **अन्न प्राशन** में शुक्ल पक्ष विशेष प्रशस्त माना गया है। यद्यपि कृष्ण पक्ष की १,३,५,७,१० तिथियाँ भी ग्राह्य हैं। सोमवार, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार शुभ हैं।

नक्षत्र–अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभिजित श्रव, धनि, रेवती तथा जन्म-नक्षत्र 'सप्तश्लाका चक्र' द्वारा क्रूर ग्रह विद्ध नक्षत्र त्याज्य होगा। जन्म राशि से ६, ८वें लग्न को छोड़कर २,३,४,५,६,७,९,१०,११ की राशि का लग्न जबकि लग्न से १,४,७वें शुभ ग्रह हों तथा लग्न शुभ ग्रहों द्वार दृष्ट हो।

विशेष–अन्न प्राशन दिन के पूर्वार्द्ध भाग में बालक की राशि का चन्द्रबल देखकर भद्रा रहित काल एवं उपरोक्त शुभ दिन को

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा करके माता स्वलंकृत बालक को अपनी गोद में बिठाकर ईश्वर-स्मरण करते हुए उसे मधु, घृत, दही, खीर का भोजन सर्व प्रथम कराएँ।

☞ **(१४) कर्ण वेध का मुहूर्त्त**–बालक के जन्म से १२, १६वें दिन, या ६,७,८वें मास में अथवा ३,५वें वर्ष बालक का कर्ण छेदन प्रशस्त माना जाता है।

ग्राह्य मास–चैत्र, (का. शु. ११ के बाद), पौष तथा फाल्गुन।

तिथियां–४,९,१४ (रिक्ता तिथियां) छोड़कर सभी तिथियां।

वार–चं, बु., गु., शु, वारों में अश्वि, मृग, आ. पुन, पुष्य हस्त, चित्रा, अनु, अभि, श्रव, धनि, रेव। विद्ध तथा जन्म नक्षत्र भी त्याज्य।

शुभ लग्न–२,३,४,६,७,९,१२।

विशेष–बोलक को पूर्वाभिमुख बिठाकर हाथ में कुछ मिष्टान्न दें तथा पुत्र के बाएं कान को तथा पुत्री के दाएं कान को सुवर्ण या चाँदी की शलाका से सौभाग्यवती स्त्री या कुशल स्वर्णकार से कर्ण विधवाना चाहिए।

☞ **कन्या की नासिका छेदन**–हेतु उपरोक्त कर्ण वेध मुहूर्त्त के मासों में ही कन्या का नामक विंधवाया जाता है। शुक्ल पक्ष की तिथियाँ शुभ होती हैं–२, ३ ५, ७, १०, ११, १२, १३, १५।

जन्म दिन कृत्य

सामान्यत: लोग अंग्रेजी तारीख अनुसार ही जन्मदिन कृत्य कर लेते हैं। परन्तु इसमें कई बार भूल होने की सम्भावना रहती है। सिद्धान्त: एक सौर वर्ष उपरान्त जिस दिन जन्मेष्ट एवं जन्मदिन के समान ही स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कलादि की जब पुनरावृत्ति आ जाए, उसी दिन को जन्मदिन का नववर्ष प्रवेश माना जाएगा। यदि इतनी सूक्ष्मता का पता न चल पाए तो देशी प्रविष्टों के अनुसार जन्म दिन के वर्ष का निर्धारण किया जाए तो शुद्धता के अधिक पास रहेंगे। यदि किसी सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा वार्षिक जन्मदिन का निर्णय (गणितानुसार) करवा लें तो और अधिक उचित होगा।

जन्मदिन के अवसर पर प्रात: उठकर गंगाजल सहित शुद्ध पवित्र जल से बालकको स्नानादि के पश्चात् सुन्दर वस्त्र धारण करवाकर पूर्वाभिमुख होकर माता पिता उसे गोदी में बिठाकर किसी सुयोग्य पण्डित जी द्वारा पंचदेव पूजन, नवग्रह पूजन एवं संकल्पपूर्वक छाया दान सहित जन्मदिन पूजन करवाना चाहिए। पूजनोपरांत भगवान् सूर्यदेव को अर्घ्य, ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दानादि करें।

विशेषकर वर्षफल में स्थित अशुभ ग्रहों के दान, जपादि करवाने से बच्चों को आरोग्यता एवं माता-पिता को सुख-शान्ति बनी रहती है। जन्मदिन पर तिल स्नान, तिलों चावल, दूध, चीनी आदि से बनी क्षीर तथा वस्त्र अनाजादि का दान एवं स्वयं भी क्षीर सेवन शुभ होता है।

अथ अशौच व्यवस्था

अशौच दो प्रकार का होता है–(१) जनना शौच जिसे सूतक और (२) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।

गर्भास्त्रावादि अशौच-व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्राव' कहते हैं। पांचवें, छटे मास में 'गर्भपात' और इसके उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर, किसी भी मास में गर्भ के गिराने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है, पिता आदि सपिण्ड केवल स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पितादि सपिण्डों को ३ दिन का 'सूतक' होता है।

जननाशौच व्यवस्था

सात महीने से लेकर किसी भी महीने में जन्म हो तो माता–पितादि सपिण्डों को अपने २ वर्ण के अनुसार पूरा अशौच (सूतक) होता है, जैसे ब्राह्मण को १० दिन, क्षत्रिय को १२ दिन, वैश्य को १५ दिन और शूद्र को एक मास का सूतक रहता है, किन्तु माता को सूतक निकालने के बाद भी पुत्र जन्मा हों, तो, २० दिन और कन्या उत्पन्न होने से एक मास तक धर्मकार्य करने का अधिकार नहीं होता। नाल छेदन से पीछे सूतक हो जाने के कारण जात कर्म का अधिकार नहीं होता।

मृतोत्पत्ति में विचार

यदि मरा हुआ बालक उत्पन्न हो तो पितादि सपिण्डों को अपने-अपने वर्ण के अनुसार अशौच (सूतक) होता है। बालक जन्म लेकर नाल-छेदन से पूर्व ही मर जाये तो माता को १० दिन तक सूतक और पितादि सपिण्डों को ३ दिन का जननाशौच (सूतक) होता है। नाल-छेदन के बाद १० दिन के भीतर अर्थात् नाम संस्कार से पूर्व बालक की मृत्यु हो जाये तो पितादि सपिण्डों का पूर्ण जननाशौच (सूतक) रहता है। पातक में देवकर्म और पितृकर्म का अधिकार नहीं होता।

मृताशौच-व्यवस्था

नामकरण अर्थात् १० दिन के बाद ६ महीने के भीतर अर्थात् दाँत आने से पहिले बालक के मरने पर माता और पिता को ३ दिन का मृताशौच (पातक) होता है किन्तु सपिण्ड स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। कन्या मरने पर पिता को एक दिन का पातक लगता है। स्मरण रखना चाहिए ७वें महीने से अर्थात् दांत निकलने के पीछे ३ वर्ष तक, अर्थात् मुंडन संस्कार न हुए बालक के मरने पर माता–पिता को ३ दिन सपिण्डों को १ दिन तक पातक हो जाता है और ३ वर्ष में मुण्डन संस्कार हो गया हो तो बालक को जलाना चाहिए।

कन्या शौच-व्यवस्था

सगाई होने से पहले कन्या मरने पर तीन पुरुषों तक १ दिन का पातक होता है, सगाई हो जाने के बाद और विवाह से पहले कन्या मरने पर पिताकुल के और पतिकुल को ३ दिन का पातक रहता है। यदि विवाह हुई कन्या पिता के घर में मर जाए व प्रसूता हो तो माता-पिता सहोदर, भाईयों को तीन दिन का पातक, चाचा आदि को १ दिन का अशौच होता है। परन्तु पतिकुल में पूर्ण अशौच होता है।

मातामह-मातामही दौहित्र मरण पर विचार

नाना मरे तो दौहित्र को ३ दिन, नानी मरने पर १ दिन का पातक होता है। यज्ञोपवीत संस्कार हुए दौहित्र के मरने पर नाना की ३ दिन, बिना यज्ञोपवीत के १ ॥ दिन का पातक होता है।

सास-ससुर तथा जामातृ पर अशौच विचार

सास और ससुर यदि मर जाये तो जामित्र पास होने से ३ दिन, बिना समीप होने से १ ॥ दिन का पातक लगता है। जामाई के मरने पर १ दिन का पातक होता है।

बन्धुत्रय-विचार

भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को आत्मबांधव कहते हैं। पिता की भूआ, मासी की मामी के पुत्रों को पितृबांधव कहते हैं। माता की भूआ, मासी और मामी के पुत्रों को मातृबांधव कहते हैं। इन तीन प्रकार के बांधवों में से किसी की मृत्यु हो जाये तो तीन दिन का पातक होता है। इनकी बहिन मरे तो १ दिन का पातक होता है। और विवाहित कन्या मरने पर १ दिन का।

अशौच-संपात पर निर्णय

10 दिन के अशौच में यदि 5 दिन के भीतर दूसरा 10 दिन का या इससे कम दिन का मृत-अशौच प्राप्त हो जाए तो पहले के साथ ही दूसरे अशौच की शुद्धि हो जाती है। 5 दिन के बाद 9 दिन के भीतर हो तो पिछले के साथ ही दूसरे आशौच की भी शुद्धि हो जाती है, यदि दसवें दिन की रात्री में दूसरा अशौच हो जाये तो 2 दिन अशौच और बढ़ जाता है। 10 दिनों के मृताशौच में 10 दिन अथवा 3 दिन वाला जननाशौच आ पड़े तो मृताशौच की समाप्ति पर ही जननाशौच की भी समाप्ति या शुद्धि हो जाती है। जननाशौच में मृताशौच अथवा मृतशौच में जननाशौच हो जावे तो मृताशौच के साथ शुद्धि होती है।

अधिक जानकारी के लिए धर्मसिन्धु, निर्णयसिन्धु आदि ग्रन्थों का अवलोकन करना चाहिए।

अथ प्रसूति लग्नादि का विचार

मेष—बालक के जन्म समय **मेष लग्न** हो तो घर के पूर्व की ओर प्रसूतिका की शय्या, दो उपसूतिकाएँ अथवा लग्न व चन्द्रमा के मध्य में जितने ग्रह हों उतनी उपसूतिका की संख्या जानें, मुख की कांति लाल वर्ण की, माता का मुख पूर्व की ओर, बालक की प्रकृति पित्तकारक, चंचल एवं साहसी होगी। माता के वस्त्र लाल वर्ण के तथा उसने पहले मीठा भोजन किया हो। जन्म के बाद बालक दीर्घ शब्द से रोया हो। मकान पुराना होगा। आयु के २, ४, ११, १६, २९वें साल विशेष कष्ट रहे।

वृष—बालक के जन्म समय वृष लग्न हो, तो बालक गौरपूर्ण सुन्दर रूप, द्वार एवं माता का शिर दक्षिण की ओर, रक्त-पित्त प्रकृति, माता ने श्वेत वस्त्र और चाँदी के आभूषण पहने हों, पहले शाकादि का भोजन किया हो। पाँव से प्रसवोत्पन्न, ३ या ४ उपसूतिकाएँ हों। आयु के १, १३, १८, ३३, ४३, ५८वें वर्ष में विशेष कष्ट हो।

मिथुन—बालक का चंचल स्वभाव, वात-श्लेष्म (वायु बलगम) प्रकृति, उपसूतिकाएँ (स्त्रियाँ) ३ या ५, माता का मुख पश्चिम की ओर, स्तनों में दूध कम उतरा हो, माता ने पहले नमकीन विचित्र (मिश्रित) भोजन किया हो, वस्त्र हरा पुराना, गृह का द्वार पश्चिम की ओर हो, शिराभिमुख प्रसव हुआ हो, बालक ने दीर्घ स्वर में रूदन किया हो। आयु के २, ४, १०, १३, ३८, ४८वें साल कष्ट रहे।

कर्क—गौर वर्ण, कोमल पर पुष्ट शरीर, चंचल नेत्र, वात-श्लेष्म प्रकृति, कद लम्बा व गोल, सुन्दर मुख, माता का मुख उत्तर की ओर, प्रसव से पूर्व माता ने मीठा-शीतल थोड़ा भोजन किया हो, तथा पुराने वस्त्र पहिने हो, माता के दाहिने अंग पर लहसन का निशान हो, प्रसव से पूर्व माता ने श्वेत व गुलाबी वस्त्र व चाँदी के आभूषण पहिने हों। प्रसवोपरान्त बालक कुछ देर से रोया हो। वह जलीय (liquids) का शौकीन हो। आयु के १, ५, २५, ३९, ४८, ६२वें वर्ष कष्ट।

सिंह—जन्म समय सिंह लग्न हो, तो माता का मुख पूर्व किन्तु गृहद्वार दक्षिण की ओर, उसने रक्त वस्त्र एवं सुवर्ण आभूषण पहने हों, प्रसव पूर्व उसने खट्टा व कसैला भोजन किया हो। जन्म समय ३ या ५ स्त्रियाँ, नया मकान, बालक की पीठ पर चिन्ह हो और वह दीर्घ स्वर में रोया हो। आयु के ३, ५, १२, २८, ३६, ४९वें वर्ष कष्ट रहे।

कन्या—इस लग्न का स्वामी बुध है। जन्म समय बालक के सुन्दर नेत्र, गौर वर्ण, अल्प बाल, गोल चेहरा, सौम्य पांव, चंचल वृत्ति, कण्ठ व जंघा में चिह्न हो। माता का मुख दक्षिण की ओर, स्त्रियां ४ या ५, माता लाल एवं प्राचीन वस्त्र, कसैला सहित भोजन, पिता घर से बाहर, बालक अल्प शब्द से रोया हो। आयु के २, ४, १५, २३, २५, ३५, ४५, ५६वें वर्ष विशेष कष्ट रहे।

तुला—गौरवर्ण, कुछ लम्बा चेहरा, काले नेत्र, बड़ी नाक, थोड़े बाल, चंचल, तीक्ष्ण बुद्धि, दुबला कृश शरीर, माता का मुख पश्चिम की ओर, कषाय भोजन किया हो तथा पुराने वस्त्र धारण किए हों, बालक-बालिका दीर्घ शब्द में रोए। आयु के ३, ६, ८, १५, २७, ३१वें वर्ष विशेष कष्ट हो।

वृश्चिक—ऊँचा मस्तक, सौम्य प्रकृति, पुष्ट शरीर, ताम्रवर्ण भूरे नेत्र, शीर्षोदय, तेज़ स्वभाव, केश लम्बे, स्त्रियाँ २ या ३, गृह का द्वार उत्तर की ओर, बालक की पीठ पर चिन्ह, माता ने लाल वस्त्र पहनें हों, बालक देर से रोया हो। आयु के २,६,११,२७,५८वें वर्ष विशेष कष्ट हो।

धनु—रंग गोरा, ऊँचा मस्तक, बड़े नेत्र, माता का मुख पूर्व की ओर, पीले वस्त्र सहित चित्रित वस्त्र एवं पकवान भोजन किया हो, बालक की छाती पर चिन्ह, माता का मुख उत्तर-पूर्व की ओर होगा तथा जन्म समय १ या ५ स्त्रियां, बालक दीर्घ शब्द से रोया हो। वर्ष के १, ३, १०, १८, २१, ३७, ४२वें वर्ष विशेष कष्टकारी होंगे।

मकर—जन्म समय कृश शरीर, पिंगल वर्ण, बहुत केश, ऊँचा मस्तक एवं ऊँची नाक, वात-विकार, माता का सिर दक्षिण की ओर, पुराना काला, नीला वस्त्र धारण किया हो, कसैला भोजन व शीतल जल पिया हो, स्त्रियां ३ या ४ हों, सूतिका गृह प्राचीन एवं गृह द्वार उत्तर की ओर, जन्म के बाद बालक ने थोड़ा रोया हो। आयु के ३, ५, १३, २७, ३३, ५७वें वर्ष में विशेष कष्ट रहें। जातक पर शनि का विशेष प्रभाव रहे।

कुम्भ—जन्म समय कुम्भ लग्न हो, तो बालक-बालिका का चौड़ा मस्तक, कुछ मोटे होंठ, वात-पित्त प्रकृति, श्वेत-श्याम वर्ण, धूम्रवर्ण वस्त्र, मध्यम केश, माता का मुख पश्चिम की ओर, ३ या ५ स्त्रियाँ, शाकादि का भोजन किया हो, माता को शरीर कष्ट, पिता घर में न हो तथा बालक-बालिका ने थोड़ा रूदन किया हो। आयु के २, ४, १३, २८, ३३, ४२, ४८, ५४वें वर्ष विशेष कष्ट हो। बालक पर शनि ग्रह का विशेष प्रभाव रहेगा।

मीन—बालक जन्म समय सुन्दर सौम्य एवं पीत (पिंगल) वर्ण, वात-श्लेष्म कफ प्रकृति, माता पीले वर्ण सहित मिश्रित वर्ण के वस्त्र धारण किए हुए मिष्ठान्न सहित अल्प भोजन किए, उस का मुख उत्तर की ओर, जन्म समय २ या ३ स्त्रियां हों, बालक जन्म से कुछ देरी के बाद रोया हो। आयु के १, ७, १०, १३, १६, २६, २९, ३८, ४१वें वर्ष विशेष कष्ट रहे।

एक ही नक्षत्र में जन्म का फल

यदि एक ही परिवार में, एक ही माता-पिता और उनकी सन्तानों में से किन्हीं दो का जन्म एक ही नक्षत्र में हुआ हो, तो वह अत्यन्त अनिष्टकारी होता है। यह अनिष्ट दोनों में से किसी एक को होता है। यदि भाई-भाई, भाई-बहन, पिता-पुत्र या माता-पुत्र या माता-पुत्री अथवा पिता-पुत्री का जन्म एक ही नक्षत्र में हो, तो वह मृत्यु-तुल्य कष्टदायक होता है। इसकी शान्ति अवश्य करनी चाहिए।

पिगोश्च जन्मनक्षत्रे जातस्तु पितृमातृहा।
जन्मक्षाँशे च तल्लग्ने जातः सद्योमृतिप्रदः।(वसिष्ठ)

एक नक्षत्र जनन की शान्ति संक्षिप्त रूप से इस प्रकार से वर्णित की गई है-अग्नि (हवनकुण्ड) के ईशानकोण में कलश के ऊपर जिस नक्षत्र का जन्म हो, उस नक्षत्र के देवता के स्वरूप की नक्षत्र प्रतिमा बनवाकर स्थापित करें। उस नक्षत्र के मन्त्र से कलश के ऊपर उस नक्षत्र की पूजा करनी चाहिए। कलश को दो लाल रंग के वस्त्रों से लपेट देना चाहिए। फिर वैदिक पद्धति के अनुसार समिधा द्वारा होम आदि विधान करना चाहिए। प्रत्येक समिधा को घी में डुबोकर हवन करना चाहिए।

इस प्रकार प्रायश्चित होम करने के बाद जातक और उसके माता-पिता का अभिषेक भी आचार्य को करना चाहिए। कर्म समाप्ति के बाद यजमान (पूजा कराने वाला जातक) आचार्य पण्डित जी को भोजन, गोदान, वस्त्र दक्षिणा आदि से सम्मानित करें।

–त्रिखल जन्म फल एवं शान्ति–

तीन कन्याओं के पश्चात् लड़का उत्पन्न होना तथा तीन लड़कों के पश्चात् कन्या की उत्पत्ति त्रिखल दोषकारक मानी जाती है। इसके कारण लड़का पिता, नानके पक्ष को हानि तथा कन्या माता के लिए कष्टप्रद होते हैं। त्रिखल शान्ति करवा लेने से गृह में सुख शान्ति रहती है। शान्ति हेतु सूतकादि के उपरान्त किसी शुभ मुहूर्त्त में पत्नी सहित शुद्ध आसन पर पूर्वाभिमुख होकर संकल्पपूर्वक श्रीगणपति-पूजन व नवग्रहादि पूजनोपरान्त कलश स्थापन करते हुए उसके ऊपर ताम्र पात्र रखकर उसमें श्री विष्णु भगवान् की स्वर्णमयी मूर्त्ति (उसके अभाव में ताम्र की) पूजा करके रखें। फिर विधिपूर्वक त्रिखलशान्ति कर्म किसी सुयोग्य ब्राह्मण द्वारा करवा लेनी चाहिए। यदि किसी कारणवश आप पूजा न कर पाए हों तो फिर बच्चे के जन्मदिन के आसपास किसी मुहूर्त्त में त्रिखल पूजा करवा लेनी कल्याणकारी होगी। दान में तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चाँदी, ताँबा) तथा साथ में गुड़, एक लाल परना व नारियल दक्षिणा सहित संकल्पपूर्वक बच्चे व उसकी माता का हाथ लगवाकर मन्दिर में या ब्राह्मण को दान करें।

पंचाँग-परिवर्तन करना

'पंचांगदिवाकर' में जहाँ तिथि, नक्षत्र, योगादि का समाप्ति काल तथा ग्रहों की वक्री-मार्गी तथा राशि चार्ट भा. स्टै. टा. में दिए गए हैं, उन (समयों) में भारत के किसी अन्य स्थल के लिए कोई संस्कार करने की आवश्यकता नहीं है तथा विश्व के किसी अन्य नगर के लिए तिथि, नक्षत्रादि का समाप्ति काल जानने हेतु भा. स्टै. टा. से उस देश का स्टै. अन्तर जमा या घटा कर प्राप्त कर सकते हैं। परन्तु **पंचांगदिवाकर** में तिथ्यादि के समाप्ति काल घड़ी पलों में दिए हुए हैं, क्योंकि यह घड़ी पल जालन्धर के स्पष्ट सूर्योदय काल से हैं, इसलिए अन्य नगर के लिए तिथि, नक्षत्र, योग, चन्द्र राशि प्रवेश आदि हेतु पंचांग परिवर्तन आवश्यक है। यह ध्यान रहे कि भारतीय ज्योतिष में वार (रविवार, सोमवार) का प्रारम्भ तथा तिथि, नक्षत्र आदि का घड़ी पलों में समाप्तिकाल सूर्योदय के समय से ही माना जाता है।

भारत के किसी भी अन्य नगर का पंचांग अर्थात् तिथि, नक्षत्र, योग, चन्द्र-सूर्यादि संचार घटी पलों में प्राप्त करना हो तो आप इसी पंचांग में आगामी पृष्ठों से अपने अभीष्ट नगर का अक्षांश, रेखांशादि ज्ञात करके मध्यम सूर्योदयास्त सारिणी से सू. उ. ज्ञात कर लें। आपके अभीष्ट नगर के सू. उ. का जालन्धर के सूर्योदय से जितना अन्तर होगा, उसके घड़ी पल बनाकर 2 $\frac{1}{2}$ गुणा करके) ऋण (घटावे) या जमा (धन) करे। यदि अभीष्ट नगर जालन्धर से पूर्व अर्थात् जहाँ का सूर्योदय जालन्धर से पूर्व (पहले) होगा, वहाँ सूर्योदय अन्तर (कालान्तर) के घड़ी पल बनाकर पंचांगदिवाकर में तिथ्यादि के घड़ी-पलों में जमा करें तथा यदि अभीष्ट नगर जालन्धर से पश्चिम में स्थित होगा अर्थात् जहाँ का सूर्योदय जालन्धर के सू. उ. से बाद होगा, वहाँ कालान्तर के घड़ी पल बनाकर तिथ्यादि के घड़ी-पल में से घटावें।

उदाहरण–मान लीजिए 11 अप्रै., 2020 ई. को दिल्ली का पंचांग बनाना है, तो दिल्ली का अक्षांश, स्टै. अन्तर प्राप्त कर मध्यम सूर्योदय सारिणी से 6/04 सू.उ. प्राप्त ('तिथ्यादि पंचांग के घण्टे मिनटों वाले' पृष्ठों से दिल्ली का तैयार दैनिक सू. उ. देख सकते हैं) हुआ जोकि जालन्धर के सू. उ. (6/08) से 4 मिनट पूर्व (पहले) है। अत: घड़ी पलों में तिथि, नक्षत्रादि दिल्ली के प्राप्त करने के लिए हमें जालन्धर के तिथि, नक्षत्र आदि में 4 मिनट के घटी पल 10 पल जमा करने होंगे। (ढाई गुणा करके)। **ध्यान रहे**, सूर्योदय अन्तर नगरों में सदैव एक समान नहीं रहता। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि भारतीय ज्योतिष अनुसार जन्मपत्री निर्माण के समय जन्मपत्री में उसी तिथि, नक्षत्रादि के घड़ी पल लिखे जाते हैं जो जातक के जन्म वार के दिन स्थानीय सू. उ. के समय वर्तमान हो। चाहे वह तिथि, नक्षत्र जातक के जन्म से पूर्व ही समाप्त क्यों न हो जाए। कई बार पंचांग परिवर्तन करते हुए तिथियों/नक्षत्रों के क्षय या वृद्धि में भी अन्तर पड़ सकता है।

11 अप्रैल, 2020 ई. को जालन्धर का पंचांग–11 अप्रैल, 2020 ई. को दिल्ली का पंचांग

घटी पल	घटी पल
तिथि – ३२/१५ (समाप्ति काल)	**तिथि** – ३२/२५ (समाप्ति काल)
नक्षत्र – ३५/१०	**नक्षत्र** – ३५/२०
योग – ४२/५८	**योग** – ४३/०८

जालन्धर से अतिरिक्त नगर की जन्मपत्री निर्माण हेतु पंचांग परिवर्तन आवश्यक है। इस प्रक्रिया द्वारा आप भारत के किसी भी नगर का सू. उ. ज्ञात करके जालन्धर के सू.उ. से अन्तर जानकर पंचांग परिवर्तन कर सकते हैं। जबकि जहाँ तिथ्यादि, ग्रहों के वक्री-मार्गी का समय भा. स्टै. टा. में दिया गया है, वहाँ पंचांग परिवर्तन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। घण्टा मिनट वाले पृष्ठों पर सर्वत्र समय (तिथि, नक्षत्र, योग, चन्द्र संचार आदि का) भा. स्टै. टा. में दिया गया है, वहाँ पंचांग परिवर्तन करने की कोई आवश्यकता नहीं।

लग्न सारिणी द्वारा लग्न स्पष्ट करने की विधि

आगामी पृष्ठों पर विभिन्न अक्षांशों पर आधारित, निर्मित लग्न सारिणियां दी गई हैं। जिस नगर का लग्न स्पष्ट करना हो, सर्वप्रथम अपने अभीष्ट काल का सूर्योदयात् इष्टकाल घट्यादि में बना ले। इसके लिए उस स्थान का सही सूर्योदय का ज्ञान होना आवश्यक है। अपने नगर की शुद्ध एवं सूक्ष्म **सूर्योदय काल** जानने के लिए पंचांगदिवाकर के आगामी पृष्ठों में दी गई। **अक्षांश सारिणियों** का प्रयोग करना चाहिए। स्थानीय इष्टकाल बना लेने के पश्चात् अपने अभीष्ट काल का सूर्य स्पष्ट ग्रहण करें। सूर्यस्पष्ट जिस राशि के जितने अंश पर हो, लग्न सारिणी में उसी राशि के सामने तथा सूर्य स्पष्ट के अंशों के कोष्ठक के नीचे जितने घड़ी पल हो, उनमें अपने इष्ट के घड़ी पल जोड़ (जमा) देने से लग्न स्पष्ट जानने के लिए घड़ी पल होंगे। यह घड़ी पल लग्नसारिणी में जिस राशि के सामने और जितने अंश के नीचे होगा, वही राश्यादि पर लग्नस्पष्ट होगा।

उदाहरण–मान लीजिए, विक्रमी संवत् २०७७ मध्ये कांगड़ा (हि. प्र.) में चैत्र शुक्ल षष्ठी प्रविष्टे २९ चैत्र, तदनुसार 11 अप्रै., 2020 ई. को दोपहर 2 बजकर 24 मिनट पर उत्पन्न बालक का लग्न स्पष्ट करना है। इसका सूर्योदयात् ईष्ट २० घड़ी ४० पल बनेगा तथा ईष्टकालिक सूर्यस्पष्ट ११/२७°/४७'/५०" होगा। कांगड़ा का अक्षांश ३२/०५ होने के कारण आगामी पृष्ठों पर दी गई ३२° अक्षांश की लग्न सारिणी प्रयोग में लाई जाएगी। लग्न सारिणी में सूर्य स्पष्ट की राशि अर्थात् मीन राशि के सामने और २७° अंश के नीचे कोष्ठक में अनुपातिक विधि द्वारा हमें २/२५ घट्यादि प्राप्त हुए। इनको जन्म इष्ट के घटयादि २०/४० में जमा कर देने से कुल जोड़ २३/०५ घट्यादि बनेगा। इस जोड़ को पुन: लग्न सारिणी में निकटवर्ती संख्या २३/०० सिंह (४) राशि के सामने और १ अंश के नीचे प्राप्त हुई। यह संख्या हमारे कुल जोड़ २३/०५ से केवल ५ पल कम है। अब अनुपातिक विधि द्वारा ५ पल के कलादि निकाल लेने से हमें इष्टकालिक लग्न स्पष्ट पता चल जाएगा। **जैसे** यदि १२ पल के पीछे १ अंश अर्थात् ६० कला का अन्तर पड़ता है तो १ पल के पीछे ०५ कला का अन्तर पड़ेगा। इस प्रकार उपरोक्त इष्टकाल पर (२०/४० घट्यादि) ४ गत राशि अर्थात् सिंह लग्न, १ अंश, २५ कला पर लग्न स्पष्ट होगा। (लग्न स्पष्ट ४/०१°/२५'/०६")। अधिक सूक्ष्मता के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित पुस्तक **'ज्योतिष तत्त्व'** का अध्ययन करें।

उत्तर पलभा १५।०।५०

लग्न सारणी लंदन (अक्षांश ५१।३०)

चरखण्ड १५१।१२०।५१

उपरोक्त लंदन सारिणी विदेशी नगरों जैसे–लंदन, बर्मिंघम, साऊथ हैम्पटन, आक्सफोर्ड, स्लोह तथा लंदन के आसपास नगरों के लग्न निकालने के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगी। ध्यान रहें, लग्न स्पष्ट करने के लिए लंदनादि नगरों का ही सूर्योदय एवं सूर्य स्पष्ट करना चाहिए।

अंश		०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९
० मेष	घ.	१	१	१	१	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	४	४	४	४	४
	प.	४६	५०	५५	५९	४	९	१४	१९	२४	२९	३५	४०	४६	५२	५८	३	९	१५	२१	२७	३२	३८	४४	५०	५७	२	८	१२	१८	२४
१ वृष	घ.	४	४	४	४	४	४	५	५	५	५	५	५	५	६	६	६	६	६	६	७	७	७	७	७	७	७	७	८	८	८
	प.	३०	३५	४१	४७	५३	५९	५	११	२०	३०	३९	४८	५७	६	१५	२४	३३	४२	५१	००	०७	१५	२३	३२	४१	५०	५९	८	१७	२६
२ मिथुन	घ.	८	८	८	९	९	९	९	९	९	१०	१०	१०	१०	१०	११	११	११	११	११	१२	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१३	१३	१४	१४
	प.	३५	४४	५३	०२	११	२०	३१	४२	५३	०२	१५	२८	४१	५४	०७	२०	३३	४६	५९	१२	२४	३७	५०	०३	१६	२९	४२	५५	०७	११
३ कर्क	घ.	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	२०	२०	२०	२०	२०	२१
	प.	२९	४२	५५	०८	२०	३३	४६	५९	१३	२७	४१	५५	०९	२३	३७	५२	०७	२१	३५	५०	०४	१८	३२	४६	००	१३	२७	४१	५५	०९
